[तीन खण्डो मे]

मन्त्रों का शोधात्मक संग्रह

एवं

परिवर्द्धित वर्ण-बीज-कोष

सम्पादक

'कुल-भूषण' पण्डित रमादत्त शुक्ल, एम० ए०

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

अलोपीबाग, इलाहाबाद

अनुक्रमणिका

पञ्चायतन-खण्ड

दशावतार-मन्त्र **३८–५५**

[१ मत्स्यावतार—द्वादशाक्षर, २ कूर्म—द्वा-विंशत्यक्षर, ३ वराह—एकाक्षर, अष्टाक्षर, त्रयो-विंशत्यक्षर ३८, ऊन-विंशति धरा हृदय, चतुर्विंशाक्षर धरा ४०, ४ नृसिंह—एकाक्षर, षडक्षर, अष्टाक्षर लक्ष्मी-नृसिंह, दशाक्षर ४०, त्रयोदशाक्षर, ऊन-विंशाक्षर सुदर्शन नृसिंह, द्वा-त्रिंशदक्षर ४१, त्रयस्त्रिंशदक्षर लक्ष्मी-नृसिंह, चतुस्त्रिंशाक्षर, अष्टा-षष्टयक्षर ज्वाला-माला नृसिंह ४२, ५ वामन—अष्टादशाक्षर दधि-वामन, द्वा-त्रिंशत्यक्षर सर्वज्ञेश्वर वामन ४३, द्वा-विंशत्यक्षर भोग-वामन, बालक-वामन, त्रयो-विंशत्यक्षर बलि-वामन, षड्-विंशत्यक्षर माया-बालक वामन, द्वात्रिंशदक्षर, ६ परशुराम—चतुर्विंशत्यक्षर परशुराम गायत्री ४४, परशुराम नाम-मन्त्र, ७ राम—एकाक्षर, द्वयक्षर, त्र्यक्षर, चतुरक्षर, पञ्चाक्षर ४५, षडक्षर, सप्ताक्षर, अष्टाक्षर, दशाक्षर ४६, द्वादशाक्षर, त्रयोदशाक्षर, अष्टादशाक्षर, द्वा-विंशदक्षर, द्वा-त्रिंशदक्षर ४७, सप्त-चत्वारिंशदक्षर-माला-मन्त्र, राम-गायत्री, षडक्षर सीता-मन्त्र, ८ कृष्ण—एकाक्षर ४८, बाल-गोपाल, द्वयक्षर, त्र्यक्षर, चतुरक्षर, पञ्चाक्षर बाल-गोपाल ४९, षडक्षर, सप्ताक्षर बाल-गोपाल, अष्टाक्षर ५०, नवाक्षर बाल-गोपाल, दशाक्षर कृष्ण-बाल-गोपाल, एकादशाक्षर ५१, द्वादशाक्षर, त्रयोदशाक्षर, चतुर्दशाक्षर, पञ्च-दशाक्षर, षोडशाक्षर ५२, अष्टादशाक्षर, विंशत्यक्षर (रत्नाभिषेक), द्वा-विंशत्यक्षर, द्वा-त्रिंशदक्षर ५३, द्वि-पञ्चाशदक्षर, श्रीकृष्ण-गायत्री, ९ बुद्ध—द्वा-त्रिंशद ५४, १० कल्कि—षडक्षर ५५]

अन्य मन्त्र **५५–६४**

[हयग्रीव—एकाक्षर, त्र्यक्षर, अष्टाक्षर, दशाक्षर, द्वा-त्रिंशदक्षर ५५, त्रयस्त्रिंशदक्षर, चतुस्त्रिंशदक्षर, षट्-त्रिंशदक्षर, अष्टा-त्रिंशदक्षर, चतुर्विंशाक्षरी गायत्री, परमात्मा—एकादशाक्षर ५६, द्वि-शताक्षर ५७, अनन्त—षडक्षर, वेदव्यास—अष्टाक्षर, चतुर्दशाक्षर, श्रीकर—अष्टाक्षर ५८, गरुड—पञ्चाक्षर, सप्ताक्षर, षण्णवत्यक्षर, गरुड गायत्री, आयुधादि मन्त्र : शङ्ख—नवाक्षर, अष्टादशाक्षर, स-शर-धनु (शार्ङ्ग)—नवाक्षर ५९, त्रयोदशाक्षर, सुदर्शन—सप्ताक्षर, षोडशाक्षर, सप्त-चत्वारिंशाक्षर, एक-सप्तत्यक्षर, चतुस्सप्तत्यक्षर माला-मन्त्र ६०, खड्ग—द्वादशाक्षर, विंशत्यक्षर, गदा—पञ्च-विंशाक्षर, त्रयस्त्रिंशाक्षर, अङ्कुश—त्रयोदशाक्षर, ऊन-विंशाक्षर, मुसल—ऊन-विंशाक्षर, विंशाक्षर, पाश—ऊन-विंशाक्षर, षड्-विंशाक्षर, किरीट—सप्तत्यक्षर ६१, छत्र—षडक्षर, चामर—द्वा-त्रिंशदक्षर, ध्वज—द्वि-पञ्चाशदक्षर, पताका—पञ्चाशदक्षर, परशु—पञ्चादशाक्षर, दण्ड गायत्री, अङ्ग-देवता : धरणी—एकोन-विंशत्यक्षर ६२, सीता—षडक्षर, लक्ष्मण—सप्ताक्षर, भरत—सप्ताक्षर, शत्रुघ्न—सप्ताक्षर, हनुमान (आञ्जनेय)—अष्टादशाक्षर, द्वादशाक्षर, ६३, पञ्चाक्षर, राधा—षडक्षर, सप्ताक्षर, कामदेव—एकाक्षर, कामदेव गायत्री ६४]

५ भगवती शक्ति : भगवती शक्ति के मन्त्र

दश महा-विद्या खण्ड

दश-महा-विद्यायें

१ भगवती काली : भगवती काली के मन्त्र

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

भगवान गणेश

भगवान् गणेश पञ्च-देवों में अग्र-गण्य हैं। सभी आध्यात्मिक अनुष्ठानों में सर्व प्रथम उन्हीं का स्मरण और पूजन किए जाने की शास्त्रीय विधि है, जिसका पालन व्यापक रूप से किया जाता है। गणेश का वैदिक नाम 'गण-पति' है, जिसका उल्लेख ऋग्वेद (२,२३,१) में मिलता है। यथा—

गणानां त्वा गण - पतिं हवामहे, कविं कवीनामुप - श्रवस्तमम्।
ज्येष्ठ-राजं ब्रह्मणां ब्रह्मणस्पत, आ नः शृण्वन्नूतिभिः सीद सादनम् ॥

गणेश देव मण्डल के गण-पति के रूप में प्रतिष्ठित हैं। वैदिक शिव अर्थात् रुद्र के गणों के वे अधीश्वर हैं। पुराणों में रुद्र के मरुत् आदि असंख्य गणों का उल्लेख है, जिनके नायक या स्वामी होने से गणेश को 'विनायक' या 'गण-पति' कहते हैं। इस प्रकार सृष्टि के आदि-काल से ही गणेश का सम्बन्ध आर्य-गणों, रुद्र-गणों व शिव-परिवार से रहा है। रुद्र से गणेश को विघ्न कारी जैसे भयङ्कर गुण और शिव से सिद्धि-कारी, मङ्गल दायक गुण मिले हैं, जिससे वे 'निग्रह' व 'अनुग्रह' दोनों शक्तियों से सम्पन्न हैं।

गणेश या गण पति के आविर्भाव के सम्बन्ध में अनेक कथायें हैं। किसी कथा में उन्हें शिव पार्वती के पुत्र माना है तो किसी में केवल पार्वती के। मूलतः वे 'शक्ति'-पुत्र के रूप में ही प्रतिष्ठित हैं और 'आत्मा वै पुत्र जायते' इस सिद्धान्त के अनुसार गणेश साक्षात् शक्ति-स्वरूप ही हैं। गणेश का स्वरूप विलक्षण एवं अद्वितीय है—रक्त वर्ण, स्थूल शरीर, लम्बोदर, चतुर्भुज, गजानन, केवल एक दाँत, हाथों में शङ्ख-चक्र, गदा या अंकुश और कुमुदिनी तथा वाहन मूषक!

गजानन गणेश को उत्कृष्ट रूप में परात्पर ब्रह्म का अवतार माना गया है। परात्पर ब्रह्म के इस रूप का नाम है 'महा-गणाधिपति'। इस भावना के अनुसार महा-गणाधिपति ही स्वेच्छा शक्ति से अनन्त विश्व ब्रह्माण्डों की रचना कर प्रत्येक ब्रह्माण्ड में अपने अंश से ब्रह्मादि त्रिदेवों को उत्पन्न करते हैं। इसी दृष्टि से 'पञ्च-देवों' में से 'गणेश' को परात्पर इष्ट देव के रूप में ग्रहण किया जाता है।

गणेश के 'गजानन' और 'एक-दन्त' होने के सम्बन्ध में तीन रोचक कथायें प्रचलित हैं—

(१) पार्वती को अपने शिशु गणेश पर बड़ा गर्व था। उन्होंने शनि-देव से उस पर अपनी दृष्टि डालने को कहा। शनिदेव की दृष्टि पड़ते ही गणेश का सिर जलकर भस्म हो गया, जिससे पार्वती बहुत दुखी हुईं। ब्रह्माजी ने उनसे कहा कि सर्व-प्रथम जो भी सिर मिले, उसे गणेश के गले पर रख दिया जाय। पार्वती को सबसे पहले हाथी का ही सिर मिला, जिसे उन्होंने गणेश पर रख दिया। इस प्रकार वे 'गजानन' हो गए।

(२) एक वार पार्वती स्नान-गृह में थीं। उन्होंने गणेश को मुख्य द्वार पर नियुक्त कर दिया, इस निर्देश के साथ कि कोई भीतर न आने पाए। शिव जी आए, तो गणेश ने उन्हें रोका, जिससे क्रुद्ध होकर उन्होने गणेश का सिर काट दिया किन्तु पार्वती को सन्तुष्ट करने के लिए उन्हें सर्व-प्रथम उपलब्ध हाथी का सिर लगाकर गणेश को पुनर्जीवित करना पड़ा।

(३) पार्वती ने स्वयं ही गणेश का सिर हाथी का ही वनाया था।

'एक-दन्त' होने के सम्बन्ध में यह कथा प्रचलित है कि एक वार परशुराम कैलास मे शिव जी से मिलने गए, तो गणेश ने उन्हे रोक दिया। दोनो में युद्ध हुआ और परशुराम के परशु (फर्से) से गणेश का एक दाँत टूट गया।

इन कथाओं से भक्तो की श्रद्धा और भक्ति-भावना की अभिवृद्धि होती है। साथ ही इनकी दार्शनिक व्याख्याओं से बुद्धिमानो के ज्ञान का विकास होता है। क्योंकि इन सवका गूढ़ प्रतीकात्मक अर्थ है। उदाहरण के लिए गणेश का सिर हाथी के समान वड़ा है, जो बुद्धिमानी और गम्भीरता का द्योतक है। गणेश के आयुध दण्ड और न्याय के प्रतीक है। इत्यादि।

तन्त्र-शास्त्र में गणेश के विविध प्रकार के मन्त्र, उनसे सम्वन्धित अनेक प्रकार के ध्यान, विस्तृत पूजन-पद्धतियाँ और कवच, हृदय, शत - नाम, सहस्रनामादि स्तोत्र निर्दिष्ट है। यहाँ एक ध्यान-श्लोक से गणेश की वन्दना कर विचारणीय विषय की ओर अग्रसर होते है—

खर्वं स्थूल - तनुं गजेन्द्र - वदनं लम्बोदरं सुन्दरम्,
प्रस्यन्दन् मद-गन्ध-लुब्ध-मधुप-व्यालोल-गण्ड-स्थलम्।
दन्ताघात-विदारितारि - रुधिरैः सिन्दूर - शोभाकरम्,
वन्दे शैल-सुता-सुतं गण-पतिं सिद्धि-प्रदं कामदम्॥

भगवान् गणेश के मन्त्र

१—एकाक्षर गणेश (गण-पति) : [१] पञ्चान्तकं शशि-युक्तं वीजं गणपतेर्विदुः—गं

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ १३२ मे यह मन्त्र विधि-सहित प्रकाशित है। 'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' में देवता का नाम 'गण-पति' वताया है और ध्यान निम्न प्रकार निर्दिष्ट किया है—

रक्तो रक्ताङ्गरागांशुक - कुसुम - युतस्तुन्दिलश्चन्द्र - मौलि-
र्नेत्रैर्युक्तस्त्रिभिर्वामन - कर - चरणो वीज - पूरात्त-नासः।
हस्ताग्राकृष्ट - पाशांकुश - रद - वरदो नाग - वक्त्रोऽहि-भूषो,
देवः पद्मासनो नो भवतु नत - सुरो भूतये विघ्न - राजः॥

यही एक पाठान्तर दिया है—हस्ताग्राकृष्ट : हस्ताग्राक्लृप्त। आवरण-पूजा में नौ शक्तियाँ पूजनीया हैं—१ तीव्रा, २ ज्वालिनी, ३ नन्दा, ४ भोगदा, ५ काम-रूपिणी, ६ उग्रा, ७ तेजोवती, ८ सत्या, ९ विघ्न-विनाशिनी। शेप विधान 'हिन्दी-तन्त्रसार'-वत्।

पुरश्चरण के वाद प्रयोग—१ प्रातः प्रतिदिन ४४४ वार शुद्ध जल से गणपति का तर्पण करे, तो अभीष्ट फल-प्राप्ति। २ चतुर्थी के दिन नारिकेल मे हवन करे, तो लक्ष्मी की प्रसन्नता। ३ तिल-युक्त चावलो से होम करे, तो धन-प्राप्ति।

[२] 'शारदा-तिलक' और 'हिन्दी-तन्त्रसार' में मन्त्रोद्धार में 'शशि-युक्तं' के स्थान पर 'शशि-धरं'। 'शारदा-तिलक' के अनुसार 'शशि' विसर्ग का भी द्योतक है—'सर्गः शक्तिर्निशाकरः'। अतः दूसरा एकाक्षर गणेश-मन्त्र है—**गः**

[३] 'प्रयोग-सार' : बीजमिन्दु-मर्दी-युक्तं क-तृतीयं तथैव च—**गौं**

[४-६] 'नारायणीय' : खान्तं सान्त-विषं स-विन्दु स-कलं विन्द्वो-युतं केवलं—इस उक्ति के अनुसार 'ग, गं, गँ, गौं, गौ' ये पाँच प्रकार के एकाक्षर मन्त्र हैं, जिनमें से दो ऊपर उल्लिखित हैं। शेष तीन है—**गं, गँ, गौ**

'शारदा-तिलक' में इस एकाक्षर मन्त्र का बीज 'ग', शक्ति 'विन्दु' या 'विसर्ग' बताया है। 'प्रयोग-सार' मे पञ्चाङ्ग-न्यास की भी विधि दी है। यथा—

१ गणं जयाय स्वाहा हृदयाय नमः। २ एक-दंष्ट्राय हुं फट् शिरसे स्वाहा। ३ अचल-कर्णिन् नमः शिखायै वषट्। ४ गज-वक्त्राय नमः कवचाय हुं। ५ महोदराय चण्डाय हुं फट् अस्त्राय फट्।

ध्यान में ऊपर के बाएँ हाथ मे अंकुश, दाएँ हाथ मे पाश और नीचे के बाएँ हाथ में अपना दाँत, दाएँ हाथ में वर-मुद्रा का चिन्तन करे। सभी गण-पति एक दाँतवाले ध्येय हैं और वह दाँत दाएँ पार्श्व में है।

'गः' मन्त्र के गणेश का ध्यान निम्न प्रकार करे—

ध्याये स्वैक्येन देवं बृहदुदार - तनुं तं चतुर्बाहुमेक-
दन्तं पाशांकुशाढ्यं गज-मुखमरुणं दन्त-भक्ष्ये दधानम्।

'गौं' मन्त्र के गणेश का ध्यान निम्न प्रकार निर्दिष्ट है—

रक्ताक्ष-माला-परशुं च दन्तं भक्ष्यं च दोर्भिः परितो दधानम्,
हेमाभ-कान्तिं त्रि-दृशं गजास्यं लम्बोदरं चैक-रदं नमामि।

उक्त सभी छः एकाक्षर मन्त्रों के विनियोग, ऋष्यादि-न्यास, पूजा-विधान आदि 'हिन्दी तन्त्रसार' के अनुसार ही है। 'शारदा-तिलक' में आसन-मन्त्र निम्न प्रकार दिया है—

ॐ गं सर्व-शक्ति-कमलासनाय नमः। कर्णिका में पूजनीय **'गणेश'** के स्थान पर **'गणेशान'** और पद्म-दलो में पूजनीय 'एक-दन्त' के स्थान पर 'एक-दंष्ट्र' नाम का उल्लेख है। गणाधिपादि चार स्वरूपों का वर्ण क्रमशः पीत, गौर, रक्त और नील बताया है। पूजन-तर्पण में नामदि के पहले प्रणव-युक्त स्व-बीज लगाने की विधि निर्दिष्ट की है। यथा—'ॐ गं गणाधिपाय' इत्यादि।

२—एकाक्षर हरिद्रा-गणेश : [१] पञ्चान्तको धरा-गस्थो विन्दु-भूषित-मस्तकः, एकाक्षरो महा-मन्त्रः सर्व-काम-फल-प्रद.—ग्लं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १४२। 'मन्त्र-महोदधि' मे इस मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है। यथा : शार्ङ्गी माम-स्थितः सेन्दुर्बीजमुक्त गणेशितुः, हरिद्राख्यस्य यजनं पूर्व-वत् प्रोदित मनोः।

[२] मन्त्रोद्धारमह वक्ष्ये शृणुष्व कमलानने, इन्द्र-बीजं समुद्धृत्य निज-बीजं समुद्धरेत्। चतुर्दश-स्वरेणाढ्यं विन्दु-भूषित-मस्तक, एकाक्षरो महा-विद्या कथिता पद्म-योनिना—ग्लौं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १४३।

३—द्व्यक्षर हरिद्रा-गणेश : [१] लक्ष्म्याद्या वाथ—**श्रीं ग्लौं**, [२] कूर्चाद्यां—**हूं ग्लौं**, [३] मायाद्यां वा जपेत् सुधीः—**ह्रीं ग्लौं**, [४] कामाद्यां—**क्लीं ग्लौं**, [५] वधू-वीजाद्यां—**स्त्रीं ग्लौं**, [६] वागाद्यां वा जपेत् सुधीः—**ऐं ग्लौं**, [७] ताराद्यां वा महा-विद्यां—**ॐ ग्लौं**, [८] निज-वीजादिकं तथा, द्व्यक्षरी च महा-विद्या—**गं ग्लौं** । (देखे 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १४२-४३)

४—द्व्यक्षर विघ्नेश गण-नायक : इदमेव (एकाक्षरं—१) माया-वीजाद्यं—**ह्रीं गं** ←
इस मन्त्र का ध्यानादि राघव भट्ट ने शारदा-तिलक की पदार्थादर्श-टीका में दिया है। यथा—

अमृताम्भोधि-मध्ये तु वारिजे कुंकुम-प्रभे, ऋतु-संख्य-दलोपेते चिन्तयेद् गण-नायकम् ।
पाशांकुश-धरं देवं जवा-कुसुम-सन्निभं, वाम-पार्श्व-गतां देवीमालिङ्गन्तं सु-लोचनम् ।
सुवर्ण-चषकं शुभ्रं मधुना पूरितं सदा, पिबन्तीं वाम-हस्तेन योगिनीं मद-मोहिताम् ।
रक्त-वर्णां महा-देवीमालिङ्गन्तीं सु-मध्यमां, बाहुनैकेन विघ्नेशं मत्तं रक्त-विलोचनम् ॥

ध्यान के वाद 'गणपति-मुद्रा' दिखाये। यथा—'मुखात् प्रलम्बितं हस्तं कृत्वा संकुचितांगुलिं, मध्या तर्जनि-गताग्रांगुष्ठं चाधःस्थ-मध्यमम् । कुर्यान्मुद्रां गणेशस्य प्रोक्तेयं सर्व-सिद्धिदा ।' अथवा 'तर्जनी-मध्यमा-सन्धि-निर्गतांगुष्ठ-मुष्टिका, अधोमुखी दीर्घ-रूपा मध्यमा विघ्न-मुद्रिका ।' अथवा 'कुञ्चिताग्रस्य हस्तस्य मूले नासा-नियोगतः, गणेश्वरी भवेन्मुद्रा सर्व-गणपति-मन्त्र-साधारणी ।'

होम के लिए निर्दिष्ट आठ द्रव्यों को प्रयोग में लाने से पूर्व उन्हें साफ कर गणेश-गायत्री से प्रोक्षित कर सुखा लेना चाहिए। गायत्री-मन्त्र है—

एक-दंष्ट्राय विद्महे वक्र-तुण्डाय धीमहि, तन्नो विघ्न : प्रचोदयात् । ←

पीठ की तीव्रा आदि शक्तियों का ध्यान निम्न प्रकार करना चाहिए—

पाशांकुशाञ्जलि-करा नव-कुंकुम-सन्निभाः, तीव्राद्याः पूजनीयाः स्युः शक्तयो मणि-भूषणाः ।

पूजा-विधि एकाक्षर-मन्त्र के समान है। द्व्यक्षर-मन्त्र में षड्-दलों में 'आमोद' आदि का भी पूजन करना होता है। तर्पण-प्रयोग सभी मन्त्रों का एक जैसा है।

प्रयोग : पुरश्चरण के वाद शुक्ल प्रतिपदा से चतुर्थी तक चार दिन या सप्तमी तक सात दिन होम करने की विधि विशेष फल-दायक है। मधुर-त्रय से युक्त लाजा (धान के लावे) से हवन करने से कन्या श्रेष्ठ वर (पति) प्राप्त करती है। इस प्रकार होम स्त्रियां भी कर सकती हैं।

५—त्र्यक्षर हरिद्रा गणेश : [१] त्र्यक्षरी चास्त्र-संयुता (द्व्यक्षरी विद्याः)—**श्रीं ग्लौं फट्**, [२] **हूं ग्लौं फट्**, [३] **ह्रीं ग्लौं फट्**, [४] **क्लीं ग्लौं फट्**, [५] **स्त्रीं ग्लौं फट्**, [६] **ऐं ग्लौं फट्** [७] **ॐ ग्लौं फट्**, [८] **गं ग्लौं फट्** ।

ये और क्रमाङ्क ६ के सभी मन्त्र विधि-सहित 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १४२-४३ में द्रष्टव्य हैं।

६—चतुरक्षर हरिद्रा गणेश : चतुर्वर्णात्मिका विद्या वह्नि-जायावधि प्रिये (द्व्यक्षरी विद्याः)—[१] **श्रीं ग्लौं स्वाहा**, [२] **हूं ग्लौं स्वाहा**, [३] **ह्रीं ग्लौं स्वाहा**, [४] **क्लीं ग्लौं स्वाहा**, [५] **स्त्रीं ग्लौं स्वाहा**, [६] **ऐं ग्लौं स्वाहा**, [७] **ॐ ग्लौं स्वाहा**, [८] **गं ग्लौं स्वाहा**

७—चतुरक्षर हेरम्ब गणपति : पञ्चान्तको विन्दु-युक्तो वाम - कर्ण - विभूषित , तारादिर्हृ-दयान्तोऽय हेरम्ब-मनुरीरित । चतुर्वर्णात्मको नृणा चतुर्वर्ग-फल-प्रद ---ॐ गूं नम·

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १४० मे यह मन्त्र स-विधान दिया है। 'मन्त्र-रत्न-मंजूपा' के अनुसार ध्यान मे दो पाठान्तर हैं-- १ नेत्रान्वितं--नेत्राञ्चितं, २ रदान् दक्षं--रदानञ्जं। आसन-मन्त्र का भी पाठान्तर है---'ॐ हुं हुं महा-सिंहासनाय हेरम्बाय नमः'।

हेरम्ब 'नागास्य' अर्थात् पञ्च-मुख और दश-भुज है।

प्रयोग : पुरश्चरण के वाद (१) षष्ठी के दिन ४ सहस्र या ४ सौ मोदक-होम कर, अष्टमी के दिन कुमुदो से और चतुर्दशी के दिन अपूप (पुओ) से होम करें, तो इष्ट-सिद्धि मिलती है। (२) पर्व-दिनो मे उक्त द्रव्यो से होम करे, तो सभी कामनाएँ पूर्ण होती है।

'शारदा-तिलक' मे इस मन्त्र के देवता का नाम 'हेरम्ब गणपति' है, ध्यानादि अन्य वातें 'हिन्दी तन्त्रसार' के समान है।

८--चतुरक्षर शक्ति-विनायक : माया त्रि-मूर्ति-चन्द्रस्थो पञ्चान्तक-हुताशनो, तारादि-शक्ति-वीजान्तो मन्त्रोऽयं चतुरक्षर ---ॐ ह्रीं ग्रीं ह्रीं

'मन्त्र-महोदधि' मे। ऋषि भार्गव, छन्द विराट्, देवता शक्ति-गणाधिप, वीज 'ग्रीं', शक्ति 'ह्रीं' और विनियोग अभीष्ट-सिद्धि। अङ्ग-न्यास---'ग्रां ग्रीं' इत्यादि। ध्यान--

विषाणांकुशावक्ष-सूत्रं च पाशं दधानं करैर्मोदकं पुष्करेण।

स्व-पत्न्या युतं हेम-भूषा-भराढ्यं गणेशं समुद्यद्-दिनेशाममीडे॥

'मन्त्र-महोदधि' ध्यान का अन्तिम शब्द 'दिनेशमीडे 'छपा है, जो अशुद्ध है। शुद्ध पाठ 'मन्त्र-महार्णव' के अनुसार यहाँ दिया गया है।

पुरश्चरण मे ४ लाख जप कर मधु-युक्त अपूप (पुए) से दशाश (४०,०००) हवन, ४ हजार तर्पण, ४०० मार्जन एव ४० ब्राह्मणो को भोजन।

९--षडक्षर वक्र-तुण्ड : जल चक्री वह्नि-युत वर्णेन्द्राढ्या च कामिका, दारको दीर्घ-सयुक्तो वायु-कवच-पश्चिम । षडक्षरो मन्त्र-राजो भजतामिष्ट-सिद्धिद ---वक्र-तुण्डाय हुं

मन्त्र-महोदधि मे। ऋषि भार्गव छन्द अनुष्टुप् देवता विघ्नेश, वीज 'व', शक्ति 'य', विनियोग अभीष्ट-सिद्धि। अङ्ग-न्यास मन्त्र के प्रत्येक अक्षर को अनुस्वार-युक्त कर उसके आदि मे 'ॐ' और अन्त मे 'नम.' लगाकर करे। यथा—'ॐ वं नम , ॐ क्रं नम ' इत्यादि। इस प्रकार छहो अक्षरो से १ भ्रू-मध्य, २ कण्ठ, ३ हृदय, ४ नाभि, ५ लिङ्ग, ६ पाद-द्वय मे न्यास कर पूरे मन्त्र से सर्वाङ्ग मे न्यास करे। ध्यान–

उद्यद्-दिनेश्वर-रुचिं निज-हस्त-पद्मैः, पाशांकुशाभय-वरान् दधतं गजास्यम्।

रक्ताम्बरं सकल-दुःख-हरं गणेशं, ध्याये प्रसन्नमखिलाभरणाभिरामम्॥

पुरश्चरण मे ६ लाख जप अष्ट-द्रव्यो से दशाश होम। अष्ट-द्रव्य हैं—१ गन्ना, २ सत्तू, ३ केला, ४ चिपिट, ५ तिल, ६ लड्डू, ७ नारियल, ८ धान की खील (लावा)।

प्रयोग : पुरश्चरण के बाद १ ब्रह्मचर्य के साथ प्रतिदिन १२ हजार जप करे, तो छः मास के भीतर दारिद्रय-नाश। २ कृष्णा चतुर्थी से शुक्ला चतुर्थी तक प्रति-दिन १० हजार जप कर घी मिले अन्न की १०८ आहुतियाँ दे, तो छः मास के भीतर धन-प्राप्ति। ३ प्रतिदिन नारियल या जीरा, सेंधा लवण, काली मिर्च युक्त अष्ट-द्रव्यो से एक हजार आहुतियाँ दे, तो १५ दिन के भीतर ऐश्वर्य की प्राप्ति। ४ प्रतिदिन मूल-मन्त्र से ४४४ तर्पण करे, तो मनोकामना की पूर्ति।

10—षडक्षर गणेश : पद्म-नाभ-युतो भानुर्मेघा सद्य-समन्विता, लकावनन्तमारूढो वायुः पावक-गेहिनी। षडक्षरऽयमादिष्टो भजतामिष्टदो मनुः—**मेघोल्काय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि' में। विधान 'षडक्षर वक्र-तुण्ड' के समान।

इस मन्त्र का उल्लेख 'शारदा-तिलक' के एक यन्त्र-प्रयोग मे किया गया है। यथा—भोज-पत्र पर दूर्वा द्वारा गोरोचन से षट्-कोण अङ्कित करे। उसके मध्य मे 'गं' वीज लिखे और छः कोणों में उक्त मन्त्र के छ अक्षरों मे से एक-एक अक्षर को लिखकर षट्कोण के बाहर पाश और अंकुश अङ्कित कर भूपुर से समस्त मण्डल को घेर दे। इस भूर्ज-यन्त्र की पूजा गन्ध-पुष्पादि से कर जो इसे शिर पर धारण करता है, वह विपुल लक्ष्मी प्राप्त करता है।

उल्लेखनीय है कि 'मन्त्र-महोदधि' और 'मन्त्र-महार्णव' में 'भानुर्मेधा' छपा है, जो अशुद्ध है। 'शारदा-तिलक' मे दिए मन्त्रोद्धार से यह वात स्पष्ट है—'एकारान्वित-काल-वर्णमथ युक् दन्तेन गान्त ततः, शक्रार्णं शिरसा वहन्नपि विधि-वद् दीर्घश्च पश्चाद् रसः। माया वायु-सखस्य मन्त्र-वरमालिख्याऽथ कोणेषु...।' इस उद्धार में 'गान्तं' पद 'घ' का ही वोधक है। अतः 'भानुर्मेघा' शुद्ध है।

हस्ति-दन्त की पूजा करे। दलो के वाहर पूर्वादि दिशाओ मे इन्द्रादि दिक्-पालो और उनके पास वज्रादि आयुधो का पूजन कर धूप-दीप प्रदान कर मूल-मन्त्र का जप करे। दशाश-क्रम के अनुसार १ लाख जप, १० हजार होम, १ हजार तर्पण, १ सौ मार्जन और १० ब्राह्मणो को भोजन कराने से पुरश्चरण होता है। होम तिलो मे करे और भोजन मे मोदक, खीर की मुख्यता रहे।

प्रयोग—पुरश्चरण के वाद (१) लाल चन्दन या श्वेत अर्क (मदार) की लकडी से अपने अँगूठे के आकार की गणेश-प्रतिमा ध्यान के अनुसार वनवा कर उसमे विधिवत् प्राण-प्रतिष्ठा करे। कृष्णा चतुर्दशी मे शुक्ला चतुर्दशी तक प्रतिदिन गुड एव खीर निवेदित कर एकान्त मे जूठे मुख और निर्वस्त्र अपने को गणेश-स्वरूप ध्यान करता हुआ घृत-युक्त तिल से एक हजार आहुतियाँ दे। इस प्रयोग से १५ दिन के भीतर राजैश्वर्य प्राप्त होता है।

(२) प्रथम प्रयोग की ही विधि से कुम्हार के चाक की मिट्टी या गुड की वनी गणेश-प्रतिमा के पूजन से अभीष्ट फल मिलता है। नमक या नीम की लकडी की प्रतिमा का पूजन करे, तो शत्रु-वाधा दूर होती है।

(३) घी, शहद, शक्कर से युक्त लाजा (धान के लावे) द्वारा होम से वशीकरण।

(४) जूठे मुख शय्या मे लेटे हुये जप करने से भी वशीकरण।

लाल वस्त्र पहन या लाल चन्दन लगाकर पान खाते हुये या नैवेद्य के मोदकादि को खाते हुये जप करे। मोदक, फल, मास, पान आदि की नैवेद्य-वलि निम्न मन्त्र से प्रदान करे—सेन्दुः स्मृतिस्तथा-काश मन्विन्द्राढ्यो च सृष्टि-न्गौ, पञ्चान्तक-शिवो तद्-वदुच्छिष्टग-भगान्वित । उमा-कान्त. शामभान्ते हाय-क्षाया स-विन्दु-य', वलिरित्येप कथितोन-विशद्-वर्णो वलेर्मनु —ग हं क्लौं ग्लौं उच्छिष्ट-गणेशाय महा-यक्षायायं वलि

१२—नवाक्षर गणपति • ॐ गं गणपतये नम•

'मन्त्र महार्णव' मे 'वीरभद्रोड्डीश तन्त्र' से उद्धृत। कुम्हार के चाक की मिट्टी से गणेश-प्रतिमा वनाकर पचोपचार से पूजाकर प्रतिदिन सहस्र जप करे, तो सात दिन मे मन्त्र सिद्ध होता है। फिर प्रतिदिन जप करे, तो बुद्धि का विकास होता है। एक मास जप करे, तो स्त्री लाभ। छ मास मे धन की प्राप्ति। जप अपराह्न या सन्ध्या-काल मे करना चाहिये।

१३—दशाक्षर उच्छिष्ट-गणेश : (१) ताराद्यश्च (नवार्ण)—ॐ हस्ति-पिशाचि लिखे स्वाहा। (२) गणेशाद्यो नवार्णो दश-वर्णक —ग हस्ति-पिशाचि लिखे स्वाहा।

'मन्त्र-कोप' मे केवल पहला दशाक्षर-मन्त्र उल्लिखित है, किन्तु मन्त्रोद्धार भिन्न शब्दो मे है—हस्ति-पद समुच्चार्य पिशाचीति त्वत पर, देव-राज स नेत्र च कान्तमीश-स्वरादित। वह्नि-जायावधि-र्मन्त्रस्ताराद्य सर्व-कामद ।

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ३६३ पर उक्त दोनो मन्त्र दिये हैं किन्तु उद्धार नही है। 'मन्त्र-महोदधि' मे उद्धार-सहित ये मन्त्र हैं। इन मन्त्रो की पूजा-विधि नवाक्षर-मन्त्र क्रमाङ्क ११ के समान है।

१४—दशाक्षर क्षिप्र-गणपति (विघ्न-राज) • मन्यत्तरो नेत्र-युक्त पार्श्वो वह्निघामनोत्थित, प्रसादनाय च हृन्मन्त्र स-वीजो दशाक्षर —ग क्षिप्र-प्रसादनाय नमः

'हिन्दी तन्त्रसार' पृष्ठ १४१ पर यह मन्त्र सविधि द्रष्टव्य है। 'शारदा-तिलक' में इस मन्त्र का नाम 'क्षिप्र-प्रसाद' है; देवता का नाम 'क्षिप्र-प्रसादन-विघ्न' है। वीज 'गं' और शक्ति 'आय' वताई है। ध्यान में एक पाठ-भेद है—स्व-शुण्डाः स्व तुण्डा।

प्रयोग—पुरश्चरण के वाद (१) प्रतिदिन घृत और अन्न से होम करे, तो एक वर्ष के भीतर अन्न की वृद्धि होती है। (२) पायस से होम करे, तो सभी ऐश्वर्य मिलता है। (३) घी से होम करे, तो सभी वशीभूत होते है।

प्रयोग करते समय निम्न प्रकार ध्यान करने से विशेष लाभ होता है—

पाशांकुशौ कल्प-लतां स्व-दन्तं करैर्वहन्तं कनकाद्रि-कान्तं,
सोपान-पंक्त्या दिन-नाथ-बिम्बादायान्तमम्भोज-गतं चिन्तये।

१५—एकादशाक्षर शक्ति-गणपति : शक्ति-रुद्धं निजं वीजं वशमानय ठ-द्वयं, ताराद्यो मनुराख्यातो रुद्र-संख्याक्षरान्वितः—**ॐ ह्रीं गं ह्रीं वशमानय स्वाहा**

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १३६ पर यह मन्त्र 'महा-गणेश' के मन्त्र-रूप में दिया है। 'शारदा-तिलक' के ध्यान के अनुसार तीन पाठान्तर हैं—१ मिक्षु-दण्ड—मिन्दु-दण्ड, २ जवा-रक्तं—जपा-रक्तं, ३ विभुं—भजे।

पुरश्चरण में होम इक्षु-दण्ड (ईख के टुकड़ो) या पिष्टक से करे।

प्रयोग—पुरश्चरण के वाद (१) मधुर-त्रय से युक्त उक्त द्रव्यो से होम करे, तो वशीकरण। (२) चतुर्थी के दिन नारिकेल से होम करे, तो ऐश्वर्य की प्राप्ति। (३) मधु-युक्त लवण द्वारा होम से वशीकरण।

१६—द्वादशाक्षर महा-गणेश—शक्ति-रुद्धं निजं वीजं महा-गणपति वदेत्, ङेऽन्तमग्नि-वधूः प्रोक्तो मन्त्रोऽयं द्वादशाक्षरः—**ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा**

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १३७ पर। 'शारदा-तिलक' मे इसे 'गणपति-मन्त्र' लिखा है।

प्रयोग—पुरश्चरण के वाद (१) इक्षु-खण्ड के होम से राज्य-श्री की प्राप्ति। (२) नारिकेल से होम करने के वाद पके केलों से होम करे, तो वशीकरण। (३) घी के होम द्वारा धन-प्राप्ति।

१७—द्वादशाक्षर उच्छिष्ट गणेश : ध्रुवो माया सेन्दु-शार्ङि-वीजाढ्यो नव-वर्णकः, द्वादशार्णो मनुः प्रोक्तः सर्वमस्य नवार्ण-वत्—**ॐ ह्रीं गं हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा**

यह मन्त्र 'मन्त्र-महोदधि' में दिया है। पूजा-विधि क्रमाङ्क ११ के नवाक्षर-मन्त्र-वत् है किन्तु 'मन्त्र-महार्णव' के अनुसार इस मन्त्र के ऋषि 'मनु', छन्द विराट्, देवता उच्छिष्ट गणपति, बीज 'गं', शक्ति 'स्वाहा', कीलक 'ह्रीं', विनियोग 'अखिलाप्ति' है। शेष नवाक्षर-मन्त्र के समान।

१८—द्वादशाक्षर गणपति : ॐ गों गूं गणपतये नमः स्वाहा

'मन्त्र-महार्णव' में। भू-शय्या में ब्रह्मचर्य से रहते हुये एक लक्ष जप कर पञ्च-खाद्य से दशांश होम करे, तो विघ्नों का नाश होकर ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है।

१९—पञ्च-दशाक्षर ऋण-हर्तृ-गणेश—ॐ गणेश ! ऋणं छिन्धि वरेण्यं हुं नमः फट्

'मन्त्र-महार्णव' में 'कृष्ण-यामल तन्त्र' से उद्धृत। इस मन्त्र का जप इक्कीस वार 'श्रीऋ-ऋण-हरण-कर्तृ-गणपति-स्तोत्र-मन्त्र' के पाठ के वाद करना होता है। 'स्तोत्र-मन्त्र' के ऋषि सदाशिव, छन्द अनुष्टुप्, देवता श्री ऋण-हर्तृ-गणपति, वीज 'ग्लौ', शक्ति 'ग', कीलक 'गो' और विनियोग 'सकलर्ण-नाशन' है। मन्त्र के ४, ४, ३, १, २, डेढ (फट्) अक्षरों से क्रमशः अङ्ग-न्यास। इस मन्त्र को सार्ध-पञ्च-दशाक्षर लिखा है ('फट्' के 'ट्' को लेकर)। न्यास के वाद ध्यान कर स्तोत्र-पाठ करे, यथा---

ॐ सिन्दूर-वर्णं द्वि-भुजं गणेशं लम्बोदरं पद्म-दले निविष्टम्।
ब्रह्मादि-देवैः परि-सेव्यमानं सिद्धैर्युतं तं प्रणमामि देवम्॥

सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा सम्यक् पूजितः फल-सिद्धये।	सदैव पार्वती-पुत्रः	ऋण-नाशं	करोतु मे	॥ १॥
त्रिपुरस्य वधात् पूर्वं शम्भुना सम्यगर्चितः।	,,	,,	,,	॥ २॥
हिरण्य-कश्यप्वादीनां वधार्थं विष्णुनार्चितः।	,,	,,	,,	॥ ३॥
महिषस्य वधे देव्या गण-नाथः प्रपूजितः।	,,	,,	,,	॥ ४॥
तारकस्य वधात् पूर्वं कुमारेण प्रपूजितः।	,,	,,	,,	॥ ५॥
भास्करेण गणेशो हि पूजितश्छवि-सिद्धये।	,,	,,	,,	॥ ६॥
शशिना कान्ति-वृद्धयर्थं पूजितो गण-नायकः।	,,	,,	,,	॥ ७॥
पालनाय च तपसा विश्वामित्रेण पूजितः।	,,	,,	,,	॥ ८॥

इदं त्वृण-हर-स्तोत्र तीव्र-दारिद्र्य-नाशनं, एक-वारं पठेन्नित्य वर्षमेकं समाहितः।
दारिद्र्यं दारुणं त्यक्त्वा कुवेर-समतां व्रजेत्॥

अन्त में उक्त पञ्च-दशाक्षर मन्त्र का २१ वार जप करे। एक सहस्र आवृत्ति होने से छः मास में साधक ज्ञान में वृहस्पति के समान और धन में कुवेर के समान होता है। अयुत जप से इसका पुरश्चरण होता है। एक लाख आवृत्ति होने से वाञ्छित फल मिलता है। इसके स्मरण मात्र से भूत-प्रेत-पिशाच का नाश होता है।

२० एकोन-विंशत्यक्षर उच्छिष्ट-गणेश—ध्रुवो हृदुच्छिष्ट-गणेशाय ते तु नवाक्षरः, एकोन-विंशत्यर्णाढ्यो मनुर्मुन्यादि पूर्व-वत्---ॐ नमः उच्छिष्ट-गणेशाय हस्ति पिशाचि लिखे स्वाहा

'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार। इस मन्त्र के ३, ७, २, ३, २ एवं २ अक्षरों से क्रमशः षडङ्ग-न्यास करे। शेष नवाक्षर-मन्त्र के समान।

२१ षड्-विंशत्यक्षर विरि-गणपति : माया विरि-पद-द्वन्द्वं ततो गण-पतिं वदेत्, खड्गीश-पावकौ पश्चाद् वरदान्ते वदेत् पुनः। सर्व-लोकं मे पदान्ते वशमानय ठ-द्वयं, षड्-विंशत्यक्षरो मन्त्रो भजतां सुर-पादपः—ॐ ह्रीं विरि विरि गणपति वर वरद सर्व-लोकं मे वशमानय स्वाहा

'शारदा-तिलक' के अनुसार। इस मन्त्र के ऋषि गणक, छन्द गायत्री और देवता विरि गण-पति हैं। ध्यान---

सिन्दूराभमिभाननं त्रि-नयनं हस्तेषु पाशांकुशौ, विभ्राणं मधु-मत्-कपालमनिशं सार्धेन्दु-मौलिं भजे।
पुष्ट्याश्लिष्ट-तनुं ध्वजाग्र-करया पद्मोलसद्धस्तया, तद्-योन्याहित-पाणि-मात्त-वसु-मत्-पात्रोल्लसत्-पुष्करं॥

पुरश्चरण---४ लाख जप, गणेश-विधानोक्त अष्ट-द्रव्यों से दशांश होम।

प्रयोग—पुरश्चरण के वाद १ प्रफुल्ल कमलों के होम से वशीकरण। २ तिल-चावल के होम से धन-प्राप्ति। ३ मधुर-त्रय-युक्त लवण के होम से वशीकरण।

२२—**अष्टा-विंशत्यक्षर महा-गणपति : श्री-शक्ति-स्मर-भू-विघ्न-बीजानि प्रथम वदेत्, ङेऽन्तं गणपतिं** पश्चात् वरान्ते वरद-पद। उक्त्वा सर्व-जन मे ऽन्ते वश-मानय ठ-द्वय। अष्टा-विंशत्यक्षरोऽयं ताराद्यो मनुरीरितः (मन्त्र-कोष), (२) प्रणव-श्री-शक्ति-स्मर-भू-विघ्न-बीजानि ङेऽन्त गणपतिं वदेत्, वरान्ते वरद पश्चात् सर्व-जन मे वशमानय ठ-द्वय। अष्टाविंशत्यक्षरोऽयं महा-गणपतेर्मनुः (शारदातिलक)—**ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गण-पतये वर-वरद सर्व-जनं मे वशमानय स्वाहा**

'शाक्त-प्रमोद' में प्रथम उद्धार ही है किन्तु 'ठ-द्वयं' का अर्थ 'स्वाहा' न देकर 'ठ: ठ:' दिया है।

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ १३३ पर यह मन्त्र 'महा-गणेश' के नाम से दिया है। 'शारदा-तिलक' से ऊपर उद्धृत मन्त्रोद्धार (२) द्वारा 'गणपति' नाम का ही प्रतिपादन होता है, जिसका उल्लेख मन्त्र मे भी है। इसके ध्यान की पूर्व-पीठिका मे पर्याप्त पाठान्तर है। यथा—

पूर्वमिक्षु-रस - सिन्धु - मध्यगं तं गजाननं, नव-रत्न-मयं द्वीपं कल्प-वृक्ष-समाकुलम्।
तन्मध्ये पारिजातं च सर्वर्तु-परि-सेवितं, तस्याधस्तान्महा-पीठ तन्मध्ये मातृकाम्बुजम्।
तत्-कर्णिकायां सु-स्थितं षट्-कोणावृतं त्रिकोणं, तन्मध्ये देवं महा-गणपतिं सततं स्मरेत्॥

शेष ध्यान 'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ १३५ वत् ही है, केवल द्वितीय पंक्ति मे एक पाठ-भेद है। यथा : **सङ्गतं—सन्ततं।**

पूजन-विधान वही है। विशेष यह है कि 'शारदा-तिलक' मे **'श्री—श्रीपति'** आदि युगलो के ध्यान दिए है। यथा—

पद्म-युग्म-धरा पद्मा, शङ्ख-चक्र-धरो हरिः। पाशांकुश-धरा गौरी, टङ्क-शूल-धरो हरः।
रतिरुत्पल-हस्ताढ्या, कोदण्डास्त्र-धरः स्मरः। शुक-व्रीह्यग्र-हस्ता भूर्गदा-चक्र-धरः पतिः॥

इसी प्रकार **'सिद्धि-आमोद'** आदि के ध्यान निम्न प्रकार निर्दिष्ट है—

पाशांकुशाभीष्ट - धारिणोऽरुण - विग्रहाः, गण्ड-भित्ति - गलद्-दान - पूर-धौत-मुखाम्बुजाः।
विघ्नास्तत्-प्रमदाः सर्वा मदाघूर्णित-लोचनाः, एक-हस्त-धृताम्भोजा इतरालिङ्गित-प्रियाः॥

प्रयोग—पुरश्चरण के बाद १ पद्म, उत्पल, कुमुद, पीपल-समिधा, उदुम्बर (गूलर) समिधा, प्लक्ष या वट-समिधा—इनमे से किसी द्वारा होम से वशीकरणी। २ मधु के होम से स्वर्ण-लाभ। ३ गो-दुग्ध के होम से गो धन की प्राप्ति। ४ घृत के होम से महती श्री का लाभ। ५ दधि के होम से सर्व-समृद्धि की प्राप्ति। ६ अन्न के होम से अन्न की वृद्धि। ७ कुसुम्भ के पुष्पो के होम से वस्त्र का लाभ।

तर्पण की विशेष विधि—श्री, शक्ति, रति, भू, लक्ष्मी को स्व-बीज से युक्त कर उनके प्रियतम-सहित चार-चार बार मूल-मन्त्र से तर्पण कराकर महा-गणपति का तर्पण करे। फिर शक्ति-सहित आमोदादि को स्व-बीज से युक्त कर तर्पण कराकर सशक्ति शङ्ख-निधि और पद्म-निधि को अलग-अलग ४-४ बार, नामादि-बीज-सहित तर्पण कराए। अन्त मे पुन महा-गणपति को स्व-बीज या मूल-मन्त्र से चार बार तर्पण कराये। इस तर्पण मे सभी कामनाओ की पूर्ति होती है।

२३ अष्टा-विंशत्यक्षर लक्ष्मी-विनायक : तारो रमा चन्द्र - युक्त खान्त सौम्या समीरणः, ङेऽन्तो गण-पतिस्तोय र-व-रान्ते द-सर्व च। जन मे वश-मा दीर्घो वायु पावन-गामिनी, अष्टा-विंशति-वर्णोऽयं मनुर्धन-समृद्धिद —**ॐ श्रीं गं सौम्याय गण-पतये वर-वरद सर्व-जनं मे वशमानय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार। इस मन्त्र के ऋषि अन्तर्यामी, छन्द गायत्री, देवता लक्ष्मी-विनायक, बीज 'श्री', शक्ति 'स्वाहा' और विनियोग 'अभीष्ट-सिद्धि' है। 'श्रां गां, श्रीं गीं' इत्यादि से क्रमशः अङ्ग-न्यास करे। 'मन्त्र-महार्णव' के अनुसार शुद्ध ध्यान निम्न प्रकार है—

दन्ताभये चक्र - वरौ दधानं कराग्रगं स्वर्ण - घटं त्रि - नेत्रम्,
धृताब्जयालिङ्गितमब्धि-पुत्र्या लक्ष्मी-गणेशं कनकाभमीडे ।

'मन्त्र-महोदधि' मे 'चक्र-दरौ' छपा है, जो अशुद्ध है ।

आवरण-पूजा मे अङ्ग-पूजा के वाद १ बलाका, २ विमला, ३ कमला, ४ वन-मालिका, ५ विभीषिका, ६ मालिनी, ७ शाङ्करी और ८ वसु-मालिका—इन अष्ट-शक्तियो की पूजा कर दाएँ-बाएँ क्रमश. शङ्ख-निधि और पद्म-निधि की पूजा करे। फिर बाहर लोक-पालो व उनके अस्त्रो की पूजा करे ।

पुरश्चरण मे ४ लाख जप कर दशाश बिल्व-काष्ठ से होम करे ।

प्रयोग—पुरश्चरण के बाद १ हृदय-पर्यन्त जल मे खडे होकर सूर्य-मण्डल मे इष्ट-देव का ध्यान करते हुए ३ लाख जप करने से वैभव की प्राप्ति । २ बिल्व-वृक्ष के नीचे बैठकर ३ लाख जप करे, तो धन-प्राप्ति । ३ पायस (खीर) की आहुतियाँ देने से लक्ष्मी की कृपा होती है ।

२४ अष्टा-विंशत्यक्षर वीरवर-गणपति : **ह्रीं क्लीं वीर-वर-गणपतये वः वः इदं विश्वं मम वशमानय ॐ ह्रीं फट्**

'मन्त्र-महार्णव' मे । रक्त-वस्त्र पहन, रक्त-चन्दन का त्रिपुण्ड्र लगा, गणपति का ध्यान कर १२ सहस्र जप करे। फिर प्रतिदिन पञ्चामृत से स्नान कर १०८ बार जप करे और तब तक होम किया करे, जब तक अष्ट-सिद्धियाँ प्राप्त न हो ।

२५ त्रिंशदक्षर सर्व-विघ्न-हर गणपति : **गं गणपतये सर्व-विघ्न-हराय सर्वाय सर्व-गुरवे लम्बोदराय ह्रीं गं नमः**

'मन्त्र-महार्णव' मे 'वीरभद्रोड्डीश तन्त्र' से उद्धृत । पुष्य नक्षत्र मे अर्क (मदार) की लम्बोदर चतुर्भुज मूर्ति बनाकर पूजन कर अपने घर मे स्थापित करे। प्रतिदिन क्षीर-मध्य मे स्थापित कर श्वेत पदार्थों से पूजा कर १०८ बार जप किया करे। एक मास के भीतर अभीष्ट की प्राप्ति होती है ।

२६ एक-त्रिंशदक्षर वक्र-तुण्ड : रायस्पोष - भृगुर्यादिघ्नो दयिता - मेप-सात्वती, सदृशौ दो-रत्न-धातु-मान् रक्षो गगन रति. । स-सद्या बल-शार्ङ्गी ख नो षडक्षर-सयुत , एक-त्रिंशद्-वर्ण-युक्तो मन्त्रोऽभीष्ट-प्रदायक —**रायस्पोषस्य दयिता निधिदो रत्न-धातु-मान् रक्षोहणो बल-गहनो वक्र-तुण्डाय हुम्**

'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार। ऋषि, ध्यान, पुरश्चरण आदि 'षडक्षर वक्र-तुण्ड' मन्त्र के समान। अङ्ग-न्यास मन्त्र के ५, ३, ८, ४, ५, ६ अक्षरो से क्रमश उनके आदि मे ॐ जोडकर करे। यथा—'ॐ रायस्पोषस्य अंगुष्ठाभ्यां नम.' इत्यादि। उल्लेखनीय है कि 'मन्त्र-महोदधि' मे 'दयिता' के स्थान पर ददिता' छपा है, जो अशुद्ध है ।

२७ एक-त्रिंशदक्षर उच्छिष्ट-गणेश · **ॐ नमो हस्ति-मुखाय लम्बोदराय उच्छिष्ट-महात्मने क्रां क्रीं ह्रीं घे घे उच्छिष्टाय स्वाहा**

'मन्त्र-महार्णव' मे । यह मन्त्र पृष्ठ १३ के क्रमाक ३१ पर दिये ३७ अक्षर मन्त्र का ही भेद है ।

प्रयोग—१ कटु निम्ब-मूल की गणेश-प्रतिमा बनाकर अष्टमी से अमावास्या तक ५०० जप प्रतिदिन करे। स्वय जूठे मुख हो गणेश के आगे थाली म रक्त चन्दन, अक्षत, पुष्प रखकर उनसे पूजा कर

जूठे ही मुख से जप करना चाहिए। सात दिन इस प्रकार पूजन-पूर्वक जप कर आठवें दिन जूठे मुख होकर पञ्च-खाद्य से ५०० आहुतियो द्वारा होम करे। इससे अभीष्ट-प्राप्ति होकर गौरव की वृद्धि होती है। २ अभीष्ट व्यक्ति के चित्र पर गणेश की स्थापना कर प्रतिदिन १०८ जप करे, तो तीन दिन मे उसका आकर्षण हो। ३ उक्त गणेश-प्रतिमा को अपने द्वार के सामने वृक्ष की शाखा मे रखकर पूजन करे और १०८ वार जप करे तो घर मे अक्षय अन्न-भाण्डार होता है। ४ अन्न के ऊपर स्थापित कर १०८ वार जप करने से पर्याप्त अन्न की प्राप्ति होती है।

२८ द्वा-त्रिंशदक्षर हरिद्रा गणपति : तारो वर्म गणेशो भूर्हरिद्रा-गण-लोहित. आषाढी ये-वर-वर-सत्य सर्वज-तर्जनी। हृदय स्तम्भय-द्वन्द्व वरलभा स्वर्ण-रेतस —ॐ हुं गं ग्लौं **हरिद्रा-गण-पतये वर-वरद सर्व-जन-हृदयं स्तम्भय स्तम्भय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार। ऋषि मदन, छन्द अनुष्टुप्, देवता हरिद्रा-गण नायक और विनियोग अभीष्ट-सिद्धि। मन्त्र के ४, ८, ५, ७, ६ एव २ अक्षरो से क्रमश अङ्ग-न्यास। ध्यान निम्न प्रकार करे—

पाशांकुशौ मोदकमेक-दन्तं करैर्दधानं कनकासनस्थम्,
हारिद्र-खण्ड-प्रतिमं त्रि-नेत्रं पीतांशुक रात्रि-गणेशमीडे।

पूजन-विधान 'एकाक्षर गणेश' मन्त्र के समान। पुरश्चरण मे ४ लाख जप, हल्दी-मिश्रित चावलो से दशाश हवन।

प्रयोग—पुरश्चरण के बाद १ शुक्ला चतुर्थी के दिन कन्या द्वारा पीसी हल्दी को शरीर मे लगाकर तीर्थादि जल मे स्नान कर गणेश-पूजन करे। फिर तर्पण कर उनके समक्ष जप करे। घी एव पुए से १०० आहुतियाँ देकर ब्रह्मचारियो (वटुको), कन्याओ तथा गुरु को भोजनादि से सन्तुष्ट करे, तो सभी कामनायें पूर्ण होती हैं। २ लाजा-होम से पत्नी या वर (पति) की प्राप्ति। ३ वन्ध्या (सन्तान-हीन) स्त्री ऋतु-स्नान कर गणेश पूजन-पूर्वक ४ तोले गो-मूत्र से दूधिया वच और हल्दी पीस कर उसे १०० वार अभिमन्त्रित करे। फिर कन्या एव वटुको को लड्डू खिलाकर उक्त औषधि को पी जाय, तो उसे पुत्र-लाभ होता है।

२९ द्वा-त्रिंशदक्षर उच्छिष्ट-गणेश : तारो हस्ति-मुखायाथ डेऽन्तो लम्बोदरस्तथा, उच्छिष्टान्ते महात्मा-ङे पाशाकुश-शिवात्म-भू। माया वर्म च घे-घे-उच्छिष्टाय दहनाङ्गना, द्वा-त्रिंशदक्षरो मन्त्रो यजन पूर्व-वन्मतम्—**ॐ हस्ति-मुखाय लम्बोदराय उच्छिष्ट-महात्मने आं क्रो ह्रीं क्लीं ह्रीं हु घे घे उच्छिष्टाय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार। ऋषि, ध्यान और पुरश्चरण आदि ३७ अक्षर मन्त्रवत्। मन्त्र के ६, ५, ७, ६, ६ एवं २ अक्षरो से क्रमश अङ्ग-न्यास।

३० त्रयस्त्रिंशदक्षर त्रैलोक्य-मोहन गणेश : वक्र-वर्णेन्दु-युग् णान्तो डेक-दष्ट्राय मन्मथ., माया रमा गज-मुखो गणपान्ते मगी हरि। वर वालाग्नि-मत्या स-रेफाब्द जल स्थिरा, सेन्दुर्मेषो मे.वशान्ते मानयोपबुध-प्रिया—**वक्र-तुण्डैक दष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं गण-पते वर-वरद सर्व-जन मे वशमानय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार। ऋषि गणक, छन्द गायत्री, देवता त्रैलोक्य-मोहन-कर गणेश और विनियोग अभीष्ट-सिद्धि। मन्त्र के १२, ४, ५, ४, ६ एवं २ अक्षरों से क्रमशः अङ्ग-न्यास। ध्यान निम्न प्रकार करे—

गदा-बीजपूरे धनुः शूल-चक्रे सरोजोत्पले पाश - धान्याग्र - दन्तान्,
करैः सन्दधानं स्व-शुण्डाग्र-राजन्-मणी-कुम्भमङ्काधिरूढं स्व-पत्न्या।
सरोजन्मनाभूषणानां भरेणोज्ज्वलद्धस्त-तन्व्या समालिङ्गिताङ्गम्,
करीन्द्राननं चन्द्र-चूडं त्रि-नेत्रं जगन्मोहनं रक्त-कान्तिं भजेत् तम्॥

आवरण-पूजा में षडङ्ग-पूजा के बाद १ वामा, २ ज्येष्ठा, ३ रौद्री, ४ कलकाली, ५ बल-विकरिणी, ६ बल - प्रमथिनी, ७ सर्व - भूत - दमिनी, ८ मनोन्मनी—इन अष्ट-शक्तियों की पूजा कर दिशाओं में १ प्रमोद, २ सुमुख, ३ दुर्मुख और ४ विघ्न-नाशक की पूजा करे। तब क्रमशः अष्ट मातृकाओं, लोकपालों और वज्रादि अस्त्रों की पूजा करे।

'मन्त्र-महार्णव' में अष्ट-शक्तियों के नाम ये दिये हैं—१ वामा, २ ज्येष्ठा, ३ रौद्री, ४ काली, ५ कल-विकरिणी, ६ बल-प्रमथिनी, ७ सर्व-भूत-दमिनी ८ मनोन्मनी। साथ ही देवता के सम्मुख इन सब के पूजन का निर्देश किया है। 'विघ्न-नाशक' के स्थान पर उसमें 'विघ्न-नाश' नाम मिलता है।

पुरश्चरण में ४ लाख जप और तद्-दशांश होम अष्ट-द्रव्यों से।

३१ सप्त-त्रिंशदक्षर उच्छिष्ट-गणेश : तारो नमो भगवते झिण्टीशश्चतुराननः, दंष्ट्राय हस्ति-मुच्चार्य खाय लम्बोदराय च। उच्छिष्ट-म वियद्-दीर्घात्मने पाशांकुशः परा, सेन्दुः शार्ङ्गी भग-युते द्वे मेघे वह्नि-कामिनी—ॐ नमो भगवते एक-दंष्ट्राय हस्ति-मुखाय लम्बोदराय उच्छिष्ट-महात्मने आं क्रों ह्रीं गं घे-घे स्वाहा

'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार। ऋषि गणक, छन्द गायत्री, देवता उच्छिष्ट गणपति, विनियोग अभीष्ट-सिद्धि। 'मन्त्र-महार्णव' में बीज 'गं', शक्ति 'ह्रीं', कीलक 'आं क्रों' का भी उल्लेख है। मन्त्र के ७, १०, ५, ७, ४ एवं ४ अक्षरों से क्रमशः अङ्ग-न्यास। ध्यान निम्न प्रकार करे—

शरान् धनुः पाश-सृणी स्व-हस्तैर्दधानमारक्त-सरोरुहस्थम्।
विवस्त्र-पत्न्यां सुरत - प्रवृत्तमुच्छिष्टमम्बा-सुतमाश्रयेऽहम्॥

पुरश्चरण में एक लाख जप कर दशांश घृताहुतियों से होम करे।

प्रयोग—पुरश्चरण के बाद १ कृष्णाष्टमी से चतुर्दशी तक सात दिन नित्य ८५०० जप, दशांश (८५०) होम तथा तर्पण करने से धन-धान्य, पुत्र-पौत्रादि सुख एवं सौभाग्य। २ शुभ दिन में नीम की लकड़ी ले गणेश-मूर्ति बनाकर उसमें प्राण-प्रतिष्ठा कर पूजन-पूर्वक उसके समक्ष 'साध्य' का चिन्तन करते हुए जप करे, तो वशीकरण। ३ नदी के जल को २७ बार अभिमन्त्रित कर उससे मुख धोये, तो वाक्-सिद्धि। ४ श्वेत अर्क (मदार) या नीम की लकड़ी की मूर्ति का पूजन चतुर्थी की रात्रि में रक्त पुष्प एवं रक्त चन्दन से कर एक हजार जप करे और उस मूर्ति को नदी के किनारे छोड़ आवे, तो गणेश स्वप्न में अभीष्ट कार्य को बताते हैं। ५ चौथे प्रयोग के अनुसार पूजित मूर्ति को मद्य-पात्र के मध्य में रखकर एक हाथ नीचे भूमि में गाड़े और उसके ऊपर बैठकर अहर्निश जप करे, तो एक सप्ताह के भीतर सभी उपद्रव शान्त होकर धन-वैभव की प्राप्ति।

विशेष : 'उच्छिष्ट गणेश' के सभी मन्त्र गुरु से प्राप्त होते ही सिद्धि-दायक हो जाते हैं। उनके शोधनादि की आवश्यकता नहीं है। गोपनीयता का पालन आवश्यक है।

३२ एकाधिक-चत्वारिंशदक्षर उच्छिष्ट - महा - गणपति : ॐ नमो भगवते एक-दंष्ट्राय हस्ति-मुखाय लम्बोदराय उच्छिष्ट-महात्मने आं क्रों ह्रीं गं घे घे उच्छिष्टाय स्वाहा

'मन्त्र-महार्णव' मे 'रुद्रयामल तन्त्र' से उद्धृत। यह क्रमांक ३१ पर दिए सप्त-त्रिंशदक्षर-मन्त्र का ही विकसित रूप है। ऋषि मतङ्ग भगवान्, छन्द गायत्री, देवता उच्छिष्ट-महा-गणपति, बीज 'गं', शक्ति 'स्वाहा', कीलक 'ह्रीं', विनियोग अभीष्ट-सिद्धि। शेष ३७ अक्षर मन्त्र-वत्।

३३ त्रयः-पञ्चाशदक्षर सिद्धि-विनायक : ॐ नमो सिद्धि-विनायकाय सर्व-कार्य-कर्त्रे सर्व-विघ्न-प्रशमनाय सर्व-राज्य-वश्य-करणाय सर्व-जन-स्त्री-पुरुषाकर्षणाय श्रीं ॐ स्वाहा

'मन्त्र-महार्णव' मे 'प्राकृत ग्रन्थ' से उद्धृत। प्रतिदिन १०८ बार जप करने से कर्म-सिद्धि। यात्रा के समय जप करे, तो मार्ग-भय दूर होकर सभी कार्य सिद्ध होते है।

३४ पञ्च-पञ्चाशदक्षर गणेश-माला-मन्त्र : शक्त्यंकुश ध्रुवान्ते स्यात् स्व-बीज हृदयं ततः, सर्व-विघ्नाधिपायान्ते ङेऽन्त सर्वार्थ-सिद्धिदं। प्रवदेत् सर्व-दुःख-प्रशमनाय पद ततः, एह्येहि भगवन् सर्वा आपदः स्तम्भय-द्वय। भुवनेशी स्व-बीजं गा नतिः पावक-वल्लभा, पुनरकुंश-मायान्तं पञ्च-पञ्चाशदक्षरः—
ॐ ह्रीं क्रों गूं नमः सर्व-विघ्नाधिपाय सर्वार्थ-सिद्धिदाय सर्व-दुःख-प्रशमनाय एह्येहि भगवन् सर्वा आपदः स्तम्भय स्तम्भय ह्रीं गूं गां नमः स्वाहा क्रों ह्रीं

'शारदा-तिलक' के अनुसार। इस मन्त्र द्वारा अनेक प्रयोग साधक करते है। उदाहरण के लिए एक प्रयोग यह है कि भूर्ज-पत्र पर गोरोचन, गज-मद और कश्मीर द्वारा अष्ट-दल पद्म अङ्कित करे। उसकी कर्णिका मे गणेश के बीज-मन्त्र से पुटित साधक और कर्म-सहित साध्य का नाम लिखे। कर्णिका के बाहर पूजा के समान नेत्र-मन्त्रादि अङ्ग-मन्त्रों से शोभित किञ्जल्क की रचना करे। फिर उक्त मन्त्र के ४९ अक्षरो को सात भागो मे बाँटकर सात दलों में और शेष छः अक्षरों को आठवें दल में लिखे। शक्ति द्वारा एक आवृत्ति कर शकार द्वारा दूसरी आवृत्ति से पद्म को परिवृत करे।

इस प्रकार भूर्ज-यन्त्र प्रस्तुत कर उसमे विधिवत् पूजाकर उसे श्वेत वस्त्र मे वेष्ठित कर त्रिलौह (ताम्र, रजत, सुवर्ण) मे रख बाहु मे धारण करे, तो सभी कामनाएँ सिद्ध होती है।

आम्नाय-क्रम से गणेश-मन्त्र

'तन्त्र-शास्त्र' मे मन्त्रो को 'आम्नाय'-क्रम मे व्यवस्थित किया गया है। 'आम्नाय' को जानकर मन्त्र की साधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। 'आम्नाय' का पूरा महत्व जानने के लिए 'साधना और आम्नाय' नामक पुस्तक द्रष्टव्य है। 'मेरु-तन्त्र' के १६ से २० तक के पाँच प्रकाशो मे भगवान् गणेश के मन्त्रो को पाँच आम्नायो मे विभक्त कर उनकी विशेष साधना बताई गई है। यहाँ इसी के आधार पर गणेश-मन्त्रों का परिचय दिया जाता है—

१ दक्षिणाम्नाय

१ एकाक्षर विघ्न-विनायक : 'गं'—इस मन्त्र के देवता का ध्यान निम्न प्रकार बताया है—

रक्ताम्बरं रक्त-वर्णं रक्त-गन्धानुलेपनं, रक्त-पुष्पैः पूज्यमानं तुन्दिलं चन्द्र-मौलिनम् ।
त्रिनेत्रं वामनं विघ्नाधीशं पूज्यं च शुण्डिनं, वामे दक्षे द्वयोः पाशांकुशौ पाण्योस्तु बिभ्रतम् ।
पद्मासनं सर्व-भूषं ध्याये विघ्न-विनायकम् ॥

अङ्ग-न्यास के मन्त्र पृष्ठ ३ के अनुसार हैं किन्तु विशेष अन्तर के साथ । यथा—

१ गणं जयाय स्वाहा, २ एक-दंष्ट्राय हुं फट्, ३ अचल-कर्णिने स्वाहा, ४ गज-वक्त्राय नमः, ५ महा-दशन-चण्डाय हुं, ६ वैरिकाय फट् ।

२ त्र्यक्षर शक्ति-गणप : ह्लां ह्लीं ह्लौं

भार्गव ऋषि, विराट् छन्द, शक्ति-गणप देवता । 'गां, गीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

दक्षोर्ध्वे चांकुशं वामे पाशं वामे त्वधः करे, बीजपूरं स्वयं तत्तु दक्षिणे स्वर्ण-वर्णकम् ।
पुष्करं मोदकान् बिभ्रत् कर्णयो दीर्घ-चामरे ।

एक लक्ष जप से पुरश्चरण । दशांश होम घृताक्त पूप से ।

३ चतुरक्षर शक्ति-गणप : ताराद्योऽयं (त्र्यक्षरः) चतुर्वर्णो—ॐ ह्लां ह्लीं ह्लौं

इसमें छन्द गायत्री है । शेष क्रमांक २ के समान । ध्यान है—

हेमाभो हेम-वस्त्रवान् बृहज्जानुस्तुन्दिलश्च लम्ब-बाहुर्विलोचनः ।
दक्षोर्ध्व-हस्त-पाशं चाधो वामे चाक्ष-सूत्रकं, दक्षिणाधो निजं दन्तमूर्ध्वे बाहौ तथा सृणिम् ।
पुष्करेण तु बिभ्राणं मोदकं हेम-भूषणं, शक्ति-युक्तं विश्व-वन्द्यं गणेशं चिन्तयाम्यहम् ॥

तीन लक्ष जप से पुरश्चरण । दशांश होम घृताक्त तिलों से ।

४ चतुरक्षर हेरम्ब : ॐ ठां नमः

गणक ऋषि, गायत्री छन्द, पञ्च-वक्त्र हेरम्ब देवता । ध्यान—

मुक्ता-विद्युन्मेघ-दुग्ध-काश्मीरी-सन्निभैर्मुखैः, गज-वत् पञ्चभिर्युक्तः किरीटी चासि-हस्तकः ।
अंकुशं च त्रिशूलं च मुद्गरं च कपालकं, स्ववन्तमभयं चापि वरं मोदकमेव च ।
परशुं चाक्ष-मालां च दधतं कर-पङ्कजैः, कोटि-सूर्य-प्रतीकाशं ध्यायेद्धेरम्बमव्ययम् ॥

इनके पूजन में १७ अक्षरों का आसन-मन्त्र विशेष बताया है । यथा—

ॐ हूं हूं महा-सिंहाय गं हेरम्बमासनाय नम. ।

तीन लक्ष जप से पुरश्चरण । मधुर-त्रय-युक्त तिलों से दशांश होम ।

५ सप्ताक्षर सुब्रह्मण्य विनायक : तारोऽन्तो गणेशो हृत्-प्रोक्तः सप्ताक्षरो मनुः—ॐ गणेशाय नमः

६ अष्टाक्षर सुब्रह्मण्य विनायक : प्रणवान्तोऽष्ट-वर्णोऽयं—ॐ गणेशाय नम ॐ

७ „ „ „ : शक्ति-बीजादिकोऽपि वा (सप्ताक्षरः)—ह्रीं ॐ गणेशाय नमः

क्रमांक ५ से ७ तक तीनों मन्त्रों के ऋषि भर्ग, छन्द गायत्री और देवता सुब्रह्मण्य विनायक । 'गां गीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

रक्ताम्बरं रक्त-वर्णं रक्त-गन्धानुलेपनं, रक्त-पुष्पैः पूज्यमानं भक्त-पातक-हारिणम् ।
मुद्गरं च तथा शक्ति कमलं चांकुशं तथा, हस्तैर्दधानं चन्द्रास्यं नानाभूषण-भूषितम् ।
रिपु-क्षय-करं देवं सुब्रह्मण्य-गणाधिपम् ॥

एक लक्ष जप से पुरश्चरण । घृत, पायस से अयुत होम ।

८ दशाक्षर क्षिप्र-प्रसादन विनायक : गं क्षिप्र - प्रसादनाय हृदन्तोऽयं दशाक्षरः—**गं क्षिप्र-प्रसादनाय नमः**

ऋषि आदि पृष्ठ ७-८ के १४ वे मन्त्र के अनुसार । ध्यान भिन्न दिया है, यथा—

पाशांकुशौ विलसतं पद्माग्रं च दधत्-करैः, बीजपूरं पुष्करे च त्रिनेत्रो रक्त-वस्त्रवान् ।
भक्तं सदा पूर्ण-चन्द्र-मौलिरव्याद् गणेश्वरः ॥

९ अष्टा-विंशदक्षर लक्ष्मी-गणेश : ताराद्योऽयं (ऊन-त्रिंशदक्षर)रमा-हीनस्तथाष्टा-विंशदक्षरः—**ॐ सौम्याय महा-गणपतये वर-वरद सर्व-जनं मे वशमानय स्वाहा**

१० ऊन-त्रिंशदक्षर लक्ष्मी-गणेश : श्रीं गं सौम्याय चोच्चार्य महा-गणपतिं तथा, ङेऽन्तमुक्त्वा वर-वरदोक्त्वा सर्व-जनं वदेत् । मे वशमानय स्वाहेत्येको-न-त्रिंशदक्षरः—**श्रीं गं सौम्याय महा-गणपतये वर-वरद सर्व-जनं मे वशमानय स्वाहा**

पृष्ठ १० पर दिए २३ वें 'लक्ष्मी-विनायक' मन्त्र के समान ही क्रमांक ९, १० के इन दोनों मन्त्रों के ऋष्यादि है, केवल छन्द 'निवृदन्विता गायत्री' है । ध्यान भिन्न प्रकार दिया है । यथा—

हेमाभं पीत-वसनं शङ्ख-चक्र-गदाभयान्, दक्षोर्ध्व-करमारभ्य दक्षिणेऽधः-करावधि ।
दधतं शुण्डया स्वर्ण-घटं पद्मोपरि-स्थितं, वामाङ्के विष्णु-लक्ष्म्या चाश्लिष्टं दक्ष-भुजेन तु ॥

११ द्वा-त्रिंशदक्षर हरिद्रा-गणप : ॐ हुं गं ग्लौं हरिद्रेति चोक्त्वा गणपतये वदेत्, वर वरद इत्युक्त्वा सर्व-जन-पदं वदेत् । हृदयं स्तम्भय द्वन्द्वं स्वाहा द्वा-त्रिंशदर्णकः ।

इस मन्त्र का उद्धार पृष्ठ १२ पर दिए २८ वे 'हरिद्रा-गणपति' मन्त्र जैसा ही है । ऋष्यादि भी उसी के समान हैं केवल देवता का नाम 'हरिद्रा गणप' बताया है और ध्यान भी भिन्न दिया है, यथा—

पीताम्बरं पीत-वर्णं पीत-गन्धानुलेपनं, पीत-पुष्पैः पूज्यमानं मणि-सिंहासन-स्थितम् ।
पीत-भूषं त्रिनेत्रं च षड्-भुजं च वराभयं, क्रोध-मुद्रां सृणिं पाशं परशुं विभ्रतं करैः ॥

षडङ्ग-न्यास 'गां गीं' इत्यादि से । शेष विधान 'हरिद्रा-गणपति' मन्त्र-वत् ।

२ ऊर्ध्वाम्नाय

१ अष्टा-विंशत्यक्षर महा-गणपति : तार-श्री - बीज-हृल्लेखा कामो भू-बीजमेव च, गणेश-बीज गणपतये वर-वरेति च । द-सर्व-जन मे वशमानयाग्नि-वधूरिति अष्टा-विंशति-वर्णोऽय ।

उद्धार और ऋष्यादि पृष्ठ १० पर उद्धृत २२वें मन्त्र के समान । यहाँ बीज 'गं' और शक्ति 'ह्रीं' का उल्लेख कर अङ्ग-न्यास 'गां, गीं' आदि द्वारा करने की विधि भी दी है । ध्यान भिन्न दिया है । यथा—

ऐरावे जलधेर्द्वीपे नव-रत्न - मये शुभे, तत्-तरङ्ग-लसत् - तोयैर्धौते शीते मही-तले ।
तत् तोय-गुण - सम्पृक्त-गन्ध-वाह-निषेविते, कल्प-पादप-पुष्पौघैः पतद्भिः समलंकृते ।
नाना-कुसुम-सङ्कीर्णे नाना-पक्ष-विराजिते, अनेक-फल-सङ्कीर्णे सेविते चाप्सरो-गणैः ।
ज्वाला-माला-सहस्राढ्ये चोद्यज्ज्योत्स्ना-समाकुले, विलसत्-पद्मरागौघ-कुट्टिमारुण-भूतले ।

कल्प-पादप-पुष्पस्थ-षट्-पद-स्वन-मंजुले, पारिजातं कल्पतरुं तत्र मध्ये विचिन्तयेत् ।
युग-पट्टे तु पट्केन खचितं पुष्प-शोभितं, नव-रत्न-मयं तस्याधस्तात् सिंहासनं स्मरेत् ।
तन्मध्ये लिपि-पद्मं च षडारं तस्य मध्यतः, कर्णिकायां गणेशं च तत्संस्थं च महा-गणं ।
नाना-रत्न-विभूषाढ्यमेक-दन्तं गजाननं, चक्रं चांकुश-पद्मादीन् बीजपूरं गदां तथा ।
शरासनं च शूलं च बिभ्रन्तं हस्त-पङ्कजैः, पद्मोद्यत् करया शक्त्या चाश्लिष्टं वरदं प्रभुं ।
अर्धेन्दु-मौलिं त्र्यक्षं च दीप्यमानं कृपाकरं, पुष्करोद्धृत-रत्नौघ-मय-कुम्भ-मुख-च्युतान् ।
मणि-मुक्ता-प्रवालादीन् वर्षन्तं धारया मुहुः, सर्वतः साधकस्याग्रे स्व-दान-जल-लोलुपं ।
षट्-पदालीं कर्ण-तालैर्वारयन्तं मुहुर्मुहुः, अमरासुर-संसेव्यं सद्-रत्न - मुकुटोज्ज्वलं ।
ऊरू-करं गज-मुखं नानाभरण-भूषित ।।

२ त्रयस्त्रिंशदक्षर त्रैलोक्य-मोहन गणपति : वक्र-तुण्डैक-दंष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं वदेत् ततः, गणपतिं वर-युग्मं दान्त सर्व-जन वदत् । मे वशमानय स्वाहा त्रयस्त्रिंशल्लिपिर्मनुः ।

उद्धार और ऋष्यादि पृष्ठ १२ पर उद्धृत ३० वें मन्त्र के समान, केवल ऋषि व देवता के नाम कुछ भिन्न है, यथा—'गणप ऋषि' और 'त्रैलोक्य-मोहन विघ्न' देवता । ध्यानादि 'महा-गणपति' मन्त्र-वत् ।

३ पूर्वाम्नाय

१ त्र्यक्षर शक्ति-गणेश : ह्रीं ग्रीं ह्रीं

भार्गव ऋषि, विराट् छन्द, शक्ति-गणेश देवता । ध्यान—

गजेन्द्र - वदनं साक्षाच्चतुर्बाहुं सुचामरं, हेम-वर्णं त्रिनेत्रं च पाशांकुश - धरं विभुम् ।
स्व-दन्तं दक्षिणे हस्ते बीजपूरं च वामके, पुष्करे मोदकाश्चैव धारयन्तं त्वनुस्मरेत् ।।

पुरश्चरण मे एक लक्ष जप । दशांश होम घृताक्त पूपो से ।

२ चतुरक्षर शक्ति-गणप : ताराद्यश्चतुरर्णक. (त्र्यक्षरः)—ॐ ह्रीं ग्रीं ह्रीं

शुक ऋषि, गायत्री छन्द, शक्ति-गणप देवता । ध्यान—

हेमाभं हेम-वस्त्र च त्रिनेत्रं तुन्दिल भुजैः, पाशाक्ष-सूत्र-दशनान् धारयन्त तथांकुशम् ।
पुष्करेण दधानं च मोदक हेम-भूषण, मध्याह्नादित्य-सङ्काश चारु-शक्त्या समन्वितम् ।।

पुरश्चरण मे एक लक्ष जप । दशांश होम घृताक्त तिलो से ।

३ षडक्षर वक्रतुण्ड : यह मन्त्र पृष्ठ ५ पर क्रमाङ्क ६ मे दिया है । ऋष्यादि सभी विधि उसी के समान, केवल देवता का नाम भिन्न है, यथा 'वक्र-तुण्ड' । ध्यान निम्न प्रकार दिया है—

उद्यद्-दिनेश्वर-रुचिं पाशांकुश-वराभयं, हस्तैर्दधानं स्मेरास्यमरुणं चिन्तयेद् हृदि ।

स्त्रियो द्वारा इस मन्त्र के जप का विशेष फल कहा गया है ।

४ षडक्षर वक्रतुण्ड गणेश : मेधोल्काय तथा स्वाहा मन्त्रः प्रोक्तः षडक्षरः—यह मन्त्र पृष्ठ ६ पर क्रमाङ्क १० मे दिया है । इसका ऋष्यादि सभी विधान उसी के समान है, केवल देवता का नाम भिन्न दिया है, यथा—'वक्रतुण्ड गणेश' ।

५ एकादशाक्षर शक्ति-गणेश : यह मन्त्र पृष्ठ ८ पर क्रमांक १५ में दिया है। केवल ध्यान 'मेरु-तन्त्र' में भिन्न दिया है, यथा—

बन्धूकाभं त्रिनेत्रं च नागास्यं शशि - शेखरं, भोगि - मालं गुण - सृणी वरेक्षून् हस्त - पङ्कजैः।
दधानं शुण्डया स्पृष्ट - भगं चालिङ्गितं तथा, श्यामलाङ्ग्या लिङ्ग-पद्म-हस्तया भावयेद् हृदि ॥

६ द्वादशाक्षर शक्ति-विनायक : ह्रीं गं ह्रीं च महेत्युक्त्वा ङेऽन्तं गणपतिं पुनः, स्वाहान्तोऽर्क-वर्णकः।

इस मन्त्र का उद्धार एवं ऋष्यादि विधान पृष्ठ ८, क्रमांक १६ के अनुसार 'महा-गणेश' मन्त्र के समान है, केवल देवता का नाम यहाँ भिन्न है—'शक्ति-विनायक'। ध्यान भी दूसरा दिया है, यथा—

मुक्तावली-चन्द्र-धरं व्याल-नेत्रं च दक्षिणे, ऊर्ध्वाधरैः पद्म-सृणी दधानं वाम-ऊर्ध्वके।
दश-कुम्भं तलस्थेन प्रिया योनिं प्रसन्नयेत्, नाग-वक्त्रं मणि-मयं मुकुटं बिभ्रतं प्रभुम् ॥

७ पञ्च-विंशाक्षर विरि - विघ्नेश : विरि-युग्मं च गणपते वर-द्वयं, दकारं सर्व-लोकं मे वशमानय-द्वयम्, पञ्च-विंशाक्षरो मन्त्रः प्रोक्तोऽयं पुत्र-पौत्रदः—**विरि विरि गणपते वर-वरद सर्व-लोकं मे वशमानय स्वाहा**

गणक ऋषि, गायत्री छन्द, विरि-विघ्नेश देवता, दृष्टादृष्ट-फल-प्राप्ति विनियोग। मन्त्र के ४ ४, ५, ५, ५, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

सिन्दूराभं त्रि-नयनं वामोर्ध्व-पाश-धारिणं, दक्षोर्ध्वे चांकुशं दक्ष-तले मध्ये कपालकम्।
पुष्ट्या योनिं वाम-तल-हस्तेनैव च बिभ्रतं, चन्द्र-मौलिं हस्ति-मुखं दक्षिणेन करेण च।
पुष्ट्यालिङ्गित-सर्वाङ्गं स्पृशन्त्या वाम-पाणिना, लिङ्गाग्रं तु गणेशस्य ऊर्ध्वयोः करयोर्द्वयोः।
सन्दधानं पद्म-युगमेवं गणपतिं भजेत् ॥

८ षड्-विंशाक्षर विरिञ्चि-गणपति : ह्रीं विरिञ्चि-पदं प्रोच्य ङेऽन्तं गणपतिं पुनः, प्राग्वद् (पञ्च-विंशाक्षर-मन्त्र-वद्) वदेद् वरादीनि षड्विंशत्यर्णवो मनुः—**ह्रीं विरिञ्चि-गणपतये वर-वरद सर्व-जनं मे वशमानय स्वाहा**

ऋष्यादि क्रमांक ५ मन्त्र-वत्। मन्त्र के ४, ५, ५, ५, ५, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास।
पुरश्चरण में पाँच लक्ष जप। मधुर-त्रय-युक्त अष्ट-द्रव्यों से दशांश होम।

४ पश्चिमाम्नाय

'मेरु-तन्त्र' में इस आम्नाय के अन्तर्गत 'महा-गणपति' के अंश-भूत ६४ विनायकों का उल्लेख है। प्रत्येक विनायक के साथ एक-एक 'योगिनी' और 'चेटिका' के मन्त्रादि की विधि निर्दिष्ट है। यहाँ उनमें से कुछ 'गणेश'-मन्त्र उद्धृत हैं—

१ षडक्षर विघ्न-गणेश : गं विघ्नाय नमः प्रोक्तो एष षडक्षरः—**गं विघ्नाय नमः**
इस मन्त्र का विधान पृष्ठ ७-८ के १४ वें 'क्षिप्र-प्रसादन' गणेश के मन्त्र के समान है।

२ अष्टाक्षर विनायक : विनायकाय हृदय ग-बीजाद्योऽष्ट-वर्णकः—**गं विनायकाय नमः**

३ अष्टाक्षर इभ-वक्त्र : गमुक्त्वा चेभ-वक्त्राय हृदयान्तो गजाक्षरः—**गं इभ-वक्त्राय नमः**

४ अष्टाक्षर एक-दन्त : गमेक-दन्तं ङेऽन्तं च हृदयान्तो गजाक्षरः—**गं एक-दन्ताय नमः**

५ अष्टाक्षर लम्बोदर : गं च लम्बोदरं ङेऽन्तंहृदयान्तोऽष्ट-वर्णकः—**गं लम्बोदराय नमः**

६ द्वादशाक्षर वरदाक्ष-विनायक : गमुक्त्वा प्रवदेन्ङेऽन्तं वरदाक्ष-विनायकं, हृदन्तो रुद्र-वर्णोऽयं मन्त्रः—**गं वरदाक्ष-विनायकाय नमः**

इसी प्रकार वाराणसी (काशी) स्थित 'वक्रतुण्ड' आदि गणेश-रूपों का उल्लेख उनकी चेटी-शक्ति-विधान के साथ है। इनके नामो के चतुर्थ-रूप के आदि में 'ॐ' और अन्त मे 'नमः' लगा कर इन सबके मन्त्र ग्रहण करने का निर्देश है। यथा 'ॐ वक्र-तुण्डाय नमः' आदि। इन रूपो के अन्य उल्लेखनीय नाम हैं—१ चण्ड - विनायक, २ देहलि - विनायक, ३ पाश - पाणि - विनायक, ४ खर्व-विनायक, ५ पूर्व-लम्बोदर, ६ कूट-दन्त गणेश, ७ कूष्माण्ड-विनायक, ८ मुण्ड-विनायक, ९ प्रवर-गणेश, १० पञ्चास्य-गजानन इत्यादि।

५ उत्तराम्नाय

१ नवाक्षर उच्छिष्ट-गणेश : वदेद् हस्ति-पिशाचीति लिः लिः स्वाहा नवाक्षरः—**हस्ति-पिशाचि लिः लिः स्वाहा**

ककाल ऋषि, विराट् छन्द, उच्छिष्ट-गणेश देवता। मन्त्र के २, ३, १, १, २ अक्षरों से पञ्चाङ्ग न्यास। वक्र-तुण्ड (पृष्ठ ५, ९वाँ मन्त्र) के समान ध्यानादि। ९ लाख जप से पुरश्चरण।

२ दशाक्षर उच्छिष्ट-गणेश : तारो नमो उच्छिष्ट-गणेशाय दशाक्षरो मनुः—**ॐ नमः उच्छिष्ट-गणेशाय**

३ एकादशाक्षर उच्छिष्ट- गणेश : ॐ ह्री क्ली ह्री समुच्चार्य ह्रीं ह्रीं घें घें तथा च फट्, स्वाहान्तो भव-वर्णोऽयं प्राग्-वद् ध्यानादिकं मतं—**ॐ ह्री क्लीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं घें घें फट् स्वाहा**

४ द्वादशाक्षर उच्छिष्ट-गणेश : ॐ ह्री गं हस्ति-पिशाचि लिखेत् स्वाहेति मन्त्रकः—**ॐ ह्रीं गं हस्ति-पिशाचि लिखे स्वाहा**

५ एकोनविंशत्यक्षर उच्छिष्ट-गणेश : दशाक्षरस्यास्य चान्ते कथितश्चेन्नवाक्षरः, एकोनविंश-वर्णः स्यात् तदा मन्त्रः सुसिद्धि-कृत्—**ॐ नमः उच्छिष्ट-गणेशाय हस्ति-पिशाचि लिः लिः स्वाहा**

६ त्रयो-विंशत्यक्षर उच्छिष्ट-गणेश : चतुर्थ्यन्तं हस्ति-मुख-पद-मात्र (सप्त-विंशत्यक्षर-मन्त्र) यदोच्चरेत्, त्रयो-विंशति-वर्णस्तु तस्य मन्त्रः प्रकीर्तितः—**एक-दंष्ट्राय उच्छिष्टात्मने हस्ति-मुखाय क्रां क्रं ह्रीं ह्रीं घें घें स्वाहा**

७ सप्त-विंशत्यक्षर उच्छिष्ट-गणेश : एक-दंष्ट्रायेति हस्ति-मुख-लम्बोदराय च, उक्त्वोच्छिष्टा-त्मने क्रां क्रूं ह्री ह्री घें घेऽग्नि-गेहिनी। सप्त-विंशति-वर्णोऽयं वक्रतुण्ड-षडर्ण-वत्—**एक-दंष्ट्राय हस्ति-मुख-लम्बोदराय उच्छिष्टात्मने क्रां क्रूं ह्रीं ह्रीं घें घें स्वाहा**

८ द्वा-त्रिंशदक्षर उच्छिष्ट-गणेश : तार हस्ति-मुखेति च ङेऽन्तं लम्बोदरम् वदेत्, उच्छिष्टेति महात्मेति ने आं क्रों ह्री समुच्चरेत्। क्ली ह्रीं हु घें-द्वय चापि उच्छिष्टायाग्नि-गेहिनी—**ॐ हस्ति-मुखाय लम्बोदराय उच्छिष्ट-महात्मने आं क्रों ह्रीं क्लीं ह्रीं हुं घें घें उच्छिष्टाय स्वाहा**

ऋष्यादि पूर्ववत् । मन्त्र के ६, ५, ७, ६, ६, ६ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास ।

६ षड्-त्रिंशदक्षर उच्छिष्ट-गणेश : तारो नमो भगवते एक-दंष्ट्राय हस्ति च, मुख-लम्बोदरायेति तथोच्छिष्ट-महात्मने । क्रौं क्लौं ह्रीं ह्रं ततो घें घें स्वाहान्तोऽयं मनुर्मतः—ॐ **नमो भगवते एक-दंष्ट्राय हस्ति-मुख-लम्बोदराय उच्छिष्ट- महात्मने क्रौं क्लौं ह्रीं ह्रं घें घें स्वाहा**

क्रमाङ्क २ से ६ तक के सभी मन्त्रों का ऋष्यादि-विधान नवाक्षर उच्छिष्ट गणेश के समान ही है । क्रमाङ्क ६, ७ और ८ के षडङ्ग-न्यास की विधि निम्न प्रकार है—

क्रौं हृदयाय नमः । क्लूं शिरसे स्वाहा । हुं शिखायै वषट् । घें कवचाय हुं । घें नेत्र-त्रयाय वौषट् । क्रौं क्लौं ह्रीं ह्रूं घें घें अस्त्राय फट् ।

अन्य मन्त्र

सप्ताक्षर सुब्रह्मण्य : तारः खड्गीश्वर : कूर्मो निःस्वरो णान्त ईरितः, भुवे नतिः सप्त-वर्णः सुब्रह्मण्यात्मको मनुः—**वचद्-भुवे नमः**

शारदा-तिलक में । ऋषि अग्नि, छन्द गायत्री, देवता सुब्रह्मण्य, बीज ॐ, शक्ति वकार । 'रां, रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

सिन्दूरारुण-कान्तिमिन्दु-वदनं केयूर-हारादिभिः, दिव्यैराभरणैर्विभूषित-तनुं स्वर्गस्य सौख्य-प्रदम् ।
अम्भोजाभय-शक्ति-कुक्कुट-धरं रक्ताङ्ग-रागांशुकं, सुब्रह्मण्यमुपास्महे प्रणमतां भीति-प्रणाशोद्यतम् ।।

पुरश्चरण में एक लाख जप, दशांश होम घृताक्त हवि से । इस मन्त्र के प्रभाव से सन्तान, विजय, दीर्घायु, ऐश्वर्य और यश की प्राप्ति होती है ।

'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' में उक्त मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है । यथा : अथ सुब्रह्मणाख्यो मनुः कार्तिकेयस्याभिधीयते—ॐ वचद्-भुवे नमः । षडङ्ग-न्यास 'वकार' से करने का निर्देश दिया है, जो ठीक नहीं प्रतीत होता क्योंकि शारदातिलक में अग्नि-बीज से न्यास करने का स्पष्ट वचन है । ध्यान में भी दो पाठान्तर हैं । यथा—(१) कान्तिमिन्दु : मिन्दु-कान्ति, (२) स्वर्गस्य : स्वर्गस्थ ।

गणेश-गायत्री : तत्पुरुषाय विद्महे वक्र-तुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात् ।

'हिन्दी तन्त्रसार' पृष्ठ ७० में ।

भगवान सूर्य

अदिति के बारह पुत्र 'आदित्य' नाम से प्रसिद्ध हैं। यथा—

धाता मित्रोऽर्यमा रुद्रो वरुण सूर्य एव च, भगो विवस्वान् पूषा च सविता दशम स्मृत ।
एकादशस्तथा त्वष्टा विष्णुर्द्वादश उच्यते ।

अर्थात् १ धाता, २ मित्र, ३ अर्यमा, ४ रुद्र, ५ वरुण, ६ सूर्य, ७ भग, ८ विवस्वान्, ९ पूषा, १० सविता, ११ त्वष्टा और १२ विष्णु ।

उक्त १२ आदित्यो मे 'भगवान् सूर्य' देव-मण्डल मे प्रधान स्थान रखते है। ऋग्वेद के बारह सूक्तो मे इनकी स्तुति की गई है। इन्हे देवताओ का 'मुख' माना गया है, साथ ही 'नेत्र' भी। नेत्रो का 'सूर्य' से घनिष्ठ सम्बन्ध है। वह प्राणियो के शुभाशुभ कर्मो को देखते है और उन्हे पापो से मुक्त करते हैं। स्वास्थ्य से भी 'सूर्य' का गहरा सम्बन्ध है। विविध प्रकार के रोग उनकी उपासना से दूर होते हैं।

वेदो के अनुसार भगवान् सूर्य के रथ के सात घोडे हैं, जो किरणो के प्रतीक हैं। विश्व के विधान के सरक्षक-रूप मे 'सूर्य' की विशेष मान्यता है। उन्ही के द्वारा दिनो की गणना और 'काल' की धारणा की जाती है। जङ्गम और स्थावर—सभी के वे आत्मा-स्वरूप हैं।

ऋग्वेद से प्रकट होता है कि वैदिक काल मे 'सूर्य' की पूजा कई रूपो मे होती थी। वैदिक प्रार्थनाओ मे गायत्री (सावित्री) की प्रधानता थी। आज भी नित्य के सन्ध्या-वन्दन मे उसका स्थान सुरक्षित है। 'सौर सम्प्रदाय' का प्रथम उल्लेख महा-भारत मे है। जब युधिष्ठिर प्रात काल अपने शयनागार से बाहर निकले, तो एक सहस्र सूर्योपासक ब्राह्मण उनके सामने आए। इन ब्राह्मणो के आठ सहस्र अनुयायी थे (महाभारत, ७ ८२ १४-१६)।

भविष्य पुराण और वराह पुराण मे लिखा है कि कृष्ण के पुत्र शाम्ब को कुष्ट रोग होने पर सूर्य-पूजा द्वारा ही आरोग्य लाभ हुआ था। वाल्मीकि रामायण के युद्ध-काण्ड मे उल्लेख है कि अगस्त्य ऋषि ने राम को यह परामर्श दिया कि वे सूर्य की स्तुति 'आदित्य-हृदय' नामक स्तव द्वारा करें, तो उन्हे रावण पर विजय प्राप्त होगी। इससे स्पष्ट है कि भगवान् सूर्य की उपासना प्राचीन काल से चली आ रही है। मुलतान, मथुरा, मन्दसौर, इन्दौर, बुलन्दशहर, आरा, बहराइच, कोणार्क आदि अनेक स्थानो मे भगवान् सूर्य के मन्दिर रहे है, जिनका ऐतिहासिक महत्व है। सूर्योपासको के दो सम्प्रदाय प्रसिद्ध हैं—१ औदीच्य, २ दाक्षिणात्य। भगवान् सूर्य के दो स्वरूप मुख्यतः आराध्य है—१ रथारूढ, २ खडादेव-रूप। पहले स्वरूप मे एक पहिएवाला रथ एक से सात घोड़ो द्वारा गतिशील देखा जाता है और दूसरे मे वे नगे पाँव कमल के ऊपर खडे दिखाई देते है।

'सौर संहिता' मे सूर्योपासना के कर्म-काण्ड का विस्तृत विधान दिया है। सम्राट् हर्ष के राज-कवि मयूर का लिखा 'सूर्य-शतक' प्रसिद्ध है, जिसमे सूर्य को मोक्ष का उद्गम बताया है। बाण भट्ट ने 'हर्ष-चरित' के प्रारम्भ मे सूर्य की वन्दना की है। जैन कवि मानतुङ्ग ने भी सूर्य की स्तुति लिखी है। उडीसा मे लिखित 'साम्ब-पुराण' भी प्रसिद्ध है। अग्नि-पुराण और ब्रह्म-पुराण मे भी सौर धर्म-विज्ञान की चर्चा है।

'मेरु-तन्त्र' के २१ वें प्रकाश मे भगवान् शिव का वचन है कि—

चतुर्युगेषु प्रत्यक्षो देवोऽय सर्व-सम्मत॰, सर्वेषामेव देवाना नेत्र-जगत्-पति.।

अर्थात् चारो युगो मे प्रत्यक्ष-देवता के रूप मे 'सूर्य' की मान्यता रही है और समस्त देवताओ के नेत्र-स्वरूप इन्हे माना जाता है।

वही यह भी बताया है कि भगवान् सूर्य की उपासना एक-मात्र 'दक्षिणाम्नाय' के क्रमानुसार ही कर्तव्य है। इनकी पञ्च-मूर्तियाँ—(१) आदित्य (दिवाकर), (२) रवि, (३) भानु, (४) भास्कर और (५) सूर्य—इन नामो से सदैव पूजनीया हैं। साथ ही उनके सारथी 'अरुण' और 'चंद्रादि नव-ग्रह' की भी पूजा-विधि निर्दिष्ट है।

सनातन धर्म द्वारा मान्य 'पञ्च-देवो' मे 'भगवान् सूर्य' का अपना विशेष स्थान है। तदनुरूप उनके विविध मन्त्रो और पूजन-विधान का विस्तृत विवरण धर्म-शास्त्र मे उपलब्ध है। 'भगवान् सूर्य' को सनातन ब्रह्म, परमात्मा, स्वयम्भू, अज, सर्वात्मा, सबका मूल कारण और ससार का उद्गम माना जाता है। मोक्ष की कामना से तपस्वी उनकी उपासना करते है। वे वेद-स्वरूप और सर्व-देव-मय हैं। वे ब्रह्मा, विष्णु और शिव के भी प्रभु हैं।

भगवान् सूर्य के मन्त्र

१ द्व्यक्षर मार्तण्ड-भैरव : आकाशमग्नि पवन सत्यान्तोऽर्घीश विन्दु-मत्, मार्तण्ड-भैरव नाम बीजमेतदुदाहृत। पुटित विश्व-बीजेन सर्व-काम - फल-प्रद। विश्व-बीज यथा—टान्त दहन-नेत्रेन्दु-सहित तदुदाहृत—ह्रि ह्स्प्रू

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ११५ मे उक्त उद्धार के अनुसार मार्तण्ड-भैरव मन्त्र का रूप दिया है—ह्, र्, प्, ओ ऊँ = ह्स्पो ऊँ किन्तु 'शारदातिलक' मे 'ह्स्पूं' बताया है, जो ठीक प्रतीत होता है। पूजा-

विधि 'हिन्दी तन्त्रसार' में द्रष्टव्य है, उसमे ध्यान के दो पाठान्तर 'शारदा-तिलक' के अनुसार हैं। यथा—(१) खट्वाङ्ग-चाप: : खट्वाङ्ग-पद्मं, (२) स-पाशं : च पाशं।

'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' मे मार्तण्ड-भैरव वीज का उद्धार भिन्न शब्दो मे दिया है और 'विश्व-वीज' के स्थान पर 'विम्ब-वीज' का उल्लेख है। यथा—आकाशमग्नि-पवन-सलिलोर्वीशमिन्दु-मत्, इति भवति मार्तण्ड-भैरवं नाम वीजं। एतद् वीज विम्ब-पुटितं सर्व-काम-फल-प्रदम्।

प्रयोग—पुरश्चरण के बाद (१) शालि, घृत, तिल, विल्व से एक लक्ष होम करे, तो ऐश्वर्य की प्राप्ति। (२) राज-वृक्ष के पुष्पो से होम करे, तो शत्रु-नाश। (३) जपा-कुसुम के होम से वशीकरण। (४) मातुलुङ्ग फलो के होम से अभीष्ट धन-प्राप्ति।

२ त्र्यक्षर सूर्य : आकाशमग्नि-दीर्घेन्दु-मयुतो भुवनेश्वरी, सर्गान्वितो भृगुर्भानोस्त्र्यक्षरो मनुरीरितः—ह्रा ह्री सः

शारदातिलक में। 'मन्त्र-कोष' के उद्धार-वाक्य में दो पाठान्तर हैं—(१) संयुतो : सयुतं, (२) मनुरीरितः : अयमुदाहृतः। 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १५१ में इस मन्त्र की विधि द्रष्टव्य है। 'शारदातिलक' के अनुसार ध्यान मे एक पाठ-भेद है। यथा—वरान् : रदान्।

प्रयोग : पुरश्चरण के बाद उक्त मन्त्र द्वारा सूर्य को विधि-पूर्वक अर्घ्य देने से धन-धान्य, पुत्र-पौत्र, वस्त्राभूषणादि ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

३ चतुरक्षर अर्क (सूर्य) : प्रणवो भुवनाधीशा हस इत्यादिको मनुः, विसर्गान्तस्तथा प्रोक्तः काम-धुक् चतुरक्षरः—ॐ ह्रीं हंसः

'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' मे। इस मन्त्र के ऋषि अज, छन्द गायत्री, देवता सूर्य-रूपिणी भुवनाधीशा, विनियोग अभीष्ट-सिद्धि है। 'ह्रा, ह्री' आदि से अङ्ग-न्यास करे। ध्यान—

भास्वद् - रत्नौघ - मौलि स्फुरदमृत - रुचो रञ्जयच्चारु-रेखां,
सद्यः सन्तप्त - कार्त - स्वर-कमल-जपा - भासुराभिः प्रभाभिः।
विश्वाकाशावकाशं ज्वलदति - रुचिरं घर्तृ - पाशांकुशेष्टा-
भीतीनां भङ्गि - तुङ्ग - स्तनमवतु जगन्मातुरार्कं वपुर्न ॥

पुरश्चरण मे चार लाख जप कर दशांश कमलो से होम करे। अष्टाक्षर-मन्त्र-वत् पूजन। अर्घ्य-विधि के पालन से पुत्र, पौत्रादि सभी समृद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

४ अष्टाक्षर भानु (आदित्य) : तारो घृणिर्भृगुः पश्चाद् वाम - कर्ण-विभूषितः, वह्न्यासनो मरुच्छेपः सनेत्रोऽद्रिस्त्वपश्चिमः। अष्टाक्षरो मनुः प्रोक्तो भानोरमित-तेजस.—ॐ घृणिः सूर्य आदित्य

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १५१-५२। 'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' के अनुसार इस मन्त्र के ऋषि 'भार्गव देव' हैं और 'शारदा-तिलक' के अनुसार 'देव-नाग'। 'शारदातिलक' की टीका मे इस मन्त्र के वीज 'रं' और शक्ति 'ऊं' का भी उल्लेख है।

प्रयोग—पुरश्चरण के बाद प्रतिदिन या रविवार के दिन प्रातःकाल रक्त-चन्दन द्वारा मण्डल (वृत्त) बनाकर उसमे सूर्य की पीठ-पूजा करे। फिर एक ताम्र-पात्र ले, जिसमे एक प्रस्थ जल आ सके। उसे अपने सम्मुख उक्त पूजित मण्डल पर रखकर उसे मूल-मन्त्र द्वारा शुद्ध जल से पूर्ण करे। जल में

कुकुम, गोरोचन, राई (सरसो), रक्त-चन्दन, वाँस के बीज, करवीर पुष्प, जपा पुष्प, शालि, कुशाग्र, श्यामाक एव तन्दुल (अक्षत) छोडे। फिर 'सूर्य' मे उस सबके ऐक्य की भावना कर उस जल मे 'सूर्य' का षडङ्ग-पूजन करे। विधिवत् गन्ध-पुष्पादि से नैवेद्य तक के उपचार प्रदान करे। फिर उस पात्र को रक्त-वस्त्र से आच्छादित कर प्राणायाम व षडङ्ग न्यास कर १०८ वार मन्त्र का जप करे। पुनः गन्ध-पुष्पादि से जल की पूजा करे। फिर घुटनो के बल बैठकर उक्त पात्र को मस्तक तक उठाकर आकाश-स्थित सूर्य-मण्डल मे आवरण-सहित भगवान् सूर्य का दर्शन कर उनका मानस पूजन करे। उनसे आत्मैक्य की भावना करते हुये मन-ही-मन मूल-मन्त्र का तीन वार जप कर निम्न मन्त्र से अर्घ्य प्रदान करे—

मूल भगवते रवये अर्घ्यं कल्पयामि नमः।

अन्त मे सूर्य को पुष्पाञ्जलि देकर पुन १०८ वार मन्त्र का जप करे।

इस प्रकार प्रतिदिन अर्घ्य देनेवाले व्यक्ति के सभी मनोरथ पूरे होते है। उसके आयु-आरोग्य मे वृद्धि होकर उसे ज्ञान और वैभव की प्राप्ति होती है।

(५) दशाक्षर सूर्य · प्रणवो भुवनेशानी मेधा रेचिकयान्विता, उमाकान्तोऽक्षि-युक्-सर्गो सूर्य आदित्य इन्दिरा। दश-वर्णो मनु —ॐ ह्रीं घृणि सूर्य आदित्य श्रीं

'मन्त्र-महोदधि' मे। ऋषि देवभाग', छन्द 'गायत्री', देवता 'दिवसेश्वर' (सूर्य), बीज 'ह्रीं', शक्ति 'श्री' और विनियोग 'अभीष्ट-सिद्धि'।

उल्लेखनीय है कि 'मन्त्र-महोदधि' (प्राच्य प्रकाशन) की हिन्दी टीका मे ऋषि का नाम 'भृगु' प्रकाशित किया गया है, जो ठीक नही है। इस मन्त्र के षडङ्ग-न्यास के लिये १ सत्य, २ ब्रह्म, ३ विष्णु, ४ रुद्र ५ अग्नि, ६ सर्व—इन सबमे मे प्रत्येक के अन्त मे 'तेजोज्वाला-मणे हु फट् स्वाहा' जोड कर छ मन्त्र बना लेने चाहिये। ध्यान—

> शोणाम्भोरुह-सस्थित त्रि-नयन वेद-त्रयी-विग्रह,
> दानाम्भोज युगाभयानि दधत हस्तै· प्रवाल-प्रभम्।
> केयूराङ्गद-हार-कङ्कण-धर कर्णोल्लसत कुण्डल,
> लोकोत्पत्ति-विनाश-पालन-कर सूर्यं गुणाब्धि भजे॥

पुरश्चरण मे १० लाख जप, दशाश होम कमल या तिल से।

६ सूर्य ग यत्री (१) आदित्याय विद्महे मार्तण्डाय धीमहि तन्न सूर्य प्रचोदयात्।

हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ७१। मन्त्र-महोदधि' के अनुसार उक्त मन्त्र के आदि मे 'ॐ' है।

(२) सप्त-तुरङ्गाय विद्महे सहस्र-किरणाय धीमहि तन्नो रवि प्रचोदयात्। 'मेरु-तन्त्र' मे।

आम्नाय-क्रम से सूर्य-मन्त्र

'सूर्य' के मन्त्रो के सम्बन्ध म 'मेरु तन्त्र' म भगवान् शिव की उक्ति है कि 'एक एवास्य चाम्नायो दक्षिण. परिकीर्तित' अर्थात् इनकी उपासना के लिये केवल 'दक्षिणाम्नाय' ही निर्दिष्ट है। इस प्रसङ्ग मे अनेक मन्त्रो की विधि बताई गई है, जो निम्न प्रकार हैं—

१ द्व्यक्षर सूर्य · मन्त्र सूर्यस्य रा हु च द्व्यक्षरोऽय महा मनु'—रा हु

ऋषि अज, छन्द गायत्री, देवता भानु।

२ त्र्यक्षर सूर्य : त्र्यक्षरोऽस्य तु 'ह्रां ह्रीं सः' प्रोक्तः सर्वार्थ-दायकः

पृष्ठ २३ के क्रमांक २ में इस मन्त्र का उल्लेख हो चुका है। 'मेरु-तन्त्र' के अनुसार इसके ऋषि 'अज', छन्द 'गायत्री' और देवता 'सविता' हैं। ध्यान करने के लिए यह निर्देश है कि—

स्थितः पद्मेऽरुणे त्र्यक्षोऽरुण-वर्ण-सुभूषण.। पद्म-द्वय-वराभीति-हस्तश्चारुण-सेवितः ।।

३ चतुरक्षर सूर्य : ॐ ह्री हंसश्चतुर्वर्णो मन्त्रः प्रोक्तः दिनेशितुः—

यह मन्त्र पृष्ठ २३ के क्रमांक ३ मे उल्लिखित है किन्तु 'मेरु-तन्त्र' के अनुसार विवरण भिन्न है। यथा—ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता सूर्य। षडङ्ग न्यास 'ॐ ह्रां, ॐ ह्री' इत्यादि से। ध्यान—

देदीप्यमान-रत्नौघ-मुकुट-विराजितं। पाशांकुश-वराभीति-करं रक्तं भजे रविम् ।।

होम ब्रह्म-वृक्ष की समिधा में त्रिमधु-युक्त पुष्पो से।

४ षडक्षर दिनेश : हं खः खः खोल्कायेति—हं खः खः खोल्काय

ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता सवितृ। ध्यान—

रक्त-पद्मं द्वयं हस्तैर्बिभ्रतं च वराभये। बन्धूकाभं त्रिनेत्रं च रविं ध्यायेत् सुभूषितम् ।।

पुरश्चरण मे एक लक्ष जप। दशांश होम बिल्व, पलाश या उदुम्बर-समिधा में त्रि-मधु-युक्त हविष्य से।

अन्य मन्त्र (आठ ग्रह व अग्नि)

सूर्य के प्रकरण में 'चन्द्रादि' आठ ग्रहो और 'ग्रह-माताओ' के साथ 'अग्नि' तथा 'अजपा'-मन्त्र का वर्णन मिलता है। अतः इन सबका विवरण यहाँ उद्धृत है।

[१] आठ ग्रहों के मन्त्र

नौ ग्रहों के नाम हैं—१ रवि (सूर्य, आदित्य), २ सोम (चन्द्र), ३ मङ्गल (भौम), ४ बुध, ५ बृहस्पति (गुरु), ६ शुक्र, ७ शनैश्चर (मन्द), ८ राहु, ९ केतु। इनमें से 'सूर्य' की गणना पञ्च-देवो मे है। उनके मन्त्रों का विवरण दिया जा चुका है। शेष आठ ग्रहो के मन्त्रो का विवरण निम्न प्रकार है—

सोम (चन्द्र) के मन्त्र

१ एकाक्षर सोम : सोमित्येकाक्षरं वीजं चन्द्रस्य परिकीर्तितं—सौं

'मेरु-तन्त्र' में। ऋषि भार्गव, छन्द पंक्ति, देवता चन्द्रमा। 'आ सौं, ई सौं, ऊं सौं, ऐं सौं, औ सौं, अः सौं' से हृदयादि षडङ्ग कर 'चा, ची' इत्यादि से कर एवं षडङ्ग न्यास करे। ध्यान—

श्वेताब्ज-संस्थं रजत-कान्ति-हार-विराजितं, नील-केशं च कुमुदं वामे दक्ष-करे वरम्।
दधानं भावयेद्देवं मृगाङ्कं मणि-मौलिकम् ।।

पुरश्चरण में छः लाख जप कर घृत-सिक्त हवि से छः सहस्र होम।

प्रयोग—(१) पुरश्चरण के बाद शिर में चन्द्रमा का ध्यान कर तीन सहस्र मन्त्र का जप करे, तो राजैश्वर्य-प्राप्ति। (२) चार लाख जप से भूमि-गत धन की प्राप्ति। (३) अयुत जप से ज्वर, शिरो-रोग, कृत्या और कामलादि रोगो की शान्ति। (४) पूर्णिमा के दिन यथा-शक्ति जप करने से सौभाग्य, आरोग्य, सम्पत्ति की प्राप्ति।

२ त्र्यक्षर सोम : व स वगिति चन्द्रस्य त्र्यर्णो मन्त्र.—वं सं वं

ऋषि एक-तत्व, छन्द श्री, देवता सोम, वीज 'वं', शक्ति 'आ'। वीज द्वारा षडङ्ग-न्यास। ध्यान षडक्षर मन्त्र-वत्।

प्रयोग—चन्द्र-मण्डल मे उकार को पुटित ध्यान कर उससे स्रवित अमृत द्वारा अपने शरीर को आप्लावित होने की भावना करे। इसी भावना से जल को अभिमन्त्रित कर उस जल को सूर्योदय से पूर्व पान करे, तो पाप-क्षय होकर आयु मे वृद्धि हो।

३ षडक्षर सोम (चन्द्र) : स्वङ्गीशस्थो भृगुर्विन्दुर्मनु - स्वर - समन्वित:, सोमाय हृदयान्तोऽयं मन्त्रः प्रोक्तः षडक्षरः—**ॐ स्वौं सोमाय नमः**

'*मन्त्र-रत्न-मजूषा*' मे उक्त मन्त्र के '*स्वौं*' वीज के स्थान पर '*सों*' दिया है, जो '*शारदा-तिलक*' मे दिए उक्त उद्धार के अनुसार अशुद्ध है। ऋषि भृगु, छन्द पंक्ति, देवता सोम, वीज स्वौं, शक्ति 'आय' या 'नम:।' स्वां स्वीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

कर्पूर - स्फटिकावदातमनिशं पूर्णेन्दु-विम्बाननं, मुक्ता-दाम-विभूषितेन वपुषा निर्मूलयन्तं तमः।
हस्ताभ्यां कुमुदं वरं विदधतं नीलालकोद्भासितं, स्वस्याङ्कस्थ-मृगोदिताश्रय-गुणं सोमं सुधाब्धिं भजे॥

'मन्त्र-रत्न-मजूषा' मे ध्यान के दूसरे चरण मे 'तमः' के स्थान पर 'तनु:' छपा है, जो अशुद्ध है। 'शारदा-तिलक' मे चौथे चरण मे 'मृगोदिता' के स्थान पर 'मृगाङ्कोदिता' छपा है, जो अशुद्ध है क्योकि उससे एक अक्षर की वृद्धि हो जाती है। साथ ही अर्थ मे भी दोष आता है। 'कर्मठ गुरु' के अनुसार ध्यान मे दो पाठान्तर है। यथा—(१) वरं विदधतं : वरं च दधतं, (२) स्वस्याङ्कस्थ : स्वीयाङ्कस्थ।

पुरश्चरण मे १० लाख जप। १० हजार आहुतियाँ घृताक्त खीर से।

प्रयोग—(१) उक्त प्रकार हृदय मे ध्यान करते हुये तीन सहस्र प्रतिदिन जप करे, तो दरिद्र भी एक वर्ष मे राज्यैश्वर्य प्राप्त करता है। (२) मस्तक मे ध्यान करते हुये उतना ही जप करने से रोग, अकाल-मृत्यु और सभी दु:खो से छूटकर दीर्घायु मिलती है। (३) ब्रह्मचर्य से रहते हुये शुद्धतापूर्वक चार लाख प्रतिदिन जप करने से अनायास भूमि मे गडी सम्पदा प्राप्त होती है। (४) जितेन्द्रिय होकर पूर्णिमा मे जप करने से सर्व-सौभाग्य-प्राप्ति। (५) पूर्णिमा मे निराहार रहकर चन्द्रोदय के समय पूर्व-पश्चिमाभिमुख तीन आयताकार मण्डल भूमि पर बनाये। उसके पश्चिम मे विहित आसन पर बैठकर मण्डल मे सोम-पूजा कर उस पर चाँदी के पात्र मे दूध भरकर रखे। उस पात्र का स्पर्श करते हुये १०८ बार मन्त्र जप करे। फिर निम्न विद्या-मन्त्र से शशाङ्क (चन्द्रमा) को सर्व-कामार्थ-सिद्धि के लिए अर्घ्य प्रदान करे—**ॐ विद्ये विद्या-मालिनि चन्द्रिणि चारु-मुखि स्वाहा।**

इस प्रकार प्रति मास पूर्णिमा के दिन करने से छः मास के भीतर सभी कामनाएँ पूरी होती हैं। कन्या को उत्तम वर और वर को उत्तम कन्या, धन-धान्य, सौभाग्य, यश—सभी कुछ इस प्रयोग से मिलता है।

४ दशाक्षर सोम ॐ श्री श्री श्रू स-विन्दु: स सो सोमायेत्यग्नि-गेहिनी, दशाक्षरश्चन्द्र-मन्त्रो जप्यश्चाग्रे दयायुतैः—**ॐ श्रीं श्रीं श्रूं सों सोमाय स्वाहा**

ऋष्यादि विधान पूर्ववत्।

मंगल (भौम) के मन्त्र

१ षडक्षर मङ्गल : तारो वियद्-दीर्घ-विन्दु युक्तं चन्द्राङ्कितं पुनः, भृगुर्विसर्गी चण्डीशौ क्रमाद् रात्रीश-सर्गिणौ। षड्-वर्णो मनुराख्यातोऽभीष्ट-दायी ऋणापह.—ॐ ह्रां हंसः खं खः

'मन्त्र-महोदधि' मे। ऋषि विरूप, छन्द गायत्री, देवता धरात्मज (मङ्गल)। षडङ्ग-न्यास मन्त्र के एक-एक वर्ण से क्रमश.। ध्यान—

जपाभं शिव-स्वेदजं हस्त-पद्मे गदा-शूल-शक्तीर्वरं धारयन्तम्।
अवन्ती-समुत्थं सु-मेषासनस्थं धरा-नन्दनं रक्त-वस्त्रं समीडे ॥

'मेरु-तन्त्र' मे इस मन्त्र के प्रसग मे निम्न ध्यान बताया है—

जपा-कुसुम-सङ्काशं शक्ति-शूल-गदा-धरं, मेष-संस्थं रक्त-वस्त्रं तं वन्देऽहं धरात्मजम्।

पुरश्चरण मे छः लाख जप और खैर की समिधा मे दशाश तिल-होम।

२ अष्टाक्षर भौम : अथ भौम-मनु वक्ष्ये सर्व-रोग-निवारण, अं च अङ्गारको ङेऽन्तो हृदन्तश्चाष्ट-वर्णकः—अं अङ्गारकाय नम.

'मेरु-तन्त्र' मे। ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता भूमि-पुत्र। 'अं, आं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

नमाम्यङ्गारकं रक्तं रक्ताम्बर-विभूषण, जानुस्थ-वाम-हस्ताढ्यं भाजनेतर-पाणिकम्।

३ नवाक्षर अङ्गारक : ॐ अं अङ्गारकाय नमः

'कर्मठ-गुरु' मे। ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता अङ्गारक, बीज 'अं', शक्ति 'आप.'। ध्यान—

नमाम्यङ्गारकं देवं रक्तामाम्बर-भूषण, जानुस्थ-वाम-हस्ताढ्य साभयेतर-पाणिकम्।

४ दशाक्षर भौम : ॐ श्री क्लौ मनुमुच्चार्य ङेऽन्तो भौमो हृदन्तक', दशाक्षरो मनुः प्रोक्त—ॐ श्रीं क्लीं मनुं भौमाय नमः

'मेरु-तन्त्र' मे। ऋषि विरूपाक्ष, छन्द गायत्री, देवता मगल, बीज ह्री, शक्ति श्री, कीलक 'क्ली'। 'ह्रा ह्री' इत्यादि से षडंग-न्यास। मन्त्र के दस वर्णों मे से एक-एक वर्ण का न्यास क्रमश. १ ब्रह्म-रन्ध्र, २ दक्ष-कर्ण, ३ वाम-कर्ण, ४ दक्ष नेत्र, ५ वाम-नेत्र, ६ दक्ष-नासा ७ वाम-नासा, ८ मुख, ९ लिंग, १० गुदा मे कर निम्न बीस नामो का न्यास क्रमश. १ शिखा, २ मूर्ध्नि, ३ मस्तक, ४ दोनो नेत्र, ५ दोनो कर्ण, ६ दोनो नासा, ७ मुख, ८ चिबुक, ९ कण्ठ, १० दोनो स्कन्ध, ११ दोनो बाहु, १२ दोनो हाथ, १३ उदर, १४ नाभि, १५ कटि, १६ लिंग, १७ स्फिच, १८ दोनो जानु, १९ दोनो जघा, २० दोनो अघ्रि मे करे—

मङ्गलो भूमि-पुत्रश्च ऋण-हर्ता धन-प्रदः, स्थिरासनो महा-काय सर्व-कर्मावरोधकः।
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपा-करः, धरात्मजः कुजो भौमो भूमिदो भूमि-नन्दनः।
अङ्गारको यमश्चैव सर्व-रोगोपहारकः, वृष्टि-कर्त्तापहर्त्ता च सर्व-कर्म-फल-प्रद.।

प्रत्येक नाम को चतुर्थ्यन्त कर नम.' जोड ले, यथा—'ॐ मङ्गलाय नमः, ॐ भूमि-पुत्राय नमः' इत्यादि। फिर ध्यान करे। यथा—

ध्याये भौमं रक्त-वर्णं रक्त-माल्याद्युकावृतं, कण्ठे कमल-मालाढ्यं करयोः शक्ति-शूलके।
भगवन्! देव-देवेश! एह्येहि त्वं महा-प्रभो! ऐश्वर्यं यशमायातु भू-तलेषु समाश्रितम।
मङ्गलानां मङ्गलं च सर्व-काम-फल-प्रदम् ॥

पुरश्चरण में एक लाख जप, होम त्रि-मधु-युक्त करवीर, जपादि पुष्पों से।

५ दशाक्षर भौम : ॐ क्रां क्रीं क्रौं सविन्दुः सकुजायेत्यग्नि-गेहिनी, दशाक्षरो भौम-मन्त्रो जप्यश्चायं नवायुतं—**ॐ क्रां क्रीं क्रौं सं कुजाय स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र' में। ऋष्यादि पूर्ववत्। पुरश्चरण में नौ अयुत जप।

६ एकदशाक्षर भौम : तारं मायां रमां म्लां च मं मंगल-पदं वदेत्, ङेऽन्तं हृदन्तं रुद्रार्णं प्रोक्तो भौम-प्रियो मनुः—**ॐ ह्रीं श्रीं म्लां मं मङ्गलाय नमः**

'मेरु-तन्त्र' में। ऋष्यादि पूर्ववत्। आवाहन निम्न मन्त्र से करे—

भगवन्! देव-देवेश! एह्येहि त्वं महा-प्रभो! ऐश्वर्यं वशमायातु भू-तलेषु समाश्रितम्।

प्रयोग—२१ दिन तक प्रतिदिन अष्टोत्तर-सहस्र जप करे और भौम-स्तोत्रादि का पाठ करे, तो सर्वाभीष्ट की पूर्ति होती है।

७ अङ्गारक-गायत्री : अङ्गारकाय-शब्दान्ते विद्महे-पदमुच्चरेत्, शक्ति-हस्ताय च पदं धीमहीति ततो वदेत्। तन्नो भौमः प्रचो-वर्णान् दयादिति च कीर्तयेत्—**ॐ अङ्गारकाय विद्महे शक्ति-हस्ताय धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात्**

बुध (सौम्य) के मन्त्र

१ सप्ताक्षर बुध : ॐ बं बुधाय नमः

'कर्मठ गुरु' में। ऋषि ब्रह्मा, छन्द पंक्ति, देवता बुध, बीज 'बं,' शक्ति 'आपः'। ध्यान—

वन्दे बुधं सदा देवं पीताम्बर-सुभूषणं, जानुस्थ-वाम-हस्ताढ्यं सभयेतर-पाणिकम्।

'मेरु-तन्त्र' में उक्त मन्त्र का उद्धार दिया है—'अथातः सम्प्रवक्ष्यामि बुध-मन्त्रं महाद्भुतं बुं ङेऽन्तो बुध-शब्दश्च हृदयान्तः षडर्णकः।' ध्यान उपर्युक्त ही दिया है, केवल 'हस्ताढ्यं' के स्थान पर 'हस्ताब्जं' है।

पुरश्चरण में सात हजार जप, दशांश होम घृत से।

२ दशाक्षर सौम्य : ॐ ब्रां ब्रीं ब्रूं स-विन्दुः स बुधायेत्यग्नि-गेहिनी—**ॐ ब्रां ब्रीं ब्रूं सं बुधाय स्वाहा**

पुरश्चरण में एक लक्ष जप।

बृहस्पति (गुरु) के मन्त्र

१ अष्टाक्षर गुरु : (१) खड्गीशो भारभूतिस्थो तन्नाद्यः, क्रूर-संयुतः, नभो भृगुर्लोहितस्थो हरिर्वायुर्भगान्वितः। हृदयान्तोऽष्ट-वर्णोऽयं मनुः—बृं बृहस्पतये नमः

'मन्त्र-महोदधि' में। ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता सुराचार्य। 'ब्रां ब्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

रत्नाष्टापद-वस्त्र-राशिममलं दक्षात् किरन्तं, करादासीनं विपणौ करं निदधतं रत्नादि-राशौ परम्।
पीतालेपन-पुष्प-वस्त्रमखिलालङ्कार-सम्भूषितं, विद्या - सागर - पारगं सुर-गुरुं वन्दे सुवर्ण - प्रभम्॥

'मेरु-तन्त्र' में उक्त मन्त्र का उद्धार इस प्रकार दिया है—बृं बृहस्पतये हृच्च मन्त्राष्टाक्षरो मतः।' देवता का नाम 'बृहस्पति' बताया है और बीज 'बृं'। ध्यान भी भिन्न दिया है। यथा—

सुवर्णाभं पीत-वस्त्रं रत्न-स्वर्णाम्बरादिकं, किरन्तं दक्ष-हस्तेन रत्नादीन् वाम-पाणिना।
स्पृशन्तं सम्यगपरं वृपणौ कनकादिकं, नानालङ्कार-शोभाढ्यं विद्या-सागर-पारगम् ॥

पुरश्चरण में ८० हजार जप और अन्न या घृत से दशांश होम।

प्रयोग—(१)पुरचरण के बाद घृताक्त कुंकुम और हरिद्रा से तीन दिन २७०० आहुतियाँ दे, तो वस्त्र और मणियों की प्राप्ति। (२) शत्रु, रोगादि कष्टो में और स्वजनो के कलह की शान्ति के लिये पिप्पल की समिधा में होम करे तो अभीष्ट की सिद्धि होकर सर्व-सम्पदा की प्राप्ति होती है।

२ अष्टाक्षर बृहस्पति : ग्रूं बृहस्पतये नमः

'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' में। पुरश्चरण में आठ सहस्र जप, घृताक्त अन्न से उतना ही होम। 'ग्रां ग्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

रत्न-स्वर्णांशुकादीन् निज-कर-कमलाद् दक्षिणादाकिरन्तं,
वासो-राशौ निधायापरममर-गुरुं पीत-वस्त्रादि-भूषम्।

प्रयोग—मन्त्र का १२० बार जप कर ही उतनी आहुतियाँ घृताक्त पुष्पो से तीन दिन देने से वस्त्र और स्वर्णादि की प्राप्ति होती है।

३ नवाक्षर बृहस्पति : ॐ बृं बृहस्पतये नमः

'कमंठ गुरु' मे उक्त मन्त्र 'अष्टाक्षर' नाम से लिखा है। ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता बृहस्पति, वीज 'बृं,' शक्ति 'नमः'। ध्यान—

तेजो-मयं शक्ति-त्रिशूल-हस्तं सुरेन्द्र-सङ्घ-स्तुत-पाद-पङ्कजम्।
मेधा-निधिं मत्स्य-गतं द्वि-बाहुं गुरुं भजे मानस-पङ्कजेऽहम् ॥

४ द्वादशाक्षर बृहस्पति : ॐ जां जीं जूं स-विन्दुः स चतुर्थ्यन्तो वृहस्पतिः, वह्नि-स्त्री विश्व-वर्णोऽयं जप्यः पञ्च-दशायुतं—ॐ जां जीं जूं सं बृहस्पतये स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' मे। पुरश्चरण मे पन्द्रह अयुत जप।

शुक्र के मन्त्र

१ नवाक्षर शुक्र : ॐ शुं शुक्राय नमः स्वाहा

'कमंठ-गुरु' मे। ऋषि ब्रह्मा, छन्द पंक्ति, देवता शुक्र, बीज 'शुं,' शक्ति 'स्वाहा'। ध्यान—

सन्तप्त-काञ्चन-निभं द्वि-भुजं दयालुं, पीताम्बरं धृत-सरोरुह-केश-युग्मम्।
क्रौञ्चासनं असुर-सेवित-पाद-पद्मं, शुक्रं भजे द्वि-नयनं हृदि पङ्कजेऽहम् ॥

२ दशाक्षर शुक्र : ववयोरन्तरास्त्र मे देहि शुक्राक्षरा द्विठः—ववस्त्रं मे देहि शुक्र स्वाहा

'मन्त्र- रत्न-मंजूषा' में। पुरश्चरण अयुत 'जप,' घृत मे एक सहस्र होम। ध्यान—

वासो-रत्नादि-कार्तस्वरमपि सततं साधकाय प्रयच्छन्,
व्याख्यान-मुद्रा-कलित-कर-वर.स्वापाणालिन्द-संस्थः।

३ दशाक्षर शुक्र : ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सविन्दुः स शुक्रायेत्यग्नि-गेहिनी, दशाक्षरः शुक्र-मन्त्रो जप्योऽयं द्वादशायुतं—ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सं शुक्राय स्वाहा।

४ एकादशाक्षर शुक्र : तारो वस्त्रं भगी सूर्यो देहि शुक्राय ठ-द्वयं, एकादशाक्षरो मन्त्रो हेम-वस्त्र-प्रदायकः—ॐ वस्त्रं मे देहि शुक्राय स्वाहा

'मन्त्र-महोदधि' में । ऋषि ब्रह्मा, छन्द विराट्, देवता दैत्य-पूजित, बीज 'ॐ,' शक्ति 'स्वाहा' । मन्त्र के १, २, १, २, ३, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

श्वेताम्भोज-निषण्णमापण-तटे श्वेताम्बर-लेपनं, नित्यं भक्त-जनाय सम्प्रददतं वासो मणीन् हाटकम् ।
वामेनैव करेण दक्षिण-करे व्याख्यान-मुद्राङ्कितं, शुक्रं दैत्य-वरार्चितं स्मित-मुखं वन्दे सिताङ्ग-प्रभम् ।।

'मेरु-तन्त्र' में उक्त मन्त्र का उद्धार भिन्न रूप में दिया है । यथा : वस्त्रं मे देहि शुक्राय हृदयान्तः शुमादिकः, एकादशाक्षरो मन्त्रः—**वस्त्रं मे देहि शुं शुक्राय नमः ।**

ऋष्यादि पूर्ववत्, केवल देवता का नाम 'शुक्र' दिया है । षडङ्ग-न्यास मन्त्र के २, १, २, १, ३, २ अक्षरों से । ध्यान भी भिन्न है—

शुक्रं नमाम्यासनस्थं मुक्ताभरण-भूषितं, स्वर्ण-वासो रत्न-धारा चिन्मुद्रात्त-कर-द्वयम् ।

पुरश्चरण में १० हजार जप और घी से दशांश होम ।

शनैश्चर के मन्त्र

१ अष्टाक्षर शनैश्चर : शनैश्चराय हृदयं ममाद्यश्चाष्ट-वर्णकः—**शं शनैश्चराय नमः**

'मेरु-तन्त्र' में । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता शनैश्चर । 'शां, शीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—**वन्दे शनैश्चरं वक्र-दंष्ट्रं नील-विभूषणं, वाम-जानु - स्थितं वाम-करं दक्षे वरं दधत् ।**

पुरश्चरण में आठ सहस्र जप, उसका दशांश घृत से होम ।

२ नवाक्षर शनि : ॐ शं शनैश्चराय नमः

'कर्मठ गुरु' में । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता शनैश्चर, बीज 'शं,' शक्ति आयः । ध्यान—

नीलाञ्जनाभं मिहिरस्य पुत्रं ग्रहेश्वरं पाश-भुजङ्ग-पाणिम् ।
सुराऽसुराणां भयदं द्वि-बाहुं भजे शनिं मानस-पङ्कजेऽहम् ।।

३ द्वादशाक्षर शनैश्चर : ॐ प्रां प्रीं प्रौं स इत्युक्त्वा शनैश्चर-पदं वदेत्, ङेऽन्तं स्वाहा द्वादशार्णो जपः प्रगुत-सम्मितः—**ॐ प्रां प्रीं प्रौं स शनैश्चराय स्वाहा**

इस मन्त्र के पुरश्चरण के होम में शमी वृक्ष की समिधा प्रशस्त है ।

राहु के मन्त्र

१ षडक्षर राहु : राहवे नमः उच्चरेत्, रां-पूर्वकः षडर्णोऽयं—**रां राहवे नमः**

'मेरु-तन्त्र' में । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता राहु । ध्यान सप्ताक्षर मन्त्र-वत् ।

२ सप्ताक्षर राहु : ॐ रां राहवे नमः

'कर्मठ गुरु' में । ऋषि ब्रह्मा, छन्द पंक्ति, देवता राहु, बीज 'रां,' शक्ति 'वेदाः' । ध्यान—

वन्दे राहुं धूम्र-वर्णं अर्ध-कायं कृताञ्जलिं, विकृतास्यं रक्त-नेत्रं धूम्रालङ्कारमन्वहम् ।।

'मेरु-तन्त्र' में ध्यान में 'अर्ध-काय' के स्थान पर 'सर्प-कायं' छपा है । पुरश्चरण में ७ हजार जप कर गो-घृत से होम करे ।

३ दशाक्षर राहु : ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं स-बिन्दुः स-राहवे वह्नि-गेहिनी, दशाक्षरो राहु-मन्त्रो अप्य-श्चायं दशायुत—**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं रां राहवे स्वाहा**

पुरश्चरण में १० अयुत जप और दूर्वा से होम का विधान है । राहु की उपासना से यात्रा की सिद्धि होती है और संग्राम में विजय मिलती है ।

५ अष्टाक्षरा गुरु - माता धान्या : श्री धनदे समुच्चार्य धान्ये स्वाहाष्ट - वर्णकः—**श्रीं धनदे धान्ये स्वाहा**

'श्रा श्री' इत्यादि से पडङ्ग-न्यास। इस देवी से बढकर कोई देवता-धन-दाता नही है। तीन पुरश्चरण करने से साधक सब प्रकार से धन्य हो जाता है।

६ पोडशाक्षरा शुक्र-माता सिद्धा : ह्रीं सिद्धिदे सर्वं मम समुक्त्वा साधय-द्वयं, हृदन्तोऽयं पोडशार्णः—**ह्रीं सिद्धिदे सर्वं मम साधय साधय नमः**

'ह्रा ह्री' से पडङ्ग-न्यास। इस मन्त्र से सभी कामनाओ की संसिद्धि होती है।

७ अष्टाक्षरा मन्द (शनि) माता उल्का : ऐं ह्रीमुल्का-पदं पश्चाद् देव्यै हृच्चाष्ट-वर्णकः—**ऐं ह्रीं उल्का-देव्यै नमः**

'ऐं ह्री हृदयाय नमः, ऐं ह्री शिरसे स्वाहा' इत्यादि क्रम से अङ्ग-न्यासादि करे। यह मन्त्र धन और आरोग्य का देनेवाला है।

८ पोडशाक्षरा राहु-माता सङ्कटा : ह्री सङ्कटे च रोगं मे परम नाशय-द्वय, पोडशार्णः—**ह्रीं सङ्कटे रोगं मे परमं नाशय नाशय**

कारागार मे १० लाख इस मन्त्र का जप करे, तो जेल से छुटकारा मिलता है। काशी में वीरेश्वर से पूर्व सङ्कटा देवी का स्थान है। वहाँ १६ लाख जप कर दूर्वा से होम करे, तो मन्त्र सिद्ध होता है।

९ एक-त्रिंशत्यक्षरा केतु-माता विकटा : तारो नमो भगवति विकटे वीर-पालिके, प्रसीद-युगल मन्त्रः प्रकृत्यर्णः प्रकीर्तितः—**ॐ नमः भगवति विकटे वीर-पालिके प्रसीद प्रसीद**

इस मन्त्र के साधक के हाथ के स्पर्श से ग्रह-पीड़ित बालक, पिता-माता से त्यक्त पुत्र अपने कष्टो से छूट जाते है और चिर-जीवी होते हैं, वन्ध्या स्त्री का उदर छूने से वह पुत्रवती होती है।

[३] अग्नि-मन्त्र

१ चतुर्विंशत्यक्षर अग्नि : उत्तिष्ठ पुरुष हरि-पिङ्गल लोहिताक्ष-पद वदेत् देहि मे ददापय ठ-द्वयं, चतुर्विंशत्यक्षरात्मा समृद्धि-मनुरीरितः—**उत्तिष्ठ पुरुष हरि-पिङ्गल लोहिताक्ष देहि मे ददापय स्वाहा**

ऋषि भृगु, छन्द गायत्र, देवता अनल। मन्त्र के ६, ५, ४, ३, ४, २, अक्षरो से अङ्ग-न्यास। ध्यान—

स्वर्णाश्वत्थ-विनिर्गतं हुत-वहं सिन्दूर-पुञ्ज-प्रभं, ज्वालाभिर्निचिताङ्ग-रोम-निचयं कान्त्या जगन्मोहनम्।
अश्वाकारमनर्घ्य-रत्न-विलसद्-भूपा - नमत्-कन्धरं, रत्नैरिन्द्रिय - निर्गतैर्वसुमतीमाच्छादयन्तम् स्मरे॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप, दशांश होम घृत से।

प्रयोग —(१) इस मन्त्र से अभिमन्त्रित 'वच' को नित्य प्रातः खाए, तो वाक्-सिद्धि। (२) एक सौ आठ बार अभिमन्त्रित जल का प्रतिदिन पान करे तो जठराग्नि उद्दीप्त हो।

२ पञ्च-विंशत्यक्षर अग्नि : व्याहृति-त्रयमग्निः स्याज्जातवेद इहावह सर्व-कर्माणि सम्भाष्य साधयाग्नि-प्रिया ततः, ताराद्योऽयं मनुः प्रोक्तः पञ्च-विंशति-वर्ण-वान्—**ॐ भूर्भुवः स्वः अग्निः जातवेद इहावह सर्व-कर्माणि साधय स्वाहा**

ऋषि भृगु, छन्द गायत्र, देवता अनल। मन्त्र के ५, ६, ४, ५, ३, २ अक्षरो से अङ्ग-न्यास। ध्यान—

अंसासक्त-सुवर्ण-माल्यमरुण-स्रक्-चन्दनालंकृतं, ज्वाला-पुञ्ज-जटा-कलाप-विलसन्मौलिं सु-शुक्लांशुकम् ।
शक्ति-स्वस्तिक-दर्भ-मुष्टिक-जप-स्रक्स्रक्स्रुवाभीर्वरान्, दोर्भिर्बिभ्रतमिञ्चत-त्रिनयनं रक्ताभमग्निं भजे ॥

पुरश्चरण में १२ सहस्र जप करते हुये प्रतिदिन वट-समिधा में घृत-सहित व्रीहि, तिल, राजी की हवि की १०८ आहुतियाँ १० दिनों तक देकर ग्यारहवें दिन ब्राह्मणों को तृप्त कर गुरुदेव को दक्षिणा दे।

अग्नि के पूजन में १ पीता, २ श्वेता, ३ अरुणा, ४ कृष्णा, ५ धूम्रा, ६ तीव्रा, ७ स्फुलिङ्गिनी, ८ रुचिरा और ९ ज्वालिनी—ये नौ शक्तियाँ और १ जात-वेद, २ सप्त-जिह्व, ३ हव्य-वाहन, ४ अश्वोदर, ५ वैश्वानर, ६ कौमार-तेज, ७ विश्व-मुख और ८ देव-मुख—ये आठ मूर्तियाँ पूजनीया है।

प्रयोग—(१) प्रतिदिन पूजन कर सहस्र जप करे, तो एक वर्ष के भीतर धन-धान्य-समृद्धि की प्राप्ति। (२) गो-घृत से छः मास तक होम करे, तो अक्षय कीर्ति और लक्ष्मी मिलती है।

[४] अजपा-मन्त्र

द्वयक्षर अजपा-मन्त्र : वियदिन्दु-ललितं तदादि सर्ग-संयुतः, अजपाख्यो मनुः प्रोक्तो द्वयक्षर सुर-पादपः—हंसः

'हिन्दी तन्त्रसार,' पृष्ठ १५६ में इस मन्त्र की विधि द्रष्टव्य है। 'शारदातिलक' के अनुसार उक्त मन्त्रोद्धार में 'ललितं' के स्थान पर 'लसित' है। ध्यान में दो पाठान्तर हैं—(१) पाशाभीति : पाशाभीती, (२) वरद-परशुं : वरद-परशू। इसी प्रकार आवरण-पूजन में 'ऋताय नमः' के स्थान पर 'ऋतवे नमः' और 'अब्जायै नमः' के स्थान पर 'अब्जजायै नमः' मिलता है।

प्रयोग : मन्त्राढ्य-मातृका-पद्म की रचना कर उसके ऊपर जल-पूर्ण कुम्भ स्थापित कर उसे बाँएँ हाथ से ढँककर एक सौ आठ बार मन्त्र का जप करे। इस अभिमन्त्रित जल से जिसका अभिषेक किया जायगा, वह पाप-मुक्त होकर दीर्घायु, आरोग्य और वैभवशाली होगा। इसी विधि से विष से पीडित व्यक्ति भी अच्छा हो जायगा।

प्रयोग करते समय यह ध्यान करता रहे कि मन्त्र के अन्तिम दो बिन्दुओं (विसर्ग) से अमृत का स्राव होकर मन्त्र के आदि अक्षर पर स्थित बिन्दु (अनुस्वार) को आप्लावित करता है और वह परामृत से आर्द्र चन्द्रमा के समान पूरे मन्त्र को अमृत-मय कर रहा है। इस प्रकार मन्त्र का ध्यान कर उसका जप करने से सभी प्रकार के विषों, रोगों, उन्माद, अपमृत्यु, जरा आदि का निवारण होकर सुखमय दीर्घायुष्य की प्राप्ति होती है।

भगवान विष्णु

सनातन धर्म के त्रि-देवों—'ब्रह्मा, विष्णु, महेश'—में से एक 'भगवान् विष्णु' है। पञ्चायतन में भी इन्हें प्रमुख स्थान प्राप्त है। वैदिक देवताओं के 'आदित्य वर्ग' में इनका उल्लेख है। ऋग्वेद का 'विष्णु-सूक्त' प्रसिद्ध है, जिसमें उनके तीन चरणों (त्रि-विक्रम,—उरु-क्रम) की महिमा है। ये बाल-सूर्य, मध्याह्न-सूर्य और सायं-सूर्य के तीन स्थानों के द्योतक हैं। उच्चतम स्थान मध्याह्न-सूर्य का है, जो पर-वर्ती विष्णु-लोक या गो-लोक का पूर्व-रूप है। वहाँ बहुत सींगोंवाली गाएँ विचरण करती है और मधु की धाराएँ बहती है।

भगवान् विष्णु दया-भाव से अपने चरण उठाते हैं। वे संसार को दुःखों से छुड़ाते हैं और पृथ्वी को आसुरी भावों से दूर रखते हैं। वे विश्व के रक्षक और संरक्षक हैं। भगवान् विष्णु के दस अवतार प्रसिद्ध हैं—१ मत्स्य, २ कूर्म, ३ वराह, ४ नृसिंह, ५ वामन, ६ परशुराम, ७ राम, ८ कृष्ण, ९ बुद्ध और १० कल्कि।

मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह—ये चार अवतार भगवान् विष्णु के प्रारम्भिक रूप के प्रतीक हैं। पाँचवें अवतार 'वामन' के रूप में भगवान् विष्णु ने सारे विश्व को तीन पगों में नाप लिया था, जिसका वर्णन ऋग्वेद में मिलता है। भगवान् विष्णु के महान् कार्यों का परिचय इन अवतारों से मिलता है। अन्य अवतारों—जमदग्नि-पुत्र परशुराम, दशरथ-नन्दन रामचन्द्र, वसुदेव-पुत्र श्रीकृष्ण और बुद्ध के द्वारा वैष्णव परम्परा का युग-युग में प्रतिपादन हुआ है। दसवाँ कल्कि अवतार भविष्य में होनेवाला है।

पुराणों में २४ अवतारों का भी उल्लेख है, जिससे उक्त दस अवतारों के अतिरिक्त १५ अन्य अवतार ज्ञात होते हैं—१ नारायण (विराट् पुरुष), २ ब्रह्मा, ३ सनक-सनन्दन-सनत्कुमार-सनातन, ४ नर-नारायण, ५ कपिल, ६ दत्तात्रेय, ७ सुयश, ८ हयग्रीव, ९ ऋषभ, १० पृथु, ११ हंस, १२ धन्वन्तरि, १३ मोहिनी, १४ वेदव्यास और १५ बलराम।

महा-भारत के अनुसार भगवान् विष्णु सर्वत्र व्याप्त हैं। वे सृष्टि के स्वामी हैं और आसुरी शक्तियों का संहार करते हैं। उनका एक नाम 'हरि' है, जिसका अर्थ है पापों और दुःखों को दूर करनेवाला। अथवा अज्ञान और उसके दुष्परिणामों को दूर करनेवाले 'हरि' है। दूसरा नाम 'शेष-शायी' या 'अनन्त-शायी' है। जब भगवान् विष्णु शयन करते हैं, तो सारा विश्व अव्यक्त अवस्था में पहुँच जाता है। व्यक्त सृष्टि के प्रतीक 'शेष' हैं, जो कुण्डली मारकर अनन्त जल-राशि पर तैरते रहते हैं। 'शेष-शायी विष्णु' का प्रसिद्ध नाम 'नारायण' है, जिसका अर्थ है 'नार' (जल) में आवास करनेवाले। अथवा जिनमें समस्त नरों का अयन (आवास) है, वे 'नारायण' कहलाते हैं।

विष्णु के दस स्वरूप प्रसिद्ध हैं—१ केशव : लम्बे केशवाले, २ नारायण : शेष-शायी, ३ माधव : माया-पति, ४ गोविन्द : पृथ्वी के रक्षक, ५ विष्णु : सर्व-व्यापक, ६ जनार्दन : भक्तों के रक्षक, ७ उपेन्द्र : इन्द्र के भाई, ८ हरि : दु:ख, दारिद्रय, पाप आदि के हरण करनेवाले, ९ वासुदेव : अन्तर्यामी, १० कृष्ण : आकृष्ट करनेवाले। इनके अतिरिक्त राम : रमण-कर्ता और परशुराम भी लोक-प्रसिद्ध हैं।

भगवान् विष्णु के चार आयुध—१ शङ्ख, २ चक्र, ३ गदा, ४ पद्म और पीताम्बर प्रसिद्ध हैं। वाहन के रूप में 'गरुड़' प्रसिद्ध हैं, जो वैदिक मन्त्रों की शक्ति, गति और ज्योति के प्रतीक हैं। भगवान विष्णु के पार्षदों में विश्वक्-सेन (विश्व-विजेता) और अष्ट-विभूतियाँ प्रमुख हैं।

'महोपनिषद' के अनुसार 'नारायण' अर्थात् भगवान विष्णु ही अनन्त ब्रह्म हैं। उन्हीं से सांख्य के २५ तत्व उत्पन्न हुए और शिव तथा ब्रह्मा उनके आश्रित देवता हैं, जो उनकी ध्यान-शक्ति से आविर्भूत हुए हैं।

भगवान् विष्णु के मन्त्र

१ त्र्यक्षर केशव : को ब्रह्मा तु समुद्दिष्टः, ईशः शो, वो हरिः स्मृतः, वर्ण-त्रयात्मको मन्त्रः—केशवः

'मेरु-तन्त्र'। मन्त्र के एक-एक अक्षर से क्रमशः षडङ्ग-न्यास और सम्पूर्ण मन्त्र से व्यापक न्यास।

ध्यान—शङ्ख-चक्रे हि शूले च त्वक्ष-मालां कमण्डलुं, भुजैष्षड्भिर्दधानं च रक्त-वर्णं सत्कटिम्।
अन्तर्बाह्योत्तरीयं च नाग-यज्ञोपवीतिनं, मयूर-मुकुटं रम्यं मकराकृति-कुण्डलम्॥

पुरश्चरण में ३ लाख जप कर मधुर-त्रय से होम। फल—इह लोक में सुख, मरने पर मोक्ष।

२ पञ्चाक्षर विष्णु : विष्णवे नम इत्येष मन्त्रः पञ्चाक्षरो मतः—विष्णवे नमः

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि नारद, छन्द गायत्री, देवता विष्णु। मन्त्र के एक-एक वर्ण और समस्त मन्त्र से षडङ्ग न्यास कर ध्यान करे—

शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-धरं लक्ष्मी-समावृतं, पीताम्बरं घन-श्यामं ध्यायेत् तं भूषणान्वितम्।

पुरश्चरण में पाँच-लाख जप कर त्रि-मधु से युक्त तिलों से होम।

प्रयोग—१ लाख पद्मों के होम से ऐश्वर्य-प्राप्ति, २ दूर्वा-होम से आरोग्य-लाभ, ३ तुलसी की मञ्जरी के होम से सभी कामनाओं की पूर्ति।

३ पञ्चाक्षर हरि : हरये नम इत्येष मन्त्रः पञ्चाक्षरो मतः—हरये नमः।

यह मन्त्र पापों को नष्ट कर देता है।

४ षडक्षर हरि : (१) श्री बीजाद्यश्च (पञ्चाक्षरः)—श्रीं हरये नमः। यह मन्त्र दारिद्रय-नाशक है। (२) लज्जा-बीजादिकश्च (पञ्चाक्षरः)—ह्रीं हरये नमः। यह मन्त्र भुक्ति-मुक्ति-दायक है। (३) ऐं-समन्वितः (पञ्चाक्षरः)—ऐं हरये नमः। यह मन्त्र ज्ञान-दायक है। (४) स (पञ्चाक्षरः) प्रणवाद्यः—ॐ हरये नमः। यह मन्त्र अज्ञान-नाशक है। (५) काम-पूर्वं (पञ्चाक्षरं)—क्लीं हरये नमः। यह मन्त्र वंश-वृद्धि-कारक है। (६) हुङ्कार-पूर्वकं (पञ्चाक्षरं)—हूं हरये नमः। इस मन्त्र से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है।

'मेरु-मन्त्र'। उक्त पञ्चाक्षर हरि एवं षडक्षर हरि-मन्त्रों के ऋषि नारद, छन्द गायत्री और देवता हरि हैं। ध्यान—

मेघ-श्यामं सुनयनं काक - पक्ष - विराजितं, राधिकादि-प्रिया-युक्तं पर्यटन्तं वने वने ।
विचित्र-परिधिं वंशीं दधतं वाम-दक्षयोः ।।

पुरश्चरण में आठ लाख जप और पञ्चामृत से होम ।

५ षडक्षर गोविन्द : गोविन्दाय नमश्चेति षडर्णो मनुरीरितः—गोविन्दाय नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि शौनक, छन्द विराट्, देवता गोविन्द । मन्त्र के एक-एक वर्ण से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-धरं ध्यायेत् किरीटिनं, गरुडोपरि-संस्थं च सनकाद्यैरुपासितम् ।
लक्ष्मी-धराभ्यां सहितमुद्यदादित्य-कुण्डलं, लोक-रक्षा-करं दिव्यं दिव्य-माल्यानुलेपनम् ।।

पुरश्चरण मे एक लक्ष जप, उसका दशांश होम घृत से । फल—रोग-नाश ।

प्रयोग—१ पत्नी-प्राप्ति के लिए लाजा से, धन-प्राप्ति के लिए बिल्व से, वस्त्र-प्राप्ति के लिए पुष्प से, आरोग्य-प्राप्ति के लिए तिल से होम करे ।

२ रविवार के दिन नाभि-मात्र जल मे खड़े होकर १०८ बार जप करने से ज्वर-नाश ।

६ अष्टाक्षर नारायण : तार नमः ब्रूयान्नरो दीर्घ-समन्वितो, पवनो णाय मन्त्रोऽयं प्रोक्तो वस्वक्षरः परः— ॐ नमो नारायणाय

'हिन्दी तन्त्रसार' पृष्ठ १५८-१६८ मे पूरी विधि । 'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' मे उद्धार निम्न प्रकार है—**'तारं नम पदं ब्रूयान्नारो दीर्घ-समन्वितौ, पावनो नाम-मन्त्रोऽयं प्रोक्तो वस्वक्षरान्वितः ।'**

कवच मे 'अत्युल्काय' के स्थान पर 'धूल्काय', शेष 'हिन्दी तन्त्रसार'-वत् ।

'मेरु-तन्त्र' मे उद्धार—**'नमो नारायणायेति ताराद्यष्टाक्षरो-मनुः ।'** पञ्चाङ्ग-मन्त्र—१ कुब्जोल्क, २ महोल्क, ३ अविरक्तोल्क, ४ सहस्रोल्क, ५ स्वाहोल्क ।

७ अष्टाक्षर हृषीकेश : १ काम-बीज हृषीकेशो ङे-हृदन्तो गजाक्षर —क्लीं हृषीकेशाय नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता हृषीकेश । 'क्लां क्लीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-धारिणं संस्मरेद् विभुं, गरुडोपरि-संविष्टं शुभ्र-वर्णं सुभूषणम् ।

पुरश्चरण मे आठ लाख जप कर घृताक्त कमलों से दशांश होम ।

२ श्लोक-रूप मन्त्र : **स्थाने हृषीकेश ! तव प्रकीर्त्या जगत् प्रहृष्यत्यनुरज्यते च ।**
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्ध-संघाः ।।

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि अर्जुन, छन्द अनुष्टुप्, देवता हृषीकेश । न्यास पूर्वोक्त मन्त्र-वत्, ध्यान—

प्रलयाब्धौ शेष-तल्पे लक्ष्मी-संवाहितांघ्रिकं, नाभि-पुष्कर-संस्थेन धात्रा स्तुतमरिन्दमम् ।
पद्मं कौमोदकीं हस्तैर्दधतं दीप्त-तेजसं, पीताम्बर-धरं श्याममर्धोन्मीलित-लोचनम् ।।

क्रमाङ्क १४ मे लिखित श्रीधर-मन्त्र के समान जपादि ।

८ अष्टाक्षर जनार्दन : जं जनार्दनाय नमो मन्त्रश्चाष्टाक्षरो मत —जं जनार्दनाय नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता जनार्दन । ध्यान—

वराभये चक्र-गदे दधतं पीत-वाससं, आलिङ्गितं च रमया नारदाद्यैरभिष्टुतम् ।

अष्टाक्षर नारायण (क्रमाङ्क ६) मन्त्र-वत् जप होमादि ।

९ नवाक्षर दामोदर : राधा-दामोदरायेति काम-बीजेन सम्पुटः, नवाक्षरो महा-मन्त्रो भोग-भाजा सु-सिद्धिदः—**क्लीं राधा-दामोदराय क्लीं**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि कामदेव, छन्द गायत्री, देवता राधा-दामोदर। काम-बीज से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

राधा-दामोदरः साक्षाद् भुक्ति-मुक्ति-फल-प्रदः, पीताम्बर-धरं श्यामं नानालङ्कार-भूषितम्।
वामोत्सङ्ग-गतां राधां चालिङ्गन्तं मुदान्वितं, उद्याने संस्मरेद् देवं नाना-पुष्प-लता-युतम्।

पुरश्चरण में नौ लाख जप कर घृताक्त तण्डुलों से होम करे।

१० द्वादशाक्षर माधव : रमां बिन्दु-पदं चोक्त्वा माधवाय नमो नमः, द्वादशार्णो महा-मन्त्रः—**रमां बिन्दु-माधवाय नमो नमः**

'मेरु-तन्त्र'। पञ्चाङ्ग-न्यास क्रमशः मन्त्र के ५ पदों से कर ध्यान करे—

शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-धरं पीताम्बरावृतं, बद्धाञ्जली रमा वामे वादयन्ती च वल्लकीम्।
नारदस्तुम्बुरुर्दक्ष-भागे तैरपि संयुतं, प्रसन्न-वदनं ध्यायेद् वर-दान-समुद्यतम्॥

पुरश्चरण में दन्त-लक्ष जप कर होम करे। फल—शान्त्यादि-गुण-सम्पन्न हो धनवान् होता है और अन्त में मुक्ति प्राप्त करता है।

११ द्वादशाक्षर वासुदेव : प्रणवो हृद् भगवते वासुदेवाय, द्वादशाक्षरो मन्त्रः—**ॐ नमः भगवते वासुदेवाय**

'मन्त्र-रत्न-मंजूषा'। हिन्दी तन्त्रसार, पृष्ठ २०४ में पूरी विधि दी है। 'मेरु-तन्त्र' में उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है, यथा—'तारो नमो भगवते वासुदेवाय।' ध्यान भी भिन्न बताया है, यथा—

दुग्धाम्भोधौ सित-द्वीपे दिव्य-योषा-विराजिते, तत्रास्तेऽसौ महा-रम्ये सर्वर्तु-द्रुम-संकुले।
तत्र कल्पद्रुमाधस्ताद् रत्न-मञ्चे तु पङ्कजं, स्वर्णाभं चिन्तयेत् तत्र वासुदेवं स्मिताननम्॥
चन्द्र-कान्ति शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-लसत्-करं, श्रीवत्साङ्गद-केयूर-मुकुटं चारु-कुण्डलम्।
स-कौस्तुभं पीत-वस्त्र धृत-ग्रैवेयकं कणं, सनकाद्यैः सिद्ध-सिद्ध-विद्याधर-गन्धर्व-सेवितम्॥

१२ त्रयोदशाक्षर मधुसूदन : तारो नमो भगवते ङेऽन्तश्च मधु-सूदनः, त्रयोदशाक्षरो मन्त्रः—**ॐ नमो भगवते मधु-सूदनाय**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता भगवान् मधु-सूदन। मन्त्र के चार पदों और सम्पूर्ण मन्त्र से पञ्चाङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

नाभि-पद्म-स्थित-विधि शङ्ख-चक्र-गदा-धरं, पीताम्बरं घन-श्यामं मधु-कैटभ-मारकम्।

पुरश्चरण में चार लाख जप, दशांश होम त्रि-मधु-युक्त पद्मों से।

१३ चतुर्दशाक्षर लक्ष्मी-वासुदेव : हृल्लेखा-बीज-युगलं रमा-बीज-द्वय तथा, लक्ष्म्यन्त-वासुदेवाय हृदन्तः प्रणवादिकः। चतुर्दशाक्षरः प्रोक्तो मन्त्रोऽयं सुर-पादपः—**ॐ ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं लक्ष्मी-वासुदेवाय नमः**

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २०४ में पूरी विधि। 'मेरु-तन्त्र' में उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है, यथा—'तारं माया-द्वयं लक्ष्मी-द्वयं लक्ष्मी-पदं वदेत्, वासुदेवाय हृदय शक्र-वर्ण-स्मृतो मनुः।' इसके सिवा 'नारद' के स्थान पर 'प्रजापति' को ऋषि बताया है। ध्यान भी भिन्न दिया है, यथा—

उद्यत्-सौदामिनी-कान्तिं नाना-भूषण-भूषितं, लक्ष्यालिङ्गनतश्चैकीभूतं चाङ्क-गतां हि ताम् ।
पुस्तकं दर्पणं पद्मं रत्न - कुम्भं रमां करैः, दधतीं शङ्ख - चक्राब्ज-गदा - हस्तं गदा-धरम् ।।

१४ षोडशाक्षर श्रीधर : रमां शक्ति काम-बीजं श्रीधराय ततो वदेत्, त्रैलोक-मोहनायेति नमोऽन्त. षोडशाक्षरः—श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीधराय त्रैलोक्य-मोहनाय नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता श्रीधर । 'श्रां श्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

दुग्धाब्धौ च सिते द्वीपे सर्वर्तु-फलित-द्रुमे, तत्र कल्पद्रुमाधस्तात् पक्षीन्द्र-रचितासने ।
शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-पाणिं चामीकर-द्युतिं, किरीटिनं कुण्डलिनं श्रीवत्साङ्कित-वक्षसम् ।
हृदि लक्ष्मी-धरं ध्यायेच्छ्री-धरं पुरुषार्थदम् ।।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर घृत से दशांश होम करे ।

१५ षोडशाक्षर हरिहर : तारो माया प्रासादं शङ्कर-नारायणाय नमः प्रासादं माया तारः—ॐ ह्रीं हौं शङ्कर-नारायणाय नमः हौं ह्रीं ॐ

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २१५ में पूरी विधि दी है । 'मेरु-तन्त्र' में उद्धार भिन्न दिया है, यथा—'प्रणवं चापि हृल्लेखा हों बीजं शङ्करेति च, नारायणाय च नमो हों ह्रीं ॐ षोडशाक्षरः ।' इस उद्धार के अनुसार उक्त मन्त्र के 'हौं' बीज के स्थान पर 'हों' का निर्देश है । इसी प्रकार ध्यान मे भी दो पाठान्तर है, यथा—१ पाञ्चजन्यमभीतिं : पाञ्चजन्यमभयं, २ स्व-स्व-भूपाच्छ-लीलार्धं : स्व-स्वरूपार्धं-नीलार्धं । साथ ही 'नारद' के स्थान पर 'नारायण' को इस मन्त्र का ऋषि बताया गया है और पुरश्चरण में १६ लाख जप कर तिल-तण्डुल से दशांश होम करने का निर्देश दिया है ।

१६ विंशत्यक्षर त्रि-विक्रम : तारं नमो भगवते व्याहृति-त्रितयं वदेत्, व्यापकाय-पदं पश्चान्डेऽन्तं चापि त्रि-विक्रमं, विंशत्यर्णो महा-मन्त्रो गत-राज्य-प्रदायकः—ॐ नमो भगवते भूर्भुवः स्वः व्यापकाय त्रि-विक्रमाय

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि बालखिल्य, छन्द गायत्री, देवता विश्व-रूप त्रि-विक्रम । मन्त्र के पाँच पदो और सम्पूर्ण मन्त्र से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

दक्षांघ्रि-व्याप्त-पातालं वामांघ्रि-व्याप्त-भूतल, दक्षिणं पुनरुत्थाप्य स्वर्ग-व्याप्त-करं हरिं ।
बलि-दत्तैः कुश - तिलैस्तोयैः सम्प्रस्रवत्-करं, अभयं वाम-हस्तेन कुर्वन्तं च सुरेश्वरं ।
गङ्गौघ-धौत-पादाब्जं ध्यायेद् ब्रह्मादिकैः स्तुतम् ।।

पुरश्चरण मे बीस लाख जप कर त्रि-मधु-युक्त तिल-तण्डुल-सर्षप से होम ।

१७ पञ्च-विंशाक्षर सङ्कर्षण : काम-बीज समुच्चार्य ङेऽन्तं त्रैलोक्य-मोहनं, ततश्चाप्रति-रूपाय च वदेत् पदम् । सङ्कर्षणात्मने हृच्च पञ्च-विंशाक्षरो मनुः—क्लीं त्रैलोक्य-मोहनाय अप्रति-रूपाय पराय सङ्कर्षणात्मने नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि त्रैमुनि, छन्द मित, देवता सङ्कर्षण । मन्त्र के छः पदो से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

अंकुशं दक्षिणे हस्ते वामेनाभयमेव च, मेघ - श्यामं पीत - वासो नानाभरण - संयुतम् ।
नारदादि-युतं ध्यायेद् वाणी-लक्ष्म्यौ च पार्श्वयोः, सुवर्णमय्ये विपिने स्थितं कल्पद्रुमावृतेः ।।

पुरश्चरण मे नौ लाख जप कर, त्रि-मधु-युक्त तिलो से होम करे ।

अन्य मन्त्र

मत्स्यावतार

१ द्वादशाक्षर मत्स्य : तारो नमो भगवते म मत्स्याय रमा वदेत्, द्वादशाक्षर मन्त्रोऽय भुक्ति-मुक्ति-प्रदायकः—ॐ नमो भगवते मं मत्स्याय श्रीं

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता मीन-विग्रह भगवान् रमा-नाथ, बीज 'श्री', कीलक 'म'। ध्यान—

नात्यघोरो हि न सम आकण्ठं वा नराकृति, घन-श्यामश्चतुर्बाहुः शङ्ख-चक्र-गदा-धरः।
शृङ्गि-मत्स्य-निभो मूर्धा लक्ष्मीर्वक्षसि राजते, पद्म-चिह्नित-सर्वाङ्गः सुन्दरश्चारु-लोचनः॥

पुरश्चरण मे १२ सहस्र जप और त्रि-मधु-युक्त तिलो से होम।

कूर्मावतार

१ द्वाविंशत्यक्षर कूर्म : तारो नमो भगवते कुं कूर्माय धरा-धर-धुरन्धराय नत्यन्तः सिद्ध-वर्णो मनु' स्मृतः—ॐ नमो भगवते कुं कूर्माय धराधर-धुरन्धराय नमः

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि कश्यप, छन्द प्रकृति, देवता कच्छप-रूप भगवान् विष्णु, बीज 'क'। मन्त्र के वर्णों से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

शङ्ख-चक्र-गदा-धरं पीताम्बरं कूर्म-पृष्ठं लसल्लांगूल-शोभितं। दीर्घ-ग्रीव महा-ग्राहं गिररतं रक्त-लोचनम्॥

पुरश्चरण मे ४ लाख जप और घृत से होम।

वराहावतार

१ एकाक्षर वराह : इमित्येकाक्षरो मन्त्रो वराहस्य प्रकीर्तितः—इं

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि हयग्रीव, छन्द अनुष्टुप्, देवता वराह।

ध्यान अष्टाक्षर वराह-वत्।

२ अष्टाक्षर-वराह : ॐ भूर्वराहाय नमः

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि ब्रह्मा, छन्द जगती, देवता वराह। मन्त्र के चार पदो और सम्पूर्ण मन्त्र से पञ्चाङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

कृष्णाङ्गं नील-वस्त्रं च मलिने पद्म संस्थितं, पृथ्वी-शक्ति युतं ध्यायेच्छङ्ख-चक्राम्बुज गदाम्।
भू-लक्ष्मी-कान्तिभिश्चैव समस्तैः परिवारितं, चर्मासि-मद्भिश्च कलौ द्रुत-सिद्धि - प्रदायकम्॥

३ त्रयोत्रिंशत्यक्षर वराह : तारो नमो भगवते वराहेति च सवदेत्, रूपाय भूर्भुवः सुवः पतये भूपतेति च। त्व मे देहि दापयेति स्वाहान्त' सुर-वर्णक'—ॐ नमो भगवते वराह-रूपाय भूर्भुव सुव पतये भूपतित्वं मे देहि दापय स्वाहा

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि भार्गव, छन्द अनुष्टुप्, देवता वराह। मन्त्र के ७, ६, ७, ५, ८ अक्षरो से पञ्चाङ्ग न्यास कर ध्यान करे। यथा—

पादाग्राज्जानु-पर्यन्तं स्वर्णाभं च ततः स्मरेत्, आनाभि-कर्पूर-निभं नाभिस्तु गलावधि।
अग्नि-वर्णं मस्तके च पूर्ण - चन्द्र-सम-द्युति, शङ्खारि-खड्गांश्च गदा वर-शक्ती तथैव च।
अभयं दंष्ट्रया क्षोणीं दधतं श्वसनेऽनिलं, वागीशां हूं-कृती बाह्वोश्चन्द्र-सूर्यौ शिवं मुखे॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर त्रि-मधु-युक्त पद्मो से होम अथवा बिल्व-वृक्ष मे' समीप १२ हजार जप कर दशांश होम करे।

उक्त मन्त्र का उद्धार 'मन्त्र-कोष' में भिन्न दिया है, यथा—'तारं नमो भगवते वराह-पदमीरयेत्, रूपाय भूर्भुवः स्वः स्यात् पतये तदनन्तरं। भू-पतित्वं मे तदन्ते देह्यन्ते च ददापय, वह्नि-जायावधिर्मन्त्रः स्यात् त्रयस्त्रिंशदक्षरः—ॐ नमो भगवते वराह-रूपाय भूर्भुवः स्वः पतये भू-पतित्वं मे देहि ददापय स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार' पृष्ठ २१६ में इस मन्त्र की पूरी विधि दी है, जिसमें देवता का नाम 'आदि-वराह' बताया है और ध्यान भी भिन्न दिया है, जो वहाँ द्रष्टव्य है।

४ ऊनविंशति धरा-हृदय : ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणी धरा, धृपे स्वाहेति मन्त्रोऽयमूनविंशति-वर्णकः—**ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणी धरा धृवे स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि वराह, छन्द निवृत्, देवता धरा। मन्त्र के ३, ७, ३, २, २, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

इन्दीवर-युतां शालि-मञ्जरीं दधतीं शुकं, धरां पद्मासीनां ध्यायेन्नाना- भूषण-भूषिताम्।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर घृत-मिक्त ओदन (चावल) में होम।

५ चतुर्विंशाक्षर धरा—ॐ मही ग्लौ नमः प्रोच्य भगवत्यै पदं वदेत्, धरायै धरणी प्रोच्य धरे-युग्माग्नि-गेहिनी। ग्लौं ह्रीं तारं समुच्चार्य चतुर्विंशाक्षरो मनुः—**ॐ लं ग्लौं नमः भगवत्यै धरायै धरणि-धरे धरे स्वाहा ग्लौं ह्रीं।ॐ**

'मेरु-तन्त्र'। ध्यानादि पूर्ववत्।

नृसिंहावतार

१ एकाक्षर नृसिंह : 'क्ष'-कारो वह्निमारूढो मनु-विन्दु-समन्वितः, एकाक्षरो मनुः प्रोक्तः सर्व-काम-फल-प्रदः—**क्ष्रौं**

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २१४। 'मेरु-तन्त्र' में इस मन्त्र के देवता का नाम 'नृहरि' बताया है और पुरश्चरण में केवल एक लाख जप का निर्देश किया है। दशांश होम घृताक्त पायस से बताया है।

२ षडक्षर नृसिंह : पाश' शक्तिर्नर-हाररंकुशो वर्म फट् मनुः, षडक्षरो नर-हरेः कथितः सर्व-कामदः—**आं ह्रीं क्ष्रौं क्रौं हुं फट्**

'हिन्दी-तन्त्रसार' पृष्ठ २१३। 'मेरु-तन्त्र' में इस मन्त्र को भिन्न रूप में दिया है—'**आं ह्रीं क्ष्रौं क्रौं ह्रां फट्**'। ध्यान भी भिन्न दिया है, यथा—

भीषणास्यः क्रोध-दीप्तो रक्त-वर्णेन्दु-शेखरः, सोम-सूर्याग्नि-नेत्रश्च नाना-मणि-विभूषितः।
दक्षाद्यूर्ध्व-क्रमेणैव चक्र-शङ्खौ गुणांकुशौ, वज्रं गदां धारयन्तं द्वाभ्यां दैत्येश्वरोदरम्॥

३ अष्टाक्षर नृसिंह : जय-द्वयं समुच्चार्य श्रीपूर्वो नृसिंह इत्यपि, अष्टाक्षरो मनुः प्रोक्तो भजतां कामदो मनुः—**जय जय श्रीनृसिंह**

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २१५ में द्रष्टव्य।

४ अष्टाक्षर लक्ष्मी नृसिंह : ॐ श्री लक्ष्मी-नृसिंहाय मनुरष्टाक्षरो मतः—**ॐ श्रीं लक्ष्मी-नृसिंहाय**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि प्रजापति, छन्द लक्ष्मी, देवता नृहरि। 'क्ष्रां क्ष्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान षडक्षर-मन्त्र-वत्। पुरश्चरण में आठ लाख जप कर घृताक्त पायस से दशांश होम।

५ दशाक्षर नृसिंह : ॐ क्ष्रौं महा-नृसिंहाय नमोऽन्तो दश-वर्णकः—**ॐ क्ष्रौं महा-नृसिंहाय नमः**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि वामदेव, छन्द विराट्, देवता नृसिंह। ध्यानादि अष्टाक्ष लक्ष्मी-नृसिंह-वत।

६ त्रयोदशाक्षर नृसिंह : ॐ क्ष्रौं नमो भगवते नरसिंहाय मन्त्रकः, त्रयोदशार्णं उद्दिष्टो भुक्ति-मुक्ति-प्रदायक.— ॐ क्ष्रौं नमो भगवते नरसिंहाय

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि वामदेव, छन्द जगती, देवता नरसिंह। ध्यानादि षडक्षर-वत्।

७ ऊनविंशाक्षर सुदर्शन नृसिंह : तार सहस्रार-ज्वाला-वर्तिने क्ष्रौं हन-द्वयं, हुं फट् स्वाहा चोन-विंश-वर्णो मन्त्र उदीरित.—ॐ सहस्रार-ज्वाला-वर्तिने क्ष्रौं हन हन हुं फट् स्वाहा

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि जयन्त, छन्द गायत्री, देवता सुदर्शन नृसिंह। 'चक्र-राजाय हृदयाय नमः, ज्वाला-चक्राय शिरसे स्वाहा, जगच्चक्राय शिखायै वषट्, असुरान्तक-कवचाय हुं, सुदर्शन-चक्राय अस्त्राय फट्' से पञ्चाङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

चतुर्भुजं निवृत्तास्य चतुश्चक्र-धरं हरिं, तप्त-काञ्चन-सङ्काशं त्रिनेत्रं चाद्य-विग्रहम्।
ध्यायेत् समस्त-दुःखघ्नं तादृग् लक्ष्म्या समन्वितम्॥

पुरश्चरण मे बारह लाख जप कर तिलो से दशांश होम करे।

८ द्वा-त्रिंशदक्षर नृसिंह : उग्र वीर वदेत् पूर्वं महा-विष्णुमनन्तरं, ज्वलन्तं पदमाभाष्य सर्वतोमुख-मीरयेत्। नृसिंह भीषणं भद्र मृत्यु-मृत्यु वदेत् ततः, नमाम्यहमिति प्रोक्तो मन्त्र - राजः सुर-द्रुमः—उग्रं वीरं महा-विष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखं नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु-मृत्युं नमाम्यहं

'मन्त्र-कोप'। 'मेरु-तंत्र' मे 'भद्रं' के स्थान पर 'रुद्रं' है, इसके ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता नृहरि बताये हैं। साथ ही काम्य-कर्म के अनुसार पाँच प्रकार के ध्यान दिये है। यथा—

उद्यत्-सहस्रार्क - भासं भीषणाकृति, वज्र-तुल्येक्षणं वह्नि - कान्तिं नाना-भुजैर्वृतम्।
नखैर्दारित-दैत्येशं रक्त-धारार्क्त-कायकं, क्रूर-कर्मादि-विषये स्मरेदेवं भयानकम्॥ १॥
नृसिंहं तं महा-भीमं कालानल-सम-प्रभं, अन्त्र-माला-धरं रौद्रं कण्ठे हारेण शोभितम्।
नाग-यज्ञोपवीतं च पञ्चानन-सुशोभितं, चन्द्र-मौलिं नील-कण्ठं प्रति-वक्त्रे त्रिलोचनम्।
भुजैः परिघ-सङ्काशैर्दशभिश्चोप-शोभितं, अक्ष-सूत्रं गदां पद्मं शङ्खं गोक्षीर-सन्निभम्।
धनुश्च मुसलं चैव बिभ्राणं चक्रमुत्तमं, खड्गं शूलं च बाणं च नृहरिं रुद्र-गोपनम्।
इन्द्र-नीलक-नीलाभं चन्द्राभं वर्ण-सन्निभं, पूर्वोदयोत्तर-ज्वालादूर्ध्वास्यं सर्व-वर्णकम्।
एवमुग्र-हरिं ध्यायेत् सर्व-व्याधि-निवृत्तये॥ २॥
नृसिंहः सर्व-लोकेश सर्वाभरण-भूषितः, द्वौ विदारण - कर्माणौ द्वौ जनोद्धरण - क्षमौ।
शङ्ख-चक्र-धरौ रम्यावन्यौ बाण-धनुर्धरौ, खड्ग-खेटक-धरावन्यौ द्वौ गदा-पद्म-धारिणौ।
पाशांकुश-धरावन्यौ द्वौ रिपोर्मुकुटार्पितौ, इति षोडश - दोर्दण्ड - मण्डितं नृहरिं विभुम्।
ध्यायेदम्बुज-नीलाभमुग्र-कर्मण्यनन्य-धीः॥ ३॥
नृसिंहः सर्व-भूपाढ्य सर्व-सिद्धि-करः प्रभुः, दक्षिणे खड्ग-चक्रे च परशुं पाशमेव च।
हलं च मुसलं सम्यगभयं चांकुशं तथा, पट्टिशं भिन्दिपालं च खेट-तोमर-मुद्गरान्।
वाम-भाग-करैः शङ्खं पाशं च शूलकं, हुताशन-वरं शक्तिं सम्यङ् मृण्मय-कुण्डिकाम्।
कार्मुकं तर्जनी-मुद्रां गदां डमरुमप्यथान्, कर-द्वन्द्वैः क्रमाच्चक्रोजानु-मस्तक-पत्तलम्।
ऊर्ध्वीकृताभ्यां हस्ताभ्यां चान्त्र-माला धरं हरिं, अधः स्थिताभ्यां हिरण्यक-विदारणम्।
प्रियङ्करं च भक्तानां दैत्यानां च भयङ्करं, नृसिंहं संस्मरेन्नित्यं महा-मृत्यु-भयापहम्॥४॥

विष-रोग-भियां मृत्योर्हरं शत्रु-भयापहं, स्वर्णौघ-तुल्य-गरुडे स्थितं पूर्णेन्दु-चन्द्रकम् ।
सुमुखं विद्युदाभासं नेत्र-त्रय-विराजितं, सुभूषं पीत-वसनं शङ्ख-चक्राभय-वरान् ।
धारयन्तं चतुर्भिश्च करैः क्षेत्रादि-नाशकं, अप-मृत्यु-महा-कृत्या-नाशकं नृहरिं स्मरेत् ।।५।।

'शारदा-तिलक' में भी उक्त उद्धार दिया है। उनमें देवता का नाम 'नर-सिंह', बीज 'हं' और शक्ति 'रं' बताया है। मंत्र के ४, ४, ८, ६, ६, ४ अक्षरों से अङ्ग-न्यास। ध्यान वही दिया है, जो 'हिन्दी तन्त्रसार' के ३४ अक्षर मन्त्र (क्रमाङ्क ८) का है, उसमें एक पाठान्तर है—शङ्ख-चक्रमनिशं : चक्र-शङ्ख-मनिशं।

९ त्रयस्त्रिंशदक्षर लक्ष्मी-नृसिंह : ॐ श्री ह्रीं श्री जय लक्ष्मी-प्रियाय नित्य-शब्दतः, प्रमुदित-पदं प्रोच्य चेतसे च ततो वदेत्। लक्ष्मी-श्रितार्ध-देहाय श्री ह्रीं श्री च ततो नमः, देव-वर्णो मनुः प्रोक्तो जपतां सर्व-कामदः—ॐ श्रींह्रींश्रीं जय लक्ष्मी-प्रियाय नित्य-प्रमुदित-चेतसे लक्ष्मी-श्रितार्ध-देहाय श्रीं ह्रीं श्रीं नमः

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि प्रजापति, छन्द अनुष्टुप्, देवता लक्ष्मी-नृसिंह, बीज 'श्री'। 'श्रां श्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास कर बारह नामों से 'पञ्जर' (कवच) पाठ करे। यथा—

पुरस्तात् केशवः पातु शङ्ख - चक्र-गदा-धरः, पश्चान्नारायणः शश्वन्नील - जीमूत-सन्निभः ।
इन्दीवर-दल-श्याम ऊर्ध्वं मे माधवो गदी, गोविन्दो दक्षिणे पार्श्वे धन्वी चन्द्र-प्रभो महान् ।
उत्तरे हल-धृग् विष्णुः पद्म-किञ्जल्क-सन्निभः, आग्नेयामरविन्दाक्षो मुसली मधु - सूदनः ।
त्रि-विक्रमः खड्ग-पाणिर्नैऋत्यां ज्वलन-प्रभुः, वायव्यां वामनो वज्री तरुणादित्य-दीप्तिमान्।
ऐशान्यां पुण्डरीकाक्षः श्रीधरः पट्टिशायुधः, विद्युत्-प्रभो हृषीकेशो वायव्यां दिशि मूर्द्धनि ।
हृत्पद्मं पद्म - नाभो मे सहस्रार्क - सम-प्रभः, सर्वायुधः सर्व - शक्तिः सर्वज्ञः सर्वतोमुखः ।
इन्द्रगोपक-सङ्काशः पाश - हस्तोऽपराजितः, स-बाह्यान्तरं देहं व्याप्य दामोदरः स्थितः ।
एवं सर्वत्र निश्छिद्रं नाम-द्वादश-पञ्जरं, प्रविष्टोऽहं न मे किञ्चिद् भयमस्ति कदाचन ।।

इसके बाद लक्ष्मी-नरहरि का ध्यान करे, यथा—

सर्पेन्द्र-भोग-शयनः सर्पेन्द्राभोग-छत्र-वान्, आलिङ्गितश्च रमया दीप्त-भासेन्दु-सन्निभः ।
पद्म-चक्र-वराभीति-धरस्त्र्यक्षेन्दु-शेखरः ।

पुरश्चरण में तीन लाख साठ जप कर मध्वक्त मल्लिका पुष्पों से दशांश होम।

१० चतुस्त्रिंशदक्षर—हृल्लेखा-सम्पुटश्चैतत् (द्वा-त्रिंशदक्षर-मन्त्रं) तु सर्व - काम - फल-प्रदः—
ह्रौं उग्रं वीरं महा-विष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखं नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु-मृत्युं नमाम्यहं ह्रौं

'मन्त्र-कोष'। यह मन्त्र क्रमाङ्क ८ का ही विकसित रूप है। 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २११-१२ में इस मन्त्र की पूरी विधि प्रकाशित है।

११ अष्टा-षष्ट्यक्षर ज्वाला-माला नृसिंह : ॐ क्ष्रौं नमो भगवते नारसिंहाय संवदेत्, ज्वालेति मालिने दीप्त-दंष्ट्रायाग्नि-पदं वदेत्। नेत्राय सर्व-रक्षोघ्नाय सर्व-पदमुच्चरेत्, भूत-विनाशनो ङेऽन्तः सर्व-घोर-विनाशनः। ङेऽन्त एव द्विर्दहेति पच रक्ष-युगं तथा हुं फट् स्वाहेति मन्त्रोऽयं षष्टि-षट्काक्षरी मतः—
ॐ क्ष्रौं नमो भगवते नारसिंहाय ज्वाला-मालिने दीप्त-दंष्ट्राय अग्नि-नेत्राय सर्व-रक्षोघ्नाय सर्व-भूत-विनाशनाय सर्व-घोर-विनाशनाय दह दह पच पच रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' के उक्त उद्धार के अनुसार यह मन्त्र ६६ अक्षरोंवाला है, किन्तु वास्तव में यह है ६८ अक्षरों वाला। ऋषि प्रजापति, छन्द गायत्री, देवता हरि। ध्यान—

उद्यत्-कालानल-निभं प्रलयाब्द-सम-स्वनं, शङ्खं चक्रमसिं खेटं दधानं दैवत-स्तुतम् ।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर दशांश होम कपिला-घृत से ।

'शारदातिलक' में उक्त मन्त्र का उद्धार भिन्न रूप में दिया है। यथा : 'बीजं नमो भगवते नरसिंहाय तत्-परं, स्याज्ज्वाला-मालिने पश्चाद् दीप्त - दंष्ट्राय तत्-परं। अग्नि-नेत्राय सर्वादि रक्षोघ्नाय पदं वदेत्, सर्व-भूत-विनाशान्तं नकारो दीर्घवान् महत् । सर्व-ज्वर-विनाशान्ते नायाणौ दह-युग्मकं, पच-द्वयं रक्ष-युग्मं हुं फट् स्वाहा ध्रुवादिकः। सप्त - षष्टचक्षरैः प्रोक्तो ज्वाला-माली महा-मनुः।' इस उद्धार के अनुसार मन्त्र में दो पाठान्तर हैं—१ नारसिंहाय : नरसिंहाय, २ सर्व-घोर : सर्व-ज्वर ।

२ षड्विंशाक्षर : पाशं बन्ध-द्वयं पश्चादाकर्षय-पद-द्वयं, वह्निजायावधिः सद्भिरष्टमो मन्त्र ईरितः—ॐ महा-पाश ! बन्ध बन्ध आकर्षय आकर्षय हुं फट् स्वाहा पाशाय नमः 'शारदातिलक'।

९ किरीट सप्तत्यक्षर : ब्रूयात् किरीट-केयूर-हारं मकर-कुण्डलं शङ्ख-चक्र-गदाम्भोज-हस्तं पीताम्बर-धरं श्रीवत्साङ्कित-वक्षोऽन्ते स्थल-शब्दमुदीरयेत्। श्री-भूमि-सहित-स्वात्म-ज्योतिर्द्वयमुदाहृतं, पश्चाद् दीप्ति-करायेति सहस्रादित्य-तेजसे। नमोऽन्तः प्रणवाद्योऽयं किरीट-मनुरीरितः—ॐ किरीट-केयूर-हार !

मकर - कुण्डलालंकृत ! शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-हस्त ! पीताम्बर - धर ! श्रीवत्साङ्कित - वक्षःस्थल ! श्री-भूमि-सहित-स्वात्म-ज्योतिर्द्वय ! दीप्ति-कराय सहस्रादित्य तेजसे नमः 'शारदातिलक' ।

१० छत्र षडक्षर : छं छत्राय नमस्त्विति—छं क्षत्राय नमः

'मेरु-तन्त्र' । छन्द गायत्री, देवता हर । ध्यान—

स्वर्ण-दण्डं सित-प्रभं, आरक्त-कलश ध्यायेन्मस्तके स्वे च पूजयेत् ।

छः लाख जप कर घृत-पायस से दशांश होम ।

११ चामर द्वा-त्रिंशदक्षर : अथातः सम्प्रवक्ष्यामि लोक-रूप-मनु परं, चामरस्य ग्रहावेश-दुष्ट-घादिक-निवारणं—शशाङ्क-कर-सङ्काश, क्षीर-डिण्डिम-पाडुर ! प्रोत्सरयाशु दुरितं चामर ! श्री नमोऽस्तु ते

'मेरु-तन्त्र' । ३२ सहस्र जप कर गो-घृत से होम ।

१२ ध्वज द्वि-पञ्चाशदक्षर : शक्र-केतवे च महा-वीर्याय श्याम-वर्णकं, ङेऽन्तं च च्छत्र-राजाय नमो नारायण-ध्वज । गरुडासन रक्ष द्विरायुधानि रिपून् दह, द्वयं वर्मास्त्राग्नि-जाया द्वि-पञ्चाशार्णको मनुः—ॐ शक्र-केतवे महा-वीर्याय श्याम-वर्णाय च्छत्र-राजाय नमो नारायण-ध्वज ! गरुडासन ! रक्ष रक्ष आयुधानि रिपून् दह दह हुं फट् स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । ५ सहस्र जप कर घृत से दशाश होम ।

१३ पताका पञ्चाशदक्षर : तारं रमा-त्रयं हिरण्य-कशिपोर्युद्धे पूतने दैवतासुरे रणारपति-कालेति नेति मृत्यु-पदं वदेत्, कालहं निर्दह-द्वन्द्वं रिपून् सर्वान् पताकिके । हुं फट् स्वाहेति—ॐ श्रीं श्रीं श्रीं हिरण्य - कशिपोर्युद्धे पूतने दैवतासुरे रणारपति - कालन-मृत्यु-काल-हन्त्रि ! दह दह रिपून् सर्वान् पताकिके ! हुं फट् स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । पाँच अयुत जप कर त्रिमधुर से होम करे ।

१४ परशु पञ्चादशाक्षर : ॐ क्लीं रामायुधायेति श्रीं पं परशवे नम., तिथ्यक्षरोऽयं परशोर्मन्त्रः संग्राम-सिद्धिदः—ॐ क्लीं रामायुधाय श्रीं पं परशवे नमः 'मेरु-तन्त्र'

१५ दण्ड-गायत्री : ब्रह्मोद्भवाय विद्महे स्वर्ण-रूपाय धीमहि तन्नो दण्डः प्रचोदयात्

'मेरु-तन्त्र' । सहस्र, अयुत से आरम्भ कर एक कोटि तक छोटे या वडे कार्य के अनुरूप जप कर घृत-पायस से होम करे । फल---विविध प्रकार के दण्डो से मुक्ति ।

अङ्ग-देवता

१ एकोनविंशत्यक्षर धरणी : हृदय भगवत्यै स्याद् धरण्यै तदनन्तरं, धरण्यन्ते धरे-द्वन्द्वे द्वि-ठान्तोऽय ध्रुवादिक —ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणी-धरे धरे स्वाहा

'शारदा-तिलक' । 'वराह' अवतार के प्रसङ्ग मे पृष्ठ ४० पर प्रकाशित ऊनविंशति 'धरा-हृदय' नामक मन्त्र जैसा ही यह मन्त्र है । ऋषि, छन्द वही हैं, देवता का नाम यहाँ 'सर्व-भूताना प्रकृतिर्वसुधा' बताया है । मन्त्र ३, ४, ३, ५, २, २ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान---

श्यामां विचित्रांशुक-रत्न-भूषणां, पद्मासनां तुङ्ग-पयोधरानताम् ।
इन्दीवरे द्वे नव-शालि-मञ्जरीं, शुकं दधानां वसुधां भजामहे ॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर घृत-सहित पायस से दशांश होम ।

२ सीता षडक्षर : श्री सीतायै द्वि-ठान्तेन—श्रीं सीतायै स्वाहा

'शारदा-तिलक' । ऋष्यादि 'राम' अवतार के प्रसङ्ग में पृष्ठ ४८ पर प्रकाशित १७ वें मन्त्र के समान । ध्यान में एक पाठ-भेद है—स्वर्णाभामम्बुज : सुवर्णाभाम्बुज ।

'नारद पुराण' में उक्त मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दो मे दिया है—'पद्मा ङेऽन्ता ठ-द्वयान्तो षडक्षरः' । ऋषि भी भिन्न 'वाल्मीकि' बताये हैं । ध्यान निम्न प्रकार दिया है—

ध्यायेत् सदा महा-देवीं सीतां त्रैलोक्य-पूजितां, तप्त-हाटक-वर्णाभां पद्म-युग्मं कर-द्वये ।
सद् रत्न-भूषण-स्फूर्जद्-दिव्य-देहां शुभात्मिकां, नाना-वस्त्रां शशि-मुखीं पद्माक्षीं मुदितान्तरां ।
पश्यन्तीं राघवं पुण्यं शय्यायां षड्-गुणेश्वरीम् ।।

३ सप्ताक्षर लक्ष्मण : रेफ-पूर्वं समुद्धृत्य बिन्दु-लक्ष्मण-संयुतं ङेऽन्तोऽयं लक्ष्मण-मनुर्नमसा च समन्वितः—लं लक्ष्मणाय नमः

'शारदा-तिलक' । ऋषि अगस्त्य, छन्द गायत्र, देवता लक्ष्मण, बीज 'लं', शक्ति 'नमः', विनियोग 'पुरुषार्थ-चतुष्टय' । 'लां लीं' से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

द्वि-भुजं स्वर्ण-रुचिरं तनुं पद्म-निभेक्षणं, धनुर्बाण-करं राम-सेवा-संसक्त-मानसम् ।

पुरश्चरण मे सात लाख जप करे। तदनन्तर भगवान् राम की पूजा के आदि या अन्त मे इस मन्त्र का १००८ या १०८ बार नित्य जप करे अन्यथा राम-मन्त्र की सिद्धि नही होती ।

'नारद पुराण' में उक्त मन्त्र का उद्धार—'इन्दु-युक्तो शक्रः लक्ष्मणस्तु ङेऽन्तः नत्यन्तो सप्ताक्षरः ।' ध्यानादि वही है ।

४ सप्ताक्षर भरत : निद्रा चन्द्र-युक्ता ङेऽन्तो भरतः नमसा च समन्वित.—भं भरताय नमः

५ सप्ताक्षर शत्रुघ्न : सेन्दु बक : शत्रुघ्नोङेऽन्तः नमसा च समन्वितः—शं शत्रुघ्नाय नमः

भरत और शत्रुघ्न के मन्त्रो के ऋष्यादि लक्ष्मण-मन्त्र के ही समान हैं ।

६ हनुमान (आञ्जनेय) : १ अष्टादशाक्षर : पूर्वं नमः पदं चोक्त्वा ततो भगवते पद, आञ्जनेय-पद ङेऽन्तं महा-बल-पदं तथा । वह्नि-जायान्त एव स्यान्मन्त्रो हनूमतः परः, सर्व-सिद्धि-करः प्रोक्तो मन्त्रश्चाऽष्टादशाक्षरः—नमः भगवते आंजनेयाय महा - बलाय स्वाहा

'शारदा-तिलक' । ऋषि ईश्वर, छन्द अनुष्टुप्, देवता हनूमान, बीज 'हुं', शक्ति 'स्वाहा' । षडङ्ग-न्यास छः मन्त्रो से करे—(१) नमो भगवते आंजनेयाय, (२) रुद्र-मूर्त्तये, (३) वायु-सुताय, (४) अग्नि-गर्भाय, (५) राम-दूताय, (६) ब्रह्मास्त्र-वारणाय । ध्यान—

स्फटिकाभं स्वर्ण-कान्तिं द्वि-भुजं च कृतांजलिं,
कुण्डल-द्वय-संशोभि-मुखाम्भोजं मुहुर्मुहुः ।

पुरश्चरण में अयुत जप भगवान् राम या भगवान् शिव की प्रतिमा के आगे बैठकर करे ।

२ द्वादशाक्षर : हौं ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्रौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं हनुमते नमः

ऋषि रामचन्द्र, छन्द जगती, देवता हनुमान्, बीज 'ह्सौं', शक्ति 'ह्स्फ्रें' । मन्त्रस्य छः बीजो से क्रमशः षडङ्ग न्यास—

उद्यत्-कोट्यर्क-सङ्काशं जगत् प्रक्षोभ-कारकं, श्रीरमांघ्रि-ध्यान-निष्ठं सुग्रीव-प्रमुखार्चितं ।
वि-त्रासयन्तं नादेन राक्षसान् मारुतिं भजे ।।

पुरश्चरण में १२ सहस्र जप कर दही-दूध-घी से मिश्रित धान की दशांश आहुति।

३ पञ्चाक्षर : ह्स्फ्रें ह्ख्फ्रें ह्सौं ह्स्ख्फ्रें ह्सौं

ऋषि रामचन्द्र, छन्द गायत्री, देवता हनुमान्। पाँच वीजों और सम्पूर्ण मन्त्र के बाद क्रमशः निम्न छः नामों को जोड़कर षडङ्ग-न्यास करे—१ हनुमते नमः, २ राम-दूताय नमः (लक्ष्मण-प्राण-दात्रे नमः, ४ अञ्जनी-सुताय नमः, ५ सीता-शोक-विनाशाय नमः, ६ लङ्का-प्रासाद-भंजनाय नमः। ध्यानादि द्वादशाक्षर-मन्त्र के समान।

७ राधा षडक्षर : १ भूत-वर्गात् परो वर्णो द्वितीयो दीर्घ-वान् मुने! चतुर्वर्ग-तुरीयश्च दीर्घ-वांश्च फल-प्रदः। भूत-वर्गात् परो वर्णो वाणी-वान् सर्व-सिद्धिदः, सर्व-शुद्ध-प्रियान्ता च तस्या वीजादिका स्मृता—रां ओं आं यं स्वाहा

'नारद-पञ्चरात्र' (२।३।३८) में विस्तृत विधि द्रष्टव्य है।

२ ङेऽन्ता श्रीराधा वह्नि-जाया-समन्विता—श्री राधायै स्वाहा

ऋषि नारायण, छन्द गायत्री, देवता श्री राधा, बीज 'स्त्रीं', शक्ति 'ह्रीं'। ध्यान—

श्वेत-चम्पक-वर्णाभां शरदिन्दु-समाननां, कोटि-चन्द्र-प्रतीकाशां शरदम्भोज-लोचनां।
सुकुमाराङ्ग-लतिकां रास-मण्डल-मध्यगां, वराभय-करां शान्तां शश्वत्-सुस्थिर-यौवनां।
रत्न-सिंहासनासीनां गोपी-मण्डल-नायिकां, कृष्ण-प्राणाधिकां वेद-बोधितां परमेश्वरीं॥

३ सप्ताक्षर : ह्रीं श्रीराधायै स्वाहा

८ कामदेव एकाक्षर : ब्रह्मा भूम्या समासीनः शान्ति-विन्दु-समन्वितः, वीजं मनोभुवः प्रोक्तं जगत्-त्रितय-मोहनं—क्लीं

'शारदा-तिलक'। ऋषि सम्मोहन, छन्द गायत्र, देवता मकर-ध्वज, बीज 'कं', शक्ति 'ईं'। 'कां कीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

जवारुणं रत्न-विभूषणाढ्यं मीन-ध्वजं चारु-कृताङ्गरागं।
कराम्बुजैरंकुशमिक्षु-चापं पुष्पास्त्र-पाशौ दधतं भजामि॥

'प्रपञ्चसार तन्त्र' में ध्यान भिन्न दिया है। यथा—

अरुणमरुण-वासो-माल्य-दामाङ्गरागं, स्व-कर-कलित-पाशं सांकुशास्त्रेषु-चापं।
मणि-मय-मुकुटाद्यैर्दीप्तिमाकल्प - जातैररुण-नलिन-संस्थं चिन्तयेदङ्ग-योनिं॥

पुरश्चरण में तीन लाख जप कर मधुर-त्रय से युक्त किंशुक-पुष्पों द्वारा दशांश होम।

'कृष्ण' अवतार के प्रसङ्ग में पृष्ठ ४८ पर 'एकाक्षर कृष्ण' का यही मन्त्र प्रकाशित है। यहाँ 'सम्मोहन कृष्ण' देवता का एक अन्य ध्यान उद्धृत है—

नित्यमष्ट-भुजं ध्यायेदरुणं पुरुषोत्तमं, रमयाऽऽलिङ्गितं वामे लोक-त्रितय-मोहनं।
चक्रं खड्गं च मुशलं दक्षे बिभ्राणमंकुशं, वामे पाशं तथा शङ्खं स-शरं चापमेव च।
कौमोदकीं च बिभ्राणं सर्व-भूषण-भूषितं॥

कामदेव-गायत्री—काम-देवाय-शब्दान्ते विद्महे ङेऽन्तमीरयेत्, पुष्प-वाणं धीमहि स्यात् तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्—काम-देवाय विद्महे पुष्प-वाणाय धीमहि तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्

भगवान शिव

'पञ्चायतन' मे चौथे देवता भगवान् शिव हैं। त्रि-देवो में इन्हें प्रमुख स्थान प्राप्त है। ब्रह्मा का कार्य सृष्टि, विष्णु का स्थिति और शिव का संहार करना है किन्तु वास्तव में ये कार्य विशेषता-सूचक हैं। अन्यथा सृष्टि और स्थिति के कार्यों मे भी भगवान् शिव पूर्णतः सक्षम हैं। भगवान् शिव का अनूठापन इस बात में है कि वे परम कारुणिक एवं शीघ्र प्रसन्न होनेवाले हैं और भक्तों की मनमानी इच्छा की पूर्ति करते हैं। इसी से वे भोलानाथ, औघड़-दानी जैसे नामों से प्रसिद्ध है।

'दक्षिणामूर्ति' के रूप में भगवान् शिव जगद्-गुरु के रूप में सनातन काल से प्रतिष्ठित है। इस रूप की विशेषता है व्याख्यान और तर्क की मुद्रायें। तान्त्रिक साधना मे उन्हें 'आदि-गुरु' के सर्वोच्च स्वरूप में नित्य स्मरण किया जाता है।

भगवान् शिव का एक प्रसिद्ध नाम 'पशु-पति' है। 'पशु' का अर्थ है समस्त सृष्टि अर्थात् ब्रह्मा से लेकर स्थावर-जङ्गम आदि सभी 'पशु' श्रेणी में हैं और उनके 'पति' अर्थात् स्वामी हैं भगवान् शिव। 'जीव' को 'पशु' कहा जाता है क्योंकि वह इन्द्रिय-भोगों मे लिप्त रहता है। सासारिक भोग और विषय तथा काम-क्रोधादि 'पाश' रूप हैं, जिनसे वह बँधा रहता है। इन पाशों से जीव का उद्धार उन्हीं की कृपा से होता है।

'शिव' शब्द का अर्थ है शुभ, कल्याण, मङ्गल, श्रेयस्कर आदि। यहाँ यह विचारणीय है कि उनका मुख्य कार्य 'संहार' है। नामार्थ के साथ उनके कार्य की सङ्गति बैठाने से विदित होता है कि संहार या लय-प्रक्रिया-द्वारा ही जीव का परम कल्याण साधित हो पाता है। इनके अन्य दो प्रसिद्ध नामो--'शम्भु' और 'शङ्कर' से भी इसी तत्व की उपलब्धि होती है।

भगवान् शिव की उपासना किए विना अन्य देवता की कृपा प्राप्त नहीं होती। 'उत्पत्ति तन्त्र' में इस सम्बन्ध मे स्पष्ट कहा है कि—

शाक्तो वा वैष्णवो वाऽपि सौरो वा गाणपोऽथवा। शिवार्चन-विहीनस्य कुतः सिद्धिर्भवेत् प्रिये!

भगवान् शिव के 'पञ्च-कृत्य' अर्थात् पाँच प्रकार के कार्य विख्यात हैं--१ सृष्टि, २ स्थिति, ३ संहार, ४ तिरोधान (गोपन या लोपन), ५ अनुग्रह (प्रसाद)। वे विभिन्न कलाओं—संगीत, नृत्यादि और विद्याओं—योग, मन्त्र-तन्त्र-यन्त्र, व्याकरण, व्याख्यान, भैषज्य आदि के मूल प्रवर्त्तक है। सभी जीवों के वे स्वामी हैं, इसी से पशु-पति, भूत-नाथ, भूत-पति जैसे नामों से लोक-प्रिय है। सभी देवों मे श्रेष्ठ होने के कारण उन्हे महा-देव, महेश्वर, देवाधिदेव आदि कहा जाता है।

ऋग्वेद में 'रुद्र' का उल्लेख है। शुक्ल यजुर्वेद की वाजसनेयी संहिता का 'शत-रुद्रिय' पाठ प्रसिद्ध है। अथर्व-वेद में रुद्र की महिमा वर्णित है। इस प्रकार वैदिक साहित्य मे भगवान् शिव का मूल स्वरूप 'रुद्र' के रूप में मिलता है। श्वेताश्वतर उपनिषद् मे 'रुद्र' का नामान्तर 'शिव' वताया है। शाङ्खायन, कौषीतकि, शतपथ ब्राह्मण ग्रन्थों मे उनके आठ नामों का उल्लेख है—१ रुद्र, २ शर्व, ३ उग्र, ४ भीम या अशनि (ये चारों शिव के भयङ्कर रूप है), ५ भव, ६ पशु-पति, ७ महादेव, ८ ईशान (ये चारो सौम्य रूप है)।

इनके पूजन का सामान्य मन्त्र यह है कि चतुर्थ्यन्त नाम के आदि मे 'ॐ' और अन्त मे 'नमः' जोड ले। यथा—**ॐ शर्वाय नमः, ॐ भवाय नमः, ॐ रुद्राय नमः, ॐ उग्राय नम., ॐ भीमाय नमः या ॐ अशनये नमः, ॐ पशु-पतये नमः, ॐ महा-देवाय नमः, ॐ ईशानाय नम.।**

श्वेताश्वतर उपनिषद् मे भगवान् शङ्कर को पर-ब्रह्म प्रतिपादित किया है। गीता मे भी उक्ति है—'रुद्राणा शङ्करश्चास्मि।' परमेश्वर के रूप मे शङ्कर की उपासना वैदिक काल से चली आ रही है, यह निर्विवाद है। 'महाभारत' मे प्रजापति दक्ष द्वारा शङ्कर की स्तुति की गई है। शङ्कर को 'अष्ट-मूर्ति' भी कहते है क्योंकि पञ्च-महा-भूत, सूर्य, चन्द्र और पुरुष उन्ही से उद्भूत है।

पुराणो मे भगवान् शिव का योगिराज-रूप वर्णित है। वे कैलास पर्वत मे रहते है, व्याघ्र-चर्म (बाघम्बर) पर बैठते हैं, सदा ध्यानस्थ रहते है। सिर पर जटाजूट है, जिसमे द्वितीया का चन्द्र शोभित है और जिससे गङ्गा निकली हैं। ललाट के मध्य मे तृतीय नेत्र है, जो अन्तर्दृष्टि और ज्ञान का द्योतक है। यह नेत्र प्रलयङ्कर भी है, इसी के द्वारा उन्होने कामदेव को भस्म किया। समुद्र-मन्थन से निकले विष का पान कर उन्होने विश्व की रक्षा की थी। इसी से उनका कण्ठ नीला है और वे 'नील-कण्ठ' नाम से विख्यात है। उनके गले और भुजाओं मे सर्प लिपटे रहते है। शरीर पर भस्म और हाथ में त्रिशूल, डमरु धारण करते है। उनकी बाईं ओर पार्वती शोभायमान हैं और सम्मुख उनका वाहन नन्दी। अपने विलक्षण गणो से वे घिरे रहते है।

भगवान् शिव का 'नटराज'-रूप का अपना महत्व है। इस रूप मे उनके 'लास्य' और 'ताण्डव' दोनो प्रकार के नृत्य प्रसिद्ध है।

भगवान् शिव का सूक्ष्म स्वरूप 'लिङ्ग' नाम से विश्व-विख्यात है। भारत की पुण्य-भूमि मे उनके द्वादश-ज्योतिर्लिङ्ग प्रतिष्ठित हैं, जिनकी असीम महिमा है—

१ **सोमनाथ**—वेरावल, सौराष्ट्र के पास। २ **मल्लिकार्जुन**—श्रीशैल, आंध्र-प्रदेश के कुर्नूल जिले मे कृष्णा स्टेशन से ५० मील दूर कृष्णा नदी के दक्षिण स्थित पर्वत। ३ **महाकाल**—उज्जैन, मध्य-प्रदेश मे। ४ **परमेश्वर (ओङ्कारेश्वर)**—खण्डवा, मध्य प्रदेश से उत्तर-पश्चिम ३२ मील दूर नर्मदा नदी के द्वीप मे। ६ **भीमा-शङ्कर**—पूना, महाराष्ट्र के पास भीमा नदी के उद्गम-स्थल डाकिनी मे। ७ **विश्वेश्वर विश्वनाथ**—वाराणसी, उत्तर प्रदेश मे। ८ **त्र्यम्बकेश्वर**—नासिक, महाराष्ट्र मे गौतमी गोदावरी के उदगम-स्थल मे। ९ **वैद्यनाथ**—देवधर, विहार के संथाल परगने के अन्तर्गत। १० **नागेश, नागेश्वर, जागेश्वर, यागेश**—दारुका-वन, हिमालय-क्षेत्र, उत्तर प्रदेश मे। ११ **रामेश्वर**—राम-वन द्वीप, दक्षिण-भारत के सेतु-बन्ध-स्थल मे। १२ **घृष्णेश, घुश्मेश्वर**—देवगिरि, दौलताबाद, आंध्र प्रदेश से ७ मील दूर एलूरु में।

भगवान् शिव के उग्र स्वरूप की अपनी विशेषता है। इस रूप मे वे श्मशान, रण-क्षेत्र, चौराहो—दुर्घटना-स्थलो में निवास करते हैं। मुण्ड-माला धारण करते है। भूत-प्रेतादि गणो से घिरे रहते हैं। वे स्वय 'महाकाल' अर्थात् मृत्यु तथा उसके भी काल हैं। महा-प्रलय उन्ही के द्वारा घटित होती है।

'अर्द्ध-नारीश्वर'-रूप मे भगवान् शिव 'शक्ति' से संयुक्त दृष्टिगत होते हैं, तो 'हरि-हर'-रूप मे विष्णु के साथ। इन दोनो विलक्षण स्वरूपो से उनके अनुपम माहात्म्य का परिचय मिलता है।

भगवान् शिव के मन्त्र

१ एकाक्षर प्रासाद : सान्तमौकार-संयुक्तं विन्दु-भूपित-मस्तकं, प्रासादाख्यो मनुः प्रोक्तो भजता कामदो मणिः—हौं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २१८। ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता सदा-शिव। 'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' में उद्धार—'सान्तः सद्यान्त-संयुक्तो विन्दु-भूषित-मस्तकः। प्रासादाख्यो मनुः भजता कल्प-भूरुहः।' ध्यान मे तीन पाठ-भेद है—१ जवा : जपा, २ दहनान्नागेन्द्र : दहनं नागेन्द्र, ३ कल्पोज्ज्वलाङ्गं भजे : कल्पोज्ज्वलं चिन्तयेत्। 'शारदा-तिलक' मे यही उद्धार है, केवल 'कल्प-भूरुह.' के स्थान पर 'सर्व-सिद्धिद' है। उसकी टीका मे वीज 'ह्' और शक्ति 'औं' बताये है। ध्यान 'हिन्दी-तन्त्रसार' जैसा है, दो पाठ-भेद है—१ पञ्चभिस्त्र्यक्षं . २ पञ्चभि. त्र्यक्षं, ३ कल्पोज्ज्वलाङ्गं भजे : कल्पोज्ज्वल चिन्तयेत्।

२ एकाक्षर चिन्ता-मणि : अग्निः सवर्त्तकादित्यरानिलौ षष्ठ-विन्दु-मत् चिन्ता-मणिरिति ख्यातं बीजं सर्व-समृद्धिदं—क्ष्म्रौं

'शारदा-तिलक'। यह बीज भगवान् शिव के उत्तर-वक्त्र से सम्बन्धित है। ऋषि काश्यप, छन्द अनुष्टुप्, देवता जगत्-पति अर्द्ध-नारीश्वर, वीज 'रं', शक्ति 'ऊं', विनियोग 'सर्व-समृद्धि'। टीका मे देवता के अन्य नाम 'उमेश' या 'अर्द्ध-नारीश' बताये है। 'रं, क, पं, मं, र, य' इन छः व्यञ्जनो से क्रमशः षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

नील-प्रवाल-रुचिरं विलसत्-त्रिनेत्रं, पाशारुणोत्पल-कपाल-त्रिशूल-हस्तम्।
अर्धाम्बिकेशमनिशं प्रविभक्त-भूष, बालेन्दु-बद्ध मुकुटं प्रणमामि रूपम्॥

टीका के अनुसार उक्त मन्त्र के देवता यदि 'उमेश' मानें, तो ध्यान निम्न प्रकार करें—

अहि-शश-धर-गङ्गाबद्ध-तुङ्गाप्त-मौलिः, त्रि-दश-गण-नतांघ्रिस्त्रीक्षणः स्त्री-विलासः।
भुजग-परशु-शूलान् खड्ग-वह्नी कपाल, शरमपि धनुरीशो विभ्रदव्याच्चिरं वः॥

यह ध्यान 'प्रयोग' करते समय ही करणीय है, पुरश्चरण और नित्य-जप हेतु अर्द्ध-नारीश्वर का ही ध्यान करना चाहिये। पुरश्चरण मे एक लाख जप कर, मधु-सिक्त तिल-तण्डुलो से अयुत होम करे।

३ एकाक्षर तुम्बुरु : क्षकारो माग्नि-पवन-वाम-कर्णार्धं-चन्द्र-वान्, उक्त तुम्बुरु-वीजं तु येन सिद्धयन्ति साधकः—क्ष्म्र्यूं

'शारदा-तिलक'। ऋष्यादि पूर्व-वत्। षडङ्ग-न्यास षड्-दीर्घ-युक्त वीज से करे। ध्यान—

रक्ताभमिन्दु - शकलाभरणं त्रिनेत्रं, खट्वाङ्ग-पाश-सृणि-शुभ्र-कपाल-हस्तम्।
वेदाननं चिपिट नासमनर्घ - भूपं, रक्ताङ्गराग - कुसुमांशुकमीशमीडे॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर घृताक्त हविष्य से दशांश होम।

४ द्व्यक्षर दक्षिणामूर्ति : अथातो दक्षिणामूर्तेर्द्व्यक्षरो मनुरुच्यते—हंसः

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता दक्षिणामूर्ति, वीज 'हं', शक्ति 'स'। 'ह्सां, ह्सीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यानादि द्वात्रिंशदक्षर-मन्त्र के समान।

५ त्र्यक्षर मृत्युञ्जय : तार स्थिरा स-कर्णेन्दुः भृगुः सर्ग-समन्वितः, त्र्यक्षरात्मा निगदितो मन्त्रो मृत्युञ्जयात्मकः—ॐ जूं सः

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २२५। ऋषि कहोल, छन्द देवी गायत्री, देवता मृत्युञ्जय महादेव। 'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' मे यही उद्धार है, जिसमे एक पाठान्तर है—मृत्युञ्जयात्मक. : मृत्युञ्जयाभिध.। 'शारदा-तिलक' के उद्धार मे पाठान्तर—१ समन्वित.· विभूषितः, २ मन्त्रो मृत्युञ्जयात्मक . मनुर्मृत्युञ्जयादिक। टीका मे वीज 'ॐ', शक्ति 'सः' बताए हैं। पद्म-पादाचार्य के अनुसार वीज 'जूं' है।

६ त्र्यक्षर नील-कण्ठ : १ पार्श्वो वह्नि-मतारूढस्तार-वानाद्य-वीजक, धान्तो वह्नि-समारूढस्तूर्य-स्वर-समन्वितः विन्दुमाँस्तु द्वितीय स्यात् ढान्तः सर्गी तृतीयक, नील-कण्ठात्मको मन्त्रो विष-ज्वर-हर पर —प्रो न्रीं ठः

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २२६ मे मन्त्र 'प्रो नृ न्री ठ' छपा है, जो अशुद्ध है। ऋषि अरुण, छन्द अनुष्टुप्, देवता नील-कण्ठ। 'मन्त्र-मञ्जूषा' मे उद्धार भिन्न है—'लोहितोऽग्न्यासन सद्यो विन्दुमान् प्रथम विदु, द्वितीय वह्नि-वीजस्थ दीर्घा शान्तीन्दु-भूषिता। तृतीय लाङ्गली सर्गी मन्त्रो वीज-त्रयान्वित।' द्वितीय वीज का रूप यहाँ 'श्री' बताया है, जो अशुद्ध है क्योंकि वीज-कोष के अनुसार 'दीर्घा' से 'न' का आशय है, अत 'न्री' ही शुद्ध है। 'मजूषा' मे ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री और विनियोग 'विष-हरणार्थे' बताए है। ध्यान मे एक पाठान्तर है—कृत-शेखर कृत-भूषण। 'शारदा-तिलक' मे भी यही उद्धार है, जिसमे तीन पाठान्तर है—(१) विदु · तत, (२) वीजस्थ वीजस्था, (३) भूषिता भूषित। साथ ही उद्धार का अन्तिम चरण है—'नील-कण्ठात्मक प्रोक्तो विष-द्वय-हर पर।' यहाँ ऋषि अरुणा, छन्द त्रिष्टुप्, वीज 'प्र', शक्ति 'ठ' बताए हैं और उद्धार-गत 'विष-द्वय' का अर्थ स्पष्ट किया है—स्थावर और जङ्गम विष।

'श्री श्रीविद्यार्णव तन्त्र' मे उक्त त्र्यक्षर मन्त्र की विशेष प्रयोग-विधि बताई है। यथा—मूल-मन्त्र से तीन प्राणायाम कर ऋष्यादि—न्यास करे (१) कहोलाय ऋषये, (२) निचृद्-गायत्री-छन्दसे, (३) श्रीमृत्युञ्जयाय देवतायै, (४) ॐ वीजाय, (५) सः शक्तये, (६) जूं कीलकाय, (७) ममाभीष्ट-सिद्धये विनियोगाय। फिर 'सा, सी' इत्यादि से षडङ्ग—न्यास कर ध्यान करे—

शुद्ध-स्फटिक-सङ्काश शुभ्र-पद्मासन-स्थितं, कपर्द-मौलि-विलसच्चन्द्र-खण्ड-च्युतामृतैः।
अभिषिक्त- समस्ताङ्गमर्केन्द्वनल - लोचन, दक्षिणोर्ध्व-करे मुद्रा ज्ञानाख्या तदधः करे।
अक्ष-माला च वामोर्ध्वे पाश वेदमधः करे, दधान चिन्तयेद् देवं मृत्यु-रोग-भयापहम्॥

इस प्रकार ध्यान कर 'ॐ हसकलह्रीं, जूं हसकहलह्रीं, स सकलह्रीं' इस प्रकार त्रिकूट-सम्पुटित मन्त्र का यथा-शक्ति जप करे।

२ नील - कण्ठ-मनु वक्ष्ये समस्त-विष-नाशन—श नी ठ·

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि अरुण, छन्द अनुष्टुप, देवता नील-कण्ठ, वीज 'श', शक्ति 'ठ.'। षडङ्ग-न्यास के छ मन्त्र—(१) हराय, (२) कपर्दिने, (३) नील-कण्ठाय, (४) काल-कूट-विष-भक्षणाय हु फट्, (५) श्री कण्ठाय (६) शित-कण्ठाय स्वाहा। ध्यान—

ध्यायेद् देवं नील-कण्ठ वालार्कायुत-वर्चस, जटा-भूत - लसच्चन्द्राकारकं फणि सत्तमैः।
धृत कल्प कराम्भोजैर्दधानं जप-मालिका, शूल कपालं खट्वाङ्गमक्ष माला च विभ्रतम्।
प्रति-वक्त्र त्रि-नयन व्याघ्र-चर्माम्बरावृत, पद्म-मध्ये समासीनमति-सुन्दर-विग्रहम्॥

पुरश्चरण मे तीन लाख जप। घृताक्त हविष्य से दशाश होम।

७ त्र्यक्षर चण्डेश्वर : अर्घीशो वह्नि-शिखरो लान्तस्थो दान्तं ईरितः, फडन्तश्चण्ड-मन्त्रोऽयं त्रि-वर्णात्मा समीरितः—ऊर्ध्वं फट्

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २३२। ऋषि त्रित, छन्द अनुष्टुप्, देवता चण्डेश्वर। 'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' में देवता का नाम 'चण्डेश' है। शारदा-तिलक' मे ऋषि 'त्रिक', वीज 'ऊ', शक्ति 'फट्' वताये है। साथ ही एक संक्षिप्त ध्यान भी दिया है—

शूल-टङ्काक्ष-वलयं कमण्डलु-लसत्-करं, रक्ताकारं त्रिनयनं चण्डेशमथ चिन्तयेत् ॥

८ पञ्चाक्षर ईशान : हृदय व-पर साक्षि लान्तोऽनन्तान्वितो मरुत्, पञ्चाक्षरो मनुः प्रोक्तः— नमः शिवाय

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २३०। ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता ईशान। 'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' मे देवता का नाम 'ईश' बताया है। ध्यान मे एक पाठान्तर—विश्व-बीज : विश्व-वन्द्य। 'शारदा-तिलक' मे बीज 'नमः', शक्ति 'उ' बताये है। ध्यान मे एक पाठान्तर—विश्व-बीज : विश्व-रूप।

'मेरु-तन्त्र' मे उद्धार—'नमः शिवायेति मन्त्रः पञ्चार्णः'। वहाँ देवता का नाम भिन्न वताया है—'सदा-शिव'। मन्त्र के एक-एक अक्षर से अर्थात् 'न हृदयाय नमः, म शिरसे स्वाहा' इत्यादि क्रम से पञ्चाङ्ग-न्यास करे, नेत्रो मे न्यास नही होगा। ध्यान भिन्न दिया है। यथा—

चारु-चन्द्र-कला-राजज्जटा - मुकुट-मण्डितं, पञ्च-वक्त्र-धरं शम्भुं प्रति-वक्त्रं त्रिलोचनम्।
शार्दूल - चर्म - वसनं रत्नाभरण - भूषितं, दक्षोर्ध्व - हस्ते टङ्कं च वरं च दधतं करैः।
वामोर्ध्व - हस्ते हरिणं दधानमभयं परे, सु-प्रसन्न-मुखाम्भोजं निविष्टं कुश-विष्टरे।
ब्रह्म-विष्णु-महेशाद्यैः स्तुतं कृष्णं सुरासुरैः, विश्वाद्यं विश्व-वपुषं भव-भीति-हरं भवम् ॥

पुरश्चरण मे पाँच लाख जप कर दशांश घृताक्त तिलो से होम। फिर दशांश-क्रम से मार्जन, तर्पण, ब्राह्मण-भोजनादि करे। अथवा पर्वत पर एक लाख, महा-नदी मे दो लाख, तीर्थ मे दो लाख जप कर दशांश होम दूर्वांकुर और तिलो से करे, तो साधक नीरोग होकर पूर्णायु को प्राप्त करता है।

९ षडक्षर ईशान : ताराद्योऽयं (पञ्चाक्षरः) षडक्षरः—ॐ नमः शिवाय

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २३०। ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता ईशान।

'श्रीविद्यार्णव तन्त्र' एकादश श्वास मे इस मन्त्र का विशेष प्रयोग दिया है। यथा—मूल-मन्त्र से तीन बार प्राणायाम कर ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता सदाशिव, विनियोग ममाभीष्ट-सिद्धये से ऋष्यादि-न्यास कर षडङ्ग - न्यास छ मन्त्रो से करे—(१) सर्वज्ञाय, (२) नित्य - तृप्तये, (३) अनादि-बोधाय, (४) स्वतन्त्राय, (५) नित्यमलुप्त-शक्तये, (६) नित्यमनन्त-शक्तये। ध्यान—

गो-क्षीर-फेन-धवलं रजताद्रि-सम-प्रभं, चारु-चन्द्र-कला-राजज्जटा-मुकुट-मण्डितम्।
पञ्च-वक्त्र-धरं शम्भुं प्रति-वक्त्रं त्रिलोचनम्, शार्दूल-चर्म-वसनं रत्नाभरण-भूषितम् ॥

इस प्रकार ध्यान कर 'हसकलह्रीं ॐ, हसकहलह्रीं नमः, सकलह्रीं शिवाय' इस प्रकार त्रिकूट-सम्पुटित मन्त्र का यथा-शक्ति जप करे।

१० षडक्षर दक्षिणामूर्ति महा-देवाय हुं

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि वाम, छन्द विराट्, देवता वाम-नायक। मन्त्र के प्रत्येक अक्षर के आदि मे काली-बीज (क्रीं) लगाकर षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

लिङ्ग-न्यस्त-महा-कालि मदिरासक्त-मानसं, लोह-दण्डं मांस-पिण्डं पान-पात्रं त्रिशूलकम् ।
दधतं भर्जितं मत्स्यं चषकं रुधिरस्य च, स्पृशन्तमेकेन भगमपरेण कुच-द्वयम् ।।

पुरश्चरण में आठ लाख जप कर मांस से दशांश होम ।

११ सप्ताक्षर चण्डोग्र-शूलपाणि : प्रणवं च ततो मायां कूर्च-बीजं समुच्चरेत्, शिवायेति फडन्तश्च चण्डोग्रोऽयं महा-मनुः—ॐ ह्रीं हूं शिवाय फट्

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ३८२ । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता चण्डोग्र-शूलपाणि ।

१२ सप्ताक्षर उमापति : लज्जयाद्यन्तयोर्युक्तः पञ्चार्णः सप्त-वर्णकः—ह्रीं नमः शिवाय ह्रीं

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता उमा-पति । ध्यान—

बन्धूक-कुसुमारक्तं चन्द्रार्ध-कृत-शेखरं, शूलं कपालमभयं वरं च दधतं करैः ।
वामोरु-संस्थितां देवी श्लिष्यन्तं वाम-बाहुना, स्मेर-वक्त्रं त्रि-नयनं सर्वाभरण-भूषितम् ।।

पुरश्चरण में सात लाख जप कर दशांश होमादि करे ।

१३ अष्टाक्षर नील-कण्ठ : तारो हृन्नील-कण्ठाय मन्त्रश्चाष्टाक्षरः परः—ॐ नमो नील-कण्ठाय

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २३० । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता नील-कण्ठ ।

'मेरु-तन्त्र' में उद्धार—'ॐ नमो नील-कण्ठाय मनुरष्टाक्षरः परः ।' शेष वही ।

१४ अष्टाक्षर उमा-पति : १ भुवनेशी प्रणवं नमः शिवाय भुवनेश्वरी (षडक्षरः शक्ति-रुद्धः कथितोऽष्टाक्षरोऽपरः)—ह्रीं ॐ नमः शिवाय ह्रीं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २२३ । ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता उमा-पति । 'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा' में ध्यान में दो पाठान्तर (१) चारु-हासं : चारु-हारं, (२) नमामि : भजामि ।

'मेरु-तन्त्र' में उद्धार—'लज्जयाद्यन्तयोर्युक्तः : षडर्णश्चाष्ट-वर्णः स्याद् ।' वहाँ इसके ऋष्यादि की वही विधि दी है, जो सप्ताक्षर 'उमापति' की है ।

२ तारो माया वियद् विन्दुमनुस्वार-समन्वितं—ॐ ह्रीं हौं नमः शिवाय

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २२५ । ऋष्यादि पञ्चाक्षर 'ईशान' के समान । 'शारदा-तिलक' में उक्त उद्धार का दूसरा चरण दिया है—'पञ्चाक्षर-समायुक्तो वसु-वर्णो मनुर्मतः ।' यहाँ इस मन्त्र के देवता का नाम 'उमा-पति' बताया है ।

३ 'श्रीश्रीविद्यार्णव तन्त्र,' एकादश श्वास में—ॐ ह्रौं ह्रीं नमः शिवाय

मूल-मन्त्र से तीन प्राणायाम कर ऋष्यादि-न्यास (१) वामदेव-ऋषये, (२) पंक्तिश्छन्दसे, (३) श्रीसदाशिव-देवतायै, (४) हुं बीजाय, (५) ओं शक्तये, (६) मम सर्वाभीष्ट-सिद्धये विनियोगाय से करे । फिर 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

सिन्दूर-पुञ्ज-शोणाङ्गं स्मेर-वक्त्रं त्रिलोचनम्, मणि-मौलि-लसच्चन्द्र-कलालंकृत-मस्तकम् ।
दक्षिणोर्ध्व-करे टङ्कं दधानं तदधो वरं, वामोर्ध्व-हस्ते हरिणं तदधोऽभयमादरात् ।
पीन-वृत्त-घनोत्तुङ्ग-स्तनाग्रे विनिवेश्य च, वामाङ्के सन्निविष्टायाः प्रियाया रक्त-पङ्कजे ।
दधत्यां दक्षिणे हस्ते चासीनं रक्त-पङ्कजे, नानाभरण-सन्दीप्तं नित्य-गन्ध-स्रगम्बरम् ।।

इस प्रकार ध्यान कर 'ॐ ह्रीं हसकलह्रीं, ह्रीं हसकहलह्रीं, नमः सकलह्रीं शिवाय' इस प्रकार त्रिकूट-सम्पुटित मन्त्र का यथा-शक्ति जप करे ।

१५ अष्टाक्षर सदाशिव : तार-माया-धरा-बीज-पूर्व पञ्चाक्षरो मनु., अष्ट-वर्णो भवेद्—**ॐ ह्रीं ग्लौं नमः शिवाय**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता सदा-शिव। ध्यान—

ध्यायेत् सततं सिन्दूरारुणं शम्भु त्रि-लोचन, टङ्कं मृगं तथा देवीं चालिङ्गन्तं वर-प्रदम्।
हस्तैश्चतुर्भिरारक्त-पद्मं च दधतीं करैः, पीन-वृत्त-घनोत्तुङ्ग - स्तनीं वामाङ्क - संस्थिताम्।
रक्त-पद्म-समासीनं रक्त-स्रग्-गन्ध-लेपनम्॥

पुरश्चरण मे आठ लाख जप। घृताक्त पायमान्न से होमादि।

१६ नवार्ण दक्षिणामूर्ति : प्रणवाद्य-रमाभ्या तु सम्पुटो नव-वर्णक, भवेत् पञ्चाक्षरो मन्त्र —**ॐ श्रीं नमः शिवाय ॐ श्रीं**

'मेरु'-तन्त्र। ऋषि शुक, छन्द विराट्, देवता दक्षिणामूर्ति रुद्र। षडङ्ग-न्यास के मन्त्र—(१) ॐ श्री आं, (२) ॐ श्री ईं, (३) ॐ श्री ऊ., (४) ॐ श्री ऐं, (५) ॐ श्री औं, (६) ॐ श्री अ। ध्यान—

शुद्ध-स्फटिक-सङ्काशं शशि-खण्ड-विभूषितं, व्याघ्र-चर्म-धरं शान्तं जटा-मुकुट-मण्डितम्।
मुख-पङ्करुहोल्लासं सोम-सूर्याग्नि-लोचनम्, मुद्रा-परश्वध-मृगान् बिभ्राणं बाहुभिस्त्रिभिः।
अङ्गाष्टके दधानं तु राम-बीजं सुशोभनं, व्याकुर्वन्तं समस्तानि ब्रह्म-तन्त्राणि सादरम्।
धृत-पङ्कज-हस्तं च सर्व-मोह-प्रणाशनं, शुकादि-मुनि-मुख्यैस्तु पुस्तकोज्ज्वल-पाणिभिः।
पर-भूतं महा-देवं दक्षिणामूर्तिमादरात्, भावयेद् योऽपि सद्भाव सर्वज्ञश्च भवेद् ध्रुवम्।

पुरश्चरण मे पाँच लाख जप। होमादि द्वा-त्रिंशदक्षर मन्त्र के समान।

१७ दशाक्षर नील-कण्ठ : स (अष्टाक्षरो) एव वह्नि-जायान्तो दश-वर्ण. प्रकीर्तितः—**ॐ नमः नील-कण्ठाय स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि अरुण, छन्द गायत्र, देवता महान् नील-कण्ठ, बीज 'ॐ', शक्ति 'स्वाहा'। ध्यान—

पूर्वाद्यैराननैर्युक्तः पीत - श्वेतारुणासितैः, अभयं परशु चापं वासुकिं च दधद् भुजैः।
ध्येयो देवोऽस्य पार्श्वस्था गौरी चाप्यति-सुन्दरी, संहार-निर्विष-स्तम्भावेशात् कुर्यात् क्रमान्मुखैः।

पुरश्चरण मे दस लाख जप कर विधिवत् होमादि करे।

१८ दशाक्षर रुद्र : तारो नमो भगवते रुद्रायेति प्रकीर्तित —**ॐ नमो भगवते रुद्राय**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि बौधायन, छन्द पंक्ति, देवता रुद्र। मन्त्र के चार पदो मे से एक-एक पद से और सम्पूर्ण मन्त्र से 'पञ्चाङ्ग-न्यास' करे। ध्यानादि पञ्चाक्षर-मन्त्र के समान।

'श्री श्रीविद्यार्णव तन्त्र', एकादश श्वास मे उक्त दशाक्षर-मन्त्र की विशेष विधि दी है। यथा—मूल-मन्त्र से तीन प्राणायाम कर ऋष्यादि-न्यास करे—(१) ब्रह्मणे-ऋषये, (२) विराट्-छन्दसे, (३) सदा-शिवाय देवतायै, (४) ममाभीष्ट-सिद्धये विनियोगाय। फिर षडङ्ग न्यास क्रमश (१) ॐ, (२) नम, (३) भगवते, (४) रुद्राय, (५) ॐ नमो भगवते रुद्राय, (६) रुद्राय से कर ध्यान करे—

आकीर्णं दिव्य-भोगैरमर दिति-सुतैरर्चितं शैल-कन्या-देहार्धं धारयन्त स्फटिक-मणि-निभ व्याघ्र-चर्मोत्तरीयम्।
दर्पो कृत्ति वसानं हिम-किरण-कला-शेखरं नील कण्ठं, हृष्टं व्याप्तं कलाभिर्धृत-कपिल जटं, भावयेऽहं महेशं।

इस प्रकार ध्यान कर 'ॐ हसकलह्रीं, नमो हसकहलह्रीं, भगवते सकलह्रीं रुद्राय' इस प्रकार त्रिकूट-सम्पुटित मन्त्र का यथा-शक्ति जप करे।

१९ द्वादशाक्षर मृत्युञ्जय . मृत्युञ्जय ममुच्चार्य पालय-द्वितयं वदेत्, मृत्युञ्जयं समुच्चार्य पुनरेव विलोमत. । द्वादशाक्षरोऽयं मन्त्र. मृत्युजयाभिधोऽपर —ॐ जूं स: पालय पालय स' जूं ॐ

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २२६ । ऋष्यादि त्र्यक्षर मृत्युजय के समान ।

२० द्वा-विंशदक्षर दक्षिणामूर्ति : प्रणव हृदय पश्चात् ततो भगवते पद, ङेऽन्तं च दक्षिणामूर्ति मह्यं मेधामुदीरयेत् । प्रयच्छ ठ-द्वयान्तोऽय द्वा - विंशत्यक्षरो मनु.—**ॐ नमो भगवते दक्षिणामूर्तये मह्य मेधां प्रयच्छ स्वाहा**

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २२७ । ऋषि चतुर्मुख, छन्द देवी गायत्री, देवता दक्षिणामूर्ति । 'मन्त्र-मजूषा' मे उद्धार मे दो पाठान्तर है—(१) प्रणवं : प्रणवो, (२) ङेऽन्त च : ङे-युतं । ध्यान मे भी एक पाठान्तर है—कराब्जैः : कराग्रे. । 'शारदातिलक' मे मन्त्र-गत 'मेधा' का भी पाठान्तर बताया है—'प्रज्ञा' ।

'मेरु-तन्त्र' मे उद्धार—'तारो नमो भगवते दक्षिणामूर्तये वदेत्, मह्य मेधा प्रयच्छेति स्वाहान्तोऽय द्वितीयक: । मेधा-स्थाने पठेत प्रज्ञा फलं नामानुसारत ।' यहाँ 'मेधा' का अर्थ बताया है 'कण्ठ की सामर्थ्य' या वाक्-शक्ति और 'प्रज्ञा' का 'स्मृति' (स्मरण-शक्ति) । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्र, देवता दक्षिणामूर्ति महादेव, वीज 'ॐ', शक्ति 'स्वाहा', कीलक 'मेधा', विनियोग 'पुरुषार्थे' । ध्यान—

शङ्करं तु शरच्चन्द्र - निभमम्भोज-मध्यगं, गङ्गा - धरं शरच्चन्द्र - करोल्लासित-शेखरम् ।
प्रसन्न - वदनाम्भोजं त्रि-नेत्रं सुस्मिताननं, दिव्याम्बर - धरं देवं गन्ध - माल्यैरलंकृतम् ।
नाना-रत्न-मयाकल्पमनुकल्प - विभूषितं, मुक्ताक्ष - मालां दक्षोर्ध्वे ज्ञान - मुद्रामधः-करे ।
वामोर्ध्वे च सुधा - कुम्भं पुस्तकं तदधः-करे, दधानं चिन्तयेद् देवं मुनि-वृन्द-निषेवितम् ।।

पुरश्चरण मे एक लाख जप । दुग्ध या घृत मे युक्त तिलो या पद्मो या पायस से दशाश होम ।

२१ चतुर्विंशत्यक्षर दक्षिणामूर्ति : तारो नमो भगवते दक्षिणामूर्तये वदेत्, मह्यं मेधा वदेत् प्रज्ञा प्रयच्छानल-वल्लभा । चतुर्विंशति-वर्णोऽयं— **ॐ नमो भगवते दक्षिणामूर्तये मह्यं मेधां प्रज्ञां प्रयच्छ स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता दक्षिणामूर्ति, वीज 'मेधा', शक्ति 'स्वाहा', विनियोग 'मेधा-समृद्धये' । ध्यान—

व्याख्या-पीठेऽति-शुभ्रं च भस्मोद्धलित-विग्रहं, ज्ञान मुद्राक्ष-मालाढ्य वीणा-पुस्तक-धारिणम् ।

पुरश्चरण मे कृष्णाष्टमी से कृष्ण-चतुर्दशी तक २४ सहस्र जप कर घृत मे दशाश होम ।

२२ ऊन-त्रिंशाक्षर नील-कण्ठ : तारा नमो भगवते सर्वज्ञेति पद वदेत्, कण्ठ नि नील-कण्ठाय अमलेति पद वदेत् । ङेऽन्त द्विः क्षिप ॐ स्वाहा चोन-त्रिंशाक्षरो मनु —**ॐ नमो भगवते सर्वज्ञ-कण्ठं नि नील-कण्ठाय अमलाय क्षिप-क्षिप ॐ स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि विमल, छन्द कृति, देवता 'अमल नीलकण्ठ रुद्र,' वीज 'वौं', शक्ति 'स्वाहा' । मन्त्र के ७, ५, ६, ४, ७ अक्षरो से पञ्चाङ्ग-न्यास । ध्यानादि पूर्ववत् । पुरश्चरण मे एक लाख जप कर घृत मे दशाश होम ।

२३ षट्-त्रिंशदक्षर दक्षिणामूर्ति १ दक्षिणामूर्ति पूर्वं तुभ्य पदमनन्तर, वट-मूल-पदस्यान्ते पदं पश्चान्निवासिने । ध्यानैक-निरताङ्गाय पश्चाद् ब्रूयान्नम पद, रुद्राय शम्भवे तार-शक्ति-रुद्धोऽयमीरितः । षट्-त्रिंशदक्षरो मन्त्र सर्व काम-फल-प्रद —**ॐ ह्रीं दक्षिणामूर्तये तुभ्यं वट-मूल-निवासिने, ध्यानैक-निरताङ्गाय नमो रुद्राय शम्भवे ह्रीं ॐ**

'शारदातिलक'। ऋषि शुक, छन्द अनुष्टुप्, देवता दक्षिणामूर्ति शिव, बीज 'ॐ', शक्ति 'ह्रीं'। षडङ्ग-न्यास क्रमशः छः मन्त्रों से करे—(१) ॐ ह्रीं दक्षिणामूर्तये ह्रां, (२) ॐ ह्रीं तुभ्यं ह्रां, (३) ह्रीं वट-मूल-निवासिने ह्रां, (४) ॐ ह्रीं ध्यानैक-निरताङ्गाय ह्रां, (५) ॐ ह्रीं नमो रुद्राय ह्रां, (६) ह्रीं शम्भवे ह्रां।

ध्यान—कैलासाद्रि-निभं शशाङ्क-शकल-स्फूर्जज्जटा-मण्डितं,
नासालोकन-तत्परं त्रि-नयनं वीरासनाध्यासितम्।
मुद्रा-टङ्क-कुरङ्ग - जानु-विलसत् - पाणि प्रसन्नाननं,
कक्षाबद्ध-भुजङ्गमं मुनि - वृतं वन्दे महेशं परम्॥

पुरश्चरण में तीन लाख बीस हजार जप कर दुग्ध-युक्त तिलों से दशांश होम।

'श्री श्रीविद्यार्णव-तन्त्र,' एकादश श्वास में इस मन्त्र की विशेष प्रयोग-विधि दी है। यथा—मूल-मन्त्र से तीन प्राणायाम कर ऋष्यादि-न्यास (१) शुकाय ऋषये, (२) गायत्री-छन्दसे, (३) श्रीदक्षिणा-मूर्तये देवतायै, (४) ॐ बीजाय, (५) ह्रीं शक्तये, (६) ममाभीष्ट-सिद्धये विनियोगाय से कर षडङ्ग-न्यास करे—(१) ॐ ह्रीं दक्षिणमूर्तये ह्रां, (२) ॐ ह्रीं तुभ्यं ह्रीं, (३) ॐ ह्रीं वट-मूल-निवासिने ह्रूं, (४) ॐ ह्रीं ध्यानैक-निरताङ्गाय ह्रैं, (५) ॐ ह्रीं नमो रुद्राय ह्रौं, (६) ॐ ह्रीं शम्भवे ह्रः। फिर ध्यान करे—

वट-विटप-समीपे भूमि-भागे निषण्णं, सकल-मुनि-जनानां ज्ञान-दातारमादरात्।
त्रिभुवन-गुरुमीशं दक्षिणामूर्ति-रूपं, जनन - मरण - दुःखच्छेद - दक्षं नमामि॥

इस प्रकार ध्यान कर 'ॐ ह्रीं दक्षिणामूर्तये तुभ्यं हसकलह्रीं, वट-मूल-निवासिने हसकहलह्रीं ध्यानैक-निरताङ्गाय सकलह्रीं, नमो रुद्राय शम्भवे ह्रीं ॐ' इस प्रकार त्रिकूट-सम्पुटित मन्त्र का यथा शक्ति जप करे।

पुरश्चरण में तीन लाख बीस हजार जप कर दुग्ध-युक्त तिलों से दशांश होम।

२ ॐकार-माया-बीजाभ्यां पुटं षट्-त्रिंशदक्षर, दक्षिणामूर्तये तुभ्यं वट-मूल - निवासिने। ध्यानैक-निरताङ्गाय नमो रुद्राय शम्भवे—ॐ ह्रीं दक्षिणा-मूर्तये, तुभ्यं वट-मूल-निवासिने, ध्यानैक-निरता-ङ्गाय नमो रुद्राय शम्भवे ॐ ह्रीं

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि शुक, छन्द अनुष्टुप्, देवता 'जगतामादिः दक्षिणामूर्तिः', बीज 'ॐ', शक्ति 'ह्रीं', विनियोग 'पुरुषार्थ-चतुष्टय'। ध्यान—

रजताद्रि-प्रतीकाशं मुनि-देव-गणैः स्तुतं, जटा-मुकुटिनं वीरासन-नासावलोकमम्।
त्रिनेत्रं सुप्रसन्नास्यं निविष्टं शुभ-पङ्कजे, दक्षिणोर्ध्व-करे टङ्कं व्याख्या-मुद्रामधः करे।
वामोर्ध्व-हस्ते हरिणं वाम-जानुन्यध -कर।

पुरश्चरण में ८ अयुत जप कर दुग्ध-युक्त तिलों या पायस या केवल घृत से दशांश होम।

२८ अष्ट-चत्वारिंशदक्षर मृत्युञ्जय : मृत्युञ्जयः केवलः स्यात् पुटितो व्याहृति-त्रयैः—ॐ भूः ॐ भुवः ॐ स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धि पुष्टि-वर्धनं, उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ स्वः ॐ भुवः ॐ भूः ॐ 'कर्मठ गुरु', पृष्ठ ६७।

२५ पञ्चाशदक्षर महा-मृत्युञ्जय : तारः खं व्यापिनी-चन्द्र-युत् तारश्चतुराननः, अर्घीश-विन्दु-संयुक्तो हसः सर्गी च भूर्भुवः। सकारो वाल-सर्गाढ्यस्त्र्यम्वकेर्वेदिको मनुः, भूर्भुवः स्वर्भुजङ्गेशस्तारी जूं सर्ग-वान् भृगुः। आकाशो मनु-विन्द्वाढ्यः प्रणवान्तो मनूत्तमः, महा-मृत्युंजयाख्योऽयं पञ्चाशद्-वर्ण-निर्मितः —**ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्वकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनं, उर्वारुकमिव वन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भुवः स्वरों जूं सः ह्रौं ॐ**

'मन्त्र-महोदधि'। ऋषि वामदेव, कहोल और वसिष्ठ। छन्द पंक्ति, गायत्री और अनुष्टुप्। देवता सदाशिव, महा-मृत्युञ्जय और रुद्र। वीज श्रीं। शक्ति ह्रीं। विनियोग अभीष्ट-सिद्धि। षडङ्ग-न्यास छः मन्त्रों से करे—१ ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्वकं ॐ नमो भगवते रुद्राय शूल-पाणये स्वाहा, २ ॐ-९ यजामहे ॐ नमो भगवते रुद्राय अमृत-मूर्तये मां जीवय, ३ ॐ-९ सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनं ॐ नमो भगवते रुद्राय चन्द्र-शिरसे जटिने स्वाहा, ४ ॐ-९ उर्वारुकमिव वन्धनात् ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिपुरान्तकाय हां ह्रीं, ५ ॐ-९ मृत्योर्मुक्षीय ॐ नमो भगवते रुद्राय त्रिलोचनाय ऋग्-यजुः-साम-मन्त्राय, ६ ॐ-९ मामृतात् ॐ नमो भगवते रुद्राय अग्नि-त्रयाय ज्वल-ज्वल मां रक्ष रक्ष ॐ अघोरास्त्राय। ध्यान—

हस्ताम्भोज-युगस्थ-कुम्भ-युगलादुद्धृत्य तोयं शिरः,
सिञ्चन्तं करयोर्युगेन दधतं स्वाङ्के स-कुम्भौ करौ।

अक्ष-स्रङ्-मृग-हस्तमम्वुज-गतं मूर्द्धस्थ-चन्द्र-स्रवत्,
पीयूषोन्न-तनुं भजे स-गिरिजं मृत्युञ्जयं त्र्यम्वकम्॥

पुरश्चरण में एक लाख जप कर दश-द्रव्यों से दशांश होम करे। दश-द्रव्य—१ विल्व-फल, २ तिल, ३ खीर, ४ घी, ५ दूध, ६ दही, ७ दूर्वा, ८ वट, ९ पलाश, १० खैर (अन्तिम तीन की समिधा त्रि-मधु से युक्त कर होम करे)।

'शारदा-तिलक' में 'त्र्यम्वकं यजामहे...मामृतात्'—३२ अक्षरवाले इस मन्त्र को 'त्र्यम्वक-मन्त्र' के नाम से वर्णित किया है और वताया है कि इसे प्रणव (ॐ), प्रासाद (ह्रौं), मृत्युंजय (ॐ जूं सः) और व्याहृति (भूर्भुवः स्वः) से सम्पुटित कर प्रयोग करने की साम्प्रदायिक विधि है। वहाँ 'त्र्यम्वक' मन्त्र के ऋषि वशिष्ठ, छन्द अनुष्टुप्, देवता त्र्यम्वक, वीज 'श्री' और शक्ति 'ह्रीं' वताये हैं। षडङ्ग-न्यास 'त्र्यम्वक' मन्त्र के ३, ४, ८, ९, ५, ३ अक्षरों से कर्तव्य है, जिनके साथ ऊपर वताया नवार्ण मन्त्र जोड़ना है, केवल दो पाठान्तर है—(१) चन्द्र-शिरसे जटिने : चन्द्र-शिरसे जटिले, (२) मां रक्ष रक्ष ॐ अघोरास्त्राय : मां रक्ष अघोरास्त्राय। ध्यान भिन्न दिया है, यथा—

हस्ताभ्यां कलश-द्वयामृत-रसैराप्लावयन्तं शिरो,
द्वाभ्यां तौ दधतं मृगाक्ष-वलये द्वाभ्यां वहन्तं परम्।
अङ्क-न्यस्त-कर-द्वयामृत-घटं कैलाश-कान्तं शिवम्,
स्वच्छाम्भोज-गतं नवेन्दु-मुकुटं देवं त्रि-नेत्रं भजे॥

पुरश्चरण की विधि वही है। दश द्रव्यों में 'घी' के स्थान पर 'सरसों' का उल्लेख है। 'कर्मठ गुरु', पृष्ठ ६६-६७ पर उद्धृत ध्यान में एक पाठान्तर है—नवेन्दु-मुकुटं देवं: नवेन्दु-मुकुटाभं तं।
साथ ही वहाँ वताया है कि मृत्युञ्जय मन्त्र के जप के वाद निम्न प्रकार प्रार्थना करनी चाहिये—

मृत्युञ्जय ! महा-रुद्र ! त्राहि मां शरणागत, जन्म-मृत्यु-जरा रोगैः पीडित कर्म-बन्धनैः ।
तारकस्त्वद्-गत-प्राणस्त्वच्चित्तोऽहं सदा मृड !

२६ पञ्चाशदक्षरी मृत-सञ्जीवनी १ प्रणवं व्याहृतीस्तिस्र प्रासाद मृत्यु-जिन्मनु, त्रियम्बक मृत्यु-जित प्रासाद व्याहृति-त्रय । प्रणवं चोच्चरेदेष मृत-सञ्जीवनी-मनु —ॐ भूर्भुवः स्वः ह्रौं ॐ जूं सः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनं, उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ जूं सः ह्रौं भूर्भुवः स्वरोम

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि वशिष्ठ, छन्द अनुष्टुप्, देवता मृत्युञ्जय रुद्र, बीज 'ॐ,' शक्ति 'ह्रौं' । ध्यान—

ऊर्ध्वं विधोर्मण्डलस्य बद्ध-पद्मासनं विभुं, स्रवत्-पीयूष-बिन्दोश्च कलाग्रं चन्द्र-सुप्रभम् ।
भोग-मुद्रा-धरं द्वाभ्यां घटं चामृत-पूरित, सोम-सूर्याग्नि-नेत्रं च बद्ध-पिङ्ग-जटा-धरम् ।
व्याघ्र-चर्माम्बर-धरं नानाभरण - भूषितं, भस्मानुलेपन भक्त-कृपा - करमनुस्मरेत् ॥

पुरश्चरण में ४० सहस्र जप कर यथोक्त द्रव्यों से दशांश होम ।

२७ द्वि-पञ्चाशदक्षरी मृत-संजीवनी . १ तार त्रि-बीज व्याहृत्य पुटितो मृत-जीविनी—ॐ ह्रौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनं, उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं ह्रौं ॐ

'कर्मठ-गुरु', पृष्ठ ६० ।

२ ॐ ह्रौं जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनं, उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ ह्रौं ॐ जूं सः ॐ भूर्भुवः स्वः 'मन्त्र-कोष' । उद्धार नहीं दिया है ।

२८ द्वि-षष्ट्यक्षर महा-मृत्युञ्जय : प्रणवान्ते प्रासादश्च मृति-हारकमेव च, भूरादि-व्याहृतयश्च त्र्यम्बकेति च ऋक् ततः, विपर्ययेण त्रि-बीज तद्-वच्च व्याहृति-त्रय । स्वाहान्तो मनुरेषोऽयं शुक्रेणाराधित पुरा—ॐ ह्रौं ॐ जूं ॐ सः ॐ भूः ॐ भुवः ॐ स्वः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि-वर्धनं, उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॐ स्वः ॐ भुवः ॐ भूः ॐ सः ॐ जूं ॐ ह्रौं ॐ स्वाहा

'कर्मठ गुरु,', पृष्ठ ६७ ।

अन्य मन्त्र

१ अघोरास्त्र

१ एक-पञ्चाशदक्षर : माया स्फुर-द्वयं भूय प्रस्फुर-द्वितय तत, घोर-घोर-तरेत्यन्ते तनु-रूप-पदं पुनः । चट-युग्मं तदन्ते स्यात् प्रचट-द्वितय तत, कह-युग्म वम-द्वन्द्व ततो बन्ध-युग पुन । घातय-द्वितय वर्म फडन्त समुदाहृत, एक-पञ्चाशदर्णोऽयमघोरास्त्र-महा-मनु —ह्रीं स्फुर स्फुर प्रस्फुर प्रस्फुर घोर-घोर-तर तनु-रूप चट चट प्रचट प्रचट बन्ध बन्ध घातय घातय हुं फट्

'शारदा-तिलक' । ऋषि अघोर, छन्द त्रिष्टुप्, देवता अघोर रुद्र । बीज मन्त्रस्य हल (व्यञ्जन-वर्ण), शक्ति स्वर-वर्ण । पद्म-पादाचार्य के मत से बीज 'हुं', शक्ति 'ह्रीं' । मन्त्र के ५, ६, १०, १०, ८, १२ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

सजल-घन-समाभं भीम-दंष्ट्रं त्रि-नेत्रं, भुजग-धरमघोरं रक्त-वस्त्राङ्ग-रागाम् ।
परशु-डमरु-खड्गान् खेटकं बाण-चापौ, त्रिशिखि-नर-कपाले बिभ्रतं भावयामि ॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर घृताक्त 'शुभ' तिलों से दशाश होम । 'शुभ तिलों' से आशय है कि तिलो को धोकर साफ कर ले और सुखाकर प्रयोग में लाये ।

कामना के अनुसार निम्न-प्रकार ध्यान कर मन्त्र का प्रयोग करना चाहिए—

[१] शत्रु-सेना के विनाश के लिये—

सहस्राब्धि-रवं हस्तैर्धनुः पञ्च-शतैरपि, सन्धायाकृष्य च शरान् विमुञ्चन्तमनारतम् ।
धावन्तं रिपु-सेनायां वमद्-विद्युद्-घनोपमं, ज्वलत्-पिङ्गोर्ध्व-केशं च गज-चर्मावगुण्ठितम् ॥

[२] घोर अप-स्मृति के नाश के लिये और ग्रह-शान्त्यर्थ—

त्रि-पाद-हस्त-नयनं नीलाञ्जन-चयोपमं, शूलासि-सूची-हस्तं च घोर-दंष्ट्राट्ट-हासिनम् ।

[३] शत्रु के उच्चाटन के लिए, जिससे वह अन्य देश को चला जाय—

धावन्तं वैरिणं पश्चादत्युग्रं स-धनुः-शरम् ।

[४] भूत-प्रेतादि के नाश के लिये—

खड्गं खेटं तथा घण्टां वेतालं शूलमेव च, कपालं चापि बिभ्राणं पिङ्गोर्ध्व-कच-भीषणम् ।
भूत-प्रेत-विनाशाय ध्यायेद् भीमाट्ट-हासिनम् ।

[५] मृत्यु-भय को दूर करने के लिये—

सीताब्ज-शीतांशु-पुटमिन्दु-कान्तेन्दु-वर्चसं, आशाम्बरं व्याघ्र-नख - प्रमुखैर्बाल - भूषणैः ।
अलंकृताङ्गं द्वि-भुजं त्रि-वर्षार्धक-रूपिणं, क्रमाङ्गं सुमुखं सौम्यं नील-कुञ्चित-कुन्तलम् ॥

[६] श्री-लाभ के लिये—

तप्त-जाम्बू-नद-निभं शूल-खड्ग-वराभयं, रक्तारविन्द-वसतिं स्मरन्नुच्चैः श्रियं लभेत् ।

(२) 'मेरु-तन्त्र' में उक्त ५१ अक्षर का मन्त्रोद्धार भिन्न रूप में दिया है—'मायां स्फुर-द्वयं चैव प्रस्फुर-द्वितयं वदेत्, पश्चाद् तर-द्वन्द्वं तर-प्रान्तं च प्र-द्वयं । प्रचट-द्वितयं पश्चात् कह-द्वन्द्वं मह-द्वयं घातय द्विर्हुंहुं भू-शर-वर्णकः'—ह्रीं स्फुर स्फुर प्रस्फुर प्रस्फुर तर तर प्रतर प्रतर प्रद प्रद प्रचट प्रचट कह कह मह मह बन्ध बन्ध घातय घातय हुं हुं

छन्द उष्णिक्, बीज 'वं'—शेष वही । मन्त्र के ५, ६, १०, १०, ८, १२ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । पुरश्चरण की विधि वही है । ध्यान—

मेघाकारं ततो ध्यायेद् भीम-दंष्ट्रं त्रि-लोचनं, भुजङ्ग-भूषणं रक्त-दसनालेप-शोभितम् ।
परशुं करवालं च बाणं त्रिशिखमेव च, दधानं दक्षिणैर्हस्तैरूर्ध्वादि-क्रमतः परैः ।
डमरुं खेटकं चापं नृ-कपालं च बिभ्रतं, काम्य-कर्मसु रक्ताभं कृष्णाभमभिचारके ।
निग्रहे ग्रह-भूतादि-मुक्तौ मुक्ता-निभं स्मरेत् ॥

२ पाशुपतास्त्र

१ षडक्षर : तारो वान्तो धरा-सस्थो वाम-नेत्रेन्दु-भूषितः, पार्श्वो नकः कर्ण-युतो वर्मास्त्रान्तः षडक्षरः । मनुः पाशुपतास्त्राख्यो ग्रह-क्षुद्र-निवारणः—ॐ श्लीं पशु हुं फट्

'शारदा-तिलक' । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता पाशुपतास्त्र-रूप पशुपति । मन्त्र के प्रत्येक अक्षर के आदि मे 'ॐ' और अन्त मे 'हुं फट्' जोडकर षडङ्ग-न्यास करे, यथा—'ॐ हुं फट्, ॐ श्लीं हुं फट्' इत्यादि । ध्यान—

मध्याह्नार्क - सम - प्रभं शशि - धरं भीमाट्टहासोज्ज्वलं,
त्र्यक्षं पन्नग-भूषणं शिखि - शिखा - श्मश्रू - स्फुरन्मूर्धजम् ।
हस्ताब्जैस्त्रि - शिखं स-मुद्गरमसिं शक्तिं दधानं विभुं,
दंष्ट्रा भीम - चतुर्मुखं पशु - पतिं दिव्यास्त्र - रूपं स्मरेत् ।।

पुरश्चरण मे छ लाख जप कर गो-घृत से दशांश होम । इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल को ग्रह-ग्रस्त व्यक्ति को पिलाने से वह ग्रह की बाधा से छूट जाता है ।

२ तार. श्री पशु-शब्दान्ते हुं फट् मन्त्रः षडक्षर —ॐ श्रीं पशु हुं फट्

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि वामदेव, छन्द पंक्ति, देवता पशु-पति । मन्त्र के प्रत्येक अक्षर को बिन्दु-युक्त कर और अन्त मे 'हुं फट्' जोडकर उनसे षडङ्ग-न्यास ।

पुरश्चरण-विधि पहले मन्त्र के समान । ध्यान—

पञ्च-वक्त्रं दश-भुजं प्रति-वक्त्रं त्रिलोचनं, अग्नि-ज्वाला-निभ-श्मश्रु-मूर्धजं भीम-दंष्ट्रकम् ।
खड्गं बाणामक्ष-सूत्रं शक्तिं परशुमेव च, दधानं दक्षिणैर्हस्तैरुर्ध्वादि - क्रमतः परैः ।
खेट-चापौ कुण्डिका च त्रिशूलं ब्रह्म-दण्डकं, नानाभरण - सन्दीप्तं बाल - चन्द्रैरलंकृतम् ।

३ अष्टाक्षर : पश्वन्ते पति-शब्द-युक्, भवेदष्टाक्षरो मन्त्र.—ॐ श्रीं पशुपतिः हुं फट्

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि आदि द्वितीय षडक्षर मन्त्र-वत् । बीज 'श्रीं', शक्ति 'हुं' । षडङ्ग-न्यास के मन्त्र—(१) ॐ ॐ, (२) ॐ प, (३) ॐ शु, (४) ॐ प, (५) ॐ ति, (६) ॐ हुं फट् । ध्यानादि द्वितीय षडक्षर-मन्त्र के समान ।

३ शरभेश्वर (पक्षिराज, शालुव)

१ एक-चत्वारिंशदक्षर : ॐ खं खां खं फडुच्चार्य द्वि शत्रून् प्रससीति च, तथा हुं फट् सर्वास्त्र-संहरणाय शरभेति च । शान्ताय पक्षि-राजाय हुं फट् स्वाहा नमो मनु —ॐ खं खां खं फट् शत्रून् प्रससि प्रससि हुं फट् सर्वास्त्र-संहारणाय शरभाय शान्ताय पक्षि-राजाय हुं फट् स्वाहा नम

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि वासुदेव, छन्द जगती, देवता कालाग्नि-रुद्र शरभ, बीज खं', शक्ति 'स्वाहा' । मन्त्र के ४, ६, १०, ७, ५ ६ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । समस्त मन्त्र से दिग्-बन्धन कर ध्यान करे—

विद्युज्जिह्वं वज्र-नखं वडवाग्न्युदरं तथा, व्याधि-मृत्यु-रिपुघ्नं चण्ड-वातातिवेगिनम् ।
हृद्-भैरव-स्वरूपं च वैरि-वृन्द-निषूदनं, मृगेन्द्र-त्वक्-छरीरेऽस्य पक्षाभ्यां चञ्चुना रव ।
अधो-वक्त्रश्चतुष्पाद ऊर्ध्व-दृष्टिश्चतुर्भुजः, कालान्त-दहन-प्रख्यो नील-जीमूत-नि स्वन ।
अरिर्यद्-दर्शनादेव विनष्ट बल-विक्रम, सदा-क्षिप्त गृहक्षाय पक्ष-विक्षिप्त - भूभृते ।
अष्ट-पादाय रुद्राय नम शरभ-मूर्तये ।।

पुरश्चरण मे एक सहस्र जप कर पायस से प्रतिदिन छ मास तक दशांश होम करे ।

२ द्वि-चत्वारिंशदक्षर : तार *प्रथममुद्धृत्य खें खां खं फट् तथैव च, प्राण ग्रहासि-द्वितय हुं* फट् च तदनन्तर । सर्वेति पदमाभाष्य शत्रु-संहारणाय च, शरभ-शालुवायेति पक्षि-राजाय तद् वदेत्,

फट् स्वाहेति मन्त्रोऽयं द्वि-चत्वारिंशदक्षरं—ॐ खें खां खं फट् प्राण-ग्रहासि प्राण-ग्रहासि हुं फट् सर्व-शत्रु-संहारणाय शरभ-शालुवाय पक्षि-राजाय हुं फट् स्वाहा

'शरभ-तन्त्र,' पृष्ठ १३। ऋषि कालाग्नि-रुद्र, छन्द जगती, देवता भगवान् शरभेश्वर, वीज 'खं', शक्ति 'स्वाहा,' कीलक 'फट्', विनियोग स्वेच्छा-प्रयोग-सिद्धयर्थे। षडङ्ग-न्यास '(१) ॐ खे खां अं कं...ङं आं, (२) ॐ खं फट् इं चं...ञं ईं, (३) ॐ प्राण-ग्रहासि प्राण-ग्रहासि हुं फट् उं टं...णं ऊं, (४) ॐ सर्व-शत्रु-संहारणाय एं तं ..नं ऐं, (५) ॐ शरभ-शालुवाय ओं पं...मं औं, (६) ॐ पक्षि-राजाय हुं फट् स्वाहा अं यं....हं ल क्षं अः' इन छः मन्त्रों से कर ध्यान करे—

चन्द्रार्काग्निस्त्रि-दृष्टिः कुलिश-वर-नखश्चञ्चलोऽत्युग्र-जिह्वः।
काली-दुर्गा च पक्षौ हृदय-जठरगो भैरवो वाडवाग्निः।।
ऊरुस्थौ व्याधि-मृत्यू शरभ-वर-खगश्चण्ड-वातातिं-योगः।
संहर्ता सर्व-शत्रून् स जयति शरभः शालुवः पक्षि-राजः।।१।।
मृगस्त्वर्ध-शरीरेण पक्षाभ्यां चञ्चुना द्विजः, अधो-वक्त्रश्चतुष्पाद ऊर्ध्व-वक्त्रश्चतुर्भुजः।
कालाग्नि-दहनोपेतो नील-जीमूत-सन्निभः, अरिस्तद्-दर्शनादेव विनष्ट-बल-विक्रमः।।२।।
सटा-छटोग्र-रूपाय पक्ष-विक्षिप्त-भूभृते, अष्ट-पादाय रुद्राय नमः शरभ-मूर्तये।।३।।

२ गायत्री : १ तारमादौ वदेद् देवि ! पक्षि-शाल्वाय वै पदं, विद्महेति पदं चोक्त्वा वज्र-तुण्डाय धीमहि। तन्नः शब्दं समुच्चार्य शरभेति ततोच्चरेत्। प्रचोदयात् पदं चोक्त्वा तारं चैव पुनर्वदेत्। एषा शालुव-गायत्री जपतां सर्व-कामदा—ॐ पक्षि-शाल्वाय विद्महे वज्र-तुण्डाय धीमहि तन्नः शरभः प्रचोदयात् ॐ

'शरभ तन्त्र', आकाश-भैरव-कल्प, पृष्ठ ६।

२ ॐ पक्षि-राजाय विद्महे शरभेश्वराय धीमहि तन्नो शरभः प्रचोदयात्

परम पूज्य स्वामी हिमालय अरण्य से प्राप्त हस्त-लिखित पाण्डु-लिपि 'शरभ पटल' से।

३ अष्टोत्तर-शताक्षर माला-मन्त्र : तारो नमो भगवते ङेऽन्त शरभ शाल्व च, सर्व-भूतोच्चाटनाय ग्रह-राक्षस चोच्चरेत्। निवारणाय ज्वालेति ङेऽन्तं माला-स्वरूपकं, दक्ष-निष्काशनायेति साक्षादिति पदं वदेत्। काल-रुद्र-स्वरूपाष्ट-मूर्तये च तथा वदेत्, कृशानु-रेतसे चेति महेति पदमुच्चरेत्। क्रूर-भूतोच्चाटनायेत्यप्रति-शयनाय च, शत्रूंश्च नाशय-द्वन्द्वं वदेच्छत्रु-पशूंस्ततः। गृह्ण-युग्मं खाद-युग्मं तारं हुं फट् वसु-प्रियां—ॐ नमो भगवते शरभाय शाल्वाय सर्व-भूतोच्चाटनाय ग्रह-राक्षस-निवारणाय ज्वाला-माला-स्वरूपाय दक्ष-निष्काशनाय साक्षाद् काल-रुद्र-स्वरूपाष्ट-मूर्तये कृशानु-रेतसे महा-क्रूर-भूतोच्चाटनाय अप्रति-शयनाय शत्रून् नाशय नाशय शत्रु-पशून् गृह्ण गृह्ण खाद खाद ॐ हुं फट् स्वाहा

'मेरु-तन्त्र'। प्रतिदिन १०८ बार छः मास तक जपने से उक्त मन्त्र सिद्ध होता है। उसके बाद पात्र में पवित्र जल रखकर सात बार उसे अभिमन्त्रित करे। इसके पीने से एक सप्ताह के भीतर सब प्रकार के ज्वर शान्त होते हैं।

६ खड्ग-रावण

१ सप्तपूर्व्य-शताक्षर : प्रणवो हृदयं पश्चात् ङेऽन्तं पशुपति पुनः, तारो नमो भूत-पदं ततोऽधिपतये ध्रुवं। नमो रुद्राय युगलं खड्ग-रावण-शब्दतः, विहर-द्वितयं पश्चात् सर-नृत्य-युगं

पृथक् । श्मशान-भस्मार्चितान्ते शरीराय ततः परं, घण्टा-कपाल-मालादि-धरायेति पदं पुनः । व्याघ्र-चर्म-पदस्यान्ते परिधानाय तत्-परं, शशाङ्क-कृत-शब्दान्ते शेखराय ततः परं । कृष्ण-सर्प-पदं पश्चात् ततो यज्ञोपवीतिने, चल-युग्मं वल्गु-युगमनिवर्त्त-कपालिने । हन-युग्मं ततो भूतान् त्रासय-द्वितयं पुनः, भूयो मण्डल-मध्ये स्यात् कट-युग्मं ततः परं । रुद्रांकुशेन शमय प्रवेशय-युगं ततः, आवेशय-युगं पश्चाच्चण्डासि-पदमीरयेत् । धराधि-पति-रुद्रोऽथ ज्ञापयेत्यग्नि-सुन्दरी, खड्ग-रावण-मन्त्रोऽयं सप्तत्यूर्ध्व-शताक्षरः—ॐ नमः पशुपतये ॐ नमो भूताधिपतये ॐ नमो रुद्राय ॐ नमो रुद्राय खड्ग-रावण विहर विहर सर सर नृत्य नृत्य श्मशान-भस्मार्चित-शरीराय घण्टा-कपाल-मालादि-धराय व्याघ्र-चर्म-परिधानाय शशाङ्क-कृत-शेखराय कृष्ण-सर्प-यज्ञोपवीतिने चल चल वल्गु-वल्गु अनिवर्त्त-कपालिने हन हन भूतान् त्रासय त्रासय कट कट रुद्र ! अंकुशेन शमय प्रवेशय प्रवेशय आवेशय आवेशय चण्डासि धराधिपति रुद्र ! ज्ञापय स्वाहा

'शारदा-तिलक' । खड्ग-रावण का पूजा-मन्त्र है—'भूताधिपतये स्वाहा ।' बीज है 'खौं' आदि में 'औः' लगाकर पञ्च-ह्रस्व-युक्त 'ख' से अर्थात् 'औः ख, औः खि' इत्यादि से ईशानादि पञ्च-मूर्तियों का न्यास क्रमशः देह [मस्तक, हृदय, गुह्य और पाद] में तथा ऊर्ध्वादि पांच मुखों में करे । 'खां, खीं' इत्यादि से अङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

> घण्टा-कपाल-सृणि-मुण्ड-कृपाण-खेट-खट्वाङ्ग-शूल-डमरूनभयं दधानम् ।
> रक्ताङ्गमिन्दु - शकलाभरणं त्रि - नेत्रं, पञ्चाननाब्जमरुणांशुकमीडे ।।

पुरश्चरण में दो अयुत जपकर घृताक्त पायस से दशांश होमादि करे । इस मन्त्र के प्रभाव से सभी भूत, कृत्या, ग्रह आदि के महान् भय दूर होते हैं । भूत-निग्रह के लिए यह सर्व-श्रेष्ठ मन्त्र है ।

२ चतुस्सप्तत्यूर्ध्व-शताक्षर : तारो नमो भगवते ङेऽन्तः पशुपतिर्ध्रुवः, हृद्-भूताधिपतिर्ङेऽन्त ॐ हृद् रुद्राय चोच्चरेत् । खड्ग-रावण ल ल च विहर-द्वितयं सर, सर नृत्य-द्वयं पश्चाद् व्यसनं पदमुच्चरेत् । भस्मार्चित-शरीराय ततो घण्टा-पद वदेत्, कपाल-माला-धराय व्याघ्र-चर्म-पदं ततः । परिधानायाय ङेऽन्तः शशाङ्क-कृत-शेखरः, कृष्ण-सर्प-पदं प्रोच्य वदेद् यज्ञोपवीतिने । चल-द्वयं वल द्वेधा अति-वर्ति-कपालिने, जहि द्वयं वदेद् भूतान् नाशय-द्वितयं ततः । मण्डलेति पदान्ते तु मध्ये फड्-द्वितयं ततः, रुद्रांकुशेन शमय प्रवेशय-युग वदेत् । द्विरावेणय रक्षांसि धराधिपति संवदेत्, रुद्रो ज्ञापयति स्वाहा मन्त्रोऽयं खड्ग-रावण.—ॐ नमो भगवते पशु-पतये ॐ नमो भूताधिपतये ॐ नमो रुद्राय खड्ग-रावण लं लं विहर विहर, सर सर, नृत्य नृत्य, व्यसनं भस्मार्चित-शरीराय घण्टा-कपाल माला-धराय व्याघ्र-चर्म-परिधानाय शशांक-कृत-शेखराय कृष्ण-सर्प-यज्ञोपवीतिने चल चल, बल बल, अति-वर्ति-कपालिने जहि जहि, भूतान् नाशय नाशय, मण्डलाय फट् फट्, रुद्रांकुशेन शमय शमय, प्रवेशय प्रवेशय, आवेणय आवेणय, रक्षांसि धराधिपति रुद्रो ज्ञापयति स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । पाद-टिप्पणी में उक्त 'उद्धार' के आधार पर जो मन्त्र दिया है, उसमें एक पाठान्तर है—'जहि जहि : हन हन ।' ऋषि रावण, छन्द अमित, देवता खड्ग-रावण । 'खां, खीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

> रक्ताम्बरं रक्त-वर्णं चन्द्र-मौलिं त्रि-लोचनं, पञ्चाननं करैर्घण्टां कपालांकुश-मस्तकम् ।
> कृपाणं खेट-खट्वाङ्गौ त्रिशूलं डमरुं करैः, दधानमभयं चापि ध्यायेत् पञ्चाननं शिवम् ।।

पुरश्चरण की विधि पूर्वोक्त मन्त्र के समान ।

५ वटुक-भैरव

१ एक-विंशत्यक्षर : उद्धरेद् वटुकं ङेऽन्तमापदुद्धारणं तथा कुरु - द्वयं पुनर्ङेऽन्तं वटुकान्तं समुद्धरेत् । एक-विंशत्यक्षरात्मा शक्ति-रुद्धो महा-मनुः—ह्रीं वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीं

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २३५ । ऋषि वृहदारण्यक, छन्द गायत्री, देवता वटुक-भैरव । 'शारदा-तिलक' में भी यही उद्धार है, एक पाठान्तर है—वटुकान्तं : वटुकं तं । साथ ही अन्तिम चरण भी दिया है—'अभीष्ट-फल - संसिद्धयै कीर्तितः सुर - पादपः ।' छन्द भिन्न बताया है—अनुष्टुप् । देवता का नाम 'आपदुद्धारण भैरव' निर्दिष्ट किया है । ध्यानादि वही दिए हैं । सात्विक ध्यान मे तीन पाठान्तर है—(१) कुण्डलोद्भासि : कुन्तलोल्लासि, (२) नूपुराद्यैः नूपुराधैः (३) वदनं : वसनं । ध्यान में भी तीन पाठान्तर हैं—(१) कान्ति : कान्तं, (२) पिङ्गलाक्षं : पिङ्ग-केशं, (३) शूलाभयानि : पाशाभयानि ।

'मेरु-तन्त्र' में उद्धार भिन्न शब्दो मे है—'मायां च वटुकं ङेऽन्तमापदोद्धारणाय च, कुरु-द्वयं च वटुकाय ह्रीं प्रकृति-वर्णकः ।' ऋष्यादि 'शारदा-तिलक' के समान, देवता का नाम 'भैरव', वीज 'ह्रीं', शक्ति 'रं', कीलक 'आ' बताए हैं । ध्यान भिन्न है, यथा—

दीप्त-मुद्रा-वराभीति - किङ्किणी-जाल-नूपुरैः, युतं रत्न-मयैः स्मेर-वदनं कुटिलालकम् ।
दक्षे शूलं च परशु दधतं बटु - रूपिणं, द्वि-भुजं सस्मरेद् देव-कार्यार्थं सात्विकं द्विजः ।
वैष्णवस्तु चतुर्बाहुं जटा - मुकुट - धारिणं, त्रिशूलं पाश-दण्डौ च दधतं च कमण्डलुम् ।।

पुरश्चरण मे २१ लाख जप कर त्रि-मधु-युक्त तिलों से दशांश होम ।

२ द्वा-विंशत्यक्षर : एवं प्रणव - पूर्वकमिति यथा—ॐ ह्रीं वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीं

'मन्त्र-कोष' । इसका उल्लेख 'हिन्दी तन्त्रसार' मे नही है । 'सविधि वटुक-भैरव-स्तोत्र', पृष्ठ ६ पर उद्धार—'प्रणवं पूर्वमुद्धृत्व देवी-प्रणवमुद्धरेत्, वटुकायेति वै पश्चादापदुद्धारणाय च । कुरु-द्वयं ततः पश्चाद् वटुकाय पुनर्वदेत्, देवी-प्रणवमुद्धृत्य मन्त्रोद्धारमिमं प्रिये ।' ऋषि वृहदारण्यक, छन्द अनुष्टुप्, देवता श्रीमदापदुद्धारण वटुक भैरव, वीज 'वं', शक्ति 'ह्रीं', कीलक 'ॐ' ।

३ त्रिंशदक्षर : तारो माया तदनु वटुकाय द्वयं क्षौं तदापच्छब्दोद्धारणाय शिरसि ज्ञेयौ कुरु द्वन्द्वमुच्चै, ह्रीं वीज यद् वटुक - पुटितं भौवनं चाग्नि - जाया—ॐ ह्रीं वटुकाय क्षौं क्षौं आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीं वटुकाय स्वाहा

'भैरव-सर्वस्व', पृष्ठ २४ । 'काल-सङ्कर्षण तन्त्र' से उद्धृत । ऋषि कालाग्नि-रुद्र, छन्द अनुष्टुप्, देवता आपदुद्धारक देव वटुकेश्वर, वीज 'ह्रीं', शक्ति भैरवी-वल्लभ, कीलक दण्ड-पाणि, विनियोग समस्त-शत्रु-दमन, समस्तापन्निवारण, सर्वाभीष्ट-प्रदान । ध्यान—

नील-जीमूत-सङ्काशो जटिलो रक्त-लोचनः, दंष्ट्रा कराल-वदनः सर्प-यज्ञोपवीत-वान् ।
दंष्ट्रायुधालंकृतश्च कपाल-स्रग्-विभूषितः, हस्त-न्यस्त-किरीटीको भस्म-भूषित विग्रहः ।
नाग-राज-कटि-सूत्रो बाल-मूर्ति-दिगम्बरः, मञ्जु-शिञ्जान-मञ्जीर-पाद-कम्पित-भूतल. ।
भूत-प्रेत-पिशाचैश्च सर्वतः परिवारितः, योगिनी-चक्र-मध्यस्थो मातृ-मण्डल-वेष्टितः ।
अट्टहास-स्फुरद्-वक्त्रो भृकुटी-भीषणाननः, भक्त-संरक्षणार्थाय दिक्षु भ्रमण-तत्परः ।।

६ स्वर्णाकर्षण भैरव

१ सप्त-पञ्चाशदक्षर : ऐं ह्रीं श्रीं ऐं श्रीं आपदुद्धारणाय ह्रां ह्रीं ह्रूं अजामल-बद्धाय लोकेश्वराय स्वर्णाकर्षण-भैरवाय मम दारिद्र्य-विद्वेषणाय महा-भैरवाय नमः श्रीं ह्रीं ऐं

मन्त्र-महार्णव । ऋषि ब्रह्मा, छन्द पंक्ति, देवता हरि-हर-ब्रह्मात्मक स्वर्णाकर्षण-भैरव, बीज 'ह्रौं', शक्ति 'ह्रीं', कीलक 'ॐ'। ध्यान—

पीत-वर्णं चतुर्बाहुं त्रिनेत्रं पीत - वाससं, अक्षय-स्वर्ण-माणिक्यं तडित् - पूरित-पात्रकम् ।
अभिलषितं महा-शूलं तोमरं चामर-द्वयं, सर्वाभरण - सम्पन्न मुक्ता - हारोप - शोभितम् ।
मदोन्मत्तं सुखासीनं भक्तानां च वर-प्रदं, सन्ततं चिन्तयेद् वश्यं सर्व - सिद्धिदम् ।
पारिजात-द्रुम-कान्तार - स्थिते मणि - मण्डपे, सिंहासन - गतं ध्यायेद् भैरवं स्वर्ण-दायकम् ।। १
गाङ्गेय - पात्रं डमरुं त्रिशूलं वरं करैः सन्दधतं त्रिनेत्रम् ।
देव्या युतं तप्त - सुवर्ण - वर्णं स्वर्णाकृतिं भैरवमाश्रयामि ।। २
मन्दार-द्रुम-मूल-भाजि-सु-महा-माणिक्य-सिंहासने, संविष्टोदर-भिन्न-पङ्कज-रुचा देव्या कृतालिङ्गन ।
भक्तेभ्यः कर-रत्न-पात्र-भरितं स्वर्णं ददानोऽनिशं, स्वर्णाकर्षण - भैरवो विजयते स्वर्गापवर्गैक-भूः ।।३

पुरश्चरण मे एक लाख जपकर पायस (खीर) से होम ।

२ अष्टा-पञ्चाशदक्षर : प्रणवो वाग्भव काम-शक्ती दीर्घ-त्रयान्विते, सर्गी भृगुर्भया सेन्दुरापदुद्धारणाय च । अजामलान्ते बद्धाय ङेन्तो लोकेश्वरस्तथा, स्वर्णाकर्षण-भैरवान्ते दीर्घो बालः प्रभञ्जनः । मम दारिद्र्य-विद्वेषणयान्ते प्रणवो रमा, ङेन्तो महा-भैरवान्ते हृदय कीर्तितो मनुः—**ॐ ऐं क्लां क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः व आपदुद्धारणाय अजामल-बद्धाय लोकेश्वराय स्वर्णाकर्षण-भैरवाय मम दारिद्र्य-विद्वेषणाय ॐ श्रीं महा-भैरवाय नम**

'मन्त्र-महोदधि' । ऋषि, छन्द वही, देवता 'स्वर्णाकर्षण भैरव'। बीज और शक्ति का उल्लेख नही है । मन्त्र के ६, ८, १२, ६, १०, १० अक्षरो मे या 'क्लां ह्रां, क्लीं ह्रीं, क्लूं ह्रूं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

पारिजात-द्रु-कान्तारे स्थिते माणिक्य-मण्डपे, सिंहासन-गतं ध्यायेद् भैरव स्वर्ण-दायिनं ।

इस ध्यान से संलग्न प्रथम मन्त्र का 'गाङ्गेय०' आदि ध्यान है, जिसमे दो पाठान्तर है—१ स्वर्णाकृतिं : स्वर्णाकृपं, २ भैरवमाश्रयामि : भैरवमाश्रयाम' ।

७ चण्ड भैरव

१ त्र्यक्षर : १ अथ वक्ष्ये चण्ड-मन्त्रमो हुं फट् त्र्यक्षरो मनु—**ॐ हुं फट्**

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि त्रिक, छन्द अनुष्टुप्, देवता चण्ड, बीज 'ॐ', शक्ति 'फट्', विनियोग इष्टार्थ । षडङ्ग-न्यास (१) दीप्त फट्, (२) ज्वाला फट्, (३) ज्वाला-मालि फट्, (४) तत् फट्, (५) हन फट् (६) सर्व-ज्वालिनि फट्—मन्त्रो से कर ध्यान करे—

ध्यायेच्चण्डेश्वरं रक्तं त्रिनेत्रं रक्त-वाससं, चन्द्र-मौलिं च बिभ्राणं शूल-टङ्कं कमण्डलुम् ।
स्फटिक स्रजमाबद्ध-जटाजूट स-नागकं ।।

पूजन करने का अष्टाक्षर-मन्त्र है—'चण्डेश्वराय नमः' । पृष्ठ ६६ मे प्रकाशित 'त्र्यक्षर चण्डेश्वर' मन्त्र भी इस सन्दर्भ मे द्रष्टव्य है ।

२ गायत्री— **चण्डेश्वराय विद्महे चण्ड-चण्डाय धीमहि तन्नश्चण्ड प्रचोदयात्**

'मेरु तन्त्र' । पुरश्चरण मे तीन लाख जप कर त्रि-मधु-युक्त तिल और तण्डुल से दशांश होम ।

८ वीरभद्र भैरव

चतुर्दशाक्षर : **क्लीं प्रीं वीरभद्र जय जय नमः स्वाहा**

प० पू० श्री स्वामी हिमालय अरण्य द्वारा संग्रहीत पाण्डुलिपि। ऋषि भैरव, देवता वीर-भद्र-रूपी महाकाल भैरव। छन्द, वीज, शक्ति, कीलक पक्षिराज शरभ के समान।

९ निशा-चौर

१ नवाक्षर : १ ॐ नां नौं निशा-चौराय फट्

प० पू० श्री स्वामी हिमालय अरण्य, जातापहारिणी-कल्प से। ऋषि मनु, छन्द विराट्, देवता निशा-चौर, वीज 'नां', शक्ति 'फट्', विनियोग 'प्रत्यूह-शमनार्थे'। 'नां नौं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान–

कृष्ण-वर्णं रक्त-नेत्रं निशा-चौरं भयानकं, शक्ति-हस्तं दीप्त-जङ्घं विकटाक्षं दिगम्बरं।
कराल-वदनं भीमं शुष्क-देहं कृशोदरम्, ध्यायेत् सदा-क्रोध-युक्तं घण्टा-घर्घर-वादिनम्॥

२ वलि-मन्त्र : ॐ नां नौं निशा-चौराय इमं सामिषान्न-वलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय मम नैशय-विघ्नं नाशय नाशय हुं फट् स्वाहा।

१० भैरव-शक्ति वन्दी

एकादशाक्षर : तारो हिलि-युगं देवी वन्दी ङेऽन्तो नमोऽन्तकः, एकादशाक्षरो मन्त्रः—ॐ **हिलि हिलि देव्यै वन्द्यै नमः**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि भैरव, छन्द त्रिष्टुप्, देवता वन्दी देवी। मन्त्र के १, २, २, २, २, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास कर ध्यान करे—

मेघ-श्यामां सुधा-कुम्भमभयं दधतीं स्मरेत्। रत्न-सिंहासने स्थितां यजेत् बन्धन-मुक्तये॥

पुरश्चरण में दो लाख जप कर पायस से दशांश होम।

११ महा-भैरव क्षेत्रपाल

१ अष्टाक्षर : क्षौमिति वीजादि क्षेत्रपालायेत्युपेत नमोऽन्तः—क्षौं क्षेत्रपालाय नमः

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २३३। ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता क्षेत्रपाल, वीज 'क्षौं', शक्ति 'आत्मने'। 'शारदा-तिलक' में उद्धार—वर्णान्त्यमौ विन्दु-युक्तं क्षेत्र-पालाय हृन्मनुः, ताराद्यो वसु - वर्णोऽयं क्षेत्रपालस्य कीर्तितः।' वहाँ छन्द गायत्री और शक्ति 'लाय' बताये हैं। ध्यान भी भिन्न दिया है, यथा–

नीलाञ्जनाद्रि-निभमूर्ध्व-पिशङ्ग-केशं, वृत्तोग्र - लोचनमुपात्त - गदा-कपालम्।
आशाम्बरं भुजग-भूषणमुग्र - दंष्ट्रं, क्षेत्रेशमद्भुत - तनुं प्रणमामि देवम्॥

२ नवाक्षर : प्रणवादिर्यथा—वर्णान्त्यमौ विन्दु-युतं क्षेत्रपालाय हृन्मनुः, ताराद्यो वसु-वर्णोऽयं क्षेत्रपालस्य ईरितः—**ॐ क्षौं क्षेत्रपालाय नमः** 'हिन्दी-तन्त्रसार,' वही।

'मेरु-तन्त्र' में उक्त दोनो मन्त्रों का उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है—'ङेऽन्तस्तु क्षेत्रपालः स्यात् क्षौं वीजाद्यो गजाक्षरः। स एव प्रणवाद्यस्तु दक्षे वामे नवाक्षरः।' छन्द 'गायत्र', शक्ति 'नमः' बताए हैं। शेष वही। 'क्षां, क्षीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

ततः सञ्चिन्तयेद् देवमञ्जनाद्रि-सम-प्रभं, वर्तुलास्यं त्रिनयनमूर्ध्व-पिङ्ग-जटा - धरम्।
दंष्ट्रा-कराल-वदनं भीम-रूपं दिगीश्वरं, दक्षे गदां कपालं च वामे सर्प - विभूषणम्॥

३ वलि-मन्त्र : १ पूर्वमेहि-द्वय पश्चाद् विदुष स्यात् पुरु-द्वय, भजय-द्वितयं भूयो नतंय-द्वितयं पुनः। ततो विघ्न-पद-द्वन्द्वं महा-भैरव तत्-परं, क्षेत्रपाल वलिं गृह्ण-द्वयं पावक-सुन्दरी। वलि-मन्त्रोऽयमा-

अर्थात् सर्व-काम-फल-प्रद —एहि एहि विद्रुपि पुर पुर, भञ्जय भञ्जय, नर्तय नर्तय, विघ्न विघ्न, महा-भैरव क्षेत्रपाल ! बलि गृह्ण गृह्ण स्वाहा (४४ अक्षर)

'शारदा-तिलक'। उक्त मन्त्र एक सहस्र जप से सिद्ध होता है। एक प्रहर रात्रि बीत जाने पर व्यञ्जन-सहित अन्न का पिण्ड बनाकर क्षेत्रपाल का ध्यान करे और उनके बाएँ हाथ के कपाल-पात्र में उसे अर्पित करने की भावना करे। इस बलिदान से प्रसन्न होकर क्षेत्रपाल कान्ति, मेधा, बल, आरोग्य, तेज, पुष्टि, यश और श्री प्रदान करते हैं। 'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २०५ पर दो प्रकार के बलि-मन्त्र दिए हैं, जिनमें से एक उक्त प्रकार का ही है किन्तु दो पाठान्तर हैं—(१) पुरु पुरु : सुरु सुरु : (२) नर्तय नर्तय : तर्जय तर्जय।

२ 'मेरु-तन्त्र'। उद्धार भिन्न शब्दों में है —एह्येहीति समुच्चार्य विद्विपोऽन्त, पुर - द्वयं, भञ्जय द्विर्नर्तय द्विविघ्न विघ्न महा वदेत्। भैरव क्षेत्रपालेति बलि देव ततो वदेत्, गृह्ण - द्वय वह्नि-जाया पञ्च-त्रिंशाक्षरो मनुः—एहि एहि विद्विपोऽन्तः पुर पुर भञ्जय भञ्जय नर्तय नर्तय, विघ्न विघ्न, महा-भैरव क्षेत्र-पाल ! बलि देव ! गृह्ण गृह्ण स्वाहा

स्पष्ट है कि उद्धार में 'पञ्च-त्रिंशाक्षर' मन्त्र बताया है, किन्तु वास्तव में ४७ अक्षरों का मन्त्र बनता है, जो प्रथम बलि-मन्त्र से मिलता-जुलता है।

३ एह्येहि तुरु-युग्म च मुरु-द्वन्द्व तथा वदेत्, धुंधि द्विर्हन विघ्न च विनाशय विनाशय, महा-बल क्षेत्रपाल बलिं गृह्ण-द्वयं ततः। अग्नि-जाया बलेर्मन्त्रो भवेत् पञ्चाब्धि-वर्णक —एह्येहि तुरु तुरु मुरु मुरु धुंधि धुंधि हन हन विघ्नं विनाशय विनाशय महा-बल क्षेत्रपाल बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा

'मेरु-तन्त्र'। यह मन्त्र 'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २३५ में उद्धृत दूसरे मन्त्र से मिलता-जुलता है।

१२ महा-शास्ता (शम्भोर्गण-विशेषः)

१ द्वात्रिंशदक्षर : शास्तार मृगयेत्युक्त्वा श्रान्तमश्वाधिरूढ-युत, ङ-गणावृत्तमित्युक्त्वा पानी-यार्थं वना च दे। त्य-शास्त्रे ते ततो रैवते नमो मन्त्र ईरितः—शास्तारं मृगया श्रान्तमश्वारूढं गणावृतं, पानीयार्थं वनादेत्य शास्त्रे ते रैवते नमः

'मन्त्र-महोदधि'। ऋषि रैवत, छन्द पंक्ति, देवता सर्वाभीष्ट-दायक महा-शास्ता। मन्त्र के एक-एक चरण (८-८ अक्षरों) से एवं पूरे मन्त्र से पञ्चाङ्ग-न्यास। ध्यान—

साध्यं स्व-पाशेन विबध्य गाढं निपातयन्तं खलु साधकस्य।
पादाब्जयोर्दण्ड-धरं त्रि-नेत्रं भजेत शास्तारमभीष्ट-सिद्धयै॥

पुरश्चरण में एक लाख जप कर तिलों से दशांश होम।

२ गायत्री : भूताधिपाय - शब्दान्ते विद्महे - पदमीरयेत्, महा-देवाय च ततो धीमहीति पद वदेत्। तन्नः शास्ता प्रचो-वर्णा दयादिति च कीर्तयेत्। गायत्र्येषोदिता शास्तु, सर्वाभीष्ट-प्रदा नृणाम्—ॐ भूताधिपाय विद्महे महा-देवाय धीमहि तन्नः शास्ता प्रचोदयात् 'मन्त्र-महोदधि'।

१३ मंजु-घोष

१ एकाक्षर हकारो वह्निमारूढो वाम-नेत्र-विभूषित —ह्रीं

२ त्र्यक्षर (१) अंकुश शक्ति - बीज च रमा-बीज तत पर, बीज-त्रयात्मको मन्त्रो जाड्यौ-घान्त-नाशक —क्रों ह्रीं श्रीं

(२) शक्ति-बीज रमा-बीजं काम-बीज ततः प्रिये—ह्रीं श्रीं क्लीं

३ षडक्षर : मातृकादि समुद्धृत्य वह्नि-बीज समुद्धरेत्, वामाणं कूर्च-संज्ञं च ततोऽनेन समुद्धरेत्, मीनेश च ततः कुर्याद वाम-नेत्र-सयुक्तं । इयं दीपनी—**अ र व च ल धीं** ('मन्त्र-गोप'–चारो मन्त्र)

'भैरव-सर्वस्व,' पृष्ठ २५२ मे षडक्षर का उद्धार - 'विष्ण्वग्नि - पाशी - शशि - युक् च धीश्च, षड्-वर्णो मन्त्रो प्रदिष्टः' । ऋषि बृहदारण्यक, छन्द विराट्, देवता मञ्जु-घोष ।

४ सप्ताक्षर : रविर्बिन्दु-समायुक्तो जान्तो वान्तोऽग्नि-शान्ति-युक्, क्षकारः पृथिवी चाग्निर्बिन्दुः शान्तिश्च उद्धृतः । सप्त-वर्णो मनु. प्रोक्तो मन्त्रिणा कविता-वर —**मं-झ-ल-रीं-क्ष-ल-रीं**

१- 'भैरव-सर्वस्व,' पृष्ठ २५५ । उद्धार को स्पष्ट करने मे 'रवि' का अर्थ मकार सदिग्ध है । 'जान्त' का अर्थ 'ज' के बाद का अक्षर 'झ' लिया है, किन्तु 'वान्त' का अर्थ बाद का अक्षर न लेकर 'व' के पूर्वाक्षर 'ल' को ग्रहण किया है, यह चिन्तनीय है । पृष्ठ २५६ पर ऋषि कण्व, छन्द विराट्, देवता वटुक बताये हैं । यहाँ देवता का नाम 'वटुक' सन्दिग्ध है क्योकि मन्त्र तो मञ्जुघोष का है । ध्यान पृष्ठ २५५ पर—

शिशु-तर-वर-कान्ति-क्लान्त-नीलाम्बुदाभं, विकच-सरसिजाभ्यां पुस्तक कर्पकं च ।
स्मित-सुविशद-वक्त्रं-पञ्च चूडं त्रिनेत्रं, कुमति - दहन - दक्षं मंजु - घोषं नमामि ॥

पुरश्चरण मे सात लाख जप कर लोण-मिश्रित सर्षप से दशांश होम करे ।

१४ कुबेर

१ अष्टाक्षर : तारो वैश्रवणायाग्नि-प्रियान्तोऽष्टाक्षरो मनुः—**ॐ वैश्रवणाय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि' । ध्यान—

धन-पूर्णं स्वर्ण-कुम्भं तथा रत्न-करण्डकं, हस्ताभ्यां विप्लुतं खर्व-कर-पादं च तुन्दिलम् ।
वटाधस्ताद् रत्न-पीठोपविष्टं सुस्मिताननं, होम-काले कुबेरं तु चिन्तयेदग्नि - मध्यगम् ॥

२ षोडशाक्षर : आदौ तार-पुटा लक्ष्मीस्ततो माया-पुटा रमा, ततः काम-पुटा सैव ङेऽन्तो वित्तेश्वरो नमः । षोडशाक्षर-मन्त्रोऽयं सर्व-दारिद्र्य-नाशन —**ॐ श्रीं ॐ, ह्रीं श्रीं ह्रीं, क्लीं श्रीं क्लीं, वित्तेश्वराय नमः**

'मन्त्र महोदधि' । ऋषि विश्रवा, छन्द बृहती, देवता शिव-मित्र धनेश्वर । मन्त्र के ३, २, २, २, ५, २ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

मनुज-वाह्य-विमान-वर-स्थितं, गरुड-रत्न-निभं निधि-नायकम् ।
शिव सखं मुकुटादि - विभूषितं, वर-गदे दधतं भज तुन्दिलम् ॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर तिलो से दशांश होम ।

३ पञ्च-त्रिंशदक्षर : यक्षाय-पदमुच्चार्य कुबेराय-पदाच्च वैं, श्रवणाय धनाणान्ते धान्याधिपतये धन । धान्य-शब्दात् समृद्धि मे देहि दापय ठ-द्वय, बाण-रामाक्षरो मन्त्र.—**यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन-धान्याधिपतये धन-धान्य-समृद्धि मे देहि दापय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि' । ऋषि आदि सभी विधान षोडशाक्षर मन्त्र के समान । मन्त्र के ३, ४, ५, ८, ८, ७, अक्षरो से षडङ्ग-न्यास ।

१५ कार्त्तिकेय

सप्ताक्षर : व वह्नये नमश्चेति तारादिः सप्त-वर्ण-वान्—**ॐ व वह्नये नमः**

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता गुह, बीज 'ॐ', शक्ति 'नम.' । प्रणव-युक्त एक एक मन्त्राक्षर मे षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

ध्येयो देवो गुहः शक्तिं कुक्कुटाक्ष-वरान् दधत्, रक्तो रक्तांशुको रक्त-प्रवराकल्प-भूषितः।
पुरश्चरण में अयुत जप कार घृत से दशांश होम। पृ० २० पर सप्ताक्षर सुब्रह्मण्य का मन्त्र द्रष्टव्य है।

१६ 'पञ्च-वक्त्र'-मन्त्र-विधान

भस्मोद्धूलन प्रयोग

पहले 'भस्मोद्धूलन-प्रयोग' के अनुसार शरीर में भस्म लगाना चाहिए। यथा—

विनियोग : ॐ अग्निरित्यादि- भस्माभिमन्त्रण - मन्त्राणां श्रीपिप्पलाद ऋषिः, गायत्री छन्दः, कालाग्नि-रुद्रो देवता, भस्माभिमन्त्रणे विनियोगः।

निम्न मन्त्र से तीन बार भस्म का अभिमन्त्रण करे—ॐ अग्निरिति भस्म, वायुरिति भस्म, जलमिति भस्म, व्योमरिति भस्म सर्वं ँ हवा इदं भस्म मन एतानि चक्षूंषि भस्मानि, तस्माद्व्रतमेतत् पाशुपतं पशु-पाश-विमोक्षाय।

भस्म पर जल छिड़कने हेतु निम्न विनियोग हाथ जोड़कर पढ़े—ॐ आपो ज्योतिरित्यस्य श्री प्रजापति ऋषिः, यजु-ब्रह्माग्नि-वायु-सूर्याश्च देवता, भस्मन्यपामासेचने विनियोगः।

फिर निम्न मन्त्र को पढ़ते हुए जलाधिप विष्णु का ध्यान करते हुए भस्म पर जल छिड़के—ॐ आपो ज्योति रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम।

तब षडक्षर-मन्त्र 'ॐ नमः शिवाय' का जप करते हुए भस्म को जल में सम्मर्दित कर उसे सारे शरीर में लगाए। पहले सिर में भस्म लगाने हेतु निम्न विनियोग पढ़े—

ॐ ईशान इत्यस्य श्रीईशान ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, रुद्रो देवता, शिरसि भस्मोद्धूलने विनियोगः।

फिर निम्न मन्त्र से सिर में भस्म लगाए—ॐ ईशानः सर्व-विद्यानामीश्वरः सर्व-भूतानां ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा शिवो मेऽस्तु सदाशिवोम्।

मुख में भस्म लगाने हेतु विनियोग—ॐ तत्पुरुषायेत्यस्य श्रीतत्पुरुष ऋषिः, गायत्री छन्दः, रुद्रो देवता, मुखे भस्मोद्धूलने विनियोगः।

मन्त्र से मुख में भस्म लगाए—ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्र प्रचोदयात्।

हृदय में भस्म लगाने हेतु विनियोग—ॐ अघोरेभ्यो इत्यस्य श्रीअघोर ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, रुद्रो देवता, हृदये भस्मोद्धूलने विनियोगः।

निम्न मन्त्र से हृदय में भस्म लगाए—ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोर-घोर-तरेभ्यः सर्वेभ्यः सर्व-शर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्र-रूपेभ्यः।

गुह्य में भस्म लगाने का विनियोग—ॐ वामदेवाय इत्यस्य श्रीवामदेव ऋषिः, जगती छन्दः, विष्णुर्देवता, गुह्ये भस्मोद्धूलने विनियोगः।

निम्न मन्त्र से गुह्य में भस्म लगाए—ॐ वामदेवाय नमो, ज्येष्ठाय नमः, श्रेष्ठाय नमो, रुद्राय नमः, कालाय नमः, कल-विकरणाय नमो, बल-विकरणाय नमो, बलाय नमो, बल-प्रमथनाय नमः, सर्व-भूत-दमनाय नमो, मनोन्मनाय नमः।

पैरों में भस्म लगाने का विनियोग—ॐ सद्योजातमित्यस्य श्रीसद्योजात ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, ब्रह्मा देवता, पादयोः भस्मोद्धूलने विनियोगः।

निम्न मन्त्र से पैरों में भस्म लगाए—ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि, सद्योजाताय वै नमो नमः। भवे भवे नाति-भवे भवस्व मां भवोद्भवाय नमः।

इसके बाद प्रणव (ॐ) का जप करते हुए मस्तक से लेकर पैरो तक सभी अङ्गों में भस्म लगाए। तब मस्तक पर त्रिपुण्ड्र हेतु भस्म लेने के लिए विनियोग पढ़े—**ॐ मानस्तोक इत्यस्य श्री कुत्स ऋषिः, जगती छन्दः, एक-रुद्रो देवता, भस्मोद्धरणे विनियोगः।**

निम्न मन्त्र से त्रिपुण्ड्र हेतु भस्म ग्रहण करे—**ॐ मानस्तोके तनये मानऽ आयुषि, मानो गोषु, मानोऽश्वेषु रीरिषः मानो व्वीरा न्रुद्र भामिनो व्वधीः विष्मन्तः सद्रमित्वा हवामहे।**

अब त्रिपुण्ड्र लगाने हेतु विनियोग पढ़े—**ॐ त्र्यम्बकमित्यस्य श्रीवशिष्ठ ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, त्र्यम्बको रुद्रो देवता—ॐ त्र्यायुषमित्यस्य श्रीनारायण ऋषिः, उष्णिक् छन्दः, आशीर्देवता, भस्मना त्रिपुण्ड्र-धारणे विनियोगः।**

त्रिपुण्ड्र की तीनो रेखाओं का निम्न प्रकार ध्यान करे—

याऽस्य प्रथमा रेखा सा गार्हपत्यश्चाकारो रजो भूर्लोकश्चात्मा क्रिया-शक्तिः ऋग्वेदः प्रथमं सवनं महादेवो देवता ।। १ ।। याऽस्य द्वितीया रेखा सा दक्षिणाग्निरुकारं सत्वमन्तरिक्षमन्तरात्मा चेच्छा-शक्तिर्यजुर्वेदो माध्य दिनं सवनं माहेश्वरो देवता ।। २ ।। याऽस्य तृतीया रेखा सा आहवनीयो मकारस्तमो द्यौः परमात्मा ज्ञान-शक्तिः सामवेदस्तृतीयं सवनं शिवो देवता ।। ३ ।।

तब निम्न दो ऋचाओं का पाठ करते हुए क्रमशः ललाट, दाएँ कन्धे, बांएँ कन्धे, उदर और वक्ष इन पाँच स्थानों मे त्रिपुण्ड्र धारण करे—

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धि पुष्टि-वर्धनं, उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ।। १ ।।
ॐ त्र्यायुषं जमदग्ने कश्यपस्य त्र्यायुषं, यद् देवेषु त्र्यायुषं तन्नोऽस्तु त्र्यायुषम् ।। २ ।।

पञ्च-वक्त्र-पूजा

१ पश्चिम-वक्त्र सद्योजात : नमस्कार करते हेतु विनियोग : **ॐ सद्योजातमित्यस्य श्री सद्योजात ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, ब्रह्मा देवता, श्वेत - वर्णं, हंसः वाहनं, पश्चिम-वक्त्रं, पृथिवी - तत्वं, पश्चिम-वक्त्र-नमस्कारे विनियोगः।**

निम्न मन्त्र से हाथ जोडकर प्रणाम करे—**ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि...भवोद्भवाय नमः। सद्योजाताय श्वेत-वर्णाय हंस-वाहनाय पश्चिम-वक्त्राय पृथिवी-तत्वाय सृष्टि-रूपात्मने ब्रह्मणे नमः ह्रां।**

धनुर्वाण-मुद्रा दिखाकर पूजन हेतु पूर्ववत् विनियोग पढ़े—**ॐ सद्योजात...पश्चिम-वक्त्र-पूजने विनियोगः।**

निम्न मन्त्र से गन्ध, मनःशिला चन्दन, श्वेताक्षत, श्वेत पुष्प, गुग्गुल, धूप, घृत-दीप, पायस-नैवेद्यादि से पूजन करे—**ॐ सद्योजातं....नमः। सद्योजाताय . पश्चिम-वक्त्राय नमः।**

फिर अष्ट-कला-पूजन करे—**१ ॐ ऋद्धयै नमः, २ सिद्धयै, ३ धृत्यै, ४ लक्ष्म्यै, ५ मेधायै, ६ कान्त्यै, ७ स्वधायै, ८ प्रभायै।**

अब ध्यान करे। यथा—

ॐ प्रालेयामर-बिन्दु-कुन्द-धवलं गो-क्षीर-फेन-प्रभं, भस्माभ्यक्तमनङ्ग-देह - दमन-ज्वालावली-लोचनम्।
ब्रह्मेन्द्रादि-मरुद-गणैः स्तुति-परैरभ्यर्चितं योगिभिः, वन्देऽहं सकलं कलङ्क-रहितं स्थाणोर्मुखं पश्चिमम्।।
शुभ्रं त्रिलोचनं नाम्ना सद्योजातं शिव-पदं, शुद्ध-स्फटिक-सङ्काशं वन्देऽहं पश्चिमं मुखम्।।

धनुर्बाण-मुद्रा : वामस्य मध्यमाग्रं तु तर्जन्यग्रे नियोजयेत्, अनामिका कनिष्ठा च तस्यांगुष्ठेन पीडयेत्। दर्शयेद् दक्षिण-स्कन्धे धनुर्मुद्रेयमीरिता। दक्ष-मुष्टिस्तर्जन्या दीर्घया बाण-मुद्रिका।

फल-श्रुति : श्वेताक्षतैः श्वेत-पुष्पैः पूजयेद् हंस-वाहनं, सिद्धयन्ति सर्व-कार्याणि पूजनेन न संशयः।

२ उत्तर-वक्त्र वामदेव : नमस्कार हेतु विनियोग : ॐ वामदेवाय इत्यस्य श्रीवामदेव ऋषिः, जगती छन्दः, विष्णुर्देवता, कृष्ण-वर्णं, गरुड़ - वाहनं, उत्तर वक्त्रं, आपस्तत्वं, उत्तर - वक्त्र - नमस्कारे विनियोगः।

प्रणाम-मन्त्र—ॐ वामदेवाय . . . मनोन्मनाय नमः। वामदेवाय कृष्ण-वर्णाय गरुड़-वाहनायोत्तर-वक्त्रायापस्तत्वायामृत-रूपात्मने विष्णवे नमः ह्रीं।

पञ्च-मुद्रा दिखाकर पूजन हेतु विनियोग—ॐ वामदेवाय . . . . उत्तर-वक्त्र-पूजने विनियोगः।

हरिचन्दन, तुलसी, शतपत्र, पुष्प, पञ्च - सौगन्धिक धूप, घृत-पक्व गोधूमान्न-नैवेद्यादि से पूजन—ॐ वामदेवाय . . . . नमः। वामदेवाय . . . उत्तर-वक्त्राय नमः।

त्रयोदश-कला-पूजन—१ ॐ रजसे नमः, २ रक्षायै, ३ रत्यै, ४ पाल्यायै, ५ कामायै, ६ संजीवन्यै, ७ प्रियायै, ८ बुद्धयै, ९ क्रियायै, १० धात्र्यै, ११ भ्रामयै, १२ मोहिन्यै, १३ ज्वरायै। ध्यान—

ॐ गौरं कुंकुम-पिङ्गलं सु-तिलकं व्यापाण्डु-गण्ड-स्थलं, भ्रू-निक्षेप-कटाक्ष-वीक्षण-लसत्संसक्त-कर्णोत्पलम्।
स्निग्धं बिम्ब-कला-धरं प्रहसितं नीलालकालंकृतं, वन्दे पूर्ण-शशाङ्क-मण्डल-निभं वक्त्रं हरस्योत्तरम्॥

वाम-देवं सुवर्णाभं दिव्यास्त्र-गण-सेवितं, अजन्मामुमा-कान्तं वन्देऽहं ह्युत्तर-मुखम्॥

पञ्च-मुद्रा : करौ तौ संहतौ कृत्वा सन्मुखावुन्नतांगुलौ, तलान्तर्मिलितांगुष्ठौ कुर्यादेषाब्ज-मुद्रिका। सुगन्ध-पञ्चकं : कक्कोल-कर्पूर-जातीफल-लवङ्गकैः, सुगन्ध-पञ्चकं प्रोक्त।

फल-श्रुति : तुलसी-शतपत्रैश्च पूजयेद् गरुडासनं, सर्व-दोष-विनाशेन प्राप्नोति श्रिय-सम्पदाम्।

३ दक्षिण-वक्त्र अघोर : नमस्कार हेतु विनियोग : ॐ अघोरेभ्य इत्यस्य श्रीअघोर ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, रुद्रो देवता, नील वर्णं, कूर्म वाहनं, दक्षिण वक्त्रं, तेजस्तत्वं, दक्षिण - वक्त्र - नमस्कारे विनियोगः।

प्रणाम-मन्त्र—ॐ अघोरेभ्यो . . . . रुद्र-रूपेभ्यः। अघोराय नील-वर्णाय कूर्म - वाहनाय दक्षिण-वक्त्राय तेजस्तत्वाय विश्व-रूपात्मने कालाग्नि-रुद्राय नमः हूं।

ज्ञान-मुद्रा दिखाकर पूजन-हेतु विनियोग—ॐ अघोरेभ्यो··· दक्षिण-वक्त्र-पूजने विनियोग।

कृष्णागरु, चन्दन, नीलोत्पल, करवीर पुष्प, सितागरु, धूप, माषान्न-नैवेद्यादि से पूजन—ॐ अघोरेभ्यो . . . . रुद्र-रूपेभ्यः। अघोराय . . . . दक्षिण-वक्त्राय नमः।

अष्ट-कला-पूजन—१ ॐ तमसे नमः, २ मोहायै, ३ क्षयायै, ४ निद्रायै, ५ व्याधये, ६ मृत्यवे, ७ क्षुधायै, ८ तृषायै।

ॐ कालाभ्र-भ्रमराञ्जनाचल-निभं व्यावृत्त-पिङ्गेक्षणं, खण्डेन्दु-द्वय-मिश्रितां सुदशना-प्रोद्भिन्न-दष्ट्रांकुरम्।
सर्प-प्रोत-कपाल-शक्ति-सकलं व्याकीर्णं सच्छेखरं, वन्दे दक्षिणमीश्वरस्य कुटिल-भ्रूभङ्ग-रौद्र मुखम्॥
नीलाभ्र-वर्णमोंकारमघोरं घोर-दंष्ट्रकं, दंष्ट्रा-करालमत्युग्रं वन्देऽहं दक्षिण-मुखम्॥

ज्ञान-मुद्रा : तर्जन्यंगुष्ठकौ सक्तावग्रतो हृदि विन्यसेत्। ज्ञान-मुद्रा भवेदेषा।

फल-श्रुति : नीलोत्पलैः करवीरैः पूजयेत् कूर्म-संस्थितं, सर्व-बाधा-विनाशाय ज्ञान-मोक्ष-प्रसाधक।

४ पूर्व-वक्त्र तत्पुरुष : नमस्कार हेतु विनियोग : ॐ तत्पुरुषाय इत्यस्य श्रीतत्पुरुष ऋषिः, गायत्री छन्दः, रुद्रो देवता, पीत वर्णं, अश्व वाहनं, पूर्व-वक्त्रं, वायु तत्वं, पूर्व-वक्त्र-नमस्कारे विनियोगः ।

प्रणाम मन्त्र—ॐ तत्पुरुषाय '' प्रचोदयात् । तत्पुरुषाय पीत-वर्णायाश्व-वाहनाय पूर्व-वक्त्राय वायु-तत्वाय चैतन्यात्मने आदित्याय नमः हुँ ।

कवच-मुद्रा दिखाकर पूजन हेतु विनियोग—ॐ तत्पुरुषाय'' प्रचोदयात् । तत्पुरुषाय'' पूर्व वक्त्र-पूजने विनियोगः ।

हरिताल, चन्दन, दूर्वांकुर, अर्क-पुष्पान्यतर पुष्प, कृष्णागरु धूप, मोदक नैवेद्यादि से पूजन—ॐ तत्पुरुषाय '' प्रचोदयात् । तत्पुरुषाय '' पूर्व-वक्त्राय नमः ।

चतुष्कला-पूजन—१ ॐ निवृत्यै नमः, २ प्रतिष्ठायै, ३ विद्यायै, ४ शान्त्यै ।

संवर्ताग्नि-तडित्-प्रतप्त-कनक-प्रस्पर्द्धि-तेजोऽरुणं, गम्भीर-स्मृति-निःसृतोग्र - दशन-प्रोद्भासिताम्रधरम् ।
बालेन्दु-द्युति-लोल-पिङ्गल - जटा-भार-प्रबद्धोरगं, वन्दे सिद्ध - सुरासुरेन्द्र - नमितं पूर्वं मुखं शूलिनः ।
बालार्क-वर्णमारक्तं पुरुषं च तडित्-प्रभं, दिव्यं पिङ्ग-जटाधारं वन्देऽहं पूर्व-दिङ-मुखम् ।।

कवच-मुद्रा : कर-द्वन्द्वांगुलयो वर्मणि स्युः ।

फल-श्रुति : पूर्वांकुरैरर्क-पुष्पैं पूजयेदश्व-वाहन आयुष्य तत्र विशिष्ट-फल-दायकम् ।

५ ऊर्ध्व-वक्त्र ईशान : नमस्कार हेतु विनियोग : ॐ ईशान इत्यस्य श्रीईशान ऋषि, अनुष्टुप् छन्दः, रुद्रो देवता, गो-क्षीर-वर्णं, वृषभ वाहनं, ऊर्ध्वं वक्त्रं, आकाश तत्वं, ऊर्ध्व-वक्त्र-नमस्कारे विनियोगः ।

प्रणाम मन्त्र—ॐ ईशानः '' सदाशिवोम् । ईशानाय गो-क्षीर - वर्णाय वृषभ - वाहनायोर्ध्व-वक्त्रायाकाश-तत्वाव्यक्ताय सर्व-व्यापकात्मने नमः ह्रौं ।

महा-मुद्रा दिखाकर पूजन हेतु विनियोग—ॐ ईशान '''ऊर्ध्व-वक्त्र-पूजने विनियोगः ।

भस्म, विल्व-पत्र, कनक पुष्प, ऋतु-भवान्य पुष्प, हरिचन्दन, धूप, शर्करा-दध्योदन-नैवेद्यादि से पूजन—ॐ ईशानं सदाशिवोम् । ईशानाय '''ऊर्ध्व-वक्त्राय नमः ।

पञ्च-कला-पूजन—१ ॐ शशिन्यै नमः, २ अङ्गदायै, ३ इष्टायै, ४ मरीच्यै, ५ वालिन्यै ।

ॐ व्यक्ताव्यक्त-गुणोत्तरं सु-वदनं षट्-त्रिंश-तत्वाधिकं, तस्मादुत्तर-तत्वमक्षयमिति ध्येयं सदा योगिभिः ।
वन्दे तामस-वर्जितेन मनसा सूक्ष्मातिं - सूक्ष्मं परं, शान्तं पञ्चममीश्वरस्य वदनं ख-व्यापि तेजोमयम् ।
ईशानं सूक्ष्ममव्यक्तं तेज -पुञ्ज परायणं, अमृत-स्रावि चिद्-रूपं वन्देऽहं पञ्चमं मुखम् ।।

महा-मुद्रा : उत्तानो तादृशावेव व्यापकाञ्जलिकं करौ, तादृशौ संयुतावेव करौ व्यापकांजलिम् ।

फल-श्रुति—सौम्य-मोक्ष-प्रदातारं पूजयेद् वृष-वाहनम् ।

इस प्रकार 'पञ्च-वक्त्र'-पूजा कर भगवान् शिव के वाम भाग में निम्न मन्त्रों से पूजा करे—१ उमायै नम , २ शङ्कर-प्रियायै, ३ पार्वत्यै, ४ गौर्यै, ५ काल्यै, ६ कालिन्द्यै, ७ कोटर्यै, ८ विश्व-धारिण्यै, ९ ह्रां, १० ह्रीं, ११ गङ्गा-देव्यै, १२ गण-पतये, १३ कार्तिकेयाय, १४ पुष्प-दन्ताय, १५ कपर्दिने, १६ भैरवाय, १७ शूल-पाणये, १८ ईश्वराय, १९ दण्ड-पाणये, २० नन्दिन्यै, २१ महा-कालाय ।

प्रत्येक मन्त्र के आदि में 'ॐ' और अन्त में 'नम ' जोड़कर पूजा करे । इसी प्रकार सम्मुख भाग में एकादश रुद्रों का पूजन करे—

१ ॐ अघोराय नमः, २ पशुपतये, ३ शर्वाय, ४ विरूपाक्षाय, ५ विश्व-रूपिणे, ६ त्र्यम्बकाय, ७ कपर्दिने, ८ भैरवाय, ९ शूल-पाणये, १० ईशानाय, ११ महेश्वराय ।

अन्त में यथा-शक्ति इष्ट-मन्त्र का जप कर रुद्राभिषेक, सहस्रनामादि उपासना करे ।

अंग-देवता

१७ गौरी

१ एकादशाक्षर : ॐ ह्रीं श्रीं सौं ग्लौं गं गौरी गीं स्वाहा

'कौल-कल्पतरु' शुक्ल जी द्वारा संगृहीत 'क्रमदीक्षा-पूर्वक-पूर्णाभिषेक', पृष्ठ २४। ऋषि आदि एक-षष्ट्यक्षर-मन्त्र के समान। 'ह्रां, ह्रीं' आदि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

गौराङ्गीं धृत - पङ्कजां त्रि - नयनां श्वेताम्बरां सिंहगां,
चन्द्रोद्भासित-शेखरां स्मित-मुखीं सौम्यां वहन्तीं गदाम्।
विष्ण्विन्द्राम्बुज-योनि-शम्भु - त्रिदशैः सम्पूजितांघ्रि-द्वयां,
गौरीं मानस - पङ्कजे भगवतीं भक्तेष्टदां तां भजे॥

२ अष्ट-चत्वारिंशाक्षर : नभो हंसानन-युतमैकारस्थं शशाङ्क-युक्, तोयं वाय्वग्नि-कर्णेन्दु-युत राज-मुखीति च। राजाधिमुखि वश्यान्ते मुखि माया-रमात्म-भूः, देवि-देवि महा-देवि देवाधिदेवि सर्व च। जनस्य च मुखं पश्चान्मम वशं कुरु-द्वयं, वह्नि-प्रियान्तो मन्त्रोऽष्ट-चत्वारिंशल्लिपिर्मतः—**ह्लैं ब्लूं राज-मुखि राजाधि-मुखि वश्य-मुखि ह्रीं श्रीं क्लीं देवि-देवि महा-देवि देवाधि-देवि सर्व-जनस्य मुखं मम वशं कुरु कुरु स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि'। ऋषि आदि एक-षष्ट्यक्षर-मन्त्र के समान। मन्त्र के ११, ७, ४, ४, ५, १७ अक्षरों के आदि में 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि जोड़कर षडङ्ग-न्यास।

३ एक-षष्ट्यक्षर : माया नमोऽन्ते ब्रह्म-श्री-राजिते राज-पूजिते, जयेति विजये गौरि-गान्धारीति वदेत् पदं। त्रिभु-तोय मेष-वशङ्करि सर्व-स-सद्य-लः, क-वशङ्करि सर्व-स्त्री-पुरुषान्ते वशङ्करि, सु-द्वयं दु-द्वयं घे-युग् वा-युग्मं हर-वल्लभा। स्वाहान्त एक-षष्ट्यर्णो मन्त्र-राजः समीरितः—**ह्रीं नमः ब्रह्म-श्री-राजिते राज-पूजिते जय-विजये गौरि गान्धारि त्रिभुवन-वशङ्करि सर्व-लोक-वशङ्करि सर्व-स्त्री-पुरुष-वशङ्करि सुसु दुदु घेघे वावा ह्रीं स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि'। ऋषि अज, छन्द निचृद्, देवता त्रैलोक्य-मोहिनी गौरी, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'स्वाहा'। मन्त्र के १४, १०, ८, ८, १०, ११ अक्षरों के आदि में क्रमशः 'ह्रां, ह्रीं' आदि को जोड़कर षडङ्ग-न्यास। पुरश्चरण में १० हजार जप, घृताक्त खीर से एक हजार होम। ध्यान—

गीर्वाण-सङ्घार्चित-पाद-पङ्कजारुण-प्रभा - बाल - शशाङ्क-शेखरा।
रक्ताम्बरालेपन-पुष्प-युङ् मुदे सृणिं स-पाशं दधती शिवाऽस्तु नः॥

१८ गङ्गा

१ पञ्चाक्षर : १ प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य गङ्गायै तदनन्तरं, पुनर्मायां समुद्धृत्य मन्त्रमेतदुदीरयेत्—**ॐ गङ्गायै ह्रीं**

(२) माया - बीजं समुद्धृत्य गङ्गायै तदनन्तर, पुनर्माया समुद्धृत्य मन्त्रमेतदुदीरयेत्—**ह्रीं गङ्गायै ह्रीं**

२ सप्ताक्षर : माया-बीजं समुद्धृत्य पुन प्रणवमुद्धरेत्, ततो गङ्गा-पदं देवि! चतुर्थ्यन्त कुरु प्रिये! पूर्व-बीज-द्वयं प्रोक्त्वा मन्त्रमेतं जपं कुरु—**ह्रीं ॐ गङ्गायै ह्रीं ॐ**

३ नवाक्षर : प्रणवं पूर्वमुच्चार्य माया-बीजं समुद्धरेत्, गङ्गायै परमेशानि ! ततः परमुदीरयेत् । पुनर्बीज-द्वयं प्रोक्त्वा वह्नि-जाया समुद्धरेत्—ॐ ह्रीं गङ्गायै ॐ ह्रीं स्वाहा

'पुरश्चरण-रसोल्लास' में उक्त चारों मन्त्र दिए हैं । ऋष्यादि का उल्लेख नहीं है । केवल ध्यान दिया है—

शुद्ध-स्फटिक-सङ्काशां शुक्लाम्बर-विभूषितां, शुभ्र-मुक्ता-मयीं मालां हृदयोपरि-संस्थिताम् ।
श्वेत-पद्म-समासीनां श्वेताभरण - भूषितां, सदा षोडश-वर्षीयां ब्रह्मादि-परि - सेविताम् ।।

वहीं यह निर्दिष्ट किया है कि कलियुग में केवल ध्यान कर मन्त्र का जप करना ही प्रशस्त है । इस प्रकार करनेवालों को शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त होती है ।

४ पञ्चदशाक्षर : तारो हिलि-मिलि-द्वन्द्वं गङ्गे देवि नमो मनुः तिथि-वर्णः—ॐ हिलि मिलि हिलि मिलि गङ्गे देवि ! नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि आदि सप्त-विंशाक्षर मन्त्र के समान । मन्त्र के ३, २, २, २, ४, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास । 'मन्त्र-महोदधि' की टीका में 'हिलि-मिलि-द्वन्द्वं' का उद्धार भिन्न प्रकार से किया है—'हिलि हिलि, मिलि मिलि ।'

५ अष्टादशाक्षर : तारो लज्जा रमा हार्दं ततो भगवती-पदं, सम्बुद्धो गङ्ग-दयिते नमो वर्म तथास्त्रकं । अष्टादशार्णो मन्त्रोऽयं—ॐ ह्रीं श्रीं नमः भगवति गङ्ग-दयिते ! नमः हुं फट्

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि आदि सप्त-विंशाक्षर मन्त्र के समान । मन्त्र के ३, २, ४, ५, २, २ से षडङ्ग-न्यास । 'मन्त्र-महोदधि' में उद्धार भिन्न शब्दों में है—'तारो माया रमा हार्दं ततो भगवतीति च, गं स्मृत्यन्ति स-दृग्-वायुस्ते नमो वर्म फट् मनुः ।'

६ विंशदक्षर : (१) तारो नमः शिवायै च नारायण्यै पदं वदेत्, दशहरायै गङ्गायै स्वाहान्तो विंशदर्णकः—ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गङ्गायै स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि व्यास, छन्द कृति, देवता गङ्गा । मन्त्र के ३, ३, ४, ५, ३, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

चतुर्भुजां त्रि - नेत्रां च सर्वाभरण-भूषितां, रत्न-कुम्भ-सिताम्भोज -वराभय-लसन्-कराम् ।
चामरैर्वीज्य-मानां च श्वेतच्छत्रोप-शोभिताम् ।।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर घृताक्त तिलों से दशांश होम ।

'मन्त्र-महोदधि' में उक्त-मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है—'प्रणवो हृदयं ङेऽन्ते शिवा-नारायणी-पदे, तद्-वद् दशहरा गङ्गे वह्नि-जाया नखाक्षरः ।' शेष समान हैं, केवल ध्यान भिन्न है । यथा—

उत्फुल्लामल-पुण्डरीक-रुचिरा कृष्णेश-विन्ध्यात्मिका, कुम्भेष्टाभय-तोयजानि दधती श्वेताम्बरालंकृता ।
हृष्टास्या शशि-शेखराखिल-नदी-शोणादिभिः सेविता, ध्येया पाप-विनाशिनी मकरगा भागीरथी साधकैः ।।

(२) इय (सप्त-विंशाक्षरी) आदिम-सप्तार्ण-हीना स्याच्च नखाक्षरी—ऐं लिहि लिहि, हिलि हिलि गङ्गे ! मां पावय पावय स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि आदि सप्त-विंशाक्षर मन्त्र के समान । मन्त्र के ५, ४, ३, ३, ३, २ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास । 'मन्त्र-महोदधि' के अनुसार उक्त मन्त्र के 'लिहि लिहि, हिलि हिलि' के स्थान पर 'हिलि हिलि, मिलि मिलि' होना चाहिए ।

७ सप्त-विंशाक्षर : तारो नमो भगवति वाग्भवं च लिहि-द्वयं, हिलि-द्वयं च गंगे मां पावय-द्वितयं वदेत् । स्वाहान्तः सप्त-विंशार्णो मनुः पाप-प्रणाशनः—ॐ नमो भगवति ऐं लिहि लिहि, हिलि हिलि गङ्गे ! मां पावय पावय स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि ईश्वर, छन्द अमित, देवता गङ्गा । मन्त्र के ३, ४, ५, ७, ६, २ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

रक्ताम्बरां रक्त-वर्णां मूल-कुम्भ-वराभयान्, करैः सन्दधतीं स्मेरां कच्छपस्थां सुरादिभिः ।
सदैव सर्व-पापस्य नाशाय सु-निषेविताम् ।।

पुरश्चरण मे २७ लाख जप कर पद्मो से दशांश होम ।

'मन्त्र-महोदधि' मे उद्धार भिन्न शब्दो मे है—'तारो नमो भगवति वाक् स-दृग्-गगनं हिलि, क्रिया तन्द्री पिनाकीश विष ला' सूक्ष्म-संयुताः । गंगे मा पावय-द्वन्द्वमन्ते हुतवहाङ्गना, गिरि-नेत्राक्षरी विद्या स्मृता पातक-सङ्घ-हृत् ।' इस उद्धार के अनुसार उक्त मन्त्र के 'लिहि लिहि, हिलि हिलि' के स्थान पर 'हिलि हिलि, मिलि मिलि' हो जाता है । षडङ्ग-न्यास मन्त्र के ३, ४, ६, ३, ६, २ अक्षरों से बताया है, जो ठीक नही प्रतीत होता ।

१९ मणि-कर्णिका

१ चतुर्दशाक्षर : (१) तारो वाग् ह्री रमा कामस्तारो म मणि-कर्णिके, नमोऽन्तश्शक्र-वर्णोऽयं मनुः परम-दुर्लभः—ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ॐ मं मणि-कर्णिके नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि व्यास, छन्द अति-शक्वरी, देवता मणि-कर्णिका । मन्त्र के १, २, २, २, ५, २ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

बीज-पूरं दक्ष-हस्ते वामे चेन्दीवर-स्रजं, बद्धाञ्जलि. श्वेत-वस्त्रा त्र्यक्षा चन्द्र-निभानना ।
पश्चिमाभिमुखी स्मेरा पद्मस्था पद्म-मालिका, नानाभरण-भूषाढ्या ध्येया श्रीमणि-कर्णिका ।।

पुरश्चरण मे तीन लाख जप कर मधुर-त्रय-युक्त कमलो से दशाश होम ।

(२) प्रणवो विन्दु-युङ्-मोऽन्ते मण्यन्ते कर्णिके प्रण, वात्मिके हृदयं मनु-वर्णोऽय पूर्व-वत्—ॐ म मणि-कर्णिके प्रणवात्मिके नम

'मन्त्र-महोदधि' । ऋषि आदि पञ्चदशाक्षर मन्त्र के समान ।

२ पञ्च-दशाक्षर : वाङ्-माया-कमला-काम-वेदाद्यो विषमिन्दु-युक्, मणि - कर्णि भगी ब्रह्मा हृदय ध्रुव-सम्पुटः । मन्त्रः पञ्च-दशार्णो—ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ॐ मं मणि-कर्णिके नमः ॐ

'मन्त्र-महोदधि' । ऋषि आदि चतुर्दशाक्षर मन्त्र के समान । मन्त्र के १, २, २, २, ५, ३ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

फुल्लेन्दीवर-निर्मितां कर-तले मालामसव्ये करे, बीजापूर-फलं सिताम्बुज-मयीं मालां दधाना हृदि ।
श्वेत-क्षौम-युता शरद्-विधु-निभा त्र्यक्षा निबद्धांञ्जलिर्ध्यातव्या मणिकर्णिका रवि-समा तोयेश-काष्ठा-मुखी।।

२० नर्मदा

विंशत्यक्षर : ऐं श्री मेकल-कन्यायै नर्मदायै पदादिक, सोमोद्भवायै देवापगायै हृदय-पूर्वकं—ऐं श्रीं मेकल-कन्यायै सोमोद्भवायै देवापगायै नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि भृगु, छन्द अमित, देवता नर्मदा । ङेऽन्त तीन पदो एव आदि और अन्त के दो पदो तथा पूर्ण मन्त्र से क्रमशः षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

कनकाभां कच्छपस्थां त्रि-नेत्रां बहु-भूषणां । पद्माभयः सुधा-कुम्भः वराद्यान् बिभ्रतीं करैः ॥

पुरश्चरण में एक लाख जप कर दशांश होम ।

२१ शीतला

१ नवाक्षर : अथ वक्ष्ये महेशस्य वस्त्र-प्रक्षालिका तु या, शीतलेति च विख्याता तस्या मन्त्रं सुसिद्धिदं । तारो माया रमा शीतलायै हृच्च नवाक्षरः—ॐ ह्रीं श्रीं शीतलायै नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि उपमन्यु, छन्द बृहती, देवता शीतला । 'ह्रां श्रां, ह्रीं श्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

ध्यायेच्च शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बरां, मार्जनी-शूर्प-हस्तां च रक्त-पुष्प-हिमार्चिताम् ।
तैलादि-मल-संयुक्त-वस्त्र-पोटलि-शीर्षिकां ॥

पुरश्चरण में अयुत जप कर पायस से दशांश होम । तदनन्तर नाभि-मात्र जल मे एक सहस्र जप कर यदि मार्जन करे, तो स्फोटों को तुरन्त शान्ति होती है । इस मन्त्र की साधना करनेवाले के वंश मे शीतला का प्रकोप नही होता ।

'मन्त्र-महोदधि' में उद्धार—'ध्रुवः शिवा रमा शीतलायै हार्द नवाक्षरः ।' ऋष्यादि सब वही हैं, केवल ध्यान भिन्न है; यथा—

दिग्-वास-सम्मार्जनिका च शूर्प-कर-द्वये सन्दधतीं घनाभाम् ।
श्रीशीतलां सर्व-रुजार्ति-नष्टीं रक्ताङ्गराग - स्रजमर्चयामि ॥

२ एकादशाक्षर (शीतला-पति का मन्त्र) : तारः प्रासाद-बीजं यं वं व्योम-व्यापिने द्विठः—**ॐ हौं यं वं व्योम-व्यापिने स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र' । न्यास, ध्यान, जपादि 'प्रासाद' मन्त्र के समान । पुरश्चरण में अर्ध-लक्ष जप कर आज्य (घृत) से दशांश होम । सिद्ध मन्त्र से दश बार अभिमन्त्रित औषधि निर्वीर्य होने पर भी फल-प्रदा होती है । ग्यारह बार अभिमन्त्रित औषधि रोगी को शीघ्र नीरोग करती है । प्रतिदिन बारह बार अभिमन्त्रित जल को पिये, तो वृद्धावस्था से बचकर सौ वर्ष तक युवा के समान जीवन मिलता है । तीन वर्ष तक इस प्रकार जल पीने से कुष्ठादि महा-रोग नष्ट हो जाते हैं ।

२२ वन्दी देवी

एकादशाक्षर : तारो हिलि-युग वन्दी-देवी ङेऽन्ता नमोऽन्तकः, एकादशाक्षरो मन्त्रो—**ॐ हिलि हिलि वन्दी-देव्यै नमः**

'मन्त्र-महोदधि' । पृष्ठ ८२ पर यही मन्त्र भिन्न रूप में 'मेरु-तन्त्र' के अनुसार प्रकाशित है । ऋष्यादि वही है । ध्यान भिन्न है, यथा—

स-तोय-पायोद -समान-कान्तिमम्भोज-पीयूष-करीर-हस्ताम् ।
सुराङ्गना-सेवित-पाद-पद्मां भजामि वन्दीं भव-बन्ध-मुक्तये ॥

२३ गिरि-पुत्री स्वयम्वरा

पञ्चाशदक्षर : तारो माया योगिनी-द्वितयं योगेश्वरि - द्वयं, योग - निद्रायं करि स्यात् सकल-स्थावरेति च । जङ्गमस्य मुखं प्रोच्य हृदयं मम मपठेत्, वशमाकर्षयाकर्षय पवनो वह्नि-सुन्दरी—**ॐ ह्रीं योगिनि योगिनि योगेश्वरि योगेश्वरि योग-भयङ्करि सकल-स्थावर-जङ्गमस्य मुखं हृदयं मम वशमाकर्षयाकर्षय स्वाहा**

'मन्त्र-महोदधि'। ऋषि पितामह, छन्द अति-जगती, देवता गिरि-पुत्री स्वयवरा। षडङ्ग-न्यास के मन्त्र (१) जगत्-त्रय, (२) त्रैलोक्य, (३) उरग, (४) सर्व-राज, (५) सर्व-स्त्री-पुरुष, (६) सर्व। इनमे से प्रत्येक के आदि मे 'ॐ ह्री' और अन्त मे 'वश्य-मोहिन्यै' जोड ले। ध्यान—

शम्भु-जगन्मोहन-रूप-पूर्णं विलोक्य लज्जाकुलिता स्मिताढ्याम्।
मधूक-मालां स्व सखी - कराभ्यां सबिभ्रतीमद्रि - सुतां भजेयम्॥

पुरश्चरण मे चार लाख जप कर पायसान्न से दशाश होम।

२३ रुद्रात्मक हनुमान्

१ दशाक्षर : स्व-बीज पूर्वमुच्चार्य पवन च ततो वदेत्, नन्दन च ततो देय ङेऽवसानेऽनल-प्रिया। दशार्णोऽय मनु प्रोक्तो नराणा सुर-पादप —ह पवन-नन्दनाय स्वाहा

'मन्त्र-महार्णव'। ऋष्यादि नही। 'ह्रा, ह्री' से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

ध्यायेद् रणे हनुमन्तं कपि - कोटि - समन्वितं, धावन्तं रावण जेतु दृष्ट्वा सत्वरमुत्थितम्।
लक्ष्मण च महा - वीरं पतितं रण - भूतले, गुरुं च क्रोधमुत्पाद्य गृहीत्वा गुरु- पर्वतम्।
हाहाकारं स - दर्पैश्च कम्पयन्तं जगत-त्रय, ब्रह्माण्ड स समावाप्य कृत्वा भीम कलेवरम्॥

प्रतिदिन छ सहस्र जप कर सातवें दिन अहर्निश जप करे, तो रात्रि के चौथे पहर मे दर्शन लाभ। भयभीत न हो, तो अभीष्ट वर की प्राप्ति।

२ द्वादशाक्षर : (१) ह हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट

'मन्त्र महार्णव' मे गारुड तन्त्र से उद्धृत। इस मन्त्र मे ऋष्यादि नही हैं। केवल ध्यान कर मन्त्र का एक लाख जप करने मे सिद्धि मिलती है। यह मन्त्र विष्णु द्वारा अर्जुन को दिया गया था।

ध्यान—महा-शैलं समुत्पाट्य धावन्तं रावणं प्रति, तिष्ठ तिष्ठ रणे दुष्ट ! घोर-रावं समुच्चरन्।
लाक्षा-रसारुणं गात्रं कालान्तक-यमोपमं, ज्वलदग्नि - लसन्नेत्रं सूर्य-कोटि-सम-प्रभम्।
अङ्गदाद्यैर्महा - वीरैर्वेष्टितं रुद्र-रूपिणम॥

(२) पृष्ठ ६३ पर द्रष्टव्य। 'मन्त्र-महार्णव' मे दिये इसी मन्त्र के पञ्च-कूट इस प्रकार हैं—हस्फ्रें स्फ्रें ह्सैं हस्ख्फ्रें ह्सौं' किन्तु पूजा-पद्धति के भीतर षडङ्ग-पूजा मे 'ह्सैं' और 'ह्सौं' के स्थान पर 'ह्सौं' मिलता है। षडङ्ग-न्यास मे वहाँ मन्त्रस्थ छ बीजो के आदि मे 'ॐ' जोडकर न्यास करने का निर्देश है।

'मन्त्र-महोदधि' मे उद्धार दिया है—'इन्द्र-स्वरेन्दु-सयुक्तो वराहो हसफाग्नयः, झिण्टीश-विन्दु-सयुक्त द्वितीय बीजमीरित। गदी पान्ताग्नि-रुद्रेन्दु-सयुत स्यात तृतीयक, हसरा-मनु-चन्द्राढ्याश्चतुर्थं हसखा फरा। शिवेन्द्राढ्या पञ्चम स्याद्धसौमन-विन्दुगो-पर, ङे युतो हनूमान हार्द मन्त्रोऽय द्वादशाक्षर.।' इस उद्धार के अनुसार पञ्च-कूट—'ह्स्फ्रें ख्फ्रें ह्स्रौं हस्ख्फ्रें ह्सौं'। ध्यान भिन्न रूप मे दिया है—

बालार्कायुत-तेजसं त्रिभुवन-प्रक्षोभकं सुन्दरं
सुग्रीवादि-समस्त वानर-गणैः ससेव्य-पादाम्बुजम्।
नादेनैव समस्त-राक्षस-गणान सन्त्रासयन्तं प्रभुं,
श्रीमद्-राम-पदाम्बुज-स्मृति रतं ध्यायामि वातात्मजम्॥

'मेरु-तन्त्र' मे उद्धार—हौ बीज सम्यगुच्चार्य पूर्वोक्त कूट-पञ्चक, हनुमते नमो मन्त्र।' वहाँ ध्यान निम्न प्रकार दिया है—

बालार्काभ त्रिभुवन-क्षोभकं सर्व-राक्षसान्, नादेनैव त्रासयन्त सुग्रीवादिक-सेवितम्।
सुन्दरं राम चरण- ध्यानं ध्यायेत् समीरजम्।

३ अष्टादशाक्षर : पृष्ठ ६३ पर द्रष्टव्य । 'मन्त्र-महोदधि' में उद्धार—'हृदयं भगवान् ङेऽन्तं आञ्जनेय-महाबलौ, तद्-वद् वह्नि-प्रियान्तोऽयं मनुरष्टादशाक्षरः ।' वहाँ बीज 'हुं' बताया है । ध्यान भिन्न दिया है, यथा—

दहन-तप्त-सुवर्ण-सम-प्रभं भय-हरं हृदये निहिताञ्जलिम् ।
श्रवण-कुण्डल-शोभि-मुखाम्बुजं नमत वानर-राजमिहाद्भुतम् ॥

'मेरु-तन्त्र' मे बीज 'हं' ही बताया है और ध्यान निम्न प्रकार दिया है—

तप्त-काञ्चन-सङ्काशं हृदये विहिताञ्जलिं, किरीटिनं कुण्डलिनं ध्यायेद् वानर-नायकम् ॥

४ माला-मन्त्र : वज्र-काय वज्र-तुण्ड वदेत् कपिल-पिङ्गल, ऊर्ध्व-केश महा-वीर सु-रक्त-मुख कीर्तयेत् । तडिज्जिह्व महा-रौद्र दंष्ट्रोत्कट कह-द्वयं, करालिने महा-दृढ-प्रहारिन्निति कीर्तयेत् । लंकेश्वर-वधायान्ते महा-सेतु-पदं ततः, बन्धान्ते च महा-शैल-प्रवाह-गगने-चर । एह्येहि भगवन् प्रोच्य महा-बल-पराक्रम, भैरवाज्ञापय प्रोच्य एह्येति-पदं वदेत् । महा-रौद्र-पदं प्रोच्य दीर्घ-पुच्छेन वेष्टय, वैरिणं भञ्जय-द्वन्द्वं हु फट् त्राय ध्रुवादिक. । बाण-नेत्रेन्दु-वर्णोऽय माला-मन्त्रोऽखिलेष्टदः—ॐ वज्र-काय, वज्र-तुण्ड, कपिल-पिङ्गल,ऊर्ध्व-केश, महा-वीर, सु-रक्त-मुख, तडिज्जिह्व, महा रौद्र, दंष्ट्रोत्कट ! कह-कह ,करालिने महा-दृढ़-प्रहारिन् ! लङ्केश्वर-वधाय महा-सेतु-बन्ध-महा-शैल-प्रवाह-गगने-चर ! एह्येहि भगवन्, महा-बल - पराक्रम, भैरवाज्ञापय एह्येहि महा-रौद्र ! दीर्घ-पुच्छेन वेष्टय ।वैरिणं भञ्जय भञ्जय हुं फट् (१२५ अक्षर)

२५ कामदेव और रति

१ अष्टाक्षर काम : काम-देवाय कामादि हृदन्तोऽष्टाक्षरो मनुः कामस्य—क्लीं काम-देवाय नमः

२ पञ्चाक्षर रति : माया रत्यै पञ्चार्णस्तु रतेर्मनु —ह्रीं रत्यै नमः

३ काम-गायत्री : काम-देवाय-वर्णान्ते विद्महे पदमुच्चरेत्, पुष्प-बाणाय च पदं धीमहीति ततो वदेत् । तन्नोऽनङ्ग प्रचो-वर्णाद् दयादिति मनोभुवः, गायत्र्येषा बुधैरुक्ता जप्ता जन-विमोहिनी—ॐ काम-देवाय विद्महे पुष्प-बाणाय धीमहि, तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्

२६ त्रिशूल

१ सप्ताक्षर : ध्रुव वदेत् त्रिशूलाय नमश्चेति मन्त्रः सप्ताक्षरो मतः— ॐ त्रिशूलाय नमः

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि वामदेव, छन्द उष्णिक्, देवता पिनाक-धृक् । भगवान् शिव के हाथ मे पकड़े हुए त्रिशूल का ध्यान कर तीन लाख जप कर बिल्व-पत्र से दशांश होम करने से मन्त्र-सिद्धि ।

२७ शिव गायत्री

१ शिव : ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महा-देवाय धीमहि, तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्

२ दक्षिणामूर्ति : ॐ दक्षिणामूर्तये विद्महे ध्यानस्थाय धीमहि, तन्नो धीशः प्रचोदयात्

भगवती शक्ति

'पञ्चायतन' के पञ्च-देवो मे 'शक्ति' का अपना विशिष्ट स्थान है। इस सन्दर्भ मे 'शक्ति' से आशय मुख्यतः दुर्गा से लिया जाता है। ये दुर्गति और दुर्भाग्य से रक्षा कर भक्तो के सभी अभीष्टो की पूर्ति करनेवाली देवी हैं। महा-भारत मे इनकी स्तुति 'महिष-मर्दिनी' और 'कुमारी देवी' के रूप मे की गई है। साथ ही इन्हे 'उमा' भी कहा है। 'हरि-वश' और 'मार्कण्डेय पुराण' मे 'देवी-माहात्म्य' के अन्तर्गत इन्ही की लीलाओ का वर्णन है। आठ, दस, बारह, अठारह भुजाओवाले इनके विभिन्न स्वरूप हैं। इन भुजाओ मे विविध अस्त्र-शस्त्र ये धारण करती हैं। इनका वाहन सिंह है। तमोगुण के प्रतीक महिषासुर का वध करने से ये 'महिष-मर्दिनी' नाम से प्रसिद्ध हैं। 'देवी-भागवत' मे इन्ही का उल्लेख 'हेमवती' नाम से किया गया है—'उमाभिधाना पुरतो देवी हेमवतीशिवाम्।'

केनोपनिषद् मे 'बहु-शोभमाना उमा हेमवती' की महिमा वर्णित है। वहाँ उनका साक्षात्कार 'ब्रह्म-विद्या' महा-शक्ति के रूप मे होता है, जिनके द्वारा देवताओ को ब्रह्म-तत्व का बोध होता है। दस उपनिषदो मे दश महा-विद्याओ का ब्रह्म-रूप मे वर्णन है।

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद—चारो वेदो मे 'शक्ति' की स्तुति किसी-न-किसी रूप मे पाई जाती है। इस प्रकार 'शक्ति' की आराधना भारतीय धर्म की पुरातन परम्परा है। मातृ-रूप मे 'शक्ति' की उपासना अपना विशेष स्थान रखती है।

'शक्ति' से रहित शिव शव के समान हैं। शिव या ब्रह्म की क्षमता ही 'शक्ति' है। वही सृष्टि, स्थिति, सहार की करनेवाली है। अव्यक्त, निष्क्रिय, निराकार ब्रह्म को व्यक्त, सक्रिय और साकार करने-वाली 'शक्ति' ही है।

जितने भी उपास्य देव हैं, उन सबकी अपनी-अपनी शक्तियाँ है। ब्रह्मा की शक्ति सरस्वती, विष्णु की लक्ष्मी और शिव की पार्वती प्रसिद्ध हैं। इन शक्तियो के भिन्न-भिन्न असंख्य रूप हैं किन्तु मूलतः 'शक्ति' एक ही है। देवी-माहात्म्य के अन्तर्गत बडे उत्तम ढंग से यह स्पष्ट किया गया है कि मूल 'शक्ति' चण्डिका मे सभी शक्ति-रूपो का लय हो जाता है और एकमात्र भगवती चण्डी ही रह जाती है। (शक्ति के सम्बन्ध मे विशेष ज्ञान हेतु 'शक्ति-तत्व' द्रष्टव्य है।)

तन्त्रशास्त्र मे दुर्गा, चण्डिका और दश महा-विद्या आदि विविध 'शक्ति'-स्वरूपो का विस्तार से वर्णन मिलता है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि 'पञ्चायतन' के अन्तर्गत भगवती दुर्गा के ही मन्त्र और उनकी उपासना को स्थान दिया गया है, शक्ति के अन्य स्वरूपो की उपासना का अधिकार क्रमशः उच्चतर साधको को इष्ट और गुरु-कृपा से प्राप्त होता है। यहाँ 'पञ्चायतन-खण्ड' के अन्तर्गत पहले 'दुर्गा' के ही मन्त्र दिए जा रहे है। 'दश महा-विद्याओं' एव अन्य शक्ति-स्वरूपो के मन्त्र उनके बाद प्रकाशित किए गये हैं। इन 'दश महा-विद्याओ' का विशिष्ट स्थान है, जिनमे से किन्ही एक का मन्त्र ग्रहण करने पर ही साधक वास्तविक 'शाक्त' उपासक बनता है और क्रमश साधना कर 'कौल' पद को प्राप्त कर पाता है।

भगवती शक्ति के मन्त्र

[१] दुर्गा

१ दुर्गा : अष्टाक्षर—मायाद्रिः कर्ण-बिन्द्वाढचो भूयोऽसौ सर्ग-वान् भवेत्, पञ्चान्तकः प्रतिष्ठा-वान् मारुतो भौतिकासनः । तारादि-हृदयान्तोऽयं मन्त्रो वस्वक्षरात्मकः—ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः ।

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ११६ । ऋषि नारद, छन्द गायत्री, देवता दुर्गा । 'श्री दुर्गा कल्पतरु', पृष्ठ २७-२६ और ३१ ।

'शारदा-तिलक' और 'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' मे 'अद्रिः' के स्थान पर 'अत्रिः' है किन्तु अर्थ दकार ही है । वहाँ इस मन्त्र का बीज 'दुं' शक्ति 'ह्रीं' और विनियोग 'दुरितापन्निवारणार्थे' बताया है । षडङ्ग-न्यास के मन्त्र 'ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै ह्रां, ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै ह्रीं' इत्यादि निर्दिष्ट किए है । ध्यान में दो पाठान्तर है—(१) मरकत - प्रख्या चतुर्भिर्भुजैः : मरकत - प्रख्यैश्चतुर्भिर्भुजैः, (२) काञ्ची - क्वणन् : काञ्ची-रणन् ।

'मन्त्र-महार्णव' में 'देवी-रहस्य' के आधार पर उक्त मन्त्र के ऋषि महेश्वर और कीलक 'ॐ' बताए है । शेष 'शारदातिलक' वत् । वहाँ षडङ्ग-न्यास 'ॐ ह्रां, ॐ ह्रीं' इत्यादि से करने का निर्देश दिया है । ध्यान भिन्न दिया है । यथा—

दूर्वा-निभां त्रि-नियनां विलसत् किरीटां शङ्खाब्ज-खड्ग-शर-खेटक - शूल-चापान् ।
सन्तर्जनीं च दधतीं महिषासनस्थां, दुर्गां नवार - कुल-पीठ - गतां भजेऽहम् ।।

'शाक्त-प्रमोद' मे उद्धार यही है किन्तु 'मायाद्रि' के स्थान पर 'मायादिः' छपा है, जो अशुद्ध है । इसी प्रकार 'बिन्द्वाढचो' के स्थान पर 'विद्वाढचो' और 'पञ्चान्तकः' के स्थान पर 'चान्तकश्च' अशुद्ध शब्द छपे हैं । ध्यान पद्धति मे 'हिन्दी-तन्त्रसार' जैसा ही दिया है, जिसमें पहला पाठान्तर 'शारदा-तिलक' के समान है । दूसरा पाठान्तर है—वो : नो । मन्त्रोद्धार के पूर्व भिन्न ध्यान दिया है । यथा—

सिंह-स्कन्ध-समारूढां नानालङ्कार-भूषितां, चतुर्भुजां महा - देवीं नाग-यज्ञोपवीतिनीम् ।
शङ्ख-शार्ङ-समायुक्त-वाम-पाणि-द्वयान्वितां, चक्रं च पञ्च-बाणांश्च धारयन्तीं च दक्षिणे ।
रक्त-वस्त्र-परीधानां बालार्क - सदृशी-तनुं, नारदाद्यैर्मुनि-गणैः सेवितां भव-मोहिनीम् ।
त्रि-वली - वलयोपेत-नाभि -नाल-सुवेशिनीं, रत्न - द्वीपे महा - द्वीपे सिंहासन- समन्विते ।
प्रफुल्ल-कमलारूढां ध्यायेत् तां भव-गेहिनीम् ।।

उक्त ध्यान में दूसरी पंक्ति 'शङ्ख ... दक्षिणे' 'शाक्त-प्रमोद' में नही छपी है, 'हिन्दी तन्त्रसार' में छपी है । वहीं से यहाँ पूर्ति की गई है ।

'प्रपञ्चसार तन्त्र' में उद्धार भिन्न शब्दो में दिया है 'तारो मायामरेशोऽद्रि-पीठो विन्दु-समन्वितः । स एव च विसर्गान्तो गायै नत्यन्तिको मनुः ।' ऋष्यादि वही है । ध्यान भिन्न दिया है, यथा—

शङ्खारि-चाप-शर-भिन्न-करां त्रिनेत्रां, तिग्मेतरांशु-कलया विलसत्-किरीटाम् ।
सिंह-स्थितां सकल - सिद्ध-नुतां च दुर्गां, दूर्वा-निभां दुरित- वर्ग-हरां नमामि ।।

'मेरु-तन्त्र' में उद्धार—'ॐ ह्रीं दुमुक्त्वा दुर्गायै हृदयान्तोऽष्ट-वर्णकः ।' ध्यान—

सिंहासीनां मरकत-द्युतिं चन्द्रार्ध-शेखरां, शङ्ख-चक्र-धनुर्बाणान् दधतीं त्रीक्षणां भजे ।।

२ महिष-मर्दिनी : १ अष्टाक्षर—भान्तं वियत् स-नयनं श्वेतो मर्दिनि ठ-द्वयः, अष्टाक्षरी समाख्याता विद्या महिष-मर्दिनी—महिष-मर्दिनि स्वाहा

२ नवाक्षर—(१) प्रणवाद्यां जपेद् विद्यां—ह्रौं महिष-मर्दिनि स्वाहा
(२) मायाद्यां वा जपेत् सुधीः—ह्रीं महिष-मर्दिनि स्वाहा
(३) वधू-बीजादिकं वापि—स्त्रीं महिष-मर्दिनि स्वाहा
(४) कवचाद्यां जपेत् तथा—हुं महिष-मर्दिनि स्वाहा
(५) सर्व-कालेषु सर्वत्र कामाद्यां वा जपेत् सुधीः—क्लीं महिष-मर्दिनि स्वाहा
(६) वाग्भवाद्यां जपेत् तु देवी वाक्य-विशुद्धये एते नवाक्षराः—ऐं महिष-मर्दिनि स्वाहा

३ दशाक्षर (१) विना बीजैर्महा-विद्या निर्वीर्या परि-कीर्तित, पुटिता बीज-युग्मेन मुखे युग्मं च देशिकैः । दशाक्षरा-समा नास्ति विद्या त्रि-भुवनेश्वरी—ॐ महिष-मर्दिनि स्वाहा ह्रीं
(२) प्रणवं च तथा माया भवेद् विद्या पुनर्दश—ॐ ह्रीं महिष-मर्दिनि स्वाहा
(३) कामं प्रणवमित्युक्तं भवेद् विद्या पुनर्दश—क्लीं ॐ महिष-मर्दिनि स्वाहा

'हिन्दी-तन्त्रसार' पृष्ठ ११८ में बाद के दोनों दशाक्षर मन्त्र नहीं दिए हैं। उनके स्थान पर निम्न दूसरा मन्त्र है—'क्लीं महिष-मर्दिनि स्वाहा ॐ।' ऋष्यादि दुर्गा अष्टाक्षर-मन्त्र के समान बताए हैं। 'श्रीदुर्गा-कल्पतरु', पृष्ठ ३२।

'शारदातिलक' और 'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' में अष्टाक्षर-मन्त्र का उद्धार ऊपर जैसा ही है, केवल दो पाठान्तर हैं—(१) द्वयः : द्वयम्, (२) अष्टाक्षरी समाख्याता : अष्टाक्षरीयमाख्याता। वहाँ टीका में इस मन्त्र का एक अन्य उद्धार 'नारायणीय' के अनुसार दिया है—'विषं हि मज्जा कालोऽग्निरत्रिरिकयो नि ठ-द्वयम् ।' ऋषि शाकवत्स या मार्कण्डेय, छन्द प्रकृति, बीज 'म', शक्ति 'स्वाहा' बताए हैं। ध्यान में एक पाठान्तर है—शङ्ख-चक्र : चक्र-शङ्ख । षडङ्ग-न्यास के मन्त्रों में 'हू' के स्थान पर 'हु' का निर्देश मिलता है।

'मन्त्र-महार्णव' मे 'शारदातिलक' के आधार पर अष्टाक्षर मन्त्र दिया है। ऋषि नारद, छन्द गायत्री, देवता महिषमर्दिनी । वहीं 'विश्वसार' तन्त्र का भी उद्धार उद्धृत है, जो ऊपर दिए नवाक्षर के उद्धार जैसा ही लगभग है, *यथा—प्रणवाद्यां जपेद् विद्यां, मायाद्यां वा जपेत् सुधीः,* वधू-बीजादिकं वापि कवचाद्या जपेत् तथा । सर्व ···सुधीः, वाग्भवाद्या ··वाक्य-विशुद्धये । इति नवाक्षरो मन्त्रः । विना बीजैर्महा-विद्या···मुखे युग्मक-देशके । दशाक्षरी ··प्रणवमित्युक्ता भवेद्...दश ।

'मेरु-तन्त्र' मे उद्धार—'महिष-मर्दिनीत्युक्त्वा स्वाहान्तोऽष्टाक्षरो मनुः' । ऋषि मार्कण्डेय, छन्द गायत्री, देवता 'सुरासुर-नुता देवी महिष-मर्दिनी' । ध्यान—

गारुडोपल-दीप्तिं च मणि-मौलिक-कुण्डलां, तिष्ठन्तीं माहिषे शीर्षे नौ मिमाल-विलोचनाम् ।
चक्रं शङ्खं कृपाणं च बाणं शूलं च तर्जनीं, कार्मुकं खेटकं हस्तैर्बिभ्रतीं शशि - शेखराम् ।
जटा-मुकुट-शोभाढ्यां सर्वाभरण-भूषितां, पीताम्बर - धरां देवीं पीनोन्नत - कुच-द्वयाम् ॥

३ जय-दुर्गा : १ दशाक्षर—तारो दुर्गे-युगं रेफमन्त्यो ढान्तं स-लोचनं, द्वि-ठान्ता जय-दुर्गेयं विद्या वेद्या दशाक्षरी—ॐ दुर्गे दुर्गे रक्षिणि स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १२१। ऋष्यादि दुर्गा-अष्टाक्षर - मन्त्र के समान। 'श्रीदुर्गा-कल्पतरु', पृष्ठ ३२।

'शारदा-तिलक' के उद्धार में एक पाठान्तर है—'रेफमन्त्यो : रक्तमन्त्यं', किन्तु 'रक्त' का अर्थ 'रेफ' ही होता है। वहाँ इस मन्त्र के ऋषि मार्कण्डेय, छन्द बृहती, बीज 'ॐ', शक्ति 'स्वाहा' बताए हैं। 'मन्त्र-मंजूषा' के उद्धार में 'विद्या वेद्या' के स्थान पर है 'सिद्धिदा हि'। ध्यान में एक पाठान्तर है—शङ्खं चक्रं : चक्रं शङ्खं।

'मेरु-तन्त्र' में उद्धार—'तारो दुर्गे-द्वयं प्रोच्य रक्षिणीत्यग्नि-गेहिनी, दशाक्षरो मनुः प्रोक्तो भजतामिष्ट-सिद्धिदः।' ऋषि नारद, छन्द विराट्, देवता जय-दुर्गा। ध्यान—

मेघ-श्यामां ग्लौ-किरीटां त्रि-नेत्रां सिंह-वाहिनीं, चक्रं दरं खड्ग-शूलौ बाहुभिर्बिभ्रतीं भजे।

२ द्वादशाक्षर : यदा घोर-स्थले पतेत्, ऋणं वा जायते, तारान्नम उक्त्वा च पूर्व-वत्। द्वादशार्णो भवेन्मन्त्रः संग्राम-विजय-प्रदः—**ॐ नमः दुर्गे दुर्गे रक्षणि स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र'। ऋष्यादि और ध्यान-पूजादि वही।

४ शूलिनी : १ पञ्च-दशाक्षर—ज्वल-ज्वल पदस्यान्ते शूलिनीति पदं ततः, दुष्ट-ग्रह-हुमस्त्रान्ते वह्नि-जायावधिर्मनुः—**ज्वल ज्वल शूलिनि दुष्ट-ग्रह हुं फट् स्वाहा**

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १२२। ऋषि दीर्घ-तपस्, छन्द ककुप्, देवता शूलिनी। 'श्रीदुर्गा-कल्पतरु', पृष्ठ ३३।

'शारदा-तिलक' के उद्धार में दो पाठान्तर है—(१) ततः : वदेत्, (२) ग्रह : ग्रहं। इससे मन्त्र में 'दुष्ट-ग्रह' के स्थान पर 'दुष्ट ग्रहं' का निर्देश ज्ञात होता है, जो अधिक उपयुक्त है। वहाँ इस मन्त्र के ऋषि 'दीर्घ-तमाः' बीज 'हुं', शक्ति 'स्वाहा' और विनियोग 'ग्रह-क्षुद्रा-नाशार्थं' बताए है। ध्यान में दो पाठान्तर हैं—(१) कृपाणं त्वरि : कृपाणमरि, (२) रसिना : रभितः।

'प्रपञ्चसार तन्त्र' में उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है—'छान्तं मरुत्तरिय-वर्ण-युतं स-वाद्यं, संवीप्स्य शूलिनि-पदं च स-दुष्ट-शब्दम्। पञ्चान्तकं स-दहनं परिभाष्य हान्तं, हूं फट् द्वि-ठान्तमिति शूलिनि-मन्त्रमेव।' ऋषि 'दीर्घ-तपाः', शेष वही। ध्यान भिन्न दिया है, यथा—

बिभ्राणा शूल - बाणास्यरि- स-दर - गदा - चाप-पाशान् कराब्जैः,
मेघ-श्यामा किरीटोल्लसित - शशि - कला भीषणा भूषणाढ्या।
सिंह - स्कन्धाधिरूढ़ा चतसृभिरसि - खेटान्विताभिः परीता,
कन्याभिर्भिन्न - दैत्या भवतु भय - विध्वंसिनी शूलिनी वः॥

'मेरु-तन्त्र' मे उद्धार—'ज्वल-द्वयं शूलिनीति वदेद् दुष्ट-ग्रहे ततः, हुं फट् स्वाहेति मन्त्रोऽयं तिथि-वर्णः प्रकीर्तितः।' इस उद्धार के अनुसार मूल-मन्त्र का एक महत्वपूर्ण पाठान्तर ज्ञात होता है—'दुष्ट-ग्रह : दुष्ट-ग्रहे।' ऋषि दीर्घ-तमा, छन्द ककुब्, देवता शूलिनी महा-दुर्गा। ध्यान—

गदां दरमरिं खड्ग-बाणाञ्छूलं च खेटकं, करालिकां पाश - धनुर्दिग्भिर्हस्तैश्च बिभ्रतीम्।
मेघाभामिन्दु-मुकुटां सिंहारूढां चतसृभिः, कन्यकाभिः परिवृतां त्र्यक्षां भूषण - भूषिताम्॥

'मन्त्र-महार्णव' में 'शारदातिलक' के आधार पर मन्त्र देने का उल्लेख है किन्तु मन्त्र के 'दुष्ट-ग्रहं' के स्थान पर 'दुष्ट-ग्रहान्' दिया गया है। ऋषि दीर्घतम, छन्द ककुप् और देवता 'शूलनी दुर्गा' बताए हैं। ध्यान में दो पाठान्तर हैं—हस्त-पद्मैः : पद्म-हस्तैः, कृपाणं त्वगि : कृपाणमरि। ध्यान मे दो अशुद्धियाँ स्पष्ट हैं—'मत्सेटकं' और 'भ्रनिभदं'।

२ अष्ट-दशाक्षर : ज्वल-ज्वल-पदान्ते शूलिनि-द्वितयं दुष्ट-ग्रह हुमस्त्रान्ते वह्नि-जाया—ज्वल-ज्वल शूलिनि शूलिनि दुष्ट-ग्रह हुं फट् स्वाहा

'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' । ऋषि दीर्घतमाः, छन्द ककुप्, देवता शूलिनि । पञ्चाङ्ग-न्यास के मन्त्र—(१) दुर्गे,(२) वरदे, (३) विन्ध्य-वासिनि, (४) असुर - मर्दिनि युद्ध-प्रिये त्रासय त्रासय, (५) देवि सिद्धि-पूजिते नन्दिनि रक्ष महा-योगेश्वरि। इन मन्त्रों के आदि में 'शूलिनि' और अन्त में 'हुं फट्' जोड़ ले । नेत्रों में न्यास-विधि नहीं है । ध्यान पञ्च-दशाक्षर मन्त्र के समान । पुरश्चरण में १८ लाख जपकर १८ सहस्र होम मधुराक्त तिलों से करे, तो सर्वाभीष्ट-सिद्धि ।

५ वन-दुर्गा : सप्त-त्रिंशदक्षर : उत्तिष्ठ-पदमाभाष्य पुरुषि स्यात् पदं ततः, पितामहः स-नेत्रेन्दुः स्वपिपि स्याद् भयं च मे । समुपस्थितमुच्चार्य यदि शक्यमनन्तरं, अशक्य वा पुनस्तन्मे वदेद् भगवति ततः । शमयाऽग्नि-वधूः सप्त-त्रिंशद्-वर्णात्मको मनुः—उत्तिष्ठ पुरुषि किं स्वपिपि भयं मे समुपस्थितं यदि शक्यमशक्यं वा तन्मे भगवति शमय स्वाहा

'शारदा-तिलक' । 'श्रीदुर्गा-कल्पतरु', पृष्ठ ३४ । ऋषि आरण्यक, छन्द अनुष्टुप्, देवता सर्व-दुर्गति-मोचनी वनदुर्गा, बीज 'दुं', शक्ति 'स्वाहा', विनियोग 'सर्व-दुर्गति-मोचनार्थे' । मन्त्र के ६, ४, ८, ८, ६, ५ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास । पुरश्चरण में चार लाख जप कर पायस, शालि, घृत और तिल से होम ।

'मन्त्र-रत्न-मंजूषा' में उद्धार—'उत्तिष्ठ-पद पश्चात् पुरुषि किं ततः स्वपिपि भयं मे समुपस्थित-मुच्चार्य यदि शक्यमशक्यं वा तन्मे भगवति शमय ठ-द्वयं निगदितो मन्त्रः सप्त-त्रिंशदक्षरः ।'

'प्रपञ्चसार तन्त्र' में उद्धार भिन्न दिया है—'उत्तिष्ठ-पदं प्रथम पुरुषि ततः किं-पदं स्वपिपि-युत, भयमपि मेऽन्ते समुपस्थितमित्युच्चार्य यदि-पदं प्रवदेत् । शक्यमशक्य वोक्त्वा तन्मे भगवति निगद्य शमय-पदं । प्रोक्त्वा ठ-द्वितय-युतं सप्त-त्रिंशाक्षरो मनुः प्रोक्तः ।'

ऋष्यादि 'श्रीदुर्गा-कल्पतरु' के समान हैं किन्तु ध्यान भिन्न दिया है । यथा—

हेम - प्रख्यामिन्दु - खण्डात्त-मौलिं, शङ्खारीष्टाभीति - हस्तां त्रि-नेत्राम् ।
हेमाब्जस्थां पीत - वस्त्रां प्रसन्नां, देवीं दुर्गां दिव्य-रूपां नमामि ॥ १ ॥
अरि-शङ्ख - कृपाण - खेट-बाणान्, स-धनुः - शूलक - तर्जनीर्दधाना ।
भवतां महिषोत्तमाङ्ग - संस्था, नव - दूर्वा - सदृशी श्रियेऽस्तु दुर्गा ॥ २ ॥
चक्र-दर - खड्ग - खेटक - शर - कार्मुक - शूल - संज्ञक - कपालैः,
ऋष्टि - मुसल-कुन्त - नन्दक - वलय - गदा - भिन्दिपाल - शक्त्याख्यैः ।
उद्यद् - विकृति - भुजाढ्या माहिषके सजल - जलद - सङ्काशा,
सिंहस्था वाऽग्नि - निभा पद्मस्था वाथ मरकत - श्यामा ॥ ३ ॥
व्याघ्र - त्वक् - परिधाना सर्वाभरणान्विता त्रि - नेत्रा च,
अहि - कलित - नील - कुन्तल - विलसत् - किरीट - शशि-शकला ।
सर्प - मय - वलय - नूपुर - काञ्ची - केयूर - हार - सम्भिन्ना,
सुर - दितिजाभय - भयदा ध्येया कात्यायनी प्रयोग - विधौ ॥ ४ ॥

पहला ध्यान साधना करते समय, दूसरा ध्यान रक्षा हेतु, तीसरा ध्यान संघर्ष, मारण आदि में और चौथा ध्यान प्रयोग-विधि में प्रशस्त है ।

६ जगद्धात्री दुर्गा : १ एकाक्षर—थान्त-वीजं समुद्धृत्य वाम-कर्ण-विभूपितं, इन्दु-विन्दु-समायुक्तं वीजं परम-दुर्लभं—**दुं**

२ त्र्यक्षर—(१) लज्जाद्यां वा जपेद् विद्यां फडन्तां सुधीः—**ह्रीं दुं फट्**

(२) लक्ष्म्याद्यां वा जपेद् वन्द्या चतुर्वर्ग-फलाप्तये—**श्रीं दुं फट्**

(३) वाग्भवाद्यां जपेद् विद्यां—**ऐं दुं फट्**

(४) प्रणवाद्यां जपेत् पुनः—**ॐ दुं फट्**

(५) काम-वीजादिकां वापि फडन्तां जपेत् सुधीः—**क्लीं दुं फट्**

३ चतुरक्षर (१) विविधा सा महा-विद्या तच्छृणुष्व गणेश्वरि, कूर्चाद्यां वा जपेद् विद्यां तदन्ते वह्नि-सुन्दरी—**हूं दुं स्वाहा**

(२) वधू-वीज-युतां वापि स्वाहान्तां जपेत् पुनः—**स्त्री दुं स्वाहा**

'हिन्दी तन्त्रसार', तृतीय परिच्छेद। ऋषि नारद, छन्द गायत्री, देवता जगद्धात्री दुर्गा देवी। 'दां, दीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान अष्टाक्षर-दुर्गा (पृष्ठ ६३ 'सिंह-स्कन्ध०' इत्यादि) के समान, जिसमें तीन पाठान्तर हैं—१ स्कन्ध-समारूढां : स्कन्धाधिरूढां तु, २ भव-गेहिनी : भव-सुन्दरी, ३ सु-वेशिनीं : मृणालिनी।

७ अश्वारूढा : १ दशाक्षर : अथातः प्रवक्ष्यामि ह्यश्वारूढा महा-मनुं, तारमुक्त्वा तथा चैहि परमेश्वर्यग्नि-गेहिनीम्—**ॐ एहि परमेश्वरि स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि ब्रह्मा, छन्द विराट्, देवता अश्वारूढा। मन्त्र के तीन पदों के आदि में 'ॐ' लगाकर दो वार प्रयोग करने से षडङ्ग-न्यास होता है। ध्यान—

अश्वारूढां चन्द्र-मालां त्र्यक्षां पाशेन साध्यकं, बध्वानयन्तीं वामेन दक्षे कनक-वेत्रिकाम्।

पुरश्चरण में अयुत जप कर घृत से दशांश होम।

२ एकादशाक्षर : तारादिरथ मायादिरयमेकादशार्णकः—**ॐ ह्रीं एहि परमेश्वरि स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि आदि वही। 'ह्रां, ह्रीं' आदि से षडङ्ग-न्यास।

३ त्रयोदशाक्षर : पाशांकुश-युता शक्तिर्झिण्टीशो गगनं स-दृक्, परमेश्वरि-शब्दान्ते द्वि-ठान्तः प्रणवादिकः—**ॐ आं ह्रीं क्रों एहि परमेश्वरि स्वाहा**

'मन्त्र-रत्न-मञ्जूषा'। 'शारदा-तिलक' मे मन्त्रोद्धार मे 'युता' के स्थान पर 'पुटा' है और अन्तिम चरण भी दिया है—'अश्वारूढा-मनुः प्रोक्तस्त्रयो-दशभिरक्षरैः।' ऋष्यादि का उल्लेख नही है, 'मेरु-तन्त्रोक्त' दशाक्षर-मन्त्र के ऋष्यादि मान्य हो सकते हैं। मन्त्र के २, १, १, २, ५, २ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

रक्तामश्वाधिरूढां शशि-धर-शकलाबद्ध-मौलिं त्रि-नेत्राम्।
पाशेनाबध्य साध्यां स्मर-शर-विवशां दक्षिणेनानयन्तीम्।
हस्तेनान्येन वेत्रं वर-कनक-मयं धारयन्तीं मनोज्ञाम्,
देवीं ध्यायेदजस्रं कुच-भर-नमितां दिव्य-हाराभिरामाम्॥

पुरश्चरण में पांच लाख जप, घृत से दशांश होम।

(२) त्र्यक्षं वाग्भवं रमा मदनार्णं, शक्ति-शून्य शरदूर्ध्व-मातृका । नाम ठ-द्वयमथो महेश्वरि, भेद एष गदितस्तृतीयकः—**ॐ ऐं श्रीं क्ली सौः ह्सौः भुवनेश्वरि स्वाहा** वहीं, द्वितीय पटल ।

(३) त्र्यम्बक माया वाग्भव शक्तिर्मन्मथ लक्ष्मीर्नाम च मध्ये, ठ-द्वयमन्ते पार्वति ! भेदः षष्ठो गोप्यो निगदित एषः—**ॐ ह्रीं ऐं सौः क्लीं श्रीं भुवनेश्वरि स्वाहा** वही, द्वितीय पटल ।

१४ चतुर्दशाक्षर : (१) तार-द्वयं काम-युग्म शक्ति-द्वन्द्वं रमा-युग्, वाग्-युगं शक्ति-युग्मं च माया-युग्मं तथैव च । नाम ङेऽन्तं च विश्व च प्रोक्ता चतुर्दशाक्षरी—**ॐ ॐ क्लीं क्लीं सौः सौः श्रीं श्री ऐं ऐं सौः सौः ह्रीं ह्रीं भुवनेश्वर्यै नमः**

वही । चतुर्दशी तिथि-युक्त शनिवार को उत्तराभिमुख होकर जप करे ।

(२) तारक-शक्तिर्मन्मथ-लक्ष्मीर्वाग्भव-माया-विगलित-कूर्चम्, नाम च मध्ये ठ-द्वयमन्ते भेदो प्रोक्तः सप्तम एष —**ॐ सौः क्लीं श्रीं ऐं ह्रीं हूं भवनेश्वरि स्वाहा** वही, द्वितीय पटल ।

(३) तारं सारं कमला सकला च कूर्चं शून्यं शरदाद्यमीश्वरि ! तीर नीरमवसानके मनोर्भेद एषः निगदितः दशमस्ते—**ॐ क्लीं श्रीं ह्रीं हूं ह्रीं भुवनेश्वरि हूं स्वाहा**

१५ पञ्च-दशाक्षर : (१) तार रमा प्रणवो लक्ष्मीर्माया वाक् कला तथा, वाणी-कामो शक्ति-कामो शक्तिः काली-युगं परा । नाम ङेऽन्तं नमो देवि ! प्रोक्ता पञ्च-दशाक्षरी—**ॐ श्रीं ॐ श्रीं ह्रीं ऐं ह्रीं ऐं क्लीं सौः क्लीं सौः क्रीं क्रीं ह्रीं भुवनेश्वर्यै नमः**

वही। अमावास्या और पूर्णिमा-युक्त रविवार को ईशान दिशा की ओर मुख कर जप करे।

(२) तत्व-विद्या—दण्डिकेश्वर-शरत्-परास्ततो देवि ! नाम भुवनेश्वरी कृशा, तत्व-रूपिणि पराक्षरं शिवे ! तत्व-मूलकमनु-स्थित-संज्ञ्य.—ह्रीं सौः, ह्रीं भुवनेश्वरि ह्रीं तत्व-रूपिणि ह्रीं

वही, चतुर्थ पटल। ऋष्यादि षोडशाक्षर (३) के समान।

(३) त्र्यक्ष वाग्भव शरत् कमलार्णं काम नाम भुवनेश्वरि स्समेत्, तार कूर्चं हर नीरकमन्ते भेद एष गदितस्तु द्वादशः—ॐ ऐं सौः श्रीं क्लीं भुवनेश्वरि ॐ हूं फट् स्वाहा वही, द्वितीय पटल।

१६ षोडशाक्षर : (१) ह्रीं गौरि ! रुद्र-दयिते योगेश्वरि ! स-वर्म फट्, द्वि-ठान्तः षोडशार्णोऽयं मन्त्रः सद्भिरुदीरितः—ह्रीं गौरि ! रुद्र-दयिते ! योगेश्वरि ! हुं फट् स्वाहा

'शारदातिलक'। ऋषि अज, छन्द अनुष्टुप्, देवता गौरी चण्ड कात्यायनी। 'ह्रां ह्रीं' से षडङ्ग-न्यास।

ध्यान : हेमाभां बिभ्रतीं दोर्भिर्दर्पणाञ्जन-साधने, पाशांकुशौ सर्व-भूपां तां गौरीं सर्वदा भजे।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर घृत से दशांश होम।

(२) प्रणव. सकला लक्ष्मी मारो वाग्भव शक्तिके, प्रासाद प्रणवश्चैव प्रासाद-शक्ति-वाग्भवाः। कामो मा सकला तार माया नाम नतिस्तथा, महादेवि ! गुह्य-तरा प्रोक्तेयं षोडशाक्षरी—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं सौः ह्सौः ॐ ह्सौः सौः ऐं क्लीं श्रीं ह्रीं ॐ ह्रीं भुवनेश्वर्यै नमः

'भुवनेश्वरी-रहस्य', तृतीय पटल। इस मन्त्र का जप प्रतिदिन करना चाहिये।

(३) तत्व-विद्या : चन्द्र-शक्तिः परा-बीजं तथैव तत्व-रूपिणि, माया-बीज समुद्धृत्य सकलागम-निश्चिता। ततश्च साधको दद्यात् तथैव भुवनेश्वरि, माया-बीज समुद्धृत्य तत्व-विद्येयमाहृता—ॐ ऐं सौः ह्रीं तत्व-रूपिणि ! ह्रीं भुवनेश्वरि ह्रीं

वही, चतुर्थ पटल। ऋषि भैरव, छन्द अनुष्टुप्, देवता श्रीतत्व-रूपिणी भुवनेश्वरी, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'हूं', कीलक 'ह्रः', विनियोग 'वीर-साधने'। षडङ्ग-न्यास 'ह्रां, ह्रीं' से। ध्यान—

स्मरेद् रवीन्द्वग्नि-विलोचनां तां, सत्-पुस्तकां जाप्य-वटीं दधानाम्।
सिंहासनां मध्यम-पत्र-संस्थां, श्रीतत्व-विद्यां परमां भजामि॥

पुरश्चरण में १६ लाख जप कर दशांश होम।

१७ सप्तदशाक्षर : तारं लक्ष्मीर्मन्मथः शक्ति-बीज, माया-बीज नाम-मध्ये शिवाया, तार कूर्चं निष्कार वन च, भेदः प्रोक्तः पञ्चमो विश्व-मात—ॐ श्रीं क्लीं सौः ह्रीं भुवनेश्वरि ॐ हूं ठः ठः ठः स्वाहा

वही, द्वितीय पटल।

१८ एकोनविंशाक्षर : (१) तत. प्रणव-वाग्भवौ शरदनङ्ग माया-रमा, वियद्यत-मता शरत् तट-युगं च मध्येऽभिधा। पुनः प्रणव-वाग्भवं हर-वने तव प्रीतये, त्रयोदश-तमो मया निगदितस्तु भेदोत्तम—ॐ ऐं सौः क्लीं ह्रीं श्रीं ह्रीं सौः हूं हूं भुवनेश्वरि ॐ ऐं स्वाहा 'भुवनेश्वरी-रहस्य', द्वितीय पटल।

(२) त्र्यक्ष माया मार लक्ष्मी-तट च, काली-युग्म वाग्भव शक्ति नाम। काली कूर्चं फट् हर देवतायाः, मन्त्र. प्रोक्तो देवि ! चैकादशोऽयम्—ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं हूं क्रीं क्रीं ऐं सौः भुवनेश्वरि क्रीं हूं फट् स्वाहा वही।

(३) त्र्यक्षो माया मन्मथ कूर्चं काली माया लक्ष्मीर्वाग्भव शक्ति-नामा। नामार्णं वै कूर्चं फट् नीरमन्ते, भेदः प्रोक्तो नवमो गोपनीय—ॐ ह्रीं क्लीं हूं क्रीं ह्रीं श्रीं ऐं सौः क्रीं भुवनेश्वरि हूं फट् स्वाहा वही।

१९ विंशाक्षर : ताराणं सकला रमार्ण-मदनौ शक्तिस्तथा वाग्भवं, तार-द्वन्द्वमथो रमार्ण-द्वितयं मध्येऽभिधां विन्यसेत् । अन्ते वाग्भव-मन्मथौ शरदयो नीरं च भेदः स्मृतो, मन्त्राणां भुवनेश्वरी-प्रिय-तरो दुर्गे ! चतुर्थो मया—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सौः ऐं ॐ ॐ श्रीं श्रीं भुवनेश्वरि ऐं क्लीं सौः स्वाहा
वही, द्वितीय पटल ।

२० एक-विंशाक्षर : तारं शरन्मदन-वाग्भव-काम-राजं, शक्तिर्वधूस्तट-रमा सकला च काली । मध्येऽभिधां प्रणव-कूर्च-हरं तथाऽथ, भेदश्चतुर्दश-तमो गदितो भवान्याः—ॐ सौः क्लीं ऐं क्लीं सौः स्त्रीं हूं श्रीं ह्रीं क्रीं भुवनेश्वरि ॐ हूं फट् स्वाहा
वही ।

२१ द्वा-विंशाक्षर : त्रासोल्लसन्-मदन-वाग्भव - शक्ति-माया, काली-त्रयं तट-युगं स्वभिधां च मध्ये । काली ठकार-त्रितयं तुरगं वन च, भेदोऽष्टमो निगदितस्तव प्रीति-वृद्ध्यै—ॐ क्लीं ऐं सौः ह्रीं क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं भुवनेश्वरि क्रीं ठः ठः ठः फट् स्वाहा
वही, द्वितीय पटल ।

अन्य मन्त्र

१ भुवनेश्वरी-गायत्री : (१)माया-बीजं समुच्चार्य भुवनेश्वर्यै च विद्महे, आद्यायै पदमुच्चार्य धीमहि तदनन्तरं । तन्नो देवी-पदं प्रोच्यं ततो देयं प्रचोदयात्—ह्रीं भुवनेश्वर्यै विद्महे आद्यायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्
'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ५०६ ।

(२) ॐ नारायण्यै विद्महे भुवनेश्वर्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्
'हिन्दी-मन्त्र महा०', पृ. ३८ । मन्त्र के ५, ३, ५, ३, ४, ४ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास । 'भुवने० रहस्य' में—

(३) मूल गायत्री : ऐं हृल्लेखायै विद्महे ह्रीं भुवनायै धीमहि श्रीं तन्नः शक्तिः प्रचोदयात् ।
प्रातः गायत्री : ऐं हृल्लेखायै विद्महे भुवनायै धीमहि तन्नः शक्तिः प्रचोदयात्
मध्याह्न गायत्री : ह्रीं हृल्लेखायै विद्महे भुवनायै धीमहि तन्नः शक्तिः प्रचोदयात्
सायं गायत्री : श्रीं हृल्लेखायै विद्महे भुवनायै धीमहि तन्नः शक्तिः प्रचोदयात्
अर्ध-रात्रि गायत्री : ऐं हृल्लेखायै विद्महे ह्रीं भुवनायै धीमहि तन्नः शक्तिः प्रचोदयात्

२ भुवनेश्वरी-मातृका : भुवनेशी-बीज-पूर्वां मातृकां न्यसेद्—'ह्रीं अं नमः, ह्रीं आं नमः' इत्यादि
'श्रीविद्यार्णव तन्त्र', षष्ठ श्वास । ऋषि शक्ति, छन्द गायत्र, देवता मातृका भुवनेशी, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'नमः', कीलक 'मूल प्रकृति' । षडङ्ग-न्यास 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि से । ध्यान—

उद्यत्-कोटि-दिवाकर-प्रतिभटा तुङ्गोरु - पीन - स्तनी, मूर्धार्धेन्दु-किरीट-हार-रशना-मञ्जीर-संशोभिता ।
बिभ्राणा कर-पङ्कजैर्जप-वटीं पाशांकुशौ पुस्तकम्, द्विरयाद् वो जगदीश्वरी त्रि-नयना पद्मे निषण्णा सुखम् ।।

३ दशाक्षर ईश्वर : तारं भूर्ति रमा लक्ष्मीरीश्वरो याक्षरी ततः, मन्त्रोऽयमीश्वरस्योक्तः साधकेष्ट-फल-प्रद —ॐ ह्रीं ह्रीं श्रीं सौं हसखरयूं
'भुवनेश्वरी-रहस्य', एकादश पटल। ऋषि सदाशिव, छन्द अनुष्टुप्, देवता ईश्वर, बीज ॐ, शक्ति 'श्री', कीलक 'ह्री', विनियोग 'धर्मार्थ-काम-मोक्षार्थे' । षडङ्ग-न्यास 'ॐ ह्रां श्रां, ॐ ह्रीं श्रीं' इत्यादि से ।

ध्यान—शुद्ध-स्फटिक - सङ्काशं त्रिनेत्रमीश्वरं प्रभुं, सिंह-चर्म-परीधानं गज - चर्मोत्तरीयकम् ।
सुधाढ्य-कलशं शूलं वरं चाभयमेव च, धारयन्तं कराम्भोजैः शशाङ्क-कृत-शेखरम् ।
पद्मासनं स्मित-मुखं वामाङ्कं संस्थितं परम्, भुवनेश्याः महादेव्याः हृत्-पद्मे भावयाम्यहम् ।।
'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ [illegible]

भगवती भैरवी

'दश महा-विद्याओं' के अन्तर्गत पाँचवें स्थान पर 'श्री भैरवी' का स्थान है। अतः इन्हे 'पञ्चमी' भी कहते हैं। 'पञ्चमी' शब्द स्त्री-वाचक भी है। अतः स्त्री-साधिकाओं को सामान्यतः 'भैरवी' नाम से सम्बोधित किया जाता है। भगवती भैरवी के मुख्य मन्त्र में तीन कूट अक्षर होने से इनका नाम 'त्रिपुर-भैरवी' भी है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि 'श्री भैरवी' को 'विद्या-त्रयी' में प्रथम स्थान प्राप्त है। 'हिन्दू-धर्म-कोश', पृष्ठ ४८३ मे डा० राजबली पाण्डेय ने इनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार दिया है—

'देवी के रौद्र रूप को भैरवी (भयानक) कहते हैं। यह भैरव (शिव) के रौद्र-रूप को स्त्री-शक्ति है। शाक्त-मतावलम्बी लोग भैरवी की गणना दस महा-विद्याओं मे करते हैं।'

'शाक्त-धर्म विशेषाङ्क', पृष्ठ १४५ में 'श्री भैरवी तन्त्रम्' के अन्तर्गत इनके प्रमुख मन्त्र के विनियोग, ऋष्यादि-षडङ्गादि आठ न्यासों, ध्यान, पूजा-यन्त्र, आवरण-पूजन और पुरश्चरण के सम्बन्ध में तुलनात्मक विवेचन द्रष्टव्य है। 'हिन्दी तन्त्रसार' के पृष्ठ २४६ से २६१ के अन्तर्गत इनके १३ स्वरूपों का विवरण उपलब्ध है।

'ज्ञानार्णव तन्त्र' मे बताया है कि भगवती भैरवी त्रिविधा हैं—(१) बाला, (२) भैरवी, (३) सुन्दरी। इनके तीन स्वरूपों में से बाला और सुन्दरी भगवती षोडशी के अन्तर्गत वर्णित हैं। यहाँ भैरवी-रूप के ही मन्त्र संगृहीत हैं।

भगवती भैरवी के मन्त्र

१ त्र्यक्षरी त्रिपुर-भैरवी : (१) वियद्-भृगु-हुताशस्थो भौतिको विन्दु-शेखरः, वियत्-तदादि-केन्द्राग्नि-स्थितं वामाक्षि - विन्दु-मत्। आकाश-भृगु-वह्निस्थो मनुः सर्गेन्दु-खण्ड-वान्, पञ्च-कूटात्मिका विद्या वेद्या त्रिपुर - भैरवी। वाग्भव प्रथमं बीजं काम-बीजं द्वितीयकं, तृतीयं काम - राजाख्यं त्रिभिर्बीजै-रितीरिता।

अस्यार्थः—शिव-चन्द्र-वह्नि-वाग्भवं, शिव-चन्द्र-काम-पृथिवी-वह्नि-चतुर्थ-स्वर-विन्दु-मत्, शिव-चन्द्र-रेफ-युक्त-चतुर्दश-स्वर-विन्दु-विसर्गाः एतत् सर्वं परस्पर - संयुक्तं उच्चारणार्थं एतादृशो रीतिः—हसैं हस्क्लरीं हस्रौः

'शारदा-तिलक', पटल १२। 'श्रीविद्यार्णव तन्त्र' में उक्त उद्धार ही उद्धृत है, किन्तु वहाँ 'काम-राजाख्यं' के स्थान पर 'शक्ति-बीजाख्यं' है। 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २४० में इसी उद्धार का उल्लेख कर पूरी विधि दी है किन्तु वहाँ प्रथम बीज 'हस्रौं' बताया है, जो अशुद्ध है। अप्रकाशित 'तन्त्र-दीपिनी' में भी 'कामराजाख्यं' के स्थान पर भिन्न पाठ है—'शक्ति-कूटाख्य'।

उक्त मन्त्र के ऋषि दक्षिणामूर्ति, छन्द पंक्ति, देवता त्रिपुर-भैरवी, बीज 'ऐं', शक्ति 'सौः' (तार्तीय), कीलक 'क्ली' बताए है। अप्रकाशित 'तन्त्र-दीपिनी' मे ऋष्यादि-न्यास क्रमशः शिर, मुख, गुह्य, पाद और सर्वाङ्ग में करने का निर्देश किया है। षडङ्ग-न्यास 'ह्स्रां, ह्स्रीं' इत्यादि से। ध्यान—

उद्यद्-भानु-सहस्र-कान्तिमरुण-क्षौमां शिरो-मालिनीम्,
रक्तालिप्त - पयोधरां जप - वटीं विद्यामभीतिं वरम्।
हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्र-विलसद् - वक्त्रारविन्द-श्रियम्,
देवीं बद्ध-हिमांशु-रत्न-मुकुटां वन्दे स-मन्द-स्मिताम्॥

'हिन्दी तन्त्रसार' में उद्धृत ध्यान में एक पाठान्तर है—शिरो - मालिनी : शिरो-मालिकां। 'शारदातिलक' के अनुसार पुरश्चरण में १२ लाख जप कर ब्रह्म - वृक्ष - जात पुष्पों या त्रिमधु-युक्त करवीर पुष्पों से दशांश (१२ हजार) होम करे। 'हिन्दी तन्त्रसार' में पलाश पुष्पों से होम करने का निर्देश है।

'पुरश्चर्यार्णव' पृष्ठ ८०१ में उद्धृत ध्यान में तीन पाठान्तर हैं—(१) मालिनीं : मालिकां, (२) वरं : वराम्, (३) स-मन्द-स्मितां: ऽरविन्द-स्थितां। वहाँ तीसरी पंक्ति में 'वक्त्रारविन्द' छपा है, जो अशुद्ध है। 'पुरश्चर्यार्णव' पृष्ठ ८०१ में 'तत्व-लक्ष' का अर्थ 'लक्ष-त्रय' बताया है। तदनुसार पुरश्चरण में तीन ही लाख जप कर्तव्य है।

२ सम्पत्-प्रदा भैरवी : शिव-चन्द्रौ वह्नि-संस्थौ वाग्भवं तदनन्तरं, काम-वीजं तथा देवि ! शिव-चन्द्रान्वितं ततः। पृथ्वी-वीजं तु वह्न्याढ्यं तार्तीयं शृणु वल्लभे ! शक्ति-वीजे महेशानि ! शिव-वह्नी नियोजयेत्। कुमार्याः परमेशानि ! हित्वा सर्गं तु वैन्दवं, त्रिपुरा-भैरवी देवी महा-सम्पत्-प्रदा प्रिये !

अस्यार्थः—त्रिपुरा-भैरवी विसर्ग-रहिता चेत् सम्पत्-प्रदा भवति—ह्सैं ह्स्क्लीं ह्सौं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २४६-४७। अप्रकाशित 'तन्त्र - दीपिनी' के अनुसार उक्त उद्धार 'ज्ञानार्णव तन्त्र' में दिया है। ऋष्यादि वही। षडङ्ग-न्यास मन्त्र के तीनों वीजों की द्विरावृत्ति से। ध्यान में छः पाठान्तर हैं—(१) विचित्र : चित्रित, (२) स्रवद् : गलद्, (३) घट : घन, (४) वर-दान-प्रदां : वर-दान-रतां।

३ कौलेश-भैरवी : सम्प्रत्-प्रदा-भैरवी-वत् विद्धि कौलेश-भैरवीं, हसाद्या सैव देवेशि ! त्रिपु बीजेषु पार्वति ! इयं तु सहराद्या स्यात् ध्यान-पूजादिकं तथा।

अस्यार्थः—त्रि-कूटे सकारादिश्चेत् तदा कौलेश-भैरवीं—स्हैं स्ह्क्लीं स्ह्रौं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २४८। ऋष्यादि समस्त 'सम्पत्-प्रदा भैरवी' के समान।

४ सकल-सिद्धिदा भैरवी : एतस्या एव विद्याया आद्यन्ते रेफ-वर्जिते, तदेयं परमेशानि ! नाम्ना सकल-सिद्धिदा।

अस्यार्थः—कौलेश-भैरवी आद्यन्ते रेफ-वर्जिता चेत् तदा सकल-सिद्धिदा भवेत्—स्हैं स्ह्क्लीं स्हौं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २४८ में मन्त्र अशुद्ध छपा है। ऋष्यादि समस्त 'सम्पत्-प्रदा भैरवी' के समान।

५ भय-विध्वंसिनी भैरवी : सम्पत्-प्रदा भैरवी आद्यन्त-रेफ-वर्जिता चेत् भय-विध्वंसिनी भैरवी, भवति दक्षिणामूर्तौ तथा दर्शनात्—ह्सैं ह्स्क्लीं ह्सौं 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २४८।

६ चैतन्य-भैरवी : वाग्भवं वीजमुच्चार्य जीव-प्राण-समन्वितं, सकला भुवनेशानो द्वितीयं वीज-मुद्धृतं। जीवं प्राणं वह्नि-संस्थं शक्र-स्वर-समन्वितं, विसर्गाढ्यं महेशानि ! विद्या त्रैलोक्य-मातृका।

अस्यार्थः—चन्द्र-शिव-दश-स्वर-युक्तं विन्दु-नादाढ्यं, चन्द्र-काम-पृथिवी-महामाया चन्द्र-शेखर वह्नि-वीजं चतुर्दश-स्वर-युक्तं विसर्गाढ्यं च—स्हैं स्क्लह्रीं स्ह्रौः

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ २४८-२५०। इनकी पूजा-पद्धति वहीं द्रष्टव्य है।

'मेरु-तन्त्र' में उक्त मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है—'सहावैकार-संयुक्तो प्रथमं वीज-मीरितं, सकला ह्रीं समायुक्ता द्वितीयं वीजमुच्यते, सहरा औ-समायुक्ता विसर्गान्तास्तृतीयकं।' ध्यान में तीन पाठान्तर हैं—(१) मुकुटाग्र : मुकुटोर्ध्वं, (२) रक्ताम्बरान्वितां : रक्ताम्बराञ्चितां, (३) हस्ते : हस्त।

७ षट्-कूटा भैरवी : डाकिनी-राकिनी-बीजे लाकिनी-काकिनी-युगं, साकिनी-हाकिनी-राकिनी-बीजे क्रमादाहृत्य सुन्दरि ! आद्यमेकार-संयुक्तमन्यदीकार-मण्डितं, शक्र-स्वरान्वितं देवि ! तार्तीयं बीज-मालिखेत् । विन्दु-नाद-कलाक्रान्तं द्वितीयं शैल-सम्भवं, तृतीय-बीजं सविसर्गमित्यपि ।

तन्त्रान्तरे—डरोक्षा मादनं बीजं शिवमत्र त्रिधा लिखेत्, अर्केण माया-शक्राभ्यां क्रमात् तं मण्डितं कुरु । विन्दु-नादान्वितं चाद्यं स्वरमन्त्य-विसर्ग-वत्—ड्लक्सहें ड्लक्सहीं ड्लक्सहौ

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृ० २५१-५२ । इस मन्त्र में १ डाकिनी, २ राकिनी, ३ लाकिनी, ४ काकिनी, ५ साकिनी, ६ हाकिनी के क्रमशः 'ड, र, ल, क, स, ह' इन छ. बीजों का समावेश होने से इसे 'षट्-कूटा' कहते हैं । पूजा-विधि वही द्रष्टव्य है ।

८ नित्या-भैरवी : एतस्या एव विद्यायाः षड्-वर्णान् क्रमशः स्थितान्, विपरीतान् वद प्रौढे विद्येयं भोग-मोक्षदा—ह्स्क्ल्डैं ह्स्क्ल्डीं ह्स्क्ल्डौ 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २५२ ।

९ रुद्र-भैरवी : शिव-चन्द्री मादनान्तं पान्तं वह्नि-समन्वितं, शक्ति-भिन्नं विन्दु-नाद-कलाढ्यं वाग्भवं प्रिये ! सम्पत्-प्रदाया भैरव्याः काम-बीजं तदेव हि, सदा-शिवस्य बीजं तु महा-सिंहासनस्य च । एषा विद्या महेशानि ! वर्णितुं नैव शक्यते ।

अस्यार्थः—शिव-चन्द्र चन्द्र-कान्त पान्त वह्नि-संयुक्तमेकादश - स्वर - विशिष्टं विन्दु-नाद-कला-क्रान्तं वाग्भवं बीज । शिव-चन्द्र-काम-पृथिवी-वह्नि-चतुर्थ-स्वर-विशिष्ट नाद-विन्दु-कलान्वितं काम-बीजं । प्रेत-बीजं शक्ति-कूटं तृतीयं—ह्स्ख्फ्रें ह्स्क्लीं ह्सौः 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २५२ ।

१० भुवनेश्वरी भैरवी : (१) हंसाद्यं वाग्भवं चाद्यं हसकान्ते सुरेश्वरी, भू-बीज भुवनेशानी द्वितीयं बीजमुद्धृत । शिव-चन्द्रो महेशानि ! भुवनेशी च भैरवी ।

अस्यार्थः—शिव-चन्द्रो वाग्भवमिति प्रथमं बीजं, शिव-चन्द्र ककार-पृथिवी महामाया इति द्वितीयं बीजं, शिव-चन्द्र इति चतुर्दश-स्वर-सविसर्गस्तृतीयं बीजं—ह्सैं ह्स्क्ल्हीं ह्सौः

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २५५ । 'मेरु-तन्त्र' में उद्धार—'हसावैकार-संयुक्तो प्रथमं बीजमीरितं, हसकला ह्रीं-समेता द्वितीयं बीजमुच्यते । हसावौकार-संयुक्तो विसर्गान्त तृतीयकं ।' वहाँ देवता का नाम 'भुवनेश्वर-भैरवी' बताया है । ध्यान में छः पाठान्तर हैं—(१) जवा : जपा, (२) कुसुमोपमा : कुसुम-प्रभा, (३) रेखा : रेखा, (४) वाससो : वाससं, (५) सुभगा : शुभगा, (६) धारयन्ती : दधाना च ।

११ कमलेश्वरी भैरवी : हस-स्थाने सहेरयुक्त्वा सर्वं मन्त्रादि पूर्ववत्—स्हैं स्ह्क्ल्हीं स्हौः

'मेरु-तन्त्र' । यही मन्त्र 'हिन्दी तन्त्रसार' पृष्ठ २५५ में भुवनेश्वरी-भैरवी के उद्धार मन्त्र के अतिरिक्त मन्त्र-रूप में उल्लिखित है क्योंकि इस मन्त्र का उद्धार उसी मन्त्र से सम्बन्धित है; उसी के 'हस्' वर्णों को उलट कर 'स्ह्' करने से यह मन्त्र प्राप्त होता है । 'मेरु-तन्त्र' के अनुसार इस मन्त्र की उपासना दक्षिणाचार से करनी चाहिए ।

१२ अष्टाक्षरी त्रिपुर-भैरवी : ईशानोऽकार-संयुक्तः पश्चात् सैमिति योजयेत्, हसकरीमिति ततो ह्सैं पश्चात् समुच्चरेत् । अष्टाक्षरस्तु मन्त्रोऽयं भैरव्या समुदाहृतः, जपतो धारणाद् वापि सर्व-सम्पत्-प्रदायकः—ह्सैं हसकरीं ह्सैं

'शाक्त-प्रमोद' । 'मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ६७३ में भी यही मन्त्र दिया है । ऋष्यादि में शक्ति 'ह्रीं' बताया है, शेष प्रथम उद्धार-मन्त्र-वत् । षडङ्ग-न्यास 'ह्सरां, ह्सरीं' इत्यादि से । ध्यान वही है, जिसमें तीन पाठान्तर हैं—(१) मालिनीं : मालिना, (२) जप-वटीं : १ जप-वटी, २ जप-वरीं या परा, (३) स-मन्द-

स्मितां : सु-मन्द-स्मितां। पुरश्चरण में पाँच या दस लाख जप कर बहेड़े के फूलों के साथ बहेड़ों से दशांश होम का निर्देश है।

१३ नवाक्षरी नव-कूटा बाला भैरवी : (१) बाला-बीज-त्रयं देवि ! कूट-त्रयं नवाक्षरी, वियत्-कूट-त्रयं देवि ! भैरव्या नव-कूटकं—**ऐं क्लीं सौः ह्सैं ह्स्क्लीं ह्सौं ह्स्रैं ह्स्क्लीं ह्सौः**

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २५६।

(२) शिवः शक्तिश्च वाग्वीजं नाद-विन्दु-कलान्वितं, वाग्भवं कथितं देवि ! कामराजं शृणु प्रिये ! शिव-शक्ति-मदनेन्द्र-वह्नि-माया-समन्वितं, नाद-विन्दु-कलातीतं कूटं परम-दुर्लभं। शिवश्चन्द्रश्च सत्यान्तः सर्ग-विन्दु-कलान्वितः, एषा नवाक्षरी विद्या सर्व-दोष-विवर्जिता।

अस्यार्थः—शिव-चन्द्र-वाग्भवं प्रथमं, शिव-चन्द्र-काम-भूत-वह्नि-सूर्य-स्वर - विन्दु-युक्तं द्वितीयं, शिव-चन्द्र-चतुर्दश-स्वर-विन्दु-सर्ग-युक्तं तृतीयं। अपरा चन्द्रादिः। भैरवीयमुदिताऽकुल-पूर्वा देशिको यदि भवेत् कुल-पूर्वः। सैव शीघ्र-फलदा भू-विद्येत्युच्यते पशु-जनेष्वति-गोप्या। शिवाष्टमं केवलमादि-बीजं भगस्य पूर्वाष्टम-बीजमन्यत्। परं शिवोऽन्तं कथिता त्रि-वर्णा सङ्केत-विद्या गुरु-वक्त्र-गम्या—**ऐं क्लीं सौः ह्सैं ह्स्क्लीं ह्सौः स्हैं स्ह्क्लीं स्हौः**

(३) शक्तिः शिवो वह्नि-बीजं द्वादश-स्वर-विन्दुकं, शक्तिर्महेशः कामश्च इन्द्रो वह्नीन्दु-मायया। शक्तिः शिवश्च वह्निश्च मनु-स्वर-विसर्गकः। नाद-विन्दु-कला - युक्तं बीजमेतत् प्रकीर्तितम्—**ऐं क्लीं सौः स्ह्रैं स्ह्क्लीं स्ह्रौः**

एतासां दीपनी विद्या श्री-क्रमे—वद-युग्मं महेशानि ! वाग्वादिनि ततः परं, एषा त्वष्टाक्षरी विद्या वाग्भवाद्ये नियोजयेत्। क्लिन्ने क्लेदिनि देवेशि ! महा-मोक्षं ततः कुरु, काम-बीजं समुच्चार्य प्रणवं तदनन्तरं। मोक्षं कुरु पश्चाच्छक्ति-कूटं तथोच्चरेत्। जपेदादौ जपेत् पश्चात् सप्त-वारमनुक्रमात्—**ऐं वद वद वाग्वादिनि क्लिन्ने क्लेदिनि महा-मोक्षं कुरु क्लीं ॐ महा-मोक्षं कुरु सौः**

अप्रकाशित 'तन्त्र-दीपिनी' में (२), (३) मन्त्रोद्धार क्रमशः 'श्री-क्रम' एवं 'त्रिपुरा-सार' से उद्धृत हुए हैं।

१४ एकादशाक्षरी कामेश्वरी-भैरवी : कामेश्वरी च रुद्रार्णा पूर्व-सिंहासने स्थिता, एतस्या एव विद्याया बीज-द्वयमुदाहृतं। तदन्ते परमेशानि ! नित्य-क्लिन्ने मदद्रवे। एतस्या एव तार्तीयं रुद्रार्णा परमेश्वरि—**स्हैं स्ह्क्ल्ह्रीं नित्य-क्लिन्ने मद-द्रवे स्ह्रौः**

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २५०। पूजन-विधि 'चैतन्य-भैरवी' के समान।

१५ षोडशाक्षरी अन्नपूर्णा भैरवी : बीज-हीनेयमेव (१८-२) स्यात् षोडशार्णा तथा परा—**नमः भगवति माहेश्वरि अन्न-पूर्णे स्वाहा**

'मेरु-तन्त्र'। आगे दिए मन्त्र-क्रमाङ्क १८-(२) के आदि के चार बीजों को हटाने से यह मन्त्र प्राप्त होता है।

१६ सप्त-दशाक्षरी अन्नपूर्णा भैरवी : मायाद्या चाथ ताराद्या मता सप्त-दशाक्षरा—

(१) **ह्रीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा**

(२) **ॐ नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा** वहीं।

प्रथम मन्त्र का उद्धार मूल 'मन्त्र-कोश' में इस प्रकार है—'माया हृद् भगवत्यन्तं माहेश्वरि-पदं ततः, अन्नपूर्णे ठ-युगलं मनुः सप्त-दशाक्षरः।' द्वितीय मन्त्र के सम्बन्ध में वहीं निर्देश है—'इयमेव प्रणवाद्या।' इन दो मन्त्रों के अतिरिक्त वहाँ अन्य सप्त-दशाक्षर मन्त्रों का भी निर्देश है। यथा—

(३) श्री-बीजाद्या : श्रीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा

(४) (वाग्-बीजाद्या) : ऐं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा

(५) कामाद्या : क्लीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार' मे उक्त चारों मन्त्र विधान-सहित दिए हैं।

१७ अष्टादशाक्षरी अन्नपूर्णा भैरवी : माया-तारिका चान्या गदिताष्टादशाक्षरा—(१) ह्रीं ॐ नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा वही।

'मेरु-तन्त्र'। मूल 'मन्त्र-कोष' मे सप्त-दशाक्षर-१ के उद्धार के तारतम्य में ही तीन अष्टादशाक्षर मन्त्रो का निर्देश है। यथा—

(२) तार-मायाद्या : ॐ ह्रीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा

(३) माया-श्री-युग्माद्या : ह्रीं श्रीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा

(४) श्री-माया-युग्माद्या : श्रीं ह्रीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार' मे इन मन्त्रो का विवरण भी द्रष्टव्य है।

१८ ऊन-विंशाक्षरी अन्नपूर्णा भैरवी— काम-बीजं विना देवि ! त्रि-बीज-पूर्विका यदा, ऊन-विंशाक्षरी देवि ! धन-धान्य-समृद्धिदा—ॐ ह्रीं श्रीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्न-पूर्णे स्वाहा

१९ विंशदक्षरी अन्न-पूर्णा भैरवी : तारं तु भुवनेशानी श्री बीजं काम-बीजकं हृदन्ते भगवत्यन्ते माहेश्वरि-पदं ततः। अन्न-पूर्णे ठ-युगल विद्येयं विंशदक्षरी—(१) ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमो भगवति माहेश्वरि अन्न-पूर्णे स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २५७ मे क्रमाक १७, १८ के दोनो मन्त्रो के ऋषि ब्रह्मा, छन्द पंक्ति, देवता अन्नपूर्णेश्वरी भैरवी, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'श्री', कीलक 'क्ली' बताए है। षडङ्ग-न्यास 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि से। ध्यान और पूजा-विधि वहीं द्रष्टव्य है।

(२) ॐ श्री ह्री नमश्चोक्त्वा भगवति-पद वदेत्, माहेश्वरि चान्नपूर्णे स्वाहा विंशति-वर्णकः—ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्न-पूर्णे स्वाहा

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि ब्रह्मा, छन्द त्रिष्टुप्, देवता अन्नपूर्णा, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'श्रीं', कीलक 'क्लीं'। षडङ्ग-न्यास 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि से। ध्यान—

तप्त-काञ्चन-सङ्काशां बालेन्दु-कृत-शेखरां, नव - रत्न - प्रभा - दीप्त - मुकुटां कुंकुमारुणाम्।

चित्र-वस्त्र - परीधानां मीनाक्षीं कमल - स्तनीं, नृत्यन्तीमीशमनिशं दृष्ट्वानन्द - मयीं पराम्।

सानन्द-मुख-लोलाक्षीं मेखलाढ्य-नितम्बिनीं, अन्न दान-रत' नित्यां भूमि-श्रीभ्यां नमस्कृताम्।

दुग्धान्न - भरितं पात्रं स - रत्नं वाम - हस्तके, दक्षिणे तु करे देव्या दर्वीं ध्यायेत् सुवर्णजाम्॥

वहीं इनके शिव का नृत्य-परायण ध्यान भी बताया है। यथा—

गोक्षीर-धाम - धवल पञ्च-वक्त्रं त्रिलोचनं, प्रसन्न-वदनं शान्तं नीलकण्ठ - विराजितम्।

कपर्दिनं स्फुरत्-सर्प - भूषणं मल्ल - सन्निभं, नृत्यन्तमीश्वर देवं त्रिकोणाग्रे सुरेश्वरम्॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर घृत-पायस से दशांश होम।

२० अष्टात्रिंशत्यक्षरी श्मशान-भैरवी : श्मशान - भैरवी - मन्त्रेण यावत् क्रूर-कर्मणि प्रयोगः कर्तव्यः—श्मशान-भैरवि नर - रुधिरास्थि-वसा-भक्षिणि सिद्धि मे देहि मम मनोरथान् पूरय पूरय हुं फट् स्वाहा।

अन्य मन्त्र

१ भैरवी गायत्री : ॐ त्रिपुरायै विद्महे महा-भैरव्यै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्

'मन्त्र-महोदधि', २१ वी तरङ्ग। 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ७१ में उक्त गायत्री मन्त्र में महा-भैरव्यै' के स्थान पर केवल 'भैरव्यै' है। 'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ३८ में 'हिन्दी-तन्त्रसार' के समान मन्त्र है किन्तु वहाँ 'विद्महे' और 'धीमहि' के पूर्व 'च' जुड़ा हुआ है, जो अशुद्ध है। वहाँ मन्त्र के ५, ३, ३, ३, ४, ४ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास करने का भी निर्देश है।

२ त्रिपुर-भैरव : माया लक्ष्मीस्तथा हंसः प्रासाद-बीजमेव च, वह्नि-जायान्तको मन्त्रो भवति त्रैपुर-भैरवः—ह्रीं श्रीं हंस. ह्सौं स्वाहा

'पुरश्चर्यार्णव', पृ० ८०४। ऋष्यादि नहीं। षडङ्ग-न्यास मूल-मन्त्र से। ध्यान—

एक-वक्त्रं त्रि-नयनं चतुर्बाहु-समन्वित, दक्षिणे चांकुशं खड्गं वामे खेटक-पाशकौ।
धारयन्तं रक्त - वर्णं वृषासन - गतं, ऊर्ध्व-केशं हार-हारं कपाल-मालयाऽन्वितम्।
एवं विधं महा-देवि ! ध्यायेत् त्रिपुर-भैरवम् ॥

भगवती छिन्नमस्ता

दश महा-विद्याओ के अन्तर्गत छठे स्थान पर भगवती छिन्न-मस्ता की स्थिति है। अत इन्हे 'षष्ठी' भी कहते हैं। इनका 'प्रचण्ड-चण्डिका' नाम भी प्रसिद्ध है। इसी नाम से इनके मन्त्र एवं पूजा-विधान 'तन्त्रसार' ग्रन्थ मे सङ्कलित हुए हैं। 'विद्या-त्रयी' मे इन्हे दूसरा स्थान प्राप्त है।

'शाक्त-धर्म विशेषाङ्क', पृष्ठ १३६ मे 'छिन्नमस्ता-तन्त्र' के अन्तर्गत इनके मन्त्र, विनियोग, ऋष्यादि-न्यास, ध्यान, पूजा-यन्त्र, आवरण-पूजन, पुरश्चरण आदि का विवरण द्रष्टव्य है। 'श्रीछिन्नमस्ता-नित्यार्चन' मे पूरी पूजा-पद्धति एव आवश्यक स्तोत्र संगृहीत हैं।

कलियुग मे भगवती छिन्नमस्ता की उपासना से शीघ्र ही अभीष्ट फल मिलता है। इनके मन्त्र की साधना से शास्त्रो का ज्ञान होता है, सभी पाप विनष्ट हो जाते हैं और समस्त प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं।

भगवती छिन्नमस्ता के मन्त्र

१ एकाक्षर : वियच्छोत्र-युत विन्दु-नाद-युक्तं तत. प्रिये, एकाक्षरी महा-विद्या त्रैलोक्य-वश-कारिणी—हूं

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ ३०७।

२ त्र्यक्षर : (१) द्वि-ठान्तैषा महा-विद्या त्रैलोक्य-मोह-कारिणी—हू स्वाहा वही।

(२) ताराद्यन्ता भवत्येषा चतुर्वर्ग-फल-प्रदा—ॐ हूं ॐ 'मन्त्र-कोष'

३ चतुरक्षर : ताराद्या च भवत्येषा (त्र्यक्षर–१) चतुर्वर्ग-फल-प्रदा—ॐ हूं स्वाहा

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८१८।

४ पञ्चाक्षर : ताराद्यन्ता भवत्येषा (त्र्यक्षर–१) चतुर्वर्ग फल-प्रदा—ॐ हू स्वाहा ॐ

'हिन्दी-तन्त्रसार', वही।

५ षडक्षर : (१) हृल्लेखा मादनं लक्ष्मीर्वाग्भव कूर्चमेव च, अस्त्रान्ता छिन्नमस्ता महा-विद्या प्रकाशिता—ह्रीं क्लीं श्रीं ऐं हू फट् वही, पृष्ठ ३०४।

(२) हृल्लेखा मादनं कूर्चं वाग्भवं कूर्चमेव च, अस्त्रान्ता छिन्नमस्ता महा-विद्या प्रकाशिता—ह्रीं क्लीं हूं ऐं हूं फट्

(३) हृल्लेखा वाग्भवं कूर्चं वाग्भवं कूर्चमेव च, अस्त्रान्ता छिन्नमस्ताया महा-विद्या प्रकीर्तिता—ह्रीं ऐं हूं ऐं हू फट्

पुरश्चर्यार्णव, पृष्ठ ८१७। इन तीनो षडक्षर मन्त्रो का विशेष ध्यान—'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ३०५ मे दिया है। उसमे दो पाठान्तर हैं—(१) जवा · जपा, (२) सदा · तथा।

६ त्रयोदशाक्षर : वज्र-वैरोचनीये च कूर्च-युग्म स-फट् ठठ', ताराद्येषा महा-विद्या सर्व-तेजोऽप-हारिणी—ॐवज्र-वैरोचनीये हूं हू फट् स्वाहा 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ३०७।

७ चतुर्दशाक्षर . (१) भुवनेशी त्रि-तत्व च वाग्बीज प्रणवस्ततः, वज्र-वैरोचनीये च फट् स्वाहा च तथापि वा—ह्रीं हू ऐं ॐ वज्र वैरोचनीये फट् स्वाहा वही, पृष्ठ ३०६

(२) हृल्लेखा-कूर्च-वाग्बीज वज्र-वैरोचनीये, हू अस्त्र स्वाहा ,महा-विद्या चतुर्दशी परा—ह्रीं हूं ऐं वज्र-वैरोचनीये हूं फट् स्वाहा वही।

८ पञ्च-दशाक्षर श्री ह्री ह्रू ऐं वज्र वैरोचनीये ह्री च ह्रूं प्रिया, दहनस्य तिथिर्वर्णो लक्ष्मी-बीजादिको धने—श्रीं ह्रीं ह्रू ऐं वज्र-वैरोचनीये ह्री ह्रूं स्वाहा

'मेरु तन्त्र'। वहाँ बताया है कि आदि मे 'श्री' होने से यह धन-प्रद है। इसी मन्त्र के आदि मे 'ह्री' रखे तो यह वश्य-कर, 'ह्रू' को आदि मे रखे, तो पाप-नाशक और 'ऐं' को आदि मे रखे, तो मोक्ष प्रद होता है। इस प्रकार इस मन्त्र के चार स्वरूप है।

९ षोडशाक्षर : (१) लक्ष्मी वामं लज्जा ततो माया मात्रा-द्वादशिकामथ, वज्र-वैरोचनीये द्वे माये फट् स्वाहया युत—श्रीं क्लीं ह्रीं ऐं वज्र-वैरोचनीये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा

वही, पृष्ठ २६४

(२) कामाद्या—क्लीं श्रीं ह्रीं ऐं वज्र-वैरोचनीये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा वही।
(३) वाग्भवाद्या वा—ऐं श्रीं क्लीं ह्रीं वज्र वैरोचनीये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा वही।
(४) मायाद्या वा जपेत् सुधी —ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं वज्र वैरोचनीये ह्रीं ह्रीं फट् स्वाहा वही।
(५) मुनि-मते तु मन्त्रान्तर—श्रीं ह्रीं हू ऐं वज्र वैरोचनीये हूं हूं फट् स्वाहा

वही पृष्ठ ३०७।

(६) क्ली ह्रीं हू ऐं वज्र-वैरोचनीये हू हूं फट् स्वाहा वही।
(७) हूं श्री ह्रीं ऐं वज्र-वैरोचनीये हूं हूं फट् स्वाहा वही।
(८) ऐं ह्रीं हू वज्र-वैरोचनीये हू हूं फट् स्वाहा वही।

१० सप्त-दशाक्षर : (१) पूर्वोक्ता षोडशी श्री-बीजादिका, ह्री बीजादिका, हू बीजादिका, ऐं बीजादिका यदि भवति, तदा तु सप्त-दशाक्षरी। लक्ष्मी-बीजादिका सैव सर्वैश्वर्य-प्रदायिनी, लज्जाद्या स्वर्ग-भू-भोग-योषिदाकर्षणी परा। कूर्चाद्या सर्व-जन्तूना महा-पातक-नाशिनी, वाग्भवाद्या यदा देवी वागी-शत्व-प्रदायिनी—

'श्री, ह्री, हू, ऐं' को क्रमश जोडने मे सभी षोडशाक्षर मन्त्र सप्त-दशाक्षर हो जाते हैं। वही, पृष्ठ ३०८।

(२) प्रणवाद्यापि। ताराद्या षोडशी चान्या भवेत् सप्त-दशाक्षरी—

'ॐ' को आदि मे जोडने से सभी षोडशाक्षर-मन्त्र सप्त-दशाक्षर हो जाते हैं। वही।

(३) प्रणवश्च रमा लज्जा-बीज-द्वन्द्व च वाग्भव, वज्र-वैरोचनीये ह्री ह्री फट् स्वाहा घनाक्षरः—ॐ श्रीं ह्रीं ह्रीं ऐं वज्र वैरोचनीये ह्री ह्री फट् स्वाहा

'मेरु तन्त्र'। ध्यानादि क्रमाक १४ के मन्त्र के समान, केवल ऋषि मात्र 'भैरव' बताए हैं। पुरश्चरण मे चार लाख जप कर पलाश-पुष्पो से दशाश होम।

११ अष्टादशाक्षर : (१) कमला भुवनेशानी कूर्च-बीजं सरस्वती. वज्र-वैरोचनीये च पूर्व-बीजानि चोच्चरेत् । फट् स्वाहा च महा-विद्या वसु-चन्द्राक्षरी परा—श्रीं ह्रीं हूं ऐं वज्र-वैरोचनीये श्रीं ह्रीं हूं ऐं फट् स्वाहा
वही ।

(२) भुवनेशी काम-बीजं कूर्च-बीजं च वाग्भवं, भुवनेशी कूर्च-बीजं वाग्भवं तदनन्तरं । वज्र-वैरोचनीये च हुं फट् स्वाहा ततः परं—ह्रीं क्लीं हूं ऐं ह्रीं हूं ऐं वज्र-वैरोचनीये हुं फट् स्वाहा
वही, पृष्ठ ३०४ ।

१२ ऊन-विंशाक्षर : (१) इयं प्रणवाद्योन-विंशाक्षरी ब्रह्म-विद्या-स्वरूपिणी—ॐ श्रीं ह्रीं हूं ऐं वज्र-वैरोचनीये श्रीं ह्रीं हूं ऐं फट् स्वाहा
वही ।

(२) एवमष्टादशाक्षरी श्री-बीज-पुटिता, हूं-बीज-पुटिता, ह्रीं-बीज-पुटिता, ऐं-बीज-पुटिता यदि भवति चतुर्धा ऊन-विंशत्यक्षरी—'श्रीं, हूं, ह्रीं, ऐं' को क्रमशः अष्टादशाक्षर मन्त्र में जोड़ने से चार प्रकार के १९ अक्षर के मन्त्र बनते हैं । -
वहीं ।

१३ विंशत्यक्षर : लक्ष्म्यादि-पुटिता पूर्वा रन्ध्र-चन्द्राक्षरी परा, चतुर्धा च महा-विद्या चतुर्वर्ग-फल-प्रदा—१९ अक्षरों के चार मन्त्रों के आदि में 'श्री' के जोड़ने से चार प्रकार के २० अक्षरोंवाले मन्त्र बनते हैं ।

१४ एक-विंशत्यक्षर : प्रणवाद्या इयमपि चतुर्धा भोग-मोक्ष-करी सदा—'ॐ' को आदि में जोड़ने से २० अक्षरों वाले चारों मन्त्र २१ अक्षर के हो जाते हैं ।
वही ।

इन सभी मन्त्रों के ऋषि क्रोध-भैरव, छन्द सम्राट्, देवता छिन्नमस्ता, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'स्वाहा', विनियोग 'धर्म-काम-मोक्षार्थे' है । षडङ्ग - न्यास क्रमशः '(१) आं खड्गाय, (२) ईं सु-खड्गाय, (३) ऊं वज्राय, (४) ऐं पाशाय, (५) औं अंकुशाय, (६) अः भास-रक्षकाय हूं हूं' से करे । इन सब मन्त्रों के आदि में 'ॐ' और अन्त में 'स्वाहा' जोड़ ले । 'मेरु-तन्त्र' । 'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८१५ में संक्षिप्त ध्यान दिया है । यथा—

भास्वन्मण्डल - मध्यस्थां विपरीत-रत-स्थितौ, रति-कामौ समारूढां विकीर्ण-सकलालकाम् ।
वामे करे निज-शिरश्छिन्नं सन्दधतीं पुनः, गलान्निर्गतमस्रं च पिबन्तीं तन्मुखेन च ।
डाकिनी-वर्णिनीभ्यां च सखीभ्यां परिवारिताम् ।।

'मेरु-तन्त्र' के अनुसार इसमें चार पाठान्तर हैं—(१) रत-स्थितौ : रते स्थितां, (२) रामौ : काम, (३) मस्रं : रक्तं, (४) वारितां : धारितां ।

विस्तृत ध्यान 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ २८६-८९ में दिया है । उसमें तेइस पाठान्तर हैं—(१) जवा : जपा, (२) मण्डितं : सन्निभं, (३) मध्ये तु तां : मध्ये तस्या, (४) लेलिहानाय : लेलिहानांच, (५) रौधिरी धारां : रक्त-धारां च, (६) विनिर्गतां : समुद्भवां, (७) पाशा च : पाशां तां, (८) दिगम्बरीं : दिगम्बरां, (९) पदे : पद, (१०) 'नाग-यज्ञोपवीतिनीं' के बाद 'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८१६ में 'रति-कामोप-विष्टो'''०' पंक्ति नहीं है, (११) 'विपरीत-रतासक्तो '''०' पंक्ति के स्थान पर निम्न पंक्तियाँ हैं—

नागाङ्गदां नाग-काञ्चीं नाग-नूपुर-संयुतां, नाग-कुण्डल-संयुक्तामष्ट-नाग-समन्विताम् ।
विपरीत-रतासक्त-रति-कामोपरि-स्थिताम् ।

(१२) 'वाम-दक्षिण-योगतः' के बाद अतिरिक्त पंक्ति है—'दक्षिणे वर्णिनीं ध्यायेद् वाम-पार्श्वे तु डाकिनीम्', (१३) लोहितां सौम्यां : लोहित-श्यामां, (१४) 'प्रकुर्वती' के बाद अतिरिक्त पंक्ति है—'अस्थि-माला-धरां देवीं नाग-यज्ञोपवीतिनी', (१५) 'नाग-यज्ञो०' से लेकर 'माला-विभूषितां' तक की तीन पंक्तियाँ नहीं हैं, (१६) वाम-पार्श्वस्थां : वाम-पार्श्वे तु, (१७) कल्प-सूर्यानलोपमां : १ कल्पान्त-ज्वलनोपमां, २ कल्पान्त-ज्वलदोपमां, (१८) विद्युज्जटां त्रिनयनां : विद्युच्छटाभ-नयना, (१९) पीनोन्नत : पीनोत्तुङ्ग, (२०) दिगम्वरी : दिगम्वरां, (२१) 'दिगम्वरी' के वाद अतिरिक्त पंक्ति है—'लम्वोदरी काल-रात्रीं नाग-यज्ञोपवीतिनीं' (२२) ता ध्यायेद् : तु ध्यायेद्, (२३) 'विचक्षणः' के वाद अतिरिक्त पंक्ति है—'दुर्निरीक्षां चेतसाऽपि सर्व-काम-फल-प्रदाम्' ।

अन्य मन्त्र

१ छिन्नमस्ता-गायत्री : वैरोचन्यै विद्महे च छिन्नमस्तायै च धीमहि तन्नो देवी-पदं चोक्त्वा योजनीयं प्रचोदयात्—ॐ वैरोचन्यै विद्महे छिन्नमस्तायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्

पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ५०६ ।

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ ६५९ में एक पाठान्तर है—वैरोचन्यै : वैरोचिन्यै ।

'हिन्दी मंत्र-महार्णव', पृष्ठ ३८ पर उक्त गायत्री मंत्र के 'विद्महे' के पूर्व 'च' छपा है, जो अशुद्ध है। वहाँ मंत्र के ५, ३, ५, ३, ४, ४ अक्षरों से षडङ्ग-न्यास करने की विधि भी दी है।

२ क्रोध-भैरव : वीज हालाहलं गृह्य क्रोध-वीजमतः परं, भयङ्करार्णमाभाष्यासिताङ्गं क्षतज-त्विषम् । प्रलयाग्नि-महा-ज्वालामाभाष्य मनुमुद्धरेत्—

उक्त मन्त्रोद्धार के अनुसार वहाँ मन्त्र स्पष्ट नहीं किया गया है किन्तु उसी स्थल पर मन्त्र द्वारा षडङ्ग-न्यास की जो विधि दी है, उससे प्रतीत होता है कि यह उद्धार अधूरा है। 'साधना-रहस्य,' पृष्ठ १०३ पर 'क्रोध-भैरव' के छ. मन्त्र उद्धृत है। वहीं उनका भिन्न प्रकार का ध्यानादि भी द्रष्टव्य है।

साट्ट-हासं महा-रौद्रं भिन्नाञ्जन-चयोपमं, प्रत्यालीढं चतुर्वाहुं दक्षिणे चक्र-धारिणम् ।
तर्जनीं वाम-हस्तेन तीक्ष्ण-दंष्ट्रा-करालिनं, कपाल-रत्न-मुकुटं त्रैलोक्यस्य विनायकम् ।
आदित्य-कोटि-सङ्काशमष्ट-नाग-विभूषितं, अपराजित-पदाक्रान्त-मुद्रावान् बल-विष्टिभिः ॥

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८२१ । वहीं एक पाठान्तर दिया है—चक्र-धारिणं : वज्र-धारिणं ।

भगवती धूमावती

दश महा-विद्याओं के अन्तर्गत सातवीं महा-विद्या होने से भगवती महा-विद्या का सांकेतिक नाम 'सप्तमी' है। इन्हें 'ज्येष्ठा' देवी भी कहते हैं।

'शाक्त धर्म-विशेषाङ्क', पृष्ठ १५५-६२ में इनके मन्त्रोद्धार, विनियोग, ऋष्यादि न्यास, षडङ्ग-न्यास, ध्यान, पूजा-यन्त्र, आवरण-पूजन, पुरश्चरणादि का तुलनात्मक परिचय दिया गया है। 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ३८८ में इनके प्रमुख अष्टाक्षर मन्त्र की साधना-विधि द्रष्टव्य है।

उल्लेखनीय है कि 'विद्या-त्रयी' में इनका स्थान तीसरा है।

भगवती धूमावती के मन्त्र

१ सप्ताक्षर : आदौ धूं-बीजमुच्चार्य पश्चाद् धूमावती तथा। स्वाहेति मन्त्र-रूपं तु सप्त-वर्ण-मनुः स्मृतः—धूं धूमावती स्वाहा

'महा-विद्या-चतुष्टय'। ऋषि नारसिंह, छन्द पंक्ति, देवता ज्येष्ठा (धूमावती), बीज 'धूं', शक्ति 'स्वाहा', विनियोग 'शत्रु-निग्रहे'। षडङ्ग-न्यास 'धां, धीं' इत्यादि से। ध्यान—

ध्यायेत् कालाभ्र - नीलां विकलित - वदनां काक-नासां विकर्णाम्।
सम्मार्जन्युल्क - शूर्पैर्युत - मुसल - करां वक्र - दन्तां विपास्याम्॥
ज्येष्ठां निर्वाण - वेषां भ्रुकुटित - नयनां मुक्त - केशीमुदाराम्।
शुष्कोत्तुङ्गाति - तिर्यक्-स्तन-भर - युगलां निष्कृपां शत्रु-हन्त्रीम्॥

पुरश्चरण में सात सहस्र जप। दशांश की आवश्यकता नहीं।

२ अष्टाक्षर : दान्तावर्घीश-बिन्द्वन्तौ ततो धूमावती द्वि-ठः, धूमावती-मनुः प्रोक्तो वैरि-निग्रह-कारकः—धूं धूं धूमावती स्वाहा

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ ३८८। अप्रकाशित 'तन्त्र-दीपिनी' में 'फेत्कारिणी तन्त्र' से उद्धृत उक्त उद्धार में एक पाठान्तर है—ततो : बीजं। ऋषि पिप्पलाद, छन्द निवृत्, देवता धूमावती। 'धां, धीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। पुरश्चरण में एक लाख जप। 'तन्त्र-दीपिनी' के अनुसार ध्यान में तीन पाठान्तर हैं—(१) रूष्टा, : दुष्टा, (२) विमुक्त - कुन्तला : विवर्ण - कुण्डला, (३) धृत हस्ता : धृत-हस्ता। किन्तु 'तन्त्र-संग्रह' द्वितीय भाग में प्रकाशित 'फेत्कारिणी तन्त्र' के अनुसार ध्यान में ६ पाठान्तर हैं—(१) रूष्टा : कृष्णा, (२) मलिनाम्बरा : नलिनाम्बरा, (३) विवर्ण-कुण्डला : १ विमुक्त-कुन्तला, २ विद्योत-कुन्तला, (४) सूर्प : सूर्य, (५) धूत : १ धूत, २ पूत, (६) घोरा तु भृश : घोरापति-भृश, (७) कुटिला : जटिला, (८) भयदा : भीषणा, (९) प्रिया : १ प्रदा, २ आस्पदा।

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ १९६ में इसी मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दों में है—'सात्वत-त्रितय साधि तथाद्यो चन्द्र-शेखरो, वैकुण्ठोऽनन्त-संयुक्तो जलं नेत्र-युतो हरिः। अष्टार्णो वह्नि-जायान्तो मन्त्रः शत्रु-विनाशनः।' इसके अनुसार स्पष्ट मन्त्र में 'धूमावति' होना चाहिए। वहाँ देवता का नाम 'ज्येष्ठा' बताया है। षडङ्ग-न्यास मात्र 'धूं धूं' से करने का निर्देश है, जो मूल वचन के अनुरूप नहीं है। मूल वचन है—'आद्य-बीज-द्वयान्तस्थैः षड्-वर्णैरङ्गमीरितं।' ध्यान भिन्न छिपा है, यथा—

अत्युच्चा मलिनाम्बराऽखिल - जनोद्वेगावहा दुर्मना,
रूक्षाक्षि - त्रितया विशाल - दशना सूर्योदरी चञ्चला ।
प्रस्वेदाम्बुचिता क्षुधाकुल - तनुः कृष्णाति - रूक्ष-प्रभा,
ध्येया मुक्त-कचा सदा प्रिय-कलिर्धूमावती मन्त्रिणा ॥

वहाँ जप का दशांश होम तिलों द्वारा करने का निर्देश है।

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ७२१ में उक्त मन्त्र का बीज 'धूं', शक्ति 'स्वाहा', कीलक 'धूमावती' और विनियोग 'ममाभीष्ट-सिद्धयर्थे' या 'शत्रु-हनने' बताया है। वहाँ षडङ्ग-न्यास क्रमशः १ ॐधू-धू, २ ॐ धू, ३ ॐ मा, ४ ॐ वं, ५ ॐ ती, ६ ॐस्वाहा' से करने का निर्देश है। उक्त ध्यान के साथ ही वहाँ 'हिन्दी तन्त्रसारोक्त' ध्यान भी उद्धृत है, जिसमें छः पाठान्तर हैं—(१) रुष्टा : दुष्टा, (२) विवर्ण-कुण्डला : विमुक्त-कुन्तला, (३) सूर्प : शूर्प (४) रुक्षाक्षी : रक्ताक्षी, (५) धूत हस्ता : धृत-हस्ता, (६) कलह-प्रिया : कलहास्पदा ।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर तिल-मिश्रित घृत से दशांश होम करने का वहाँ निर्देश है।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८२१ मे उक्त अष्टाक्षर मन्त्र का उद्धार 'महाथर्वण-संहिता' के आधार पर यह दिया है—'दान्तो स-वाम-कर्णेन्दु धूमावत्यग्नि-गेहिनी, अष्टाक्षरी महा-विद्या भजतां सर्व-सिद्धिदा।' वहाँ भी 'हिन्दी तन्त्रसार' का ही ध्यान है, जिसमें निम्न छः पाठान्तर और है—(१) रुष्टा : कृष्णा, (२) रूक्षा : दीर्घा, (३) वरान्विता : त्वरान्विता, (४) प्रवृद्ध-घोणा : प्रवृद्ध-रोमा, (५) कुटिला : जटिला, (६) भयदा : सदा, (७) कलह-प्रिया : कलह-तत्परा ।

'मेरु-तन्त्र' के अनुसार उक्त मन्त्र मे 'धूमावती' के स्थान पर 'धूमावति' होना चाहिए। वहाँ देवता का नाम 'ज्येष्ठा' बताया है। ध्यान 'हिन्दी-तन्त्रसार' के समान है, किन्तु विशेष पाठान्तर है। यथा—

विवर्णां चञ्चलां दीर्घां च मलिनाम्बरां, विमुक्त-कुन्तलां दीर्घां विधवां विरल-द्विजाम् ।
काक-ध्वज-रथारूढां विलम्बित-पयोधरां, शूर्प-हस्तां तु रूक्षाक्षीं धूत-हस्तां त्वरान्विताम् ।
प्रवृद्ध-रोम्णीं तु भृशं जटिलां कुटिलेक्षणां, क्षुत्-पिपासार्दितां नित्यं सदा कलह-तत्पराम् ।

विशेषता यह है कि सभी विशेषण द्वितीया विभक्ति में हैं, प्रथमा में नहीं और कुछ विशेषण भिन्न भी हैं। पुरश्चरण में वहाँ लवण-युक्त राजिका से दशांश होम करने का निर्देश है।

'शाक्त-प्रमोद' मे उद्धार है—'दान्तो सार्घीश विन्द्वन्त-बीजे धूमावती द्वि-ठः।' तदनुसार वहाँ स्पष्ट मंत्र है—'धूं धूं धूमावती ठः ठः।' वहाँ षडङ्ग-न्यास 'ॐ धां, ॐ धीं' इत्यादि से करने का निर्देश है। ध्यान 'हिन्दी तन्त्रसार' के ही समान है।

३ दशाक्षर—ॐ धूं धूं धूं धूमावती स्वाहा

'महा-विद्या-चतुष्टयं'। ऋषि स्कन्द, छन्द पंक्ति, देवता श्री धूमिनी, बीज 'धूं', शक्ति 'स्वाहा', कीलक 'ॐ', विनियोग 'शत्रु-क्षयार्थे'। 'धां, धीं' आदि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

श्यामाङ्गीं रक्त-नयनां श्याम-वस्त्रोत्तरीयकां। वाम-हस्ते शोधनं च दक्ष-हस्ते च शूर्पकम् ॥
धृत्वा विकीर्ण-केशांश्च धूलि-धूसर-विग्रहां। लम्बोष्ठीं शुभ्र दशनां लम्ब-मान-पयोधराम् ॥
संलग्न-भ्रू-युग-युतां कटु-दंष्ट्रोष्ठ-वल्लभां। कृसरस्तु कुलुत्योत्थं भग्न-भाण्ड-तले-स्थितम् ॥
तिल-पिष्ट-समायुक्तं मुहुर्मुहुश्च भक्षितं। महिषी-शृङ्ग-ताटङ्की लम्ब-कर्णाति-भीषणाम् ॥

पुरश्चरण मे १ लाख जप। दशांश हवन राई और नमक से।

४ चतुर्दशाक्षर : धूं-बीज-त्रितय प्रोच्य धुर-युग्म समुच्चरेत्, धूमावती-पद प्रोच्य क्रों स्वाहा फट् समन्विता—धूं धूं धुर धुर धूमावती क्रों फट् स्वाहा

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८२२। ऋषि क्षपणक, छन्द गायत्री, देवता धूमावती, बीज 'धूं', शक्ति 'स्वाहा', विनियोग 'समुच्चाटे'। षडङ्ग-न्यास 'धां, धीं' इत्यादि से। ध्यान—

काकारूढाऽति - कृष्णाभा भिन्न - दन्ता विरागिणी,
मुक्त - केशो सु - धूम्राक्षी क्षुत् - तृषार्ता रयातुरा।
चञ्चला घाति - कामार्ता क्लिष्टा पुष्टा पिशङ्गिका,
मलिना श्रमणी रक्ता व्यक्त - गन्धा विरोधिनी।
धूत-शूर्पाग्र - हस्ता च ध्येया धूमावती परा॥

५ पञ्च-दशाक्षर . (१) प्रणव धूम्र-बीजं च धूमावति पद वदेत्, देवदत्तो धावतीति स्वाहान्तो मनुराह्वयम्—ॐ धूं धूमावति देवदत्त धावति स्वाहा

वही। ऋष्यादि एव ध्यान चतुर्दशाक्षर-मन्त्र के समान। इस मंत्र में 'देवदत्त'-शब्द परिवर्तनीय है। पुरश्चरण अष्टाक्षर-मन्त्र-वत्।

(२) धूं-बीज-त्रितयं प्रोच्य धुरु युग्म समुच्चरेत्। धूमावति-पदं प्रोच्य क्रों स्वाहा फट्-समन्वित—धूं धूं धूं धुरु धुरु धूमावति क्रों फट् स्वाहा

उक्त दोनों मन्त्र 'शक्ति-सङ्गम तन्त्र', सुन्दरी-खण्ड, पृष्ठ १६० में हैं। इनके भी ऋषि आदि वही बताए हैं। ध्यान में छ. पाठान्तर हैं—(१) रयातुरा : भयातुरा, (२) पिशङ्गिका : लसाङ्गिका, (३) श्रमणी-नीरक्ता : श्रम-नीरक्ता, (४) गन्धा : गर्भा, (५) धूत : धृत, (६) शूर्पाग्र : सर्पाग्र।

पुरश्चरण में १ लाख जप। दशांश का उल्लेख नहीं है।

अन्य मन्त्र

१ गायत्री : (१) धूमिति बीजमुच्चार्य धूमावतीति विद्महे, विवर्णा देवी पदतो धीमहि पदमुद्धरेत्। धूमा-देव्यास्तु गायत्री तन्नो घोरे प्रचोदयात्—धूं धूमावति विद्महे विवर्णा देवी धीमहि तन्नो घोरे प्रचोदयात्
'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ५०६।

(२) ॐ धूमावत्यै विद्महे संहारिण्यै धीमहि तन्नो धूमा प्रचोदयात्

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ६८। वहाँ 'विद्महे' और 'धीमहि' के पूर्व 'च' छपे हैं, जो ठीक नहीं हैं। षडङ्ग-न्यास मन्त्र के ५, ३, ४, ३, ४, ४ अक्षरों से।

२ अघोर-रुद्र : 'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८२४ के अनुसार भगवती धूमावती के शिव। इनके मन्त्र का उद्धार व ध्यान प्रस्तुत 'मन्त्र-कोष', पृष्ठ ७५ पर 'एक-पञ्चाशदक्षर' मन्त्र वत दिया है (पृष्ठ ७५ के स्पष्ट मन्त्र में 'प्रचट' के बाद 'कह कह वम वम' छपने से रह गये हैं, कृपया यह त्रुटि दूर कर लें)। यहाँ दिये मन्त्रोद्धार के साथ एक पाठान्तर भी दिया है—वम-द्वन्द्व (१) वह-युग्म, (२) वह द्वन्द्व। ध्यान में भी एक पाठान्तर है—त्रिशिखि : त्रिशिख।

भगवती बगला

दश महा-विद्याओं के अन्तर्गत आठवें स्थान पर भगवती बगलामुखी का उल्लेख होता है। अतः इन्हें 'अष्टमी' नाम से भी सम्बोधित करते हैं। 'सिद्ध-विद्या-त्रयी' में इन्हें पहला स्थान प्राप्त है। 'ब्रह्मास्त्र-विद्या', 'पीताम्बरा', 'पीता', 'बगला' आदि नामों से ये प्रख्यात हैं।

'शाक्त-धर्म-विशेषाङ्क' में 'श्री बगलामुखी तन्त्रम्' के अन्तर्गत इनके मन्त्र, विनियोग, ऋष्यादि-न्यास, ध्यान, पूजा-यन्त्र, आवरण-पूजन, पुरश्चरण आदि का विवेचन द्रष्टव्य है। 'श्री बगला कल्पतरु', 'श्रीबगला-नित्यार्चन', 'वैदिक श्री बगला-पूजा-पद्धति', 'सांख्यायन तन्त्र' जैसी पुस्तकों से इनके सम्बन्ध में प्रायः सभी आवश्यक बातें जानी जा सकती हैं।

जीवन की कठिन-से-कठिन समस्याओं का निराकरण भगवती बगला के मन्त्र की विधिवत् साधना से हो जाता है। बारम्बार अनुभव-सिद्ध होने से इनकी उपासना बड़ी लोक-प्रिय है।

भगवती बगला के मन्त्र

१ एकाक्षर : सोऽन्तरान्त-समायुक्तं चतुर्थ-स्वर-संयुतं, रेफाक्रान्तं विन्दु-युक्तं ब्रह्मास्त्रैकाक्षरो मनुः—ह्लीं

'सांख्यायन तन्त्र', पृष्ठ १२। ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता श्रीबगलामुखी, बीज 'लं', शक्ति 'ह्रीं', कीलक 'ईं'। षडङ्ग-न्यास 'ह्लां, ह्लीं' इत्यादि से। ध्यान—

वादी मूकति, रङ्कति क्षिति - पतिर्वैश्वानरः शीतति,
क्रोधी शान्तति, दुर्जनः सुजनति, क्षिप्रानुगः खञ्जति।
गर्वी खर्वति, सर्व-विच्च जड़ति त्वद्-यन्त्रणा यन्त्रितः,
श्रीनित्ये ! बगलामुखि ! प्रतिदिनं कल्याणि ! तुभ्यं नमः॥

पुरश्चरण में तत्व-लक्ष जप कर, गुडोदक से दशांश तर्पण कर, हयारि-कुसुमों से दशांश होम करे।

'श्रीबगलामुखी-रहस्यं', पृष्ठ ४७ में उद्धार में एक पाठान्तर है—सोऽन्तरान्त : सान्तं रान्त। वहाँ शक्ति 'ह्रूं' बताई है। ध्यान मे एक पाठान्तर है—शान्तति : शाम्यति।

२ त्र्यक्षर : तारेण सम्पुटं कृत्वा स्थिर-मायां जपेत् सुधीः, सर्व-शास्त्रेषु पाण्डित्यं जायतेऽचिरात् प्रिये—ॐ ह्लीं ॐ

'श्रीबगलामुखी-रहस्यं', पृष्ठ ६०।

३ चतुरक्षर : वेदादिं विलिखेत् पूर्वं पाश-वीजं ततः परं, स्तब्ध-मायां समुच्चार्य अंकुश-बीजमेव च। तुर्याक्षरी च बगला सर्व-मन्त्रोत्तमोत्तमा—ॐ आं ह्लीं क्रों

'सांख्यायन तन्त्र', पृष्ठ ७२। बीज 'ह्लीं', शक्ति 'आं', कीलक 'क्रों', शेष वही। षडङ्ग-न्यास 'ॐ ह्लां, ॐ ह्लीं' इत्यादि से। ध्यान—

कुटिलालक-संयुक्तां मदाघूर्णित - लोचनां, मदिरामोद-वदनां प्रवाल - सदृशाधराम्।
सुवर्ण-कलश-प्रख्य -कठिन-स्तन-मण्डलां, आवर्त्त-विलसन्नाभिं सूक्ष्म-मध्यम-संयुताम्।
रम्भोरु-पाद-पद्मां तां पीत-वस्त्र-समावृताम्॥

वहीं दो उल्लेखनीय पाठान्तर हैं—(१) कलश : शैल, (२) प्रदय : सुप्रदय।

पुरश्चरण में चार लाख जप कर, मधूक-पुष्प-मिश्रित जल से दशांश तर्पण कर घृत-शर्करा-युक्त-पायस से दशांश होम।

'बगलामुखी-रहस्यं', पृष्ठ५६ में उक्त मन्त्रोद्धार में चार पाठान्तर है-(१) बीजं ततः : बीजमतः, (२) स्तब्ध-माया : स्थिर-मायां, (३) तुर्याक्षरी : चतुरक्षरी, (४) मोत्तमा : मोत्तमः। ऋष्यादि अन्य विवरण नहीं दिया है।

३ पञ्चाक्षर : प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य स्थिर-मायां वधू ततः, हुं फट् संयोजयेत् पश्चात् पञ्चार्ण-बगला-मनुः—ॐ ह्रीं स्त्रीं हुं फट्

'बगलामुखी-रहस्यं' पृष्ठ ६० मे केवल मन्त्रोद्धार है, पृष्ठ १६४ के अनुसार ऋषि अक्षोभ्य, छन्द बृहती, देवता श्रीबगलामुखी चिन्मयी देवी, बीज 'हूं', शक्ति 'फट्', कीलक 'ह्रीं स्त्री।'

षडङ्ग-न्यास 'ह्रां, ह्रीं' आदि से। ध्यान—

प्रत्यालीढ-परां घोरां मुण्ड-माला-विभूषितां, खर्वां लम्बोदरीं भीमां पीताम्बर-परिच्छदाम्।
नव-यौवन-सम्पन्नां पञ्च - मुद्रा-विभूषितां, चतुर्भुजां ललज्जिह्वां महा-भीमां वर-प्रदाम्।
खड्ग-कर्त्री-समायुक्तां सव्येतर - भुज-द्वयां, कपालोत्पल-संयुक्तां सव्य-पाणि-युगान्विताम्।
पिङ्गोग्रैक-सुखासीनां मौलावक्षोभ्य-भूषितां, प्रज्वलत्-पितृ-भू-मध्य-गतां दंष्ट्रा-करालिनीम्।
तां खेचरां स्मेर-वदनां भस्मालङ्कार-भूषितां, विश्व-व्यापक-तोयान्ते पीत-पद्मोपरि-स्थिताम्॥

५ अष्टाक्षर : (१) वेदादि विलिखेद् पूर्वं पाश - बीजमनन्तर, स्तब्ध - मायां समुच्चार्य अंकुशं बीजमेव च। 'हुं फट् स्वाहा'—समायुक्तं मन्त्रमष्टाक्षरं तथा—ॐ आं ह्लीं क्रों हुं फट् स्वाहा।

'सांख्यायन तन्त्र', पृष्ठ ८५। बीज 'ॐ', कीलक 'क्रों', शेष एकाक्षर-मन्त्र-वत्। षडङ्ग-न्यास चतुरक्षर-मन्त्र-वत्। ध्यान—

युवतीं च मदोन्मत्तां पीताम्बर-धरां शिवां, पीत-भूषण-भूषाङ्गीं सम-पीन-पयोधराम्।
मदिरामोद-वदनां प्रवाल-सदृशाधरां, पान-पात्रं च शुद्धिं च बिभ्रतीं बगलां स्मरेत्॥

वही चार उल्लेखनीय पाठान्तर हैं—(१) युवती : यौवना, (२) मदोन्मत्ता, : मदोद्रिक्तां (३) पान-पात्रं च शुद्धिं च : वैरि-जिह्वां पान-पात्रं (४) स्तब्ध : स्तम्भ। 'श्रीबगला-कल्पतरु', पृष्ठ ४४ में 'वदना' के स्थान मे 'वना' छपा है, जो अशुद्ध है।

(२) वेदादिशक्ति-मादौ च पाश-बीजमनन्तर, स्तब्ध-मायां समुच्चार्य अंकुश बीजमेव च। बगला च समायुक्तो मन्त्रस्याष्टाक्षरो मतः—ॐ ह्रीं श्रीं आं क्रों बगला

'श्रीबगलामुखी-रहस्य', पृष्ठ ५६। देखें 'श्रीबगला कल्पतरु', पृष्ठ ५१।

६ नवाक्षर : ॐ कारैक-ठ-रहितो (एकदशाक्षरः) वा नवाक्षर—ह्लीं क्लीं ह्रीं बगलामुखि ठः

७ एकादशाक्षर : प्रणवं स्थिर-मायां च काम-शक्ति-युतां क्रमात्, बगलामुखि संयुज्य ठ-द्वयेन युतां स्मरेत्—ॐ ह्लीं क्लीं ह्रीं बगलामुखि ठः ठः

'श्रीबगलामुखी रहस्यं' में उक्त दोनों (६ व ७) उद्धार हैं। वहाँ न स्पष्ट मन्त्र दिये हैं, और न ऋष्यादि-विवरण। 'ठ-द्वयं' का अर्थ 'स्वाहा' लें, तो द्वितीय मन्त्र का एक अन्य स्वरूप प्रस्तुत होता है।

८ चतुस्त्रिंशदक्षर—वह्नि-द्वि-नेत्र माया-युक् बगला-मुखि सर्व-दुष्टानां वाचमित्युक्त्वा मुखं स्तम्भय कीर्तयेत्। जिह्वां कीलय बुद्धिं च विनाशय पदं वदेत्, पुनर्बीजं ततस्तारं वह्नि-जायावधिर्भवेत्।

तारादिका चतुस्त्रिंशदक्षरी बगला-मुखी—ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व-दुष्टानां वाचं मुखं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार', तृतीय परिच्छेद। मूल 'मन्त्र-कोष' मे उद्धार के 'माया'-बीज का अर्थ 'ह्रीं' लेकर स्पष्ट मन्त्र मे 'ह्रीं' नही दिया है। ऋषि नारद, छन्द त्रिष्टुप्, देवता बगलामुखी, बीज 'ह्रीं', शक्ति स्वाहा। षडङ्ग-न्यास मन्त्र के २, ५, ५, ७, ५, १० अक्षरो से। ध्यान—

गम्भीरां च मदोन्मत्तां स्वर्ण-कान्ति-सम-प्रभां, चतुर्भुजां त्रि-नयनां कमलासन-संस्थिताम्।
मुद्गरं दक्षिणे पाशं वामे जिह्वां च वज्रकं, पीताम्बर-धरां देवीं दृढ-पीन-पयोधराम्॥
हेम-कुण्डल-भूषां च पीत-चन्द्रार्द्ध-शेखरां, पीत-भूषण-भूषां च रत्न-सिंहासने स्थिताम्॥

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८२६ मे उक्त ३४ अक्षरवाले मन्त्र का उद्धार ऊपर जैसा ही दिया है, केवल पहली पंक्ति इस प्रकार है—'वह्नि-ह्रीनेन्द्र-युग्-माया बगलामुखि सर्व-युक्' और यही शुद्ध पाठ प्रतीत होता है क्योकि मूल मन्त्र-कोष की उक्त पंक्ति मे १६ अक्षरो के स्थान पर १४ ही अक्षर हैं, जो ठीक नही है और अर्थ भी स्पष्ट मन्त्र के अनुरूप नही निकलता। अप्रकाशित 'तन्त्र-दीपिनी' मे 'वह्नि-ह्रीनेन्द्र-युग्' के स्थान पर 'वह्नि-व्योम-युतं' है। पुरश्चर्यार्णव मे चार पाठान्तर भी हैं—(१) पुनर्बीजं : पूर्व - बीजं, (२) तारादिका : ताराधिका, (३) दक्षरी : दक्षरा, (४) बगला : बगला। 'पुरश्चर्यार्णव' मे ऋषि नारायण, छन्द पंक्ति, देवता बगलामुखी, बीज 'ह्लीं', शक्ति 'स्वाहा', विनियोग 'सर्व-शत्रु-मुख-स्तम्भे' बताए हैं। साथ ही पाद-टिप्पणी मे मतान्तर से नारद को ऋषि बताया है। वहाँ ध्यान वही दो दिए है, जो ३६ अक्षरोवाले मन्त्र के सन्दर्भ मे प्रकाशित हैं, जिनमे तीन पाठान्तर हैं—(१) पीताम्बरा ....विभूषिताङ्गी : पीताम्बरा कनक-भूषण-माल्य-शोभा, (२) स्मरामि : भजामि (३) गदाभि : पदाभि।

पुरश्चरण मे अयुत (दस सहस्र) जप करने का निर्देश है।

अप्रकाशित 'तन्त्र-दीपिनी' मे 'ह्लीं' के स्थान पर 'ह्रीं' है और बीज भी 'ह्रीं' ही बताया गया है। ध्यान मे दो पाठान्तर इस प्रकार हैं—(१) वेदी : वेद्या, (२) नमामि : भजामि।

९ षट्-त्रिंशदक्षर : (१) प्रणव स्थिर-माया च ततश्च बगला-मुखि, तदन्ते सर्व-दुष्टाना ततो वाच मुख तत। स्तम्भयेति ततो जिह्वा कीलयेति पद-द्वयं, बुद्धिं नाशय पश्चात् तु स्थिर - माया ततो लिखेत। लिखेच्च पुनरोङ्कार स्वाहेति पदमन्ततः। स्थिर-माया ह्लीं। तथा च मन्त्र—ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व-दुष्टानां वाचं मुखं स्तम्भय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय ह्लीं ॐ स्वाहा

वही। ऋषि, छन्दादि चतुस्त्रिंशदक्षरी मन्त्र के समान। ध्यान दो दिए हैं—

मध्ये सुधाब्धि-मणि-मण्डप-रत्न-वेदी-सिंहासनोपरि-गतां परि-पीत-वर्णाम्।
पीताम्बराभरण-माल्य-विभूषिताङ्गीं, देवीं स्मरामि धृत-मुद्गर-वैरि-जिह्वाम्॥ १
जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं वामेन शत्रून् परि-पीडयन्तीम्।
गदाभि-घातेन च दक्षिणेन पीताम्बराढ्यां द्वि-भुजां नमामि॥ २

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर त्रि-मधु-युक्त प्रियंगु पुष्प या किसी अन्य पीले पुष्प से दशांश होम।

'शाक्त-प्रमोद' मे ऊपर जैसा ही मन्त्रोद्धार दिया है किन्तु वहाँ प्रथम चरण मे 'माया' के बाद 'च' नही है, जिससे छन्द-भङ्ग हो गया है। पाठान्तर भी दो हैं—(१) मुखं ततः : मुखं पद, (२) ततो लिखेत्।

समालिखेत् । वहाँ अन्तिम चरण है—'षट्-त्रिंशदक्षरी विद्या सर्व-सम्पत्ति-करी मता ।' ऋष्यादि वही। ध्यान भी वही दोनों, दो पाठान्तर है—(१) वेदी : वेद्यां, (२) स्मरामि : नमामि ।

(२) प्रणवो गगनं पृथ्वी शान्ति-विन्दु-युतं वग, लाम् साक्षी गदी सर्व-दुष्टानां वा हलीन्दु-युक् । मुख पदं स्तम्भयान्ते जिह्वा कीलय-वर्णकाः, बुद्धि विनाशयान्ते तु बीज तारोऽग्नि-सुन्दरी—ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व-दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धि विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ २८८ । छन्द बृहती, शेष वही, विनियोग 'शत्रूणा स्तम्भनार्थे' या 'ममाभीष्ट-सिद्धये' । 'हिन्दी मन्त्र - महार्णव', पृष्ठ ७४ मे विनियोग 'ममाभिलाषिताप्तये' है, शेष 'मन्त्र-महोदधि' वत् । षडङ्ग-न्यास मन्त्र के २, ५, ५, ६, ५, १० अक्षरो से । ध्यान—

सौवर्णासन - संस्थितां त्रि-नयनां पीतांशुकोल्लासिनीम्,
हेमाभाङ्ग-रुचिं शशाङ्क-मुकुटां सच्चम्पक-स्रग्-युताम् ।
हस्तैर्मुद्गर - पाश - वज्र - रसनाः संबिभ्रतीं भूषणै-
र्व्याप्ताङ्गीं बगलामुखीं त्रि-जगतां संस्तम्भिनीं चिन्तयेत् ।।

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर चम्पा के फूलो से दस सहस्र होम ।

'सांख्यायन तन्त्र' पृष्ठ १७ मे उद्धार भिन्न है—'तारं च बगला-बीजं बगला-पदमुच्चरेत्, मुखीति पदमुच्चार्य सर्व-शब्द ततोच्चरेत् । दुष्टाना पदमुच्चार्य वाचं मुख पद वदेत्, स्तम्भयेति पदं चोक्त्वा जिह्वा कीलय उच्चरेत् । बुद्धि-शब्दं ततोच्चार्य विनाशयेति पद वदेत्, स्थिर-माया ततोच्चार्य प्रणव च ततोच्चरेत् । वह्नि-जाया समुच्चार्य एव मन्त्र समुद्धरेत्, षट्-त्रिंशदक्षर मन्त्र मन्त्र-राजमिद भुवि ।' वहाँ बीज 'ल', शक्ति 'ह', कीलक 'ई' बताए हैं, शेष 'मन्त्र-महोदधि' के समान । षडङ्ग-न्यास मे हृदय को छोडकर शेष अङ्गो के मन्त्रो के आदि मे 'ॐ ह्लीं' जोड़ने की विधि दी है । ध्यान भी भिन्न दिया है—

चतुर्भुजां त्रि-नयनां कमलासन-संस्थिता, त्रिशूलं पान-पात्रं च गदा जिह्वां च बिभ्रतीम् ।
बिम्बोष्ठीं कम्बु-कण्ठीं च सम-पीन-पयोधरा, पीताम्बरां मदाघूर्णां ध्यायेद् ब्रह्मास्त्र-देवताम् ।।

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर कारण-मिश्रित जल से तर्पण कर बिल्व-कुसुमो से दशांश होम ।

(३) तारं माया समुच्चार्य वदेच्च बगलामुखि, तदग्रे सर्व-दुष्टाना ततो वाच मुखं पद, जिह्वा कीलयेति ततः परं, बुद्धि विनाशय ह्रीं ॐ स्वाहा षट्-त्रिंश-वर्णक.—ॐ ह्रीं बगलामुखि सर्व-दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धि विनाशय ह्रीं ॐ स्वाहा

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८२५ । उद्धार मे वहाँ 'ह्रीं' के स्थान पर 'ह्रौं' छपा है, जो अशुद्ध है । ऋषि नारायण, छन्द त्रिष्टुप्, देवता बगलामुखी, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'स्वाहा', विनियोग 'पुरुषार्थ-चतुष्टये'। मन्त्र के २, ५, ५, ६, ५, १० अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान चतुस्त्रिंशदक्षर-मन्त्र के समान, जिसमे चार पाठान्तर हैं—(१) स्वर्ण-कान्ति-सम-प्रभा : तप्त-काञ्चन-सन्निभा, (२) मुद्गरा : मुद्गर, (३) देवी दृढ सान्द्र-वृत्त, (४) रत्न-सिंहासने : स्वर्ण-सिंहासन ।

पुरश्चरण मे दस सहस्र जप कर पीत-द्रव्यो से दशांश होम । अथवा एक लाख जप कर प्रियंगु, पायस व पीत-पुष्पो से दशांश होम ।

'मेरु-तन्त्र' के अनुसार उक्त मन्त्रोद्धार मे एक पाठान्तर है—षट्-त्रिंश : वेदाग्नि ।

१० त्रि-चत्वारिंशदक्षर बगला-हृदयास्त्र । प्रथमं बगला-बीजं वाराह तदनन्तर, ततश्च शक्ति-वाराह बगला-बीजमुद्धरेत् । बगलामुखि-पद चोक्त्वा वाच मुख पद वदेत्, ग्रस-द्वय च उच्चार्य ग्राहि-युग्मं

२० सप्त-विंशाक्षर महा-लक्ष्मी : शम्भु-पत्नी श्रिया रुद्धा कमौ भगवती मही, ब्रह्माऽऽदित्यौ धरा दीर्घा न: क्षादिर्भग-वान् मरुत्। प्रसीद-युगल भूयः श्री-रुद्धा भुवनेश्वरी, महा-लक्ष्मि नमोऽन्तः स्यात् प्रणवादिरयं मनुः। सप्त-विंशत्यक्षराढ्यः प्रोक्तः सर्व-समृद्धिदः—**ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महा-लक्ष्मि नमः**

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ १५०। ऋष्यादि एकाक्षर-मन्त्र-वत्। 'शारदातिलक' के अनुसार इस मन्त्र का बीज 'श्रीं' और शक्ति 'ह्रीं' है। मन्त्र मे एक पाठान्तर भी बताया है—महा - लक्ष्मि . महा-लक्ष्म्यै। षडङ्ग-न्यास आगे दिये मन्त्राक्षरो के आदि व अन्त मे 'श्री ह्री श्री' जोड कर करे—१ कमले, २ कमलालये, ३ प्रसीद, ४ प्रसीद, ५ महालक्ष्मि, ६ नमः। ध्यान—

सिन्दूरारुण-कान्तिमब्ज - वसतिं सौन्दर्य-वारां निधिं,
कोटीराङ्गद - हार-कुण्डल-कटी - सूत्रादिभिर्भूषिताम्।
हस्ताब्जैर्वसु - पात्रमब्ज - युगलादर्शौ वहन्तीं परा-
मावीतां परिचारिकाभिरनिशं ध्यायेत् प्रियां शार्ङ्गिणः॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर, घृत-मधु-शर्करा-युक्त बिल्व-फलो स दशांश होम।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८३६ मे उद्धार मे दो पाठान्तर हैं—(१) ल. क्षादिः : लकारो, (२) महा-लक्ष्मि : महा-लक्ष्मी। ध्यान मे भी एक पाठान्तर है—वसतिं : वसतीं।

'भैरव-तन्त्र' मे उद्धार—'तारो रमा शक्ति लक्ष्मि कमले कमलालये, प्रसीद-द्वितयं श्री ह्री श्री महा-लक्ष्मि हृत् तथा।' वहाँ ऋषि दक्ष प्रजापति, छन्द गायत्री, देवता लक्ष्मी बताए हैं। पञ्चाङ्ग-न्यास मन्त्र के '१ कमले, २ कमलालये, ३ प्रसीद, ४ प्रसीद, ५ महालक्ष्मि' पदो के आदि और अन्त मे 'श्री ह्री श्री' जोड़कर करे। ध्यान—

सिन्दूराभां च पद्मस्थां पद्म पत्रं च दर्पणं, अर्घ-पात्रं च दधतीं सद्धार-मुकुटान्विताम्।
नाना-दासी-परिवृतां काञ्ची-कुण्डल-मण्डितां, लावण्य-भूमिका वन्दे सुन्दराङ्गद-बाहुकाम्॥

२१ अष्टा-विंशाक्षर वसुधा-लक्ष्मी : **ॐ ग्लौं श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा श्रीं ग्लौं ॐ**

ॐ कल्पद्रुमाधो मणि - वेदिकाया समास्थिते वस्त्र-विभूषणाढ्ये ।
भूमि-श्रियो वाञ्छित-वाम-दक्षे सञ्चिन्तयेद् देव-मुनीन्द्र-वन्द्ये ॥

पुरश्चरण में एक लाख जप करे, घृत-युक्त पायस, बिल्व-पत्र और तिल से होम ।

२२ अष्टा-विंशाक्षर महा-लक्ष्मी : तार-पद्मा-शक्ति - पद्मा कमले कमलालये, प्रसीद-युगलं लक्ष्मीर्मा या पद्मा ध्रुवो महा । लक्ष्म्यै नमोऽन्तो मन्त्रोऽयमष्टा-विंशति-वर्ण-वान्—ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं ॐ श्रीं महा-लक्ष्म्यै नमः

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ ३६४ । यह मन्त्र सप्त-विंशाक्षर (क्रमाङ्क २०) मन्त्र-वत् ही है, केवल अन्तिम चरण मे एक 'ॐ' की वृद्धि हो गई है और 'लक्ष्मि' के स्थान मे 'लक्ष्म्यै' है ।

अन्य मन्त्र

१ लक्ष्मी-गायत्री : (१) महा-लक्ष्मी-पदं प्रोच्य विद्महे तदनन्तरं, महा-श्रियै-पदं चोक्त्वा धीमहीति पदं वदेत् । तत्रः शब्दाच्छ्री-पद च ततो दद्यात् प्रचोदयात्—महा-लक्ष्मी विद्महे महा-श्रियै धीमहि तन्नः श्री प्रचोदयात्

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ५०७ ।

(२) ॐ महा-लक्ष्मी च विद्महे विष्णु-पत्नी च धीमहि, तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्—ॐ महा-लक्ष्मी विद्महे विष्णु-पत्नी धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ ६५६ ।

(३) महा-लक्ष्म्यै विद्महे महा-श्रियै धीमहि तन्न· श्रीः प्रचोदयात्

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ ७१ । 'मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ २८ ।

(४) महा-देव्यै विद्महे विष्णु-पत्न्यै धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्

'मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ २८ । वहाँ 'विद्महे' और 'धीमहि' के पूर्व 'च' हैं, जो ठीक नही हैं । उक्त मन्त्र के ४, ३, ४, ३, ४, ४ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास की विधि है ।

(५) ॐ महादेवी विद्महे विष्णु पत्नी धीमहि तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात् 'वही'

२ ज्येष्ठा-लक्ष्मी-गायत्री प्रणवो रक्त-ज्येष्ठायै विद्महे पदमन्ततः, नील-ज्येष्ठा-पदं पश्चाद् यै धीमहि तत· पद । तन्नो लक्ष्मी· पद प्रोच्य चोदयादिति चोच्चरेत्—ॐ रक्त-ज्येष्ठायै विद्महे नील-ज्येष्ठायै धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ २७१ । 'मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ८३२ मे 'लक्ष्मी' के स्थान पर 'लक्ष्मि' और 'मेरु-तन्त्र' मे 'लक्ष्मी ' है ।

३ नारायण : लक्ष्मी के शिव 'नारायण' के मन्त्र का विवरण विष्णु-प्रकरण मे द्रष्टव्य है ।

भगवती सरस्वती

दश महा-विद्याओं में भगवती तारा के प्रकरण में 'नील-सरस्वती' के प्रसङ्ग मे 'सारस्वत-कल्प' का विधान तन्त्र-ग्रन्थो में मिलता है किन्तु भगवती सरस्वती की अपनी स्वतन्त्र मान्यता रही है। 'हिन्दू-धर्म-कोष', पृष्ठ ६६२-६३ में डा० राजवली पाण्डेय ने जो विवरण दिया है, उसका ज्ञातव्य अंश यहाँ उद्‌धृत करने योग्य है—

'…ऋग्वेद में सरस्वती पवित्र नदी और क्रमशः नदी-देवता और वाग्-देवता के रूप में वर्णित हुई। सरस्वती मूलतः शुतुद्रि (सतलज) की एक सहायक नदी थी। जब शुतुद्रि अपना मार्ग बदल कर विपाशा (व्यास) मे मिल गई, तो सरस्वती उसके पुराने पेटे से बहती रही। वह राजस्थान के समुद्र में मिलती थी।' 'सरस्वती को आजकल घघर कहते हैं। सरस्वती और दृषद्वती के बीच का प्रदेश ब्रह्मावर्त कहलाता था।…देवी के रूप मे सरस्वती पवित्रता, शुद्धि, समृद्धि और शक्ति प्रदान करती थी। उसका सम्बन्ध अन्य देवताओं—पूषा, इन्द्र और मरुत् से बताया गया है। कई सूक्तों में सरस्वती का सम्बन्ध यज्ञीय देवता इडा और भारती से भी जोड़ा गया है। पीछे भारती सरस्वती से अभिन्न मान ली गई।

…ब्राह्मण-काल में (शतपथ ब्राह्मण, ३-९-१, ऐतरेय ब्राह्मण, ३-१) उसका वाक् (वाग्-देवता) से अभेद मान लिया गया। पर-वर्ती काल में तो वह विद्या और कला की अधिष्ठात्री देवी ही हो गई। पुराणानुसार यह ब्रह्मा की पुत्री मानी गई है। सरस्वती का ध्यान निम्नाङ्कित पद्य से प्रायः किया जाता है—

> या कुन्देन्दु-तुषार - हार-धवला या शुभ्र - वस्त्रावृता,
> या वीणा - वर-धारिणी भगवती या श्वेत-पद्मासना।
> या ब्रह्माच्युत - शङ्कर - प्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता,
> सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेष-जाड्यापहा॥

सरस्वती का वाहन हंस है, जो क्षीर-नीर-विवेक का प्रतीक है। कहीं मयूर भी वाहन बताया गया है।…

भगवती सरस्वती की पूजन-विधि के सम्बन्ध मे भी वहीं लिखा है—

'…सरस्वती की चार दिन पूजा होती है, जो साधारणतः आश्विन शुक्ल सप्तमी से दशमी तक चलती है।…इन दिनों न तो अध्ययन करना चाहिए, न अध्यापन, न लेखन। माघ शुक्ल पञ्चमी (वसन्त-

पञ्चमी) को आगमोक्त विधि से महा-शक्ति सरस्वती की वार्षिक पूजा की जाती है। आश्विन शुक्ल सप्तमी को पुस्तकों मे सरस्वती की स्थापना करनी चाहिए।'''तमिलनाडु में प्रकाशित तथा हस्त-लिखित ग्रन्थ एकत्र कर विशेष प्रकार की सरस्वती-पूजा करते है। बालिकाएँ तथा विवाहित महिलाएँ सङ्गीत-सम्बन्धी पुस्तकें तथा वीणा साथ-साथ लाती हैं तथा उनकी सरस्वती के समान ही पूजा करती हैं। शिल्पी तथा दूसरे कारीगर लोग नवमी के दिन अपने-अपने औजार तथा यन्त्रो को पूजते हैं।'''

तान्त्रिक साधकों ने 'सरस्वती' के सम्बन्ध में विशेष अध्ययन प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार 'सरस्वती'-शब्द का अर्थ है—गति-मती। सरस=गति, सृ गतौ+असुन् औणादिक। सरस्+वती=गति-वाली, गतिशीला अर्थात् निष्क्रिय ब्रह्म की स्पन्द-शक्ति या क्रिया-शक्ति।

वाग्-देवता सरस्वती निष्क्रिय ब्रह्म का सक्रिय रूप है। इसलिये यह ब्रह्मा-विष्णु-शिव आदि सभी को गति प्रदान करनेवाली शक्ति है। इसीलिए इन्हें 'ब्राह्मी', 'हरि-हर-दयिता' आदि कहते हैं।

सरस्वती का उज्ज्वल वर्ण ज्योतिर्मय ब्रह्म का द्योतक है। उनके एक हाथ मे 'पुस्तक' है, जो स्थूल रूप में ज्ञान-प्राप्ति की मुख्य साधन है और सूक्ष्म रूप में सर्व-ज्ञान-मय वेद की सूचक है। दूसरे हाथ में 'वीणा' है, जो स्थूल रूप मे जीवन-सङ्गीत की बोधक है। हमारी जितनी क्रियायें व विचार हैं, वे सर्जनात्मक नाद-रूप मे पुञ्जीभूत होकर महा विश्व-सङ्गीत के रूप मे काम करते हैं। सूक्ष्म रूप में यही इनकी 'वीणा' है।

मयूर और सिंह भी सरस्वती के वाहन माने जाते हैं, किन्तु 'राज-हंस' ही इनका प्रसिद्ध वाहन है, जो नीर-क्षीर-विवेक का द्योतक है। आध्यात्मिक दृष्टि से 'हंस' जीव का सूचक है, जो प्राण-शक्ति पर निर्भर है। उसके निःश्वास से 'ह' और प्रश्वास से 'सः' की ध्वनि निकलती रहती है। यही निःश्वास-प्रश्वास का आवागमन 'हंस' है, जिसके द्वारा चिद्-रूपिणी 'सरस्वती' क्रिया-निष्पादन करती है। यही कुण्डलिनी है।

भगवती सरस्वती के मन्त्र

१ एकाक्षर : अनन्तं विन्दुना युक्तं वाम-गण्डान्त-भूषितं, जपेद् द्वादश-लक्षं तु मुग्धोऽपि वाक्-पतिर्भवेत्—ऐं

मूल 'मन्त्र-कोष'। 'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ५६५ मे लिखा है कि सूर्य-ग्रहण के दिन कुश की जड़ से उक्त एकाक्षर मन्त्र को जीभ पर लिखकर चाट जाय और ग्रहण के मोक्ष-पर्यन्त जप करे। फिर प्रतिदिन ११०० जप वर्ष भर करे, तो विद्या-प्राप्ति होती है।

२ द्व्यक्षर : अनन्तं विन्दुना युक्तं वाम-गण्डान्त-भूषितं—(१) आं लृं, (२)ऐं लृं

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ५५१। 'आ' से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

रत्न-कान्ति-निभां देवीं ज्योत्स्ना-जाल-विकाशिनीं, मुक्ता-हार-युतां शुभ्रां शशि-खण्ड-विभूषिताम्।
विभ्रतीं दश - हस्तैश्च व्याख्यां वर्णस्य मालिकां, अमृतेन तथा पूर्णं घटं च दिव्य - पुस्तकम्।
दधतीं वाम - हस्तेन पीन-स्तन - भरान्वितां, मध्ये क्षीणां तथा स्वच्छां नाना-रत्न-विभूषिताम्॥

पुरश्चरण मे १२ लाख जप कर, पायस (खीर) से दशांश होम।

३ त्र्यक्षर : तोयस्थं शयनं विष्णोः स-केवल-चतुर्मुखः, विन्द्वर्धीश-युतो वह्नि - विन्दु-सद्योऽम्बु-मान् भृगुः। उक्तानि त्रीणि वीजानि सद्भिः सारस्वतार्थिनां—ऐं क्लीं स्वौं

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १२९ । ऋष्यादि दशाक्षर मन्त्र-वत् । षडङ्ग-न्यास मन्त्र-गत तीन बीजों की द्विरावृत्ति से । ध्यान—

मुक्ता-हारावदाता शिरसि शशि-कलालंकृता बाहुभि स्वै-
र्व्याख्या वर्णाद्य-माला मणि मय-कलश पुस्तक चोद्वहन्तीम् ।
आपीनोत्तुङ्ग-वक्षोरुह - भर-विलसन्मध्य - देशामधीशाम्,
वाचामीडे चिराय त्रिभुवन - नमितां पुण्डरीके निषण्णाम ।।

पुरश्चरण मे तीन लाख जप कर घृत-युक्त पायस (खीर) से दशाश होम ।

मूल 'मन्त्र-कोष' के उद्धार मे तीन पाठान्तर हैं—(१)केवल · केवल (२) विन्द्वधीश अर्धीशेन्दु, (३) सद्योऽम्बुमान् सत्याम्बु-वान् । 'शारदा-तिलक के अनुसार ध्यान मे दो पाठान्तर हैं—(१) वर्णाढ्य : वर्णाक्ष, (२) विलसत् : विनमत् ।

४ नवाक्षर ॐ ऐं ह्रीं सरस्वत्यै नमः

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १३१ ।

५ दशाक्षर : (१) वद वद वाग् - वादिनि वह्नि वल्लभेति दशाक्षर —वद वद वाग् - वादिनि स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १२३ । ऋषि कण्व, छन्द विराट्, देवता वागीश्वरी । षडङ्ग-न्यास क्रमश '१ अ क ङ आ, २ इ च ञ ई, ३ उ ट ण ऊ, ४ ए त न ऐं, ५ ओ प म औं, ६ अ य ह ल क्ष अ.' से । ध्यान—

तरुण-शकलामिन्दोर्बिभ्रती शुभ्र-कान्ति , कुच-भर-नमिताङ्गी सन्निषण्णा सिताब्जे ।
निज-कर-कमलोद्यल्लेखनी पुस्तक-श्री , सकल विभव सिद्धयै पातु वाग् - देवता न ।।

पुरश्चरण मे १० लाख जप कर दुग्ध-मिश्रित श्वेत पद्मो या त्रि मधु (घृत, मधु, शर्करा) से युक्त तिलो द्वारा दशाश होम ।

'शारदातिलक' मे उद्धार—'अदिर्वरुण सद्धो द-वाग् - वादिनि ह-द्वय, वागीश्वर्या दशार्णोऽय मन्त्रो-वाग्-विभव प्रद ।' वहाँ देवता का नाम 'वाक' बताया है ।

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ५५७ मे उक्त मन्त्र के देवता का नाम 'वाग्-वादिनी' बताया है और षडङ्ग-न्यास मात्र 'ॐ आ' से करने का निर्देश दिया है।

(२) ह्रीं ॐ ह्सौ ॐ सरस्वत्यै नम 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १३० ।

६ एकादशाक्षर · (१) तारा माया धियो विन्दु शक्तिस्तार सरस्वती, ङेन्ता नमोऽन्तको मन्त्र प्रोक्त एकादशाक्षर —ॐ ह्रीं ऐं ह्रीं ॐ सरस्वत्यै नम

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १२६ । ऋष्यादि न्यास दशाक्षर मन्त्र-वत् । षडङ्ग-न्यास वाग्भव बीज 'ऐं' से । ध्यान—

वाणी पूर्ण निशा-करोज्ज्वल - मुखीं कर्पूर कुन्द प्रभाम्
चन्द्रार्द्धाङ्कित मस्तका निज-करै सबिभ्रतीमादरात् ।
वीणामक्ष-गुण सुधाढ्य - कलश विद्यां च तुङ्ग स्तनीं
दिव्यैराभरणैर्विभूषित - तनु हसाधिरूढां भजे ।।

पुरश्चरण में १२ लाख जप कर श्वेत-पद्मों, नागेश्वर या चम्पक पुष्पों से १२ सहस्र होम। 'शारदा-तिलक' के उद्धार में दो पाठान्तर हैं—(१) धियो : ऽवरो, (२) नमोऽन्तको : नत्यन्तिको।

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ५६१ में 'ॐ ऐं' से षडङ्ग-न्यास करने का निर्देश है।

(२) वाचस्पतेऽमृते भूयः प्लुवः प्लूरिति कीर्तयेत्, वागाद्यो मुनिभिः प्रोक्तो रुद्र-संख्याक्षरो मनुः—
ऐं वाचस्पते अमृते प्लुवः प्लूः

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १२८। ऋष्यादि दशाक्षर-मन्त्र-वत्। षडङ्ग-न्यास मन्त्र के पाँच पदों एवं पूरे मन्त्र से। ध्यान—

आसीना कमले करैर्जप - वटीं पद्म - द्वयं पुस्तकम्,
बिभ्राणा तरुणेन्दु - बद्ध - मुकुटा मुक्तेन्दु - कुन्द-प्रभा।
भालोन्मीलित-लोचना कुच - भराक्रान्ता भवद्-भूतये,
भूयाद् वागधि-देवता मुनि-गणैरासेव्य-मानाऽनिशम्॥

पुरश्चरण में ११ लाख जप कर घृत से दशांश होम।

'हिन्दी-तन्त्रसार' के ध्यान में 'मुक्तेन्दु-प्रभा' छपा है, जो अशुद्ध है। 'पुरश्चर्यार्णव' में एक पाठान्तर है—भराक्रान्ता : भर-क्लान्ता। 'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ५६४ में मन्त्र का रूप भिन्न है—ऐं वाचस्पतेऽमृते प्लवः प्लवः। वहाँ पञ्चाङ्ग-न्यास की विधि बताई है—(१) ॐ ऐं, (२) ॐ वाचस्पते, (३) ॐ अमृते, (४) ॐ प्लव, (५) ॐ प्लव। नेत्रों में न्यास नहीं होगा। पुरश्चरण में होम पलाश के पुष्पों व घृत से बताया है।

७ एकादशाक्षर चिन्तामणि-सरस्वती : तारं माया च हसरानैकाराढ्यान् स-बिन्दुकान्, पुनर्मायां च तारं च वदेत् ङेऽन्तां सरस्वतीं। हृदयान्तो भवार्णोऽयं मन्त्रस्तु परिकीर्तितः—ॐ ह्रीं ह्सैं ह्रीं **ॐ सरस्वत्यै नमः**

'मेरु-तन्त्र', ऋषि कण्व, छन्द त्रिष्टुप्, देवता चिन्तामणि सरस्वती, बीज ह्सैं, शक्ति ह्रीं। षडङ्ग-न्यास स्वर-सम्पुटित कादि-वर्गों से। ध्यान—

हंसारूढां मौक्तिकाभां मन्द-हास्येन्दु-शेखरां, वीणामृत-घटाक्ष-स्रग्-दीप्त-हस्तां कज-स्थिताम्।

पुरश्चरण में १२ लाख जप कर घृताक्त श्वेत कमलों या चम्पक पुष्पों में १२ सहस्र होम।

८ एकादशाक्षर पारिजात-सरस्वती : (१) प्रणव-हृल्लेखा-सम्पुटित-हकार-सकारौकार-युक्त-सरस्वती ङेऽन्ता नतिः—ॐ ह्रीं ह्सौं ह्रीं ॐ सरस्वत्यै नमः

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १३०। वहाँ 'ह्सौं' के बाद 'ह्रीं' नहीं है, जो ठीक नहीं है। ऋष्यादि व षडङ्ग - न्यास चिन्तामणि - सरस्वती-वत्, केवल देवता का नाम भिन्न है—'पारिजात सरस्वती'। ध्यान—

हंसारूढा हर-हसित-हारेन्दु - कुन्दावदाता, वाणी मन्द-स्मित - तर-मुखी मौलि-बद्धेन्दु-लेखा।
विद्या-वीणामृत-मय-घटाक्ष-स्रजा-दीप्त-हस्ता, श्वेताब्जस्था भवदभिमत-प्राप्तये भारती स्यात्॥

पुरश्चरण में १२ लाख जप कर आनन्द या नागकेशर या चम्पक पुष्पों से १२ सहस्र होम।

(२) सम्पत्-प्रदाया भैरव्या वाग्भवं बीजमालिखेत्, तारेण परया देवी सम्पुटीकृत्य मन्त्र-वित् । सरस्वत्यै हृदन्तोऽयं रुद्रार्णो मनुरीरितः—ॐ ऐं ह्लें ह्रीं सरस्वत्यै नमः ;

'हिन्दी-तन्त्रसार', पृष्ठ १३१ । ऋषि दक्षिणामूर्ति, छन्द गायत्री, देवता पारिजातेश्वरी वाणी, बीज 'ह्रीं', शक्ति 'ऐं', कीलक 'ॐ' । 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास । ध्यान पारिजात-सरस्वती-वत्, जिसमे 'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८७१ के अनुसार तीन पाठान्तर हैं—(१) हर-हसित : वर-हसित, (२) लेखा : रेखा, (३) श्वेताब्जस्या : शुभ्राब्जस्था ।

९ द्वादशाक्षर : (१) भुवनेशी-सम्पुटोऽयं (दशाक्षरः) महा-सारस्वत-प्रदः—ह्रीं वद वद वाग्वादिनि स्वाहा ह्रीं मूल 'मन्त्र-कोष' ।

(२) अन्तरिक्ष-सरस्वती : वाचं मायामन्तरिक्ष-सरस्वत्यग्नि - गेहिनी, द्वादशार्णो मनुः—ऐं ह्रीं अन्तरिक्ष-सरस्वति स्वाहा

'मेरु-मन्त्र' । पुरश्चरण मे १२ लाख जप । इस मन्त्र के प्रभाव से दूर की वार्ता सुन सकते हैं ।

१० षोडशाक्षर : हृदयान्ते भगवति वद-शब्द-द्वयं ततः, वाग्-देवि वह्नि-जायान्तं वाग्भवाद्यं समुद्धरेत् । मनुं षोडश-वर्णाढ्यं वागैश्वर्य-फल-प्रदं—ऐं नमः भगवति वद वद वाग्-देवि स्वाहा

'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १२६ । ऋष्यादि दशाक्षर-मन्त्र-वत् । षडङ्ग-न्यास मन्त्र के १, २, ४ ४, ३, २ अक्षरो से । ध्यान—

शुभ्रां स्वच्छ-विलेप-माल्य-वसनां शीतांशु-खण्डोज्ज्वलाम्,
व्याख्यामक्ष-गुणं सुधाढ्य-कलशं विद्यां च हस्ताम्बुजैः ।
विभ्राणां कमलासनां कुच-नतां वाग्-देवतां स-स्मिताम्,
वन्दे वाग्-विभव-प्रदां त्रि-नयनां सौभाग्य-सम्पत्-करीम् ॥

पुरश्चरण मे ८ लाख जप कर घृत-मिश्रित तिलो से दशांश होम ।

'शारदा-तिलक' के उद्धार में एक पाठान्तर है—द्वयं : युगं । वहाँ ध्यान मे तीन पाठान्तर हैं—(१) स्वच्छ : शुभ्र, (२) कुच-लता : कुच-नता, (३) स-स्मितां : सु-स्मितां ।

११ द्वा-त्रिंशदक्षर महा-सरस्वती : ऐंह्रीश्रीक्लीं समुच्चार्य सौंक्लींह्रींऐं पुनर्वदेत्, ब्लूं तु स्त्रीं नील-तारे च सरस्वति-पदं ततः । द्रांह्रींक्लींब्लूंस उच्चार्य ऐंह्रींश्रीक्लीं पुनर्वदेत्, स्त्रीं सौ सौ ह्रीं वह्नि-जायान्तो मन्त्रो द्वा-त्रिंशदर्णकः—ऐंह्रींश्रींक्लींसौं क्लींह्रींऐंब्लूंस्त्रीं नील-तारे सरस्वति द्रांह्रींक्लींब्लूंस. ऐं ह्रींश्रींक्लीं सौं.सौंःह्रीं स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता महा-सरस्वती । मन्त्र के ५, ५, ८, ५,७, २ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

शवासनां सर्प-भूषां कर्त्रीं चापि कपालकं, चषकं च त्रिशूलं च दधतीं च चतुष्करैः ।
मुण्ड-माला-धरां त्र्यक्षां भजे नील-सरस्वतीम् ॥

पुरश्चरण मे ४ लाख जप कर मधुर-युक्त किंशुक पुष्पो से दशांश होम ।

१२ एकोन-चत्वारिंशाक्षर : ॐ ह्रीं श्रीं ऐं वाग्वादिनि भगवति अर्हन्मुख-निवासिनि सरस्वति ममास्ये प्रकाशं कुरु कुरु स्वाहा ऐं नमः

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ५६५ मे 'प्राकृत ग्रन्थ' से उद्धृत। दीपावली की रात्रि मे स्नान कर श्वेत वस्त्र पहन उत्तराभिमुख हो चावल के ऊपर सरस्वती की श्वेत मूर्ति स्थापित कर पञ्चोपचारो से उसकी पूजा कर स्फटिक-माला से उक्त मन्त्र का १२ सहस्र जप करने से सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है।

भगवती अन्नपूर्णा

दश महा-विद्याओ मे भगवती भैरवी के प्रकरण मे 'अन्नपूर्णा भैरवी' के मन्त्रो का उल्लेख हुआ है परन्तु भगवती अन्नपूर्णा की अपनी स्वतन्त्र प्रतिष्ठा रही है। 'हिन्दू - धर्म - कोष', पृष्ठ ३७ मे लिखा है—

' शिव की एक पत्नी अथवा शक्ति, जो अपने उपासको को अन्न देकर पोषित करती है। इसका शाब्दिक अर्थ है—अन्न अथवा खाद्य - सामग्री से पूर्ण। काशी मे अन्नपूर्णा का प्रसिद्ध मन्दिर है। ऐसा विश्वास है कि अन्नपूर्णा के आवास के कारण काशी मे कोई व्यक्ति भूखा नही मरता। '

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव' के मिश्र तरङ्ग के अन्तर्गत पृष्ठ ६४१–४६ मे अन्नपूर्णा के मन्त्र, कवच, स्तोत्रादि दिए है। 'मन्त्र-महोदधि' के नवम तरङ्ग, पृष्ठ २५४ मे अन्नपूर्णा के मन्त्रो का विवरण सङ्कलित है। 'हिन्दी तन्त्रसार' के पृष्ठ १०४ पर अन्नपूर्णा के मन्त्र संग्रहीत हैं। 'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८८ मे इनके मन्त्रो का उल्लेख है। इन सबसे इस तथ्य को पुष्टि होती है कि स्वतन्त्र रूप से भी इनकी उपासना का प्रचलन रहा है।

भगवती अन्नपूर्णा के मन्त्र

प्रस्तुत 'मन्त्र-कोष' के पृष्ठ १८४-८५ मे अन्नपूर्णा भैरवी के जो मन्त्र उद्धृत हुए है, उनके सम्बन्ध मे प्राप्त पाठान्तर देकर अन्य उपलब्ध मन्त्र यहाँ दिए जाते हैं—

१ सप्त-दशाक्षर : देखें 'मन्त्र-कोष', पृष्ठ १८४ का मन्त्र १६ (१)। 'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८७५ मे 'शारदातिलक' से उद्धृत उद्धार : माया हृद् भगवत्यन्ते माहेश्वरि-पद ततः, अन्नपूर्णे ठ-युगलं मनुः सप्त-दशाक्षर ।

वहाँ ऋष्यादि सभी 'हिन्दी तन्त्रसार', पृष्ठ १०४ वत् हैं, केवल ध्यान मे एक पाठान्तर है—हुन्री। हर्त्री।

'मन्त्र-मुक्तावली' मे उद्धार माया हृद् भगवति-पदान्ते महेश्वरि-पद अन्नपूर्णे वह्नि-वधू, सप्त-दशाक्षरोऽन्नपूर्णा भवानी-मन्त्रः।

२ अष्टादशाक्षर : देखें 'मन्त्र - कोष', पृष्ठ १८५ का मन्त्र १७ (२)। 'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ २६१ मे इसका उद्धार भिन्न शब्दो मे दिया है : अय (विंशाक्षर) रमा-काम-बीज रहितोऽष्टादशाक्षर'। वहीं मन्त्र के २, २, ४, ४, २ अक्षरो से षडङ्ग-न्यास करने का निर्देश किया है। शेष विधि विंशत्यक्षर-मन्त्र के समान।

'हिन्दी मन्त्र महार्णव', पृष्ठ ६४५ मे 'माहेश्वरि अन्नपूर्णे' के स्थान मे 'माहेश्वर्यन्नपूर्णे' छपा है, जो अशुद्ध है क्योकि वैसा पाठ स्वीकार करने से मन्त्र सप्त दशाक्षर हो जायगा।

३ विंशत्यक्षर : देखें, 'मन्त्र-कोष', पृष्ठ १८५ का मन्त्र १६ (१)। 'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ २५४ में इसका उद्धार : वेदादिर्गिरिजा पद्मा मन्मथो हृदयं भग, वति माहेश्वरि प्रान्तेऽन्नपूर्णे वह्निाङ्गना। प्रोक्ता विंशति-वर्णेयं विद्या स्याद्।

वहाँ इस मन्त्र के ऋषि 'द्रुहिण' (ब्रह्मा का नामान्तर), छन्द 'कृति' और देवता का नाम 'अन्न-पूर्णेशी' बताया है। बीज, शक्ति, कीलक का उल्लेख नही है। स्पष्ट मन्त्र वहाँ अशुद्ध छपा है, 'नमः' छूट गया है। ध्यान भिन्न दिया है, यथा—

तप्त - स्वर्ण - निभा शशाङ्क-मुकुटा रत्न-प्रभा-भासुरा,
नाना-वस्त्र - विराजिता त्रि-नयना भूमि-रमाभ्या युता।
दर्वी - हाटक - भाजनं च दधती रम्योच्च - पीन स्तनी,
नृत्यन्त शिवमाकलय्य मुदिता ध्येयाऽन्नपूर्णेश्वरी॥

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ६४२ में 'नृत्यन्त' के स्थान पर 'नित्य त छपा' है, जो अशुद्ध है।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८७४ मे उक्त मन्त्र 'मेरु-तन्त्र' से उद्धृत करते हुए उद्धार भिन्न शब्दो मे दिया है : ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः प्रोक्त्वा भगवति-पदं वदेत्, माहेश्वरि चान्नपूर्णे स्वाहा विंशति-वर्णक। किन्तु वहाँ छन्द 'अनुष्टुप्' और देवता का नाम 'अन्नपूर्णा' बताया है। ध्यान 'मन्त्र-कोष' के पृष्ठ १८५ के मन्त्र १६ (२) के समान है, जिसमे एक पाठान्तर है—कमल-स्तनी : कलश स्तनी।

४ चतुर्विंशत्यक्षर : प्रणवः कमला शक्तिर्नमो भगवतीति च, प्रसन्न-पारिजातेश्वर्यन्नपूर्णेऽन-लाङ्गना। चतुर्विंशति-वर्णात्मा मन्त्र सर्वेष्ट - साधक —ॐ श्रीं ह्रीं नमो भगवति प्रसन्न - पारिजातेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ २६२। षडङ्ग - न्यास मन्त्र के ३, २, ४, ६, ४, २ अक्षरो से। 'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ ६४६ मे 'पारिजातेश्वर्यन्नपूर्णे' छपा है, जो अशुद्ध है क्योंकि उससे मन्त्र २३ ही अक्षर का रह जाता है।

५ पञ्च-विंशत्यक्षर : तार-श्री-शक्ति-हृदयं भगाम्भ कामिका स-दृक्, माहेश्वरि प्रसन्नेति वरदे-पदमुच्चरेत्। अन्नपूर्णेऽग्नि - पत्नीति पञ्च-विंशति-वर्ण वान्—ॐ श्रीं ह्रीं नमः भगवति माहेश्वरि प्रसन्न-वरदे अन्नपूर्णे स्वाहा

वही। षडङ्ग-न्यास मन्त्र के ३, ६, ४, ६, ४, २ अक्षरो से।

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव' में 'वरदेऽन्नपूर्णे' छपा है, जो अशुद्ध है।

'मेरु-तन्त्र' मे उक्त मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दो मे मिलता है—'अथान्य सम्प्रवक्ष्यामि पञ्च-विंशति-वर्णक, तारो रमा च हृल्लेखा नमो भगवतीति च। माहेश्वरि प्रसन्नेति वरदे पदमुच्चरेत्, अन्नपूर्णेऽग्नि-जायान्तो मन्त्वर्णैरङ्ग-कल्पनं।'

६ एक-त्रिंशत्यक्षर : पूर्वोक्त (विंशत्यक्षर) - मन्त्रे मन्त्वर्णान्ममाभिमतमुच्चरेत्, अन्न देहि युग चापि भवेदेक-गुणार्ण-वान्—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमो भगवति माहेश्वरि ममाभिमतमन्न देहि देहि अन्नपूर्णे स्वाहा

वह्नि-जाया चैक-त्रिंशार्णको मनुः ।' इस उद्धार के अनुसार उक्त मन्त्र में एक पाठान्तर ज्ञात होता है : ममाभिमतमन्नं : ममाभीप्सितमन्नं ।

क्रमाङ्क ४, ५, ६ मन्त्रों के ऋष्यादि एवं ध्यान 'मन्त्र-महोदधि' में कथित विंशत्यक्षर मन्त्र (क्रमाङ्क ३) के समान ही हैं।

अष्ट-मातृकायें

आठ मातृकाओं की बड़ी महिमा है। प्रायः सभी महा-विद्याओं के आवरण-पूजन में इन्हें स्थान प्राप्त है। इसके अतिरिक्त जो भी धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, उनमें इनका पूजन आवश्यक माना गया है। ये मातृकायें भास्कर (सूर्य) के रथ पर निरन्तर विराजमान रहती हैं। 'मेरु-तन्त्र' के अनुसार इनके नाम हैं—१ ब्राह्मी, २ माहेश्वरी, ३ कौमारी, ४ वैष्णवी, ५ वाराही, ६ इन्द्राणी, ७ चामुण्डा और ८ महा-लक्ष्मी।

श्री चण्डी (दुर्गा सप्तशती) में भी इनका उल्लेख विशेष रूप से हुआ है। वहाँ 'महालक्ष्मी' का उल्लेख नहीं है और 'नारसिंही' एवं 'शिव-दूती' को लेकर नौ माताओं का वर्णन है। इसके अतिरिक्त इनकी संख्या व नामों के सम्बन्ध में भी विभिन्न मत हैं। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ १३७ व १४२-४३। संक्षेप में इनका परिचय निम्न प्रकार है—

१ ब्राह्मी (ब्रह्माणी) : सृष्टि-कर्ता 'ब्रह्मा' की शक्ति। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ १३६, १७३–७४।

२ माहेश्वरी (रौद्री) : सृष्टि-संहारक 'महेश्वर' या 'रुद्र' की शक्ति। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ १३६, १७४।

३ कौमारी : देव-सेनापति 'कुमार' कार्तिकेय की शक्ति। देखें 'सार्थ-चण्डी', पृष्ठ १३७, १७४।

४ वैष्णवी : सृष्टि-पालक 'विष्णु' की शक्ति। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ १३७, १६७, १७५।

५ वाराही : विष्णु के तृतीय अवतार 'वराह' की शक्ति। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ १३८, १७५।

६ इन्द्राणी (ऐन्द्री, माहेन्द्री) : देव-राज 'इन्द्र' की शक्ति। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ १३८, १७६।

७ चामुण्डा (काली, शिव-दूती, अपराजिता) : भगवती 'चण्डी' की शक्ति। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ ६, १३८, १७६।

८ महालक्ष्मी : श्री दुर्गा-सप्तशती के टीकाकार ने अपनी प्रसिद्ध 'शान्तनवी' टीका में सात ही माताएँ मानी हैं। इनके सिवा अन्य तन्त्रों में भी 'महालक्ष्मी' का उल्लेख न होकर 'नारसिंही' को आठवीं मातृका माना है। देखें 'सार्थ-चण्डी', पृष्ठ १४२-४३। 'महालक्ष्मी' का वर्णन 'सार्थ-चण्डी', पृष्ठ ६८-७४ में।

९ नारसिंही : विष्णु के चतुर्थ अवतार 'नृसिंह' की शक्ति। देखें 'सार्थ चण्डी', पृष्ठ १३८, १७६।

मातृकाओं (देव-शक्तियों) के मन्त्र

१ ब्राह्मी : ब्रामित्येकाक्षरं बीजं—ब्रां

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि वाचस्पति, छन्द गायत्री, शक्ति 'वः', कीलक 'चरः', विनियोग 'भोग-मोक्ष-प्राप्त्यर्थे'। षडङ्ग-न्यास 'ब्रा, ब्री' इत्यादि से। ध्यान—

ध्याये ब्राह्मीं पद्म-संस्थां हंसारूढां चतुर्मुखां, अक्ष-माला-वराभीति-कमण्डलु-कराम्बुजाम्।

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर पलाश-समिधा मे पलाश-पुष्पो से होम । पलाश-पुष्प-युक्त जल से दशांश तर्पण और कुशो द्वारा दशांश मार्जन ।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ११३० मे ब्राह्मी का उक्त मन्त्र ही दिया है, किन्तु कीलक 'वचः' बताया है। ध्यान मे भी दो पाठान्तर हैं—(१) पद्म सस्या पलाशस्था, (२) चतुर्मुखा . चतुर्भुजा ।

२ माहेश्वरी . ॐ ह्रीं नमो भगवति माहेश्वर्यै हि संवदेत्, परमे पदमुच्चार्येश्वरि स्वाहान्तको मनु— ॐ ह्रीं नमो भगवति माहेश्वर्यै परमेश्वरि स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । 'ॐ' के बाद 'एहि' जोडने से यह मन्त्र २१ अक्षरो का हो जाता है । ऋषि ब्रह्मा, छन्द विराट्, देवता माहेश्वरी । मन्त्र को तीन भागो मे बाँटकर उनके आदि मे ॐ लगाकर द्विरावृत्ति कर षडङ्ग-न्यास करे ।

वृषारूढा भाल-चन्द्रा त्रि-नेत्रां शशि-सन्निभा, दधतीं शूल-डमरु-महाहि-वलयां भजे ।

पुरश्चरण मे १६ लाख जप कर घृताक्त बिल्व-पत्रो से दशांश होम ।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ११३१ के उद्धार मे एक पाठान्तर है—'पदमुच्चार्येश्वर्यै' । इस पाठान्तर को स्वीकार करने से स्पष्ट मन्त्र मे 'परमेश्वरि' के स्थान पर 'परमेश्वर्यै' हो जायेगा ।

३ कौमारी : कौं कौमार्यै नम इति षडर्णो मन्त्र ईरित —कौं कौमार्यै नमः

वही । ऋषि ब्रह्मा, छन्द गायत्री, देवता कौमारिका, बीज 'कौं', शक्ति 'कौमार्यै' । मन्त्र के वर्णो से षडङ्ग-न्यास । ध्यान—

शक्त्यक्ष स्रग्-वराभीति-करा बन्धूक-सन्निभा, मयूर ध्वजिनीं रक्त-वस्त्रामौदुम्बर स्थिताम् ।
हरित-कंचुकिका रम्यां नानालङ्कार-भूषिताम् ॥

पुरश्चरण मे छ लाख जप कर मधुर-त्रय-युक्त पञ्च खाद्यो से दशांश होम । तर्पण, मार्जन कर कुमारियो को भोजन कराये ।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ११३१ के ध्यान मे एक पाठान्तर है —चैव रक्तामौदुम्बर-स्थिता रक्त-वस्त्रामौदुम्बर-स्थिता । वहाँ मन्त्र-गत 'कौं' के स्थान पर 'क्रौं' है, बीज भी 'क्रौं' ही बताया है ।

४ वैष्णवी : इनके मन्त्र प्रस्तुत कोष के 'शक्ति'-प्रकरण के पृष्ठ १०५ पर 'महा-माया वैष्णवी' के अन्तर्गत द्रष्टव्य हैं । 'पुरश्चर्यार्णव', पृ०११३२ मे केवल षडक्षर(२) और अष्टाक्षर-मन्त्र के ही उद्धार दिये हैं । सन्दर्भ 'मेरु-तन्त्र' का ही है किन्तु अष्टाक्षर मन्त्र का उद्धार भिन्न शब्दो मे है । यथा—'अकचटत-पयशा वैष्णव्या मन्त्र ईरित ।' ध्यान केवल 'स्व-वाहन' तक दिया है, जिसमे पाँच पाठान्तर हैं—(१) दन्त-रसना दन्त - वसना, (२) शिरीष - सम · शिरीष-प्रभ, (३) विवसना · सु-वसना, (४) हस्ताभ्या स्वभय हस्ताभ्यामभय, (५) सु-पल्लिका · सु-पार्ष्णिका ।

५ वाराही । ऐं लों ठ ठ ठमिति हु स्वाहान्तोऽष्टाक्षरो मनु —ऐं लों ठ ठ ठ हु स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि कपिल, छन्द अनुष्टुप् देवता वार्तालिका सुरी वाराही । षडङ्ग-न्यास मन्त्र के २, १, १, १, १, २ अक्षरो से । ध्यान—

दधानामकुश पाश मुद्गर शक्तिमेव च, विद्युद्-भासा त्रिनेत्रा च नाशयन्तीं तथा रिपून् ।

पुरश्चरण मे आठ लाख जप कर बिल्व-पत्र, हयारि-पुष्प, धात्री फल, भृङ्गराज और कुशो से दशांश होम ।

६ इन्द्राणी : ई इन्द्राण्यै नम इति मन्त्रः प्रोक्तः पञ्चाक्षरः—ई इन्द्राण्यै नमः

वही। ऋषि गुरु, छन्द गायत्री, देवता इन्द्र-वल्लभा, वीज 'ई', शक्ति 'इन्द्राण्यै', कीलक 'नमः'। मन्त्राक्षरों से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

वज्र-पाश-वराभीति-हस्तां श्यामाम्वरां वरां, चतुर्दन्त-गजानल्पच्छाया-संस्थां हिरण्यभाम्।

पुरश्चरण में छः लाख जप कर त्रि-मधु-युक्त मालती-पुष्पों से राज-वृक्ष की समिधा में दशांश होम।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ११३५ के उद्धार में एक पाठान्तर है—'इन्द्राण्यै : इन्द्राणी'। इस पाठान्तर को स्वीकार करने से स्पष्ट मन्त्र के 'इन्द्राण्यै' के स्थान पर 'इन्द्राणी' हो जाता है। तदनुसार विनियोग में शक्ति 'इन्द्राण्यै' के स्थान पर 'इन्द्राणी' है। वहाँ ध्यान में सभी विशेषण प्रथमा विभक्ति में दिये गये हैं और दो पाठान्तर हैं—(१)श्यामाम्वरां वरां : श्यामाम्वरावृता, (२) गजानल्प : गजाकल्प।

७ चामुण्डा : माया-वीजं समुच्चार्य चामुण्डा ङे-युता पुनः, नमोऽन्तो नग-वर्णोऽयं मन्त्रः सर्वार्थ-साधकः—ह्रीं चामुण्डायै नमः

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ११३६। ऋषि शिव, छन्द गायत्री, देवता चामुण्डा। मन्त्र के तीन पदों की द्विरावृत्ति से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

नीलोत्पल-दल-श्याम-चतुर्वाहु-समन्विता, खट्वाङ्गं चन्द्र-हासं च विभ्रती दक्षिणे करे।
वामे चर्म वै पाशं च ऊर्ध्वतो भावतः पुनः, दधती मुण्ड-मालां च व्याघ्र-चर्माम्वर-धरा।
कृशाङ्गी दीर्घ-दंष्ट्रा च अति-दीर्घाऽति-भीषणा, लोल-जिह्वा निम्न-रक्त-नयनाकार-भीषणा।
कवन्ध-वाहनासीना विस्तारि-श्रवणानना।

पुरश्चरण में सात लाख जप कर मधुर-युक्त पायस से दशांश होम।

'चामुण्डा' के अन्य मन्त्र प्रस्तुत 'कोष' के 'शक्ति'-प्रकरण के पृष्ठ १०२-३ में 'चण्डी (चण्डिका, चामुण्डा)' के अन्तर्गत द्रष्टव्य हैं।

८ महा-लक्ष्मी : माया-वीजं समुद्धृत्य स्व-वीजं च समुद्धरेत्, ततो ङेऽन्ता-महा-लक्ष्मीर्नमोऽन्तोऽष्टाक्षरो मनुः—ह्रीं श्रीं महा-लक्ष्म्यै नमः

वही। ऋषि शिव, छन्द गायत्री, देवता महा-लक्ष्मी। मन्त्र-वर्णों से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

सुवर्ण-वर्ण-दीप्ताङ्गी त्रि-नेत्रा सिंह-वाहिनी, ईषत्-प्रहसिता देवी नीलोत्पल-दलेक्षणा।
भुज-षोडश-सम्पन्ना सर्वालङ्कार-भूषिता, खड्गं घण्टां शरं सूत्रमंकुशं शूल-पद्मकम्।
दधाना दक्षिणैर्हस्तैरनाथेभ्यो वर-प्रदा, तथा वामैर्हस्त-पद्मैः खेटकं डिण्डिमं धनुः।
कमण्डलुं नाग-पाशं कपालं पुस्तकाभयं, जाज्वल्य-माना तेजोभिरतीवाह्लाद-कारिणी॥

पुरश्चरण मे एक लाख जप कर मधुर-युक्त पायस से दशांश होम।

'महा-लक्ष्मी' के अन्य मन्त्र प्रस्तुत 'कोष' के 'भगवती षोडशी' प्रकरण में पृष्ठ १६४ मे और 'भगवती कमला' के प्रकरण के पृष्ठ २१३—मे क्रमांक १२, १३ मे, पृष्ठ २१५ के क्रमाक २० में और पृष्ठ २१६ में क्रमांक २२ मे द्रष्टव्य हैं।

कामाख्या देवी

कामाख्या देवी की प्रसिद्धि सारे विश्व मे व्याप्त है क्योंकि ये परम सिद्ध 'कामाख्या-पीठ' की अधिष्ठात्री हैं। इस पीठ के सम्बन्ध मे 'हिन्दू धर्म-कोश', पृष्ठ १७६-७७ मे विस्तृत विवरण दिया है, जिसका सारांश निम्न प्रकार है—

'"'यह भारत का प्रसिद्ध शक्ति-पीठ असम-प्रदेश मे है। कामाख्या देवी का मन्दिर पहाडी पर है। अनुमानतः एक मील ऊँची इस पहाडी को 'नील पर्वत' भी कहते हैं। इस प्रदेश का प्रचलित नाम 'कामरूप' है। तन्त्रो मे लिखा है कि करतोया नदी से लेकर ब्रह्मपुत्र नद तक त्रिकोणाकार काम-रूप-प्रदेश माना गया है।'''देवी का मन्दिर कूचविहार मे राजा विश्वसिंह और शिवसिंह का बनवाया हुआ है।'''सन् १५६४ ई० तक प्राचीन मन्दिर का नाम 'आनन्दाख्या' था, जो वर्तमान मन्दिर से कुछ दूरी पर है।

पहाडी से उतरने पर गौहाटी के सामने ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य मे उमानन्द नामक छोटे चट्टानी टापू में शिव-मन्दिर है। आनन्दमूर्ति को भैरव (कामाख्या-रक्षक) कहते हैं।

कालिका-पुराण, अ० ६१ मे निम्नाङ्कित वर्णन है: जिन-जिन स्थानो पर सती के अङ्गों का पतन हुआ, वे पुण्यतम स्थल बन गए। इस कुब्जिका पीठ (कामाख्या) मे सती के योनि-मण्डल का पतन हुआ। पर्वत-रूपी शिव मे देवी के विलीन होने से पर्वत का नाम 'नील-पर्वत' हुआ।

देवी भागवत, स्कन्ध ७, अ० ३८ मे लिखा है: कामाख्या देवी के दर्शन से सर्व विघ्नो की शान्ति होती है।

कामाख्या-मन्दिर मे कोई देवी-मूर्ति नही है। योनि के आकार का शिला-खण्ड है। वह रक्त-वर्ण के वस्त्र से ढँका रहता है।'''

काली-कुल के उपासक कामाख्या देवी को भगवती काली और श्री-कुल के उपासक महा-त्रिपुर-सुन्दरी-स्वरूपा मान कर इस पीठ के प्रति अत्यधिक निष्ठा रखते हैं। यहाँ 'कामाख्या तन्त्र' के आधार पर इनके मन्त्र संग्रहीत किए गए हैं।

कामाख्या देवी के मन्त्र

१ त्र्यक्षर: जृम्भणान्तं त्यक्त-पार्श्वं माला-वारण-रोहकं, वाम-कर्ण-युतं देवि! नाद-बिन्दु-युतं पुनः। एतत् तु त्रिगुणी-कृत्य कल्प-वृक्ष-मनु जपेत्—त्रीं त्रीं त्रीं

'कामाख्या-तन्त्र', द्वितीय पटल। तृतीय पटल के अनुसार ऋषि अक्षोभ्य, छन्द अनुष्टुप्, देवता कामाख्या, विनियोग 'सर्व-सिद्धयर्थे' या 'चतुर्वर्ग - फल - प्राप्त्यर्थे'। 'त्रां, त्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

रक्त-वस्त्रां वरोद्युक्तां सिन्दूर-तिलकान्वितां, निष्कलङ्कां सुधा-धाम-वदन-कमलोज्ज्वलाम्।
स्वर्णादि-मणि-माणिक्य-भूषणैर्भूषितां परां, नाना-रत्नादि-निर्माण-सिंहासनोपरि-स्थिताम्।
हास्य-वक्त्रां पद्म-राग-मणि-कान्तिमनुत्तमां, पीनोत्तुङ्ग-कुचां कृष्णां श्रुति-मूल-गतेक्षणाम्।
कटाक्षैश्च महा-सम्पद्-दायिनीं हर-मोहिनीं, सर्वाङ्ग-सुन्दरीं नित्यां विद्याभि परि-वेष्टिताम्।

डाकिनी-योगिनी-विद्याधरीभिः परि-शोभितां, कामिनीभिर्युतां नाना-गन्धाद्यैः परि-गन्धिताम्।
ताम्बूलादि-करांभिश्च नायिकाभिर्विराजितां, समस्त-सिद्ध-वर्गाणां प्रणतां च प्रतीक्षणाम् ।
त्रि-नेत्रां सम्मोह-करीं पुष्प-चापेषु बिभ्रतीं, नग-लिङ्ग-समाख्यानां किन्नरीन्योऽपि नृत्यताम् ।
वाणी-लक्ष्मी-सुधा-वाक्य-प्रति-वाक्य-महोत्सुकां, अशेष-गुण-सम्पन्नां करुणा-सागरां शिवाम् ।।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर शर्करा - मधु-घृत-युक्त पायस से दशांश होम । चन्दन-मिश्रित जल से दशांश तर्पण ।

२ द्वा-विंशाक्षर : निज-बीज-त्रयं देवि ! क्रोध - द्वयमतः परं वधू-बीज-द्वयं चैव कामाख्ये च पुनर्वदेत् । प्रसीदेति पदं चैव पूर्व-बीजानि कल्पयेत् । ठन्द्वयान्ते मनुः प्रोक्तः सर्व-तन्त्रेषु दुर्लभः—क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं स्त्रीं स्त्रीं कामाख्ये प्रसीद स्त्रीं स्त्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं स्वाहा

वहीं, चतुर्थ पटल । ऋष्यादि त्र्यक्षर-मन्त्र के समान । ध्यान—

अति-सुललित-वेशां हास्य - वक्त्रां त्रि-नेत्रां, जित-जलद-सुकान्ति पट्ट-वस्त्रां प्रकाशाम् ।
अभय-वर - कराढ्यां रत्न - भूषाभि - भव्यां, सुर-तरु - तल - पीठे रत्न - सिंहासनस्थाम् ।
हरि-हर-विधि - वन्द्यां शुद्ध - बुद्धि - स्वरूपां, मदन - शर - संयुक्तां कामिनीं काम-दात्रीम् ।
निखिल-जन-विलासां काम - रूपां भवानीं, कलि-कलुष-निहन्त्रीं योनि - रूपां स्मरामि ।।

पुरश्चरण में छः सहस्र जप कर पूर्वोक्त विधि से दशांश होमादि ।

प्रत्यंगिरा देवी

प्रयोग-कर्ता साधकों में 'प्रत्यङ्गिरा' देवी की बहुत मान्यता है । 'मेरु-तन्त्र' में लिखा है कि ये सार-भूता देवी भक्तों को सुख-दायिनी हैं । इनके भक्तों को भूत-प्रेताधिदेवता कभी पीड़ा नहीं पहुंचाते और इन्हें अभीष्ट सिद्धि सहज ही प्राप्त हो जाती है । इनकी उपासना से न केवल विरोधियों के उपद्रव शान्त होते हैं, अपितु शान्ति, पुष्टि और समृद्धि की भी प्राप्ति होती है ।

प्रत्यंगिरा के मन्त्र

१ सप्त-दशाक्षर : ॐ अं कं चं तथा टं तं पं यं शं ह्रां ह्रीं समुच्चरेत्, ह्रूं स उक्त्वा हुं तथाऽस्त्रं स्वाहान्तः षोडशाक्षरः—ॐ अं कं चं टं तं पं यं शं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः हुं फट् स्वाहा

'मेरु-तन्त्र' । ऋषि विधाता, छन्द उष्णिक्, षट्-देवता १ महा-वायु, २ महा-पृथ्वी, ३ महा-४ महा-समुद्र, ५ महा-पर्वत, ६ महाऽग्नि, बीज 'हूं', शक्ति 'ह्रीं' । षडङ्ग-न्यास 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि से । ध्यान—

तार-रत्नार्चिराक्रान्तमम्भः प्रस्रवणैर्युतं, व्याघ्रादि-पशुभिर्व्याप्तं सानु-युक्तं गिरिं स्मरेत् ।
मत्स्य-कूर्मादि-बीजाढ्यं नव-रत्न-समर्चितं, घन-तोयं स-कल्लोलमकूपारं विचिन्तयेत् ।
ज्वालावली-समाक्रान्तं जगत् - त्रितयमद्भुतं, पीत-वर्णं महा-वह्निं संस्मरेच्छत्रु-शान्तये ।
स्वरात् समुत्थ-रेण्वोघ-मलिनमूर्ध्व-भू-विदं, पवनं संस्मरेद् विश्व-जीवनं प्राण - रूपतः ।
नदी-पर्वत-वृक्षादि - कलिता - ग्राम-संकुला, आधार-भूता जगतो ध्येया पृथ्वीह मन्त्रिणा ।
सूर्यादि-ग्रह - नक्षत्र - काल - चक्र-समन्वितं, निर्मलं गगनं ध्यायेत् प्राणिनामाश्रय-प्रदम् ।।

पुरश्चरण मे सोलह सहस्र जप कर षड्-द्रव्यो (१ व्रीहि, २ तण्डुल, ३ आज्य, ४ सर्षप, ५ यव, ६ तिल) से दशांश होम।

उल्लेखनीय है कि 'मेरु-तन्त्र' में यह मन्त्र १६ अक्षरो का बताया है और उद्धार मे 'तं' नही है किन्तु वही जो स्पष्ट मन्त्र दिया है, उसमें 'तं' का समावेश किया गया है, जिससे मन्त्र के १७ अक्षर हो जाते हैं। इसके सिवा वहाँ उद्धार में 'ह्रूं स' के स्थान पर हुंस' छपा है किन्तु स्पष्ट मन्त्र मे 'ह्रूं स.' ही दिया है।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८७६ के उद्धार मे 'यं शं ह्रां' के स्थान पर मात्र दो बीज हैं—'ह्रमं भों' और 'ह्रूं स' के स्थान पर है—'हुंस'। इस प्रकार १६ अक्षर का यह मन्त्र बनता है : ॐ अं कं चं टं तं पं ह्रं भों ह्रौं हुंस हुं फट् स्वाहा। वहाँ बीज 'हु' बताया है।

ध्यान मे वहाँ दस पाठान्तर हैं—(१) तार : नाना, (२) क्रान्तमम्भः प्रस्रवणं : क्रान्त वृक्षाम्भः स्रवणं, (३) समर्चितं : समन्वितं, (४) घन-तोयं : घनच्छाय, (५) स्वरात् : स्वरा, (६) समुत्थ-रेण्वोघ : समुत्थ-रावोघ, (७) मलिनमूर्ध्वं : मलिनं रुद्ध, (८) विदं : दिवं, (९) ग्राम : ग्रास, (१०) माश्रय-प्रदं : माश्रयः पदं।

२ चतुस्त्रिंशदक्षर : ॐ यां कल्पयन्ति नोऽरयः क्रूरां कृत्यां वधूमिव, तां ब्रह्मणाऽप-निर्नुद्म प्रत्यक् कर्तारमिच्छतु ह्रौं

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८७८ मे 'सिद्धान्त-संग्रह' से उद्धृत। ऋष्यादि सप्त-त्रिंशदक्षर-मन्त्र-वत्। ध्यान—

खड्ग-चर्म-धरां कृष्णां मुक्त-केशीं विवाससं, दंष्ट्रा-कराल-वदनां भीषाभां सर्व-भूषणाम्।
ग्रसन्तीं वैरिणं ध्यायेत् प्रेरितां शिव - तेजसा॥

होम घृत-युक्त राजिका से। प्रयोग-काल मे १०८ बार जप कर उतनी ही आहुति देने से पर-कृत्या का विनाश होता है।

३ सप्त-त्रिंशदक्षर : दीर्घेन्दु-युग्-मरुद् ब्रह्मा मास-लोहित-संस्थितां, यन्नि नोरय उच्चार्य क्रूरा कृत्या समुच्चरेत्। वधूमिव-पदं पश्चात् तां ब्रह्मान्ते स-दीर्घ ण', अप-निर्णुद्म इत्यन्ते प्रत्यक् कर्तारमृच्छतु। तार-माया-पुटो मन्त्रः स्यात् सप्त-त्रिंशदक्षर —ॐ ह्रीं यां कल्पयन्ति नोऽरयः क्रूरां कृत्यां वधूमिव तां ब्रह्मणा अप-निर्णुद्मः प्रत्यक्-कर्तारमृच्छतु ह्रीं ॐ

'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ २७८। ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप्, देवता प्रत्यङ्गिरा देवी, बीज 'ॐ', शक्ति 'ह्रीं', विनियोग 'पर-कृत्या-नाशे (निवारणे)' या 'अखिलाप्तये'। षडङ्ग-न्यास के छ. मन्त्र—(१) ॐ या कल्पयन्ति नोऽरयः ह्रां, (२) ॐ क्रूरा कृत्या ह्रीं, (३) ॐ वधूमिव ह्रूं, (४) ॐ ता ब्रह्मणा ह्रैं, (५) ॐ अप-निर्णुद्मः ह्रौं, (६) ॐ प्रत्यक्-कर्तारमृच्छतु ह्रः। ध्यान—

आशाम्बरा मुक्त-कचा घनच्छविर्ध्येया स-चर्मासि-कराऽहि-भूषणा।
दंष्ट्रोग्र-वक्त्रा ग्रसिताहितान्वया प्रत्यङ्गिरा शङ्कर - तेजसेरिता॥

पुरश्चरण मे दस-सहस्र जप कर अपामार्ग की समिधा मे घृत व हविष्यान्न से दशांश होम।

'मन्त्र-महोदधि' के स्पष्ट मन्त्र मे 'ता' के स्थान पर 'ह्रा' छपा है, जो अशुद्ध है। 'हिन्दी मन्त्र-महार्णव' पृष्ठ १८४ मे भी 'ता' के स्थान पर 'ह्रा' अशुद्ध छपा है। वहाँ मन्त्र को ३८ अक्षरो को बताया है, जब कि यह ३७ अक्षरो का है।

मेरु-तन्त्र' में उक्त मन्त्र के 'अप-निर्णुद्य' के स्थान पर 'अप-निर्णुघ्न' पाठ है। षडङ्ग-न्यास में ऊपर लिखे हो छः मन्त्र-भाग है, किन्तु उनके अन्त में 'ह्लां, ह्लीं' इत्यादि न जोड़कर सर्वत्र 'ह्लीं' ही जोड़ने का निर्देश है। ध्यान भिन्न शब्दों में दिया है—

ततो ध्यायेत् सिंह-मुखीं मुक्त-केशां दिगम्बरां, असि-चर्म-करां श्यामां दंष्ट्राग्रां सर्व-भीषणाम्।
ग्रसन्तीमहितान्रुद्र-तेजसा ध्यानमीरितम् ॥

८ पञ्च-विंशत्योत्तर-शताक्षर माला-मन्त्र : ॐ ह्रीं नमः कृष्ण - वाससे स्तुते विश्व - सहस्र, हिंसिनि सहस्रावने महा-बलेऽपराजिते। प्रत्यङ्गिरे पर-सैन्य-पर-कर्म-पदं वदेत्, विध्वंसिनि पर-मन्त्रोत्सा-दिनीति ततो वदेत्। सर्व-भूतेति दमनि सर्व-देवान् वदेत् ततः, वन्ध-युग्म सर्व-विद्यां द्विश्छिन्धि क्षोभय-द्वयं। पर-यन्त्राणीति वदेत् स्फोटय-द्वितयं ततः, सर्व-शृङ्खलां त्रोटय त्रोटय ज्वलदुच्चरेत्। ज्वाला-जिह्वे करालेति वदने प्रत्यङ्गुच्चरेत्। गिरे ह्रीं नम इत्येष स-पाद-शत-वर्ण-वान्—**ॐ ह्रीं नमः कृष्ण-वाससे स्तुते विश्व-सहस्र-हिंसिनि सहस्रावने महा-बलेऽपराजिते प्रत्यङ्गिरे पर-सैन्य-पर-कर्म-विध्वंसिनि पर-मन्त्रोत्सा-दिनि सर्व-भूत-दमनि! सर्व-देवान् वन्ध वन्ध सर्व-विद्यां छिन्धि छिन्धि क्षोभय क्षोभय पर-यन्त्राणि स्फोटय स्फोटय सर्व-शृङ्खलां त्रोटय त्रोटय ज्वलज्ज्वाला-जिह्वे कराल-वदने प्रत्यङ्गिरे ह्रीं नमः**

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि ब्रह्मा, छन्द अनुष्टुप, देवता प्रत्यङ्गिरा, बीज 'ॐ', शक्ति 'ह्रीं', विनियोग 'कृत्या-नाशाय'। षडङ्ग-न्यास 'ह्लां, ह्लीं' इत्यादि से। ध्यान—

सिंहारूढाति-कृष्णाङ्गी ज्वाला-वक्त्रा भयङ्करा, शूल-खड्ग-करा वस्त्रे दधती या तु तां भजे।

पुरश्चरण मे दस सहस्र जप कर तिल-राजिका से दशांश होम। प्रयोग में १०० वार जप। ग्रह-भूतादि अरिष्ट मे मन्त्र जपते हुए जल का सिञ्चन करे।

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव', पृष्ठ १८७ में यह मन्त्र दिया है, जिसमें 'सर्व-भूत-दमनि' के स्थान पर 'सर्व-भूत-दमने' छपा है, जो अशुद्ध है। 'मन्त्र-महोदधि', पृष्ठ २८२ में मन्त्रोद्धार भिन्न शब्दों में दिया है—

तारो माया नमः कृष्ण-वाससे शत-वर्णकाः, सहस्र-हिंसिनि-पदं सहस्र-वदनं पुनः। महा-बले-पदं पश्चादपराजिते, प्रत्यङ्गिरे पर-सैन्य-पर-कर्मं स-दृग्-जलं। ध्वंसिनि पर-मन्त्रोत्सादिनि सर्व-पदं ततः, भूतान्ते दमनि-प्रान्ते सर्व-देवान् समुच्चरेत्। वन्ध-युग्मं सर्व-विद्याश्छिन्धि-युक् क्षोभय-द्वयं, पर-यन्त्राणि सङ्कीर्त्य स्फोटय-द्वितयं पठेत्। सर्वान्ते शृङ्खला उक्त्वा त्रोटय-द्वितयं ज्वलत्, ज्वाला-जिह्वे करालान्ते वदने प्रत्यमुच्चरेत्, गिरे माया-नमोऽन्तोऽयं शर-सूर्याक्षरो मनुः।

यहाँ ध्यान भिन्न प्रकार से दिया है। यथा—

सिंहारूढाऽति-कृष्णं त्रि-भुवन-भय-कृद्-रूपमुग्रं वहन्ती,
ज्वाला-वक्त्रा वसाना नव-वसन-युगं नील-मण्याभ-कान्तिः।
शूलं खड्गं वहन्ती निज-कर-युगले भक्त-रक्षैक-रक्षा,
सेयं प्रत्यङ्गिरा संक्षपयतु रिपुभिर्निर्मितं वोऽभिचारम् ॥

'हिन्दी मन्त्र-महार्णव' मे उद्‌धृत ध्यान में तीन पाठान्तर हैं—(१) कृष्णं : कृष्णा, (२) निर्मितं : निर्मितान्, (३) वोऽभिचारं : नोऽभिचारान्।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ८७३ के मन्त्रोद्धार मे सात पाठान्तर हैं—(१) स्तुते : शते, (२) हिंसिनि : हिम् सिनि, (३) सहस्रावने : सहस्र-वदने, (४) सर्व-विद्यां : सर्व-विद्या, (५) शृङ्खलां त्रोटय : शृङ्खलां-स्त्रोटय, (६) ज्वलदुच्चरेत् : ज्वल चोच्चरेत् (७) प्रत्यङ्गुच्चरेत् : प्रत्यमुच्चरेत्। वहाँ उद्‌धृत ध्यान में सभी विशेषण द्वितीया विभक्ति में हैं और तीन पाठान्तर हैं—(१) शस्त्र : खड्ग, (२) खड्गं : वस्त्रे, (३) या तु तां : नूतने।

भगवती गौरी

'गौरी' के आठ नाम प्रसिद्ध हैं—१ पार्वती, २ ललिता, ३ गौरी, ४ गायत्री, ५ शाङ्करी, ६ शिवा, ७ उमा, ८ सती। इन नामों से 'गौरी-तृतीया-व्रत' में पूजा की जाती है। यह व्रत चैत्र, भाद्र और माघ के शुक्ल-पक्ष की तृतीया को किया जाता है। 'गौरी-तपो-व्रत' का अनुष्ठान महिलायें मार्गशीर्ष की अमावास्या से प्रारम्भ करती हैं और मार्गशीर्ष पूर्णिमा को इसका उद्यापन करती हैं। यह तप १६ वर्षों तक किया जाता है। इसमें अर्द्ध-रात्रि के समय शिव-पार्वती के पूजन का विधान है। चैत्र मास की तृतीया, चतुर्थी या पञ्चमी को 'गौरी-विवाह' मनाने की प्रथा है। आश्विन से चार महीने तक 'गौरी-व्रत' किया जाता है। इस व्रत का करनेवाला दुग्ध या दुग्ध की बनी वस्तुएँ दधि, घृत आदि और गन्ने का रस ग्रहण नहीं करता, अपितु इन्हीं वस्तुओं को किसी पात्र में रखकर उसका दान करता है। दान के समय वह कहता है—'गौरी प्रसीदतु माम्।'

उक्त प्रकार से विस्तृत विवरण 'हिन्दू धर्मकोश' के पृष्ठ २५४-५५ में मिलता है। उल्लेखनीय है कि केदारनाथ मन्दिर से आठ मील नीचे 'गौरी-कुण्ड' की बड़ी ख्याति है। गौरी-गणेश की पूजा सभी धार्मिक अनुष्ठानों में अनिवार्य रूप से की जाती है। महादेव शिव से 'गौरी' का विशेष-सम्बन्ध है, इसी से प्रस्तुत 'कोष' के भगवान् शिव-प्रकरण में उनके अङ्ग-मन्त्रों के अन्तर्गत पृष्ठ ८९ में 'गौरी' के मन्त्र दिए गए हैं। यहाँ कुछ और मन्त्र प्रस्तुत हैं।

भगवती गौरी के मन्त्र

१ चतुरक्षर : माया - बीज समुद्धरेत्, ङेऽन्ता भवानीमुच्चार्य नम शेषे प्रकीर्तयेत्—ह्रीं भवान्यै नमः

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ७०८। ऋष्यादि षोडशाक्षर-मन्त्र-वत्। ध्यान—

बालार्काभा त्रि-नयनां खड्ग-खेट-वराभयान्, दोर्भिर्दधानां सिंहस्था भवानीं भावयेत् सदा।

२ षोडशाक्षर : ह्रीं गौरि रुद्र दयिते योगेश्वरि-पद वदेत्, हुं फट् स्वाहा षोडशार्णो गौरी-मन्त्र उदाहृतः—ह्रीं गौरि रुद्र-दयिते योगेश्वरि हुं फट् स्वाहा

'मेरु-तन्त्र'। ऋषि अज, छन्द अनुष्टुप्, देवता गौरी। 'ह्रां, ह्रीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

हेमाभां बिभ्रतीं दोर्भिर्दर्पणाञ्जन साधने, पाशांकुशौ सर्व-भूषां तां गौरीं सर्वदा स्मरेत्।

पुरश्चरण में एक लाख जप कर घृत में दशांश होम।

'पुरश्चर्यार्णव', पृष्ठ ७०८ के उद्धार में एक पाठान्तर है—उदाहृत : प्रकीर्तित। ध्यान में भी दो पाठन्तर हैं—(१) सर्व-भूषा : दिव्य-भूषा, (२) ता गौरी सर्वदा स्मरेत् : गौरी देवीमुपास्महे।

३ ऊन विंशाक्षर : चांदिन-स्त्री-यशङ्करि सुभगे च पृथग् द्वय, स्त्री स्वाहेत्यून-विंशार्ण—चांदिन-स्त्री-यशङ्करि सुभगे पृथक् पृथक् स्त्री स्वाहा

वहीं। ऋष्यादि और न्यासादि षोडशाक्षर - मन्त्र - वत्। मन्त्र के शत बार जप से वशीकरण होता है।

४ एक षष्ट्यक्षर महा-श्री गौरी देखें प्रस्तुत कोष, पृष्ठ ८९ में 'गौरी' का मन्त्र—३। 'मेरु-तन्त्र' में उद्धार भिन्न शब्दों में दिया है—माया नमस्त्र प्रत्यग्नी-राजिते राज पूजिते, जये च विजये गौरी

गान्धारी त्रि-भुवेति च । न-वशङ्करि चेत्युक्त्वा सर्व-लोक-वशङ्करि, सर्व-स्त्री-पुरुषेत्युक्त्वा सर्व-लोक-वशं करि । पदं वदेत् सुदु द्वे द्वेहीं स्वाहा भू-रसार्ण-वान्

मूल 'मन्त्र-कोष' में यही मन्त्र सङ्कलित रहा है किन्तु उसमें दो पाठान्तर हैं—(१) जय-विजये : जये विजये, (२) सुसु दुदु घेवे वावा : मृदुर्घोर-रावे । इस प्रकार वहाँ ५६ अक्षरों का मन्त्र दिया है।

यहाँ ऋषि ब्रह्मा, छन्द निवृत, देवता गौरी बताए है । ध्यान भी भिन्न दिया है—

पूर्ण-चन्द्र-लसन्मौलिं बन्धु-जीवारुणाङ्किकां, पाशांकुश-धरां त्र्यक्षां शुक-पुष्प-विराजिताम् ।
शोण-लेपां जगद्-वन्द्यां कुसुम्भारुण-वस्त्रिकाम् ॥

५ सप्त-चत्वारिंशाक्षर राजमुखी गौरी : प्रस्तुत कोष, पृष्ठ ८६, मन्त्र-२ । 'मेरु - तन्त्र' में उद्धार—ॐ राज-मुखि राजाधि-मुखि वश्य-मुखीति च, शक्ति-श्री-काम-बीजानि देवि-देवि समुच्चरेत् । महा-देवीति देवाधि-देवि सर्व-जनस्य च, मुखं मम वशं चेति कुरु-युग्माग्नि-गेहिनी ।

'मेरु-तन्त्र' के उक्त उद्धार से ४७ अक्षरों का मन्त्र प्रस्तुत होता है । वहीं लिखा है कि इसके आदि में 'ह्लें' जोड़ने से यह ४८ अक्षर का मन्त्र बन जाता है, जैसा कि इस 'कोष' के पृष्ठ ८६ पर प्रकाशित है । उसमें केवल इतना अन्तर है कि वहाँ 'ब्लूं' है, जब कि यहाँ उसके स्थान पर 'ॐ' का निर्देश है ।

भगवती अपराजिता

भगवती दुर्गा का ही नामान्तर 'अपराजिता' है । अष्ट-मातृकाओं में से चौथी वैष्णवी माता को भी 'अपराजिता' नाम से सम्बोधित किया गया है । इसके अतिरिक्त 'अपराजिता' की उपासना स्वतन्त्र रूप से भी लोक-प्रिय है । 'हिन्दू धर्म-कोश', पृष्ठ ३८ में इनके सम्बन्ध में लिखा है—

'"'युद्ध में अपराजिता अर्थात् दुर्गा । आश्विन शुक्ला दशमी को इनकी पूजा का विधान है—

दशम्यां च नरैः सम्यक् पूजनीयाऽपराजिता, मोक्षार्थं विजयार्थं च पूर्वोक्त-विधिना नरैः ।
नवमी - शेष - युक्तायां दशम्यामपराजिता, ददाति विजयं देवी पूजिता जय-वर्द्धिनी ॥

अर्थात् मोक्ष अथवा विजय के लिए नवमी से युक्त दशमी के दिन अपराजिता की पूजा करनी चाहिए, जिससे जय को बढ़ानेवाली देवी विजय प्रदान करती है ।'

वहीं यह भी उल्लेख है कि 'इसी दिन श्री राम ने भी लङ्का पर आक्रमण किया था । उस दिन श्रवण नक्षत्र था, जिसमें देवी की पूजा होती है ।' इसके सिवा भाद्र शुक्ल सप्तमी को भी 'अपराजिता सप्तमी' कहते हैं ।

'चण्डी' वर्ष ४० के पौषाङ्क के पृष्ठ १२ पर 'विष्णु अपराजिता महा-विद्या माला-मन्त्र' द्रष्टव्य है ।

पताके, महा-नीले, महा-प्रिये, महाग्नेयि, महा-चण्डे, महा-रौद्रि, महा-वज्रिणि, आदित्य - रश्मि - जाह्नवि, यम-घण्टे ! किलि किलि, चिन्ता-मणि, सुरभि-सुरोत्पन्ने, सरस्वति, सर्व-काम दुघे ! मम-मनीषितं कार्यं तन्मे सिध्यतु स्वाहा

'मेरु-तन्त्र'। ऋष्यादि अष्टाक्षर वैष्णवी-मन्त्र (पृष्ठ १०५) के समान। पुरश्चरण मे १२, ६०० जप कर दशांश होमादि।

भगवती रेणुका

'राष्ट्र-गुरु' परम पूज्य श्री स्वामी जी के निर्देशन मे प्रकाशित 'रेणुका-तन्त्र' में उल्लिखित है कि—

'श्री छिन्नमस्ता का ही रूपान्तर भगवती रेणुका हैं। योगियों की अन्तिम भूमिका अर्थात् चरम सिद्धि कपाल-भेदन ही है। यह उसी सिद्धि की प्रतीक हैं। अतएव ये योग की अधिष्ठात्री हैं। रेणुका इन्ही की उप-विद्या हैं। इनकी उपासना का प्रचलन दक्षिण भारत मे अधिक है।'

रेणुका देवी भगवान् परशुराम को माता एवं महर्षि जमदग्नि की पत्नी-रूप में प्रसिद्ध हैं। 'हिन्दू धर्म-कोष', पृष्ठ ५६१ मे 'रेणुका-तीर्थ' का वर्णन है। यथा—

' "हिमाचल प्रदेश का पर्वतीय तीर्थ। शिमला से नाहन और दहाडू जाकर गिरि-नदी को पार करके पैदल 'रेणुका-तीर्थ' जाने का मार्ग है। दहाडू से तीर्थ दो फर्लांग के लगभग है। यहाँ 'रेणुका-झील' और 'परशुराम ताल' हैं। परशुराम जी तथा उनकी माता रेणुका जी का मन्दिर है।…कार्तिक पूर्णिमा पर मेला लगता है। "रेणुका-झील के पास 'यमदग्नि-पर्वत' है।…'

वहीं यह भी बताया है कि आगरा-मथुरा (उत्तर-प्रदेश) के मध्य यमुना-तट पर स्थित 'रुन-कता' नामक स्थान 'रेणुका-क्षेत्र' माना जाता है।

तन्त्रो मे इनका उल्लेख 'रेणुका शबरी' या 'एक-वीरा' नामो से मिलता है।

रेणुका शबरी (एक-वीरा) के मन्त्र

१ पञ्चाक्षर : प्रणव कमला माया सृणिरिन्दु-युतोऽपरः, पञ्चाक्षरी महा-विद्या—ॐ श्रीं ह्रीं क्रों ऐं

'मन्त्र-महोदधि, पृष्ठ १७०। ऋषि भैरव, छन्द पंक्ति, देवता रेणुका शबरी। षडङ्ग-न्यास मन्त्र के एक-एक बीज तथा सम्पूर्ण मन्त्र से। ध्यान—

हेमाद्रि-सानावुद्याने नाना-द्रुम-मनोहरे, रत्न-मण्डप-मध्यस्थ-वेदिकायां स्थितां स्मरेत्।
गुञ्जा - फलाकल्पित - हार - रम्यां, श्रुत्योः शिखण्डं शिखिनो वहन्तीम्।
कोदण्ड - बाणौ दधतीं कराभ्यां, कटिस्थ - वल्कां शबरीं स्मरेयम्॥

पुरश्चरण मे पाँच लाख जप कर बिल्व की समिधा मे बिल्व-फलो से दशांश होम।

'रेणुका-तन्त्रम्', पृष्ठ ८ मे प्रकाशित मन्त्र मे 'क्रो' के स्थान पर 'क्रां' छपा है, जो अशुद्ध है। वहाँ ध्यान मे एक पाठान्तर है—स्मरेयं : स्मरामि।

२ पञ्च-विंशत्यक्षर : वाङ्-माया लक्ष्मि-कामञ्च त्रैलोक्य - मोहिनी-पद, मेऽभीष्ट-मनोरथं च शीघ्र कुरु-युग्मं वदेत्। वह्नि-जायावधिः मन्त्रो पञ्च-विंशति-वर्णकः—ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं त्रैलोक्य-मोहिनि ! मेऽभीष्ट-मनोरथं शीघ्रं कुरु कुरु स्वाहा

'रेणुका-तन्त्रम्', पृष्ठ ६। ऋषि कौशिक, छन्द अनुष्टुप्, देवता एक-वीरा, बीज 'ईं', शक्ति 'स्वाहा', कीलक 'क्लीं'। षडङ्ग-न्यास 'ईं' बीज से। ध्यान—

मध्ये बद्ध-मयूर-पिच्छ - निवहां श्यामां प्रवालाधराम्,
गुञ्जा-हार-धरां धनुः-शर - करां नीलाम्बराडम्बराम्।
भृङ्गी - वादन - तत्परां सु - नयनां मूर्द्धालकैर्बर्बराम्,
भिल्ली-वेश-धरीं नमामि शबरीं त्वामेक-वीरां पराम् ॥

पुरश्चरण में भौमाष्टमी के दिन या केवल भौम (मङ्गल) के दिन एक सहस्र आठ जप कर तिल-घृत से दशांश होमादि करे।

उल्लेखनीय है कि वहीं पृष्ठ १० पर स्पष्ट मन्त्र इस प्रकार दिया है—ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं मेऽभीष्ट-मनोरथं कुरु कुरु स्वाहा। यह मन्त्र केवल १७ अक्षरों का ही है, जब कि इसे मन्त्रोद्धार मे २५ अक्षरों का बताया है। उद्धार के अनुसार इस मन्त्र में 'त्रैलोक्य-मोहिनि' और 'शीघ्र' ये दो पद नही दिए हैं। इन्हें जोड़ देने से २५ अक्षर हो जाते हैं। इसी प्रकार पृष्ठ ६ के मन्त्रोद्धार में 'लक्ष्मि-कामश्च' के स्थान में 'लक्ष्मिका मन्त्र' छपा है, जो अशुद्ध है।

वहीं पृष्ठ ७६ में रेणुका-माला-मन्त्र के सन्दर्भ में ध्यान ऊपर जैसा ही निर्दिष्ट है किन्तु उसमें तीन पाठान्तर हैं—(१) निवहां : निकरां, (२) नीलाम्बराडम्बरां : नीलाम्बराऽम्बरां (३) वेश-धरीं : वेश-धरां।

३ चत्वारिंशदक्षर : ॐ क्लीं नमो भगवति, रक्त-पञ्चमि, रेणुका-देवि ! दह दह, पच पच, अखिल-जगन्मे वशं कुरु कुरु स्वाहा

वहीं, पृष्ठ २। मन्त्रोद्धार नही दिया है। ऋषि भार्गव, छन्द अनुष्टुप्, देवता रेणुका, बीज 'क्लां', शक्ति 'क्लीं', कीलक 'क्लूं', विनियोग 'सर्व-कार्यार्थ-सिद्धयर्थे'। 'क्लां, क्लीं' इत्यादि से षडङ्ग-न्यास। ध्यान—

वामे शूल - कपाल - युग्ममितरे खड्गं क्वणड्डिमम्,
बिभ्रणां कर - पङ्कजैस्त्रि - नयनां नागादि-भूषोज्ज्वलाम्।
नाना-कोटि - युगान्त-सूर्य - सदृशां कल्पान्त - कोपोज्ज्वलाम्,
दक्षालंकृत वाम - मुद्रित - पदां श्रीरेणुकामाश्रये ॥

पुरश्चरण में दस सहस्र जप कर अरविन्दादि पञ्च-पुष्पों से दशांश होम।

यक्ष-वर्ग की शक्तियाँ 'यक्षी' या 'यक्षिणी' कहलाती हैं। ये भगवती दुर्गा की सेविका मानी गई हैं। दश महा-विद्याओ से भी इनका सम्बन्ध है। 'आगम - रहस्य', उत्तरार्द्ध, पृष्ठ ४८ मे लिखा है कि जिस महा-विद्या की जो 'यक्षी' है, वह उसकी सेविका होती है। अतः उस महा-विद्या के उपासक को उसी 'यक्षिणी' की उपासना करनी चाहिए। अपनी महा-विद्या से सम्बन्धित यक्षिणी की उपासना न कर जो अन्य 'यक्षिणी' की उपासना करता है, उसे सिद्धि नही मिलती, अपितु 'यक्षिणी-देवी' का उसे कोप-भाजन होना पडता है। वही दश-महाविद्याओ से सम्बन्धित यक्षिणियो का नामोल्लेख भी निम्न प्रकार मिलता है—

आदौ काली च तद् यक्षी महा-'मधुमती' परा, द्वितीया 'भ्रमराम्बा' च सुन्दर्या सुर-सुन्दरी।
भैरव्या'श्चन्द्र-रेखा' च यक्षिणी परिकीर्तिता, तारायास्तारिणी यक्षी 'विकटा पद्म-नायिका'।
छिन्नाया 'लम्पटा' यक्षी बगलाया 'विडालिका', कमलायास्तु 'धनदा' भुवनेश्या शृणु प्रिये!
'त्रैलोक्य-मोहिनी' यक्षो मातंग्याः शृणु पार्वति! 'श्रीमनो-हारिणी' प्रोक्ता धूमावत्याः शृणु प्रिये!
'भीषणी' यक्षिणी प्रोक्ता प्रोक्तेयं दश यक्षिणी। एतदज्ञानतो देवि! न हि सिद्धयन्ति कुत्र-चित्॥

